Eighteenth Series, Vol. V No. 15

Saturday, December 14, 2024
Agrahayana 23, 1946 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Third Session**

**(Eighteenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. V contains Nos. 11 to 20)*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

## ***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Mamta Kemwal

**Joint Secretary**

Bishan Kumar

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Sunita Thapliyal

**Joint Director**

Maneesha Bhushan

**Deputy Director**

Dr. Shabnam Shaheen

**Editor**

**© 2024 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Eighteenth Series, Vol. V, Third Session, 2024/1946 (Saka)**
**No. 15, Saturday, December 14, 2024/ Agrahayana 23, 1946 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **OBITUARY REFERENCES** | 9-10 |
| **MESSAGE FROM RAJYA SABHA** | 11 |
| **DISCUSSION ON GLORIOUS JOURNEY OF 75 YEARS OF THE CONSTITUTION OF INDIA** | 12-532 |
| Shri Kiren Rijiju | 12-37 |
| Shri A. Raja | 37-56 |
| Shri Lavu Srikrishna Devarayalu | 57-64 |
| Shri Sudhakar Singh | 64-67 |
| Shri Maddila Gurumoorthy | 67-70 |
| Shri Rajesh Ranjan | 70-74 |
| Shri Sukhdeo Bhagat | 74-77 |
| Shri Tejasvi Surya | 78-87 |
| Shri Zia Ur Rehman | 87-93 |
| Dr. Rajkumar Sangwan | 94-96 |
| Dr. Thol Thirumaavalavan | 97-100 |
| Shri Vijay Kumar Hansdak | 100-102 |
| Shri Rahul Gandhi | 102-109 |
| Shri Anurag Singh Thakur | 109-113 |

| | |
|---|---|
| Dr. Shrikant Eknath Shinde | 113-124 |
| Shri N. K. Premachandran | 126-131 |
| Shri Raja Ram Singh | 131-133 |
| Shri Mian Altaf Ahmad | 133-135 |
| Shri Ravi Shankar Prasad | 136-144 |
| Kumari Selja | 144-147 |
| Shri Asaduddin Owaisi | 147-154 |
| Prof. Sougata Ray | 155-157 |
| Shri Alfred Kanngam S. Arthur | 157-160 |
| Shri Durai Vaiko | 160-162 |
| Adv. Chandra Shekhar | 162-166 |
| Shri Imran Masood | 166-168 |
| Adv. Priya Saroj | 169-171 |
| Shri Kodikunnil Suresh | 171-173 |
| Shri Joyanta Basumatary | 174-176 |
| Shri Umeshbhai Babubhai Patel | 176-178 |
| Sushri S. Jothimani | 178-181 |
| Shrimati Anupriya Patel | 181-186 |
| Sushri Praniti Sushilkumar Shinde | 187-189 |
| Shrimati Aparajita Sarangi | 189-192 |
| Shri Arun Kumar Sagar | 192-194 |
| Shri Narayandas Ahirwar | 195-196 |
| Shri K. Radhakrishnan | 196-198 |

| | |
|---|---|
| Shri Krishna Prasad Tenneti | 199-202 |
| Dr. Rani Srikumar | 203-209 |
| Dr. T. Sumathy *alias* Thamizhachi Thangapandian | 209-224 |
| Dr. Alok Kumar Suman | 224-226 |
| Adv. Dean Kuriakose | 227-229 |
| Shri Saptagiri Sankar Ulaka | 229-236 |
| Shri Manoj Tiwari | 236-238 |
| Dr. Rajesh Mishra | 238-242 |
| Shri Naveen Jindal | 242-245 |
| Shri Chandra Prakash Joshi | 245-250 |
| Shri Naresh Ganpat Mhaske | 250-252 |
| Shri Janardan Singh Sigriwal | 252 |
| Shri Sanjay Uttamrao Deshmukh | 252-254 |
| Shri Devusinh Chauhan | 254-258 |
| Adv. Gowaal Kagada Padavi | 258-266 |
| Shri Rao Rajendra Singh | 266-295 |
| Shri G. Selvam | 296 |
| Shri Chandra Prakash Choudhary | 296-299 |
| Shri Vishaldada Prakashbapu Patil | 300-302 |
| Adv. Adoor Prakash | 302-305 |
| Shri Pushpendra Saroj | 305-308 |
| Shri Dileshwar Kamait | 308-311 |
| Shri Dilip Saikia | 311-314 |

| | |
|---|---|
| Dr. Prashant Yadaorao Padole | 314-319 |
| Shri Shankar Lalwani | 319 |
| Dr. Hemang Joshi | 320 |
| Shri Damodar Agrawal | 320-322 |
| Shrimati Sangeeta Kumari Singh Deo | 322-327 |
| Shri D. M. Kathir Anand | 327-334 |
| Shri S. Jagathratchakan | 334-342 |
| Dr. Kalanidhi Veeraswamy | 342-343 |
| Shrimati Kamlesh Jangde | 343-345 |
| Shrimati Lovely Anand | 345-349 |
| Shrimati Malvika Devi | 349-355 |
| Shri Balwant Baswant Wankhade | 355-361 |
| Shri Mahesh Kashyap | 361-364 |
| Shri Benny Behanan | 364-375 |
| Shrimati Pratibha Suresh Dhanorkar | 375-380 |
| Shrimati Kriti Devi Debbarman | 380-381 |
| Dr. Lata Wankhede | 381-385 |
| Dr. K. Sudhakar | 386-390 |
| Shri Laxmikant Pappu Nishad | 390-391 |
| Shri Pradeep Purohit | 391-394 |
| Dr. Rajeev Bharadwaj | 395-396 |
| Shri Yaduveer Wadiyar | 396-405 |
| Shri Arun Govil | 405-408 |

| | |
|---|---|
| Shri Suresh Kumar Kashyap | 408-411 |
| Dr. Faggan Singh Kulaste | 411-417 |
| Shri Radha Mohan Singh | 417-420 |
| Shri Ummeda Ram Beniwal | 421-424 |
| Dr. Manna Lal Rawat | 424-428 |
| Shrimati Smita Uday Wagh | 428-430 |
| Shri Parbhubhai Nagarbhai Vasava | 430-432 |
| Shri C. N. Annadurai | 433-435 |
| Shrimati Bharti Pardhi | 435-438 |
| Shri Chamala Kiran Kumar Reddy | 438-444 |
| Shri Shashank Mani | 444-449 |
| Shri G. M. Harish Balayogi | 449-452 |
| Shri Harendra Singh Malik | 452-454 |
| Shrimati Manju Sharma | 454-458 |
| Shri Bidyut Baran Mahato | 458-460 |
| Shrimati Kalaben Mohanbhai Delkar | 461-464 |
| Shrimati Supriya Sule | 464-468 |
| Shri Saleng A. Sangma | 468-469 |
| Shri Rajeshbhai Naranbhai Chudasama | 469-471 |
| Shrimati Poonamben Maadam | 471-474 |
| Shri Vinod Lakhamshi Chavda | 474-476 |
| Shri Utkarsh Verma Madhur | 476-477 |
| Shri Jitan Ram Manjhi | 477-480 |

| | |
|---|---|
| Dr. Mohammad Jawed | 481-482 |
| Shri Abhijit Gangopadhyay | 482-483 |
| Shri P. P. Chaudhary | 484-485 |
| Shri Sanatan Pandey | 485-486 |
| Shri Ashok Kumar Rawat | 486-488 |
| Shri Devesh Shakya | 488-489 |
| Dr. Namdeo Kirsan | 489-493 |
| Shri Ramesh Awasthi | 493-498 |
| Dr. Bhola Singh | 498-501 |
| Shri Radheshyam Rathiya | 501-502 |
| Shri Narendra Modi | 503-532 |

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri A. Raja

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

**LOK SABHA DEBATES**

LOK SABHA

----------

Saturday, December 14, 2024/ Agrahayana 23, 1946 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

## OBITUARY REFERENCES

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुःख के साथ अपने पांच पूर्व साथियों के निधन के बारे में सभा को सूचित करना है।

**श्री प्रभात सामंतराय** ओडिशा के केन्द्रपाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से बारहवीं और तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे। इससे पहले श्री सामंतराय राज्य सभा के सदस्य भी थे।

उन्होंने रेल संबंधी समिति, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति, उद्योग संबंधी समिति, लोक लेखा समिति, मानव संसाधन विकास संबंधी समिति और सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं।श्री प्रभात सामंतराय का निधन 17 अक्तूबर, 2024 को 74 वर्ष की आयु में भुवनेश्वर में हुआ।

**डॉ. के. मलयसामी** तमिलनाडु के रामनाथपुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे। डॉ. मलयसामी राज्य सभा के सदस्य भी थे। उन्होंने संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना संबंधी समिति, उद्योग संबंधी समिति और याचिका समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं। डॉ. के. मलयसामी का निधन 06 नवम्बर, 2024 को 87 वर्ष की आयु में चेन्नई में हुआ।

**श्रीमती मनोरमा सिंह** बिहार के बांका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से आठवीं लोक सभा की सदस्य थीं।उन्होंने आवास समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं।श्रीमती मनोरमा सिंह का निधन 08 दिसम्बर, 2024 को 86 वर्ष की आयु में पटना में हुआ।

**श्री एस.एम. कृष्णा** जी कर्नाटक के मान्ड्या संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौथी, पांचवीं और सातवीं लोक सभा के सदस्य रहे। उन्होंने 2 कार्यकालों के लिए राज्य सभा के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं।

श्री एस. एम. कृष्णा जी केन्द्रीय विदेश मंत्री रहे तथा उन्होंने केन्द्रीय उद्योग और वित्त राज्य मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने महाराष्ट्र के राज्यपाल और कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभाला। उन्होंने कर्नाटक सरकार में उप-मुख्यमंत्री और मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री एस. एम. कृष्णा जी ने कर्नाटक विधान सभा में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दीं तथा वे 4 कार्यकाल के लिए कर्नाटक विधान सभा के सदस्य रहे। वे विधान परिषद के सदस्य भी रहे। लोक सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

श्री एस.एम. कृष्णा जी का निधन 10 दिसम्बर, 2024 को 92 वर्ष की आयु में कर्नाटक के बेंगलुरु में हुआ।

**श्री एरा मोहन** तमिलनाडु के कोयम्बटूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं लोक सभा के सदस्य रहे। श्री मोहन ने प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वे तमिलनाडु विधान सभा के भी सदस्य रहे। श्री एरा मोहन का निधन 10 दिसम्बर, 2024 को 81 वर्ष की आयु में कोयम्बटूर में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। यह सभा उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

अब, यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी।

**11.04 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while.*

**माननीय अध्यक्ष :** ओम शांति।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मेरा माननीय सदस्यों से आग्रह है कि निधन संबंधी उल्लेख के समय आपस में चर्चा नहीं करें, बातचीत नहीं करें और टिप्पणी नहीं करें। इसका सब लोग ध्यान रखेंगे। ऐसी मेरी सदन से अपेक्षा है।

---

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नंबर 2 – महासचिव।

**<u>11.05 hrs</u>**

## MESSAGE FROM RAJYA SABHA

**SECRETARY-GENERAL:** Sir, I have to report following message received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

(i) ‘I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on Friday, the 6th December, 2024 adopted the following Motion in regard to the Committee on the Welfare of Schedule Castes and Scheduled Tribes (SC&STs):-

> “That this House concurs in the recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do agree to nominate one Member from Rajya Sabha *vice* Shri Krishan Lal Panwar, who resigned from the membership of Rajya Sabha w.e.f. 14.10.2024, to associate with the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes (SCs & STs) for the remaining term of the Committee and do proceed to elect, in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable vote, one Member from amongst the Members of this House to serve on the said Committee.”

2. I am further to inform the Lok Sabha that in pursuance of the above Motion, Shri Balyogi Umeshnath, Member, Rajya Sabha has been duly elected to the said Committee.’

---

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नंबर 3 – भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा। मैं सब्जेक्ट इसलिए दोबारा बोल रहा हूं, ताकि बोलते समय सभी माननीय सदस्यों को ध्यान रहे कि किस विषय पर हम चर्चा कर रहे हैं।

श्री किरेन रिजिजू जी।

**11.06 hrs**

## DISCUSSION ON THE GLORIOUS JOURNEY OF 75 YEARS OF THE CONSTITUTION OF INDIA-Contd.

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS; AND MINISTER OF MINORITY AFFAIRS (SHRI KIREN RIJIJU):** Thank you, hon. Speaker, Sir.

While taking part in the Discussion on the Glorious Journey of 75 Years of the Constitution of India, I pay my deep respect and tributes to all those founding Members of the Constituent Assembly and also the Drafting Committee for the Constitution of India.

**माननीय अध्यक्ष :** आज आपकी ड्रेस बहुत अच्छी है।

**श्री किरेन रिजिजू :** थैंक यू सर। सर, आपकी कपड़ों पर नजर बहुत कम जाती है। आज आपकी नजर गई, इसके लिए आपका धन्यवाद।

सर, कल बहुत अच्छी डिबेट हुई। हमारे विपक्ष और ट्रेजरी बेंचेज से सब ने अपनी बात रखी है, थोड़े-थोड़े डिफरेंसेज़ होते हैं, आइडियोलॉजी, ऑपिनियन होते हैं, मगर अपनी बात रखी और मैं भी कुछ तर्क के साथ अपनी पार्टी की ओर से इस महान सदन में अपनी बात रखना चाहता हूं।

सर, संविधान सभा के लिए ऑरिजनली 389 मैम्बर्स चुने गए थे और बाद में जाकर पार्टिशन के बाद मुस्लिम लीग के बाकी मैम्बर्स विदड्रा हो गए तो 299 मैम्बर्स रह गए थे। टोटल 299 मैम्बर्स में से 15 महिलाएं, 8 मेजर कमेटियां, 13 माइनर कमेटियां गठित करके 2 साल 11 महीने 18 दिन, कुल मिलाकर 11 सेशंस और 165 दिन काम करके इस महान संविधान की रचना हुई। संविधान की रचना

की बात करते हुए कुछ ऐसे सिम्बल्स, कुछ ऐसे प्रतीक, जिनका संविधान में, संविधान की किताब में और बाद में हमारे देश के चिह्न के रूप में उभर कर सब के सामने आए हैं। मैं सबसे पहले तो हमारे देश का जो महान इतिहास है, उसके बारे में सिर्फ इसी चीज का जिक्र करना चाहता हूं कि दुनिया के सबसे महान सम्राटों में से एक अशोक सम्राट का जो अशोक स्तम्भ है, जो ऑरिजनली सारनाथ में था, बाद में उसे सांची का स्तूप कहा जाने लगा। आप मध्य प्रदेश में अभी भी जाकर देख कर आ सकते हैं। मैं आज से 6 दिन पहले सांची जाकर दर्शन करके आया हूं।

हमारे तिरंगे झंडे में 3 कलर्स हैं, यह सब को मालूम है। सफेद कलर के बीच में जो धर्मचक्र है, हमारे धर्मचक्र का नीला रंग होने का कारण सब को मालूम है, मैं फिर भी जिक्र कर रहा हूं। उसको 'व्हील ऑफ लॉ' 'विधि का चक्र' कहा जाता है, क्योंकि नीला रंग आकाश, महासागर और सार्वभौमिक सत्य को दर्शाता है।

यही कारण है कि राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी के बीच में नीले रंग का अशोक चक्र स्थित होता है। उसमें बनी हुई 24 तीलियाँ मनुष्य के 24 गुणों को दर्शाती हैं। चूंकि हम लोग जब देश के संविधान के बारे में चर्चा कर रहे हैं, तो उस संविधान की प्रेरणा कहाँ से मिली, हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने लोकतंत्र के बारे में बात करते-करते कई बातें कही है, जिनको मैं कोट करते हुए, आपके सामने पेश करना चाहता हूँ। बाबा साहब ने कहा था:

> "It is an institution where there are many rules for motions, resolutions, quorum, voting and counting of votes. Lord Buddha must have got this inspiration from the political system of that time."

उन्होंने मौंक के यूनियन को पार्लियामेंट ऑफ इंडिया से कम्पेयर किया था। बाबा साहब ने जब संविधान की रचना के लिए ड्राफ्ट करना शुरू किया, उसमें कई कोट्स हैं, मैं कुछ देर में उनमें से कुछ कोट्स को आपके सामने पेश करना चाहूंगा।

फिलहाल मैं कहना चाहूंगा कि कांस्टिट्यूशन की जिस स्पिरिट से आज 75 साल पूरे हुए हैं, उसमें जो लिखे हुए शब्द होते हैं, उसके अलावा संविधान की जो स्पिरिट है, उसे हम लोगों ने कैसे

मानते हुए आगे चलने का काम किया है। मैं फख्र महसूस करता हूँ, जब प्रधानमंत्री मोदी जी का कार्यकाल शुरू हुआ, तो संविधान की उसी स्पिरिट को मानते हुए, उन्होंने अपनी सरकार के मंत्र को इस देश के सामने रखा। वह मंत्र है- "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास।"

इस बात को लेकर हम सब भी फख्र महसूस करते हैं कि संविधान की स्पिरिट के अनुसार ही, संविधान के एडॉप्शन के 75 वर्ष पूरे होने पर, इस वक्त हमारे देश की राष्ट्रपति एक महिला और आदिवासी हैं, जिनको इस देश के महामहिम राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने का मौका मिला है।

मैं जब बाबा साहब अम्बेडकर जी को कोट करता हूँ, तो मैं यह मानता हूँ कि मैं अधिकार के रूप में कोट नहीं कर रहा हूँ, बल्कि मैं दायित्व के हिसाब से मैं बोल रहा हूँ। अगर बाबा साहब की वह स्पिरिट संविधान में नहीं होती, तो मैं भी आज इस महान सदन में नहीं होता। मैं एक ऐसे क्षेत्र से आया हूँ, मैंने एयरोप्लेन पहले देखा है और गाड़ी बाद में देखी है। हमारे यहाँ सांसद बनने के बाद ही गाड़ी के लिए रास्ता बनाना शुरू हुआ। हमारे प्रदेश के कई गांवों में हम लोग सात-आठ दिनों तक पैदल चलते थे। जब आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने मुझे उस जगह पर बैठने का मौका दिया, जिस पद पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी बैठे थे। जब मैं इस देश का कानून मंत्री बना, तो मैंने कानून मंत्री के पद पर बैठने से पहले यह समझने की कोशिश की कि बाबा साहब अम्बेडकर जी क्या चाहते थे, उनके मन में कौन-कौन सी सोच थी, जो वे नहीं कर पाए और अपना कार्य पूरा करने से पहले उन्होंने क्या-क्या चीज आरम्भ किया। उस सुबह, कानून मंत्री के पद पर जाने से पहले, मेरे मन में यह आया कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी इस देश के पहले कानून मंत्री तो बने, लेकिन उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया? इस बात पर अक्सर लोगों के सामने चर्चा नहीं होती है। जब कोई इंसान किसी पद से इस्तीफा देता है, तो उसका बड़ा कारण होता है। वह भी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जैसे व्यक्ति, जिन्होंने महान संविधान की रचना की, जो आर्किटेक्ट ऑफ इंडियन कांस्टिट्यूशन के नाम से भी जाने जाते हैं, उन्होंने इतने कम समय में कानून मंत्री के पद से क्यों इस्तीफा दिया? बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने जो पत्र पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को लिखा था, मैंने वह पत्र ढूँढकर पढ़ा है। वह एक लम्बा पत्र है, मैं उसका पूरा जिक्र नहीं करना चाहूंगा, लेकिन उस पत्र के कुछ पॉइंट्स का जिक्र कुछ देर में

करूँगा।

सबसे पहले मैं इस बात से शुरू करूँगा कि चाहे आप हों या हम, हम सब इस देश के नागरिक होने में फख्र महसूस करते हैं।

हमारे देश का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान ही नहीं, दुनिया का सबसे खूबसूरत संविधान भी है। … (व्यवधान) इस संविधान में सबकुछ है। मैंने बीते सालों में दुनिया के कई संविधानों और उनके प्रावधानों को परखने की कोशिश की है। हमारे संविधान के प्रावधानों को भी मैंने बारीकी से देखा है। इसीलिए, मैं कह सकता हूं कि इसमें इस पार्टी या उस पार्टी का सवाल ही नहीं है। हम सब भारतीय हैं और इस संविधान को लेकर हम लोग गौरव महसूस करते हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, इसमें पार्टी को तो छोड़ दीजिए, मैंने सबसे पहले आर्टिकल की जिस स्पिरिट का जिक्र किया था, उसको आर्टिकल 15 में अंगीकृत किया गया था। आर्टिकल 15 में किसी भी भारतीय को, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, किसी भी जाति का हो, बच्चा हो, बूढ़ा हो, औरत हो या मर्द हो, इसका कोई सवाल नहीं, हर एक भारतीय को बराबर का दर्जा देने का सबसे पहले आर्टिकल 15 में जिक्र किया गया है। उसके बाद अनुच्छेद 16 में सबको बराबरी का मौका देने का, इक्वालिटी एंड अपॉर्च्युनिटी को मेंशन किया गया है।

हम लोग माइनॉरिटी की बात करते हैं। मैं खुद एक माइनॉरिटी कम्युनिटी से आता हूं। आर्टिकल 25 में, हिंदू हो या कोई भी हो, हमारी छ: माइनॉरिटी कम्युनिटीज़ हैं, हिंदू को मिलाकर सात हैं। सबको अपना धर्म मानने का, प्रैक्टिस करने का और दूसरे को बताने की आजादी संविधान में दी गई है। आर्टिकल 29 में माइनॉरिटी के इंट्रेस्ट्स के प्रोटेक्शन के लिए भी प्रावधान दिए गए हैं। आर्टिकल 30 में लिंग्युस्टिक माइनॉरिटीज़ के राइट्स के बारे में भी पूरा जिक्र किया गया है। मुझे कुछ कम्पेयर करना इसलिए जरूरी लगता है, क्योंकि इस देश में जो हमने किया, चाहे कांग्रेस की सरकार हो या हमारी सरकार हो, सबने अपने-अपने तरीके से काम किया है। जो माइनॉरिटी कमीशन यहां बनाया गया है, उसका नाम National Commission for Minorities Act है। मैंने चैक किया है, किसी दूसरे राष्ट्र में ऐसा कमीशन अलग से नहीं बनाया गया है।

हमारे देश में जितनी माइनॉरिटी कम्युनिटीज़ हैं, चाहे वे मुस्लिम हों, सिख हों, इसाई हों, बौद्ध हो, पारसी हों या जैन हों, सबके लिए लीगल प्रोटेक्शन ही नहीं, उनके लिए अफर्मेटिव एक्शन्स का जो प्रावधान हैं, वे भी दूसरे देशों की तुलना में कहीं अधिक हैं। ऐसे प्रावधान हमारे देश में रखे गए हैं। माइनॉरिटीज़ के लिए कई काम कांग्रेस ने भी किए हैं, मैं उनको नकारना नहीं चाहता हूं। मैं जो कह रहा हूं, वह यह है कि देश के प्रति हम लोगों को जो सोच रखनी चाहिए, उसी लिहाज से मैं कह रहा हूं। कई कानून हैं, मैं उनके बारे में पूरा नहीं बोलना चाहता हूं, the Indian Christian Marriage Act, the Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Act, 2019, the Dargah Khwaja Saheb Act of 1955, the Anand Marriage Act of 1909, the Parsi Marriage and Divorce Act of 1936, and the Jaina Succession Act, 1928, माइनॉरिटीज़ के लिए इस तरह के स्पेसिफिक कानून हमारे देश में बने हुए हैं।

आज मैं जिस मंत्रालय को देख रहा हूं, अल्पसंख्यक मंत्रालय के माध्यम से छः माइनॉरिटी कम्युनिटीज़ के लिए कई स्कीम्ज़ चल रही हैं। स्कीम्ज़ के नाम का यहां जिक्र करने की जरूरत नहीं है। जब क्वेश्चन-आंसर होंगे या चर्चा होगी, तो हम जरूर विस्तार से बताएंगे। ऐसी कई स्कीम्ज़ हैं। जब संसद नहीं चलती है, तब मैं जगह-जगह जाकर हर एक माइनॉरिटी कम्युनिटी के लोगों से मिलता हूं और उनसे पूछता हूं कि आपके लिए जो प्रावधान भारत सरकार ने किए हैं, उनका कितना लाभ आपको मिला है। अगर नहीं मिला है, तो हमको क्या करना चाहिए? हम सुझाव भी लेते हैं।

सर, इसके साथ-साथ मैं एक चीज के बारे में बहुत गंभीरता से कहना चाहता हूं। हम सब मानते हैं कि हमारा संविधान खूबसूरत है, बहुत अच्छा है। उसके 75 साल पूरे हो गए हैं, इस पर हम गौरव भी करते हैं, लेकिन कुछ चीजें हैं, जिनको बोलते समय और लोगों के सामने दर्शाते समय हमको ध्यान रखना चाहिए। हमें यह देखना चाहिए कि कहीं ऐसा न हो कि हम जो बोल रहे हैं, हम जो कर रहे हैं, उससे हमारे देश की छवि दुनिया के सामने कहीं कम तो नहीं हो रही है? आप सोचकर देखिए, हमें जब से आजादी प्राप्त हुई है, तब से वोटिंग राइट्स से लेकर जो प्रावधान मैंने गिनाए हैं, वे सबके लिए हैं।

अध्यक्ष जी, अमरीका में 'ब्लैक्स' जिसे कहते हैं 'रंग' वाला, उन्हें वोटिंग राइट वर्ष 1965 में

मिला। ... (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दम दम) :** उनको ब्लैक्स नहीं कहा जाता है, कलर्ड बोलते हैं।... (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू :** मैं इसीलिए कह रहा हूं। वहां उस समय बोलते थे। आपने ध्यान से नहीं सुना। ... (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** अमरीका में ऐसा नहीं बोलते हैं। ... (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू :** थोड़ी-थोड़ी इंट्रप्शन तो चलती है, लेकिन ये ज्यादा करते हैं। उस समय वहां जितनी कलर्ड कम्युनिटीज थीं, उस समय अमरीका में यह बहुत संवेदनशील मुद्दा था। वर्ष 1965 में नॉन व्हाइट्स को वोटिंग राइट मिला। आप सोच कर देखिए कि हमें आजादी मिले कितने साल हो गए थे। साउथ अफ्रीका में अपार्थाइड 1994 में खत्म हुआ। उसके बाद यूनिवर्सल फ्रेंचाइज़ राइट मिला और नेल्सन मंडेला पहले नॉन व्हाइट्स चुने हुए राष्ट्रपति बने। कनाडा में रेसियल डिस्क्रिमिनेशन के खिलाफ, ताकि रेसियल एक्सक्लूजन नहीं होना चाहिए, इसका प्रावधान वर्ष 1960 में बना। इंग्लैंड में वर्ष 1918 में नॉन व्हाइट्स को वोटिंग राइट मिला। फ्रांस में वर्ष 1944 में यूनिवर्सल सफ्रेज गारंटी मिली। कॉमन वेल्थ में वर्ष 1962 में इंडिजिनस एबॉर्जिन्स वगैरह को अपना संवैधानिक अधिकार मिला। मेरे पास पूरे तथ्य हैं, लेकिन उन सभी को यहां बताने की जरूरत नहीं है। मैंने ये बातें इसलिए बताई हैं कि हमारे यहां आजादी मिलते ही सारे अधिकार हमारे देश के हर एक नागरिक को मिले। मैं यह इसलिए बता रहा हूं क्योंकि कभी-कभी ऐसी बातें कही जाती हैं जैसे इस देश में माइनोरिटीज का कोई अधिकार ही नहीं है। ... (व्यवधान)

**श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) :** वोटिंग राइट मिलने के बाद भी वोट नहीं डालने दिया गया। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि अपनी आईसाइट दिखाइए। ... (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू :** अखिलेश जी, यदि आप बीच में बोलेंगे, तो मैं आपको जवाब दे दूंगा। मैं आज किसी की बात का जवाब नहीं देना चाहता हूं। ... (व्यवधान)

**श्री अखिलेश यादव :** वह तस्वीर सबने देखी है। रिवॉल्वर लेकर क्या हो रहा था।... (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू :** अध्यक्ष जी, मैं अखिलेश जी को जवाब नहीं देना चाहता हूं, क्योंकि यदि उन्हें

जवाब देंगे तो वे मुश्किल में पड़ जाएंगे क्योंकि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय उत्तर प्रदेश के जो हालात थे। ... (व्यवधान)

महोदय, जो नेरेटिव बनाया जा रहा है, मैं उसके संबंध में आपके सामने बोलना चाहता हूं। कुछ ग्लोबल सर्वेज के बारे में हमने पढ़ा है। सेंटर फॉर पालिसी एनालिसिस इन यूरोपियन यूनियन के सर्वे के मुताबिक यूरोपियन यूनियन में 48 परसेंट लोग डिस्क्रिमिनेशन के शिकार हुए हैं। यह सर्वे की रिपोर्ट है। उसमें से ज्यादातर इस्लाम धर्म को मानने वालों की रिपोर्ट है। फ्रांस में कई डिस्क्रिमिनेशन की रिपोर्ट पेश हुई हैं। मैं नहीं कह रहा हूं, मैं रिपोर्ट के बारे में कह रहा हूं। उसमें हैड स्कार्फ पहनते हैं, जो बुर्का पहनते हैं, उसे लेकर मैजोरिटी मुस्लिम कम्युनिटी के लोगों ने आपत्ति की है और कहा है कि उनके खिलाफ डिस्क्रिमिनेशन किया जा रहा है। स्पेन में इंटीरियर हेट-क्राइम्ज़, मुस्लिमों के खिलाफ हेट-क्राइम्ज़ की रिपोर्ट इतनी हाई है, यह भी इन्हीं की रिपोर्ट में जिक्र किया गया है। इंडोनेशिया जो मुस्लिम डोमिनेटिंग देश है, वहां शियाज और अहमदियाज के खिलाफ डिस्क्रिमिनेशन किया जाता है, यह रिपोर्ट में आया है। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह रिपोर्ट में आया है। पाकिस्तान की हालत आप जानते हैं। बांग्लादेश में जो होता है, वह आपको मालूम है। अफगानिस्तान में सिखों की संख्या, हिंदुओं की संख्या, ईसाइयों की संख्या क्या हो गई है, यह आपको मालूम है। चाहे तिब्बत में प्रॉब्लम हो या म्यांमार में हो, श्रीलंका में हो या बांग्लादेश, पाकिस्तान या अफगानिस्तान हो। माइनोरिटीज के खिलाफ जो जुर्म होता है या दिक्कतें आती हैं, सबसे पहला देश जहां वे संरक्षण लेने के लिए आते हैं, वह भारत देश है।

यहां वे 'सेफ' हैं, इसलिए तो वे यहां आते हैं। फिर ऐसी बातें क्यों कही जाती हैं कि इस देश में माइनॉरिटीज़ को कोई प्रोटेक्शन नहीं है? यह ठीक है कि कहीं कोई इंसिडेंस होती होगी। माइनॉरिटी-मेजॉरिटी के बीच, इंडीविडुअल्स के बीच, घर-घर में, और परिवार में झगड़े होते हैं, गांव-गांव में झगड़े होते रहते हैं। पर, भारत में अल्पसंख्यकों को कोई जगह नहीं दी जा रही है, उन्हें गुरुद्वारा नहीं जाने दिया जा रहा है, मुसलमानों को दरगाहों पर नहीं जाने दिया जा रहा है, आप ऐसा क्यों कहते हैं?... (व्यवधान) इसलिए मैं कह रहा हूं कि ऐसी बातें नहीं कहनी चाहिए, जिनसे देश की छवि को नुकसान

हो। … (व्यवधान) यह मैं किसी एक पार्टी के लिए नहीं कह रहा हूं, यह मैं पूरे देश के लिए कह रहा हूं।… (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, बीच-बीच में थोड़ी टोका-टोकी चलती है, मगर ऐसा बार-बार करना उनके लिए अच्छा नहीं होगा और हमारे लिए भी अच्छा नहीं होगा।

**माननीय अध्यक्ष :** मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि माननीय मंत्री महोदय सकारात्मक बोल रहे हैं। मैं सभी माननीय सदस्यों से यह अपेक्षा करूंगा कि वे बैठे-बैठे टिप्पणी न करें।

**श्री किरेन रिजिजू :** अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत सीधा-सादा आदमी हूं। मैं जो सोचता हूं, वही बोलता हूं।… (व्यवधान)

मैं संसदीय कार्य मंत्री के रूप में आप लोगों से लगातार सम्पर्क करता हूं। अगर आपको यह पसन्द नहीं आता है तो आपको कुछ सालों तक तो इसे झेलना पड़ेगा, आपको हमसे ही बात करके, मिल कर काम करना पड़ेगा। आप और हम एक ही हैं, बस पार्टीज़ अलग-अलग हैं। जब आपमें मेरे साथ काम करने की सहन शक्ति खत्म हो जाएगी, तब आप माननीय प्रधान मंत्री जी को बता दीजिएगा कि अब आप मेरे साथ काम करने को सहन नहीं कर सकते हैं। पर, तब तक तो आपको मेरे साथ ही काम करना पड़ेगा। मैं आपके लिए भी काम करता हूं, अपने लिए भी करता हूं।… (व्यवधान) इसीलिए, बीच-बीच में ज्यादा टोका-टोकी मत कीजिए, मेरी बातों को थोड़ा शांति से सुनिए।

सर, कल कई माननीय सदस्यों ने बाबा साहेब अम्बेडकर के बारे में जिक्र किया, इसलिए मैंने भी शुरू में यह कहा कि अगर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर नहीं होते, तो हम जैसे कई लोग इस सदन में चुनकर कभी नहीं आते। बाबा साहेब ने जो काम किया है या जो उनकी सोच थी, उसके बारे में मैं थोड़ा जिक्र करना चाहता हूं।

बाबा साहेब ने 'इक्वलिटी ऑफ ऑपोर्च्यूनिटी' और 'सोशल जस्टिस' में कैसे बैलेंस किया? जब संविधान की रचना हो रही थी, उस समय उन्होंने बहुत बारीकी से, 'बैकवर्ड' टर्म को किस तरीके से इस्तेमाल किया, यह देखने की बात है। The principle of opportunity and the role of reservation were given the foremost importance while addressing the historical

injustice done against the marginalized communities.

बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने कभी भी किसी धर्म के खिलाफ नहीं कहा। हिन्दू समाज में कुछ प्रैक्टिसेज़ थीं, छुआछूत की जो व्यवस्था थी, उसके खिलाफ उन्होंने संघर्ष किया। जब बाबा साहेब ने 14 अक्टूबर को दीक्षा ली, उसके बाद वे हमारे बीच ज्यादा समय तक नहीं रह पाए। इसलिए वे पूरे देश में घूम-घूम कर अपनी पूरी बात नहीं बता पाए, क्योंकि उस समय सोशल मीडिया नहीं था, टेलिविज़न नहीं था। उसके बाद वे अपनी पूरी बात लोगों तक पहुंचा नहीं पाए। मैंने बहुत डीप रिसर्च किया है। बाबा साहेब जो बात कह कर गए, बाद में कुछ लोगों ने उसे मिस-इंटरप्रेट करके कहना शुरू किया और यह कहा कि बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने हिन्दू धर्म छोड़ा है, इसलिए हिन्दू धर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ना है। पर, ऐसा बाबा साहेब ने कभी नहीं कहा। बाबा साहेब ने सिर्फ इतना ही कहा कि ठीक है, मैं एक ऐसे धर्म को अपनाता हूं जिसमें 'क्लासिफिकेशन ऑफ कास्ट्स' नहीं होगा। उन्होंने इक्वलिटी के नाम पर ऐसा किया, पर उन्होंने ऐसा हिन्दू धर्म से दुश्मनी के रूप में कभी नहीं देखा।

सर, वैसे तो हजारों घटनाएं हैं। पर, एक छोटी-सी घटना है, जिसे आप सभी सुनेंगे तो आप मेरी बातों से कन्विंस होंगे। वैसे इसे आपने भी पढ़ी होगी। जब वे अमेरिका से पढ़ कर वापस आए तो बड़ौदा के महाराजा के वहां उन्हें नौकरी करनी थी, क्योंकि यह उनको मिले स्कॉलरशिप की एक कंडीशन थी। वहां जा कर जब उन्होंने काम करना शुरू किया तो बैठने की जगह नहीं थी तो एक टूटे-फूटे गेस्ट हाऊस में रुकने के लिए उन्होंने रिक्वेस्ट किया। वह गेस्ट हाऊस पारसी लोगों के लिए बनाया था। लेकिन अंबेडकर को वहां रहने नहीं दिया गया। अंबेडकर साहब ने पारसी लोगों से कहा कि आप तो पारसी हैं, आप तो छुआछूत में विश्वास नहीं करते हैं, मुझे कुछ दिन रहने दीजिए। लेकिन पारसियों ने कहा कि नहीं आप हिंदुओं में अछूत हैं, तो आप हमारे लिए भी हो, इसलिए आप यहां नहीं रह सकते हैं। फिर वे एक क्रिश्चन दोस्त, जो लंदन में उनके साथ पढ़े थे, उसके पास गए, उनको उनसे कहा कि आप तो इसाई हैं, आपके यहां तो छूआछूत नहीं होती है, मुझे कुछ दिनों के लिए आपके यहां रहने दीजिए। उनके दोस्त ने कहा कि देखिए मैं आपको रहने दूंगा, लेकिन अगर मैं आपको अपने बगल

के घर में रहने दूंगा तो मेरा सारा बिज़नस ठप हो जाएगा, मेरे साथ कोई काम नहीं करेगा, इसलिए मैं आपको यहां रहने के लिए इजाज़त नहीं दे सकता हूँ। उसके बाद जब वे संभाजीनगर से आगे जा कर, अजंता फोर्ट देखने गए, आते समय संभाजीनगर में अपने कुछ साथियों के साथ दौलताबाद फोर्ट देखने गए, वे टूटी-फूटी गाड़ी में गए तो पूरी धूल हो गई थी। धूल साफ करने के लिए वहां एक छोटा सा तालाब था, जब वे तालाब में गए, तो कुछ मुसलमानों का एक ग्रुप आया और उनसे कहा कि तुमने हमारे तलाब को छू कर क्यों गंदा किया है? बाबा साहब ने कहा कि अभी रमज़ान चल रहे हैं और मुसलमानों में छुआछूत नहीं होता है तो यह पानी छूने से आप कैसे गंदे हो गए हैं? मुसलमानों ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है, आपने हमारे तलाब का पानी छुआ, हम लोग आपको सबक सिखाएंगे। तब बाबा साहब ने वह बड़ा वाक्य कहा कि जो हिंदुओं के लिए अछूत है, वह मुसलमानों के लिए भी अछूत है, ईसाई के लिए भी अछूत है और पारसी के लिए भी अछूत है। यह बहुत लंबी कहानी है, मैं इतना लंबा नहीं बोलूंगा।

सर, तब सन् 1956 में दीक्षा भूमि में जा कर उन्होंने बौध धर्म की दीक्षा ली है। किसी एक धर्म के खिलाफ बाबा साहब नहीं रहे, उनके जीवन में कई घटनाए हुई हैं। बाबा साहब ने रेज़र्वेशन को ले कर, बैकवर्ड कम्युनिटी, मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटी को ले कर बात शुरू की, उसमें कई बहस हुई हैं। संविधान सभा में जो बहस हुई, वह सबके सामने है, मैं अलग से तो कुछ बता नहीं रहा हूँ। बाबा साहब जब दस सालों के रेज़र्वेशन को ले कर प्रावधान बना रहे थे, तब बाब साहब ने इस पर एग्री न कर के पूछा था कि केवल दस सालों के लिए ही क्यों और उन्होंने कहा था कि यह उतने सालों तक होना चाहिए, जब तक पिछड़े लोग बराबर में न आ जाए। लेकिन सभी ने कहा कि दस सालों के बाद यदि और जरूरत पड़ेगी तब उसको बढ़ाना चाहिए। तब उस समय बाबा साहब ने कहा कि

> “I want to impress upon you that the reservation of seats in the Assemblies and the Parliament is only for ten years. Although I wanted it till untouchability was prevalent in India, our own people who became Members of Parliament on Congress tickets opposed me, not to speak

of Members belonging to high caste. So, thinking that something is better than nothing, I agreed that reservation may be for ten years, and secured something for our people."

कुछ नहीं से कुछ तो सही। इसलिए बाबा साहब ने इस चीज़ को माना है और और अब सभी पार्टीज़ उस रेज़र्वेशन को एक्सटेंड करती आ रही हैं।

पंडित नेहरू एक बड़े नेता थे, वे देश के पहले प्रधान मंत्री बन गए। बाबा साहब और उनके बीच में कुछ डिफ्रेंसिस तो थे। यह तो आपको भी मालूम है और हमको भी मालूम है। बाबा साहब ने जो कहा था, मैं उसको कोट करता हूँ कि:-

"Just see the leader of the Congress Party, Pandit Nehru. He has delivered 2,000 speeches during the last 20 years, but he has never spoken about the welfare of the Scheduled Castes even once. From this, you can judge what sympathy the Congress Party can have for our people when its leader is so much adamant. Pandit Nehru is always for the Muslims."

अध्यक्ष जी, यह बाबा साहब ने कहा है, मैं नहीं कर रहा हूँ। मैं एक भी वर्ड अपनी ओर से नहीं डाल रहा हूँ। … (व्यवधान) अरे! हम लोग संविधान पर चर्चा कर रहे हैं, अगर बाबा साहब के बारे में बात नहीं करेंगे तो हम किसके बारे में बात करेंगे। … (व्यवधान)

सर, रेज़र्वेशन पर दो बड़े व्यूज़ को जानना बहुत ज़रूरी है। एक पर्पज़ ऑफ रेज़र्वेशन कि आरक्षण का कारण क्या है और उस पर किसका और क्या नज़रिया है। Dr. Ambedkar's view was to focus on social justice to uplift marginalised communities and dismantle caste hierarchies. Pandit Nehru viewed reservation as a temporary tool to integrate disadvantaged groups into the mainstream. इसमें कोई नेगेटिव बात नहीं है। मैं सिर्फ डिफरेंस ऑफ ओपिनियन को बता रहा हूं। Now, I will come to the caste system.

Ambedkar ji advocated for complete abolition of caste system. Nehru ji believed in gradual reforms and hoped discrimination would diminish over time.

As regards timeline for reservation, Babasaheb felt reservation is needed indefinitely till equality was achieved. Pandit Nehru ji advocated for time bound reservation for 10 years.

What were the thoughts about empowerment? Babasaheb emphasised representation and dignity, ensuring *Dalits* had a voice in governance and had an opportunity. Pandit Nehru ji focussed on economic development believing discrimination would automatically reduce over the time.

सर, मैं इन सारी चीजों को बता रहा हूं। अगर विपक्ष के लोग थोड़ा कष्ट करेंगे तो इसे पढ़ सकते हैं । यह किताब उपलब्ध है । इसीलिए, मैं मानता हूं कि Ambedkar's views were more systematic and addressed the root cause of inequality focussing on representation and empowerment. Nehru's views, while progressive, underestimated the deep entrenchment of caste-based discrimination which persist even today. His letter on 27th June, 1961, कल हमारे कई सदस्यों ने कोट किया है । मेरे साथी कह रहे हैं कि आप भी कोट कर दीजिए। कल कई लोगों ने कोट किया है। यह थोड़ा लंबा है, इसलिए मैं इसे स्कीप कर देता हूं, क्योंकि हमारे अपोजिशन के लोग ज्यादा उतेजित हो रहे हैं।

वर्ष 1961 में पंडित नेहरू जी ने सारे मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था। Nehru ji wrote a letter to all the Chief Ministers of the country. वह कोई नेगेटिव लैटर नहीं है। आप चिंता मत कीजिए। वह बहुत ज्यादा नेगेटिव नहीं है। उन्होंने उस लैटर में कहा कि अगर हम रिजर्वेशन को बढ़ावा देंगे तो इस देश का जो टैलेंट व स्किल है, जिसके पास क्वालिटी है, वह बर्बाद हो जाएगा। उन लोगों को कोई जगह नहीं मिलेगी। ऐसा उन्होंने कहा है।

उसके बाद भी नेहरू जी ने कई मीटिंग्स में इन बातों को कहा है। हमारा यह कहना है कि नेहरू

जी टैलेंट के बारे में सोचते थे। यह बहुत ही अच्छी बात है। हम लोग भी टैलेंट के बारे में सोचते हैं। टैलेंटेड लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए कि टैलेंटेड को आगे बढ़ाते समय, गरीबों और पिछड़ों को कुचल कर आप आगे बढ़ें। यह नहीं होना चाहिए। यही फर्क है। आगे बढ़ाना तो आप भी चाहते हैं और हम भी चाहते हैं। जो वंचित हैं, जो शोषित हैं, जो पीड़ित हैं, जिनको हजारों साल तक समाज में काम करने का मौका नहीं मिला, उनको कुचल कर हमें आगे नहीं बढ़ना चाहिए। यही फर्क है। दृष्टिकोण का जो फर्क है, उसी को मैं बता रहा हूं।… (व्यवधान)

अगर आप ऐसे ही कहेंगे तो मैं मंडल कमीशन वाला भी बोल देता हूं। मंडल कमीशन रिपोर्ट वर्ष 1980 में आ गयी थी। उसके पहले केलकर कमेटी की रिपोर्ट भी आ गई थी। आपने इतने सालों तक मंडल कमीशन की रिपोर्ट को हाथ नहीं लगाया। जब विश्वनाथ प्रताप सिंह जी की नेशनल फ्रंट की सरकार बनी, उसमें बीजेपी का सपोर्ट था। … (व्यवधान) वी.पी. सिंह के समय ही मंडल कमीशन की रिपोर्ट टेबल हुई थी।… (व्यवधान) मैं बाबा साहब तक ही सीमित रहना चाहता था, लेकिन आप ही टोक-टोक कर मुझे बुलवा रहे हो। यदि आप मुझे नहीं टोकते तो मैं यह नहीं बोलता। यदि आप टोकेंगे तो मैं और ज्यादा ऊगलूंगा। … (व्यवधान)

सर, वर्ष 1990 की रिपोर्ट सबके पास है। पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय राजीव गांधी जी का वक्तव्य सबको मालूम है। वर्ष 1985 में एक इंटरव्यू में राजीव जी ने क्या कहा था, वह भी सबको मालूम है। कल उसका उल्लेख हुआ था। आपकी पार्टी में राजीव गांधी जी उस समय आपके सबसे पॉपुलर लीडर थे। पूर्व प्रधान मंत्री के रूप में उन्होंने जो कहा, उसको आप नकार नहीं सकते हैं। राजीव गांधी जी ने जो कहा था, पंडित नेहरू जी ने जो कहा था, उसको अगर आज के दिन आप नकारना चाहते हैं तो आप बोलिए कि पंडित जी ने और राजीव गांधी जी ने जो कहा, हम उसको नहीं मानते हैं। आप बोलिए। आप वह बोलते नहीं हैं, फिर उसके विपरीत बात करते हैं। आप यह मत करिए। बात करने का एक लहजा, एक तरीका होता है। आप सहमत या असहमत जो भी बोलेंगे, उसमें हमारी कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद बाबा साहेब अंबेडकर ने दु:ख जाहिर किया। उन्होंने अपने इस्तीफे में शुरू में ही मेंशन किया कि मंत्री अगर कैबिनेट से इस्तीफा देते हैं तो उनको कारण बताना चाहिए कि क्यों

इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं कारण बिना बताए भी इस्तीफा दे सकता था और इस्तीफा देने के बाद में कारण बता सकता था, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे कारण बताना चाहिए। उन्होंने पत्र में इसका बहुत अच्छी तरह से जिक्र किया। जो पहली कैबिनेट बनी, वह किसी पार्टी या चुनाव से जीतकर नहीं बनी। सभी विचारधारा के लोगों को मिलाकर फर्स्ट कैबिनेट बनी। पंडित नेहरू जी ने जब पहली सूची बनाई तो उसमें बाबा साहब अंबेडकर का नाम नहीं था। उस समय महात्मा गांधी जी ने कहा कि जवाहर, आप कैबिनेट, गवर्नमेंट के हैड जरूर हैं, मगर यह आपकी नहीं है। यह इंटरिम है। बाद में चुनाव से जो बनेगा, उसकी कैबिनेट होगी। बाबा साहेब अंबेडकर को छोड़कर अगर यह कैबिनेट बनेगी तो यह अधूरी कैबिनेट होगी, तब बाबा साहेब अंबेडकर के नाम को जोड़ा गया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को कानून मंत्री बनाया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिंदू महासभा के अध्यक्ष थे, वे भी कैबिनेट का हिस्सा बने। गांधी जी ने पहल करके कई लोगों को उस कैबिनेट में मंत्री बनाया। जब भीमराव अंबेडकर को लॉ मिनिस्टर का पद दिया, तो उन्होंने कई किताबों में जिक्र किया, वह पत्र में भी है। उन्होंने पंडित नेहरू जी को कहा कि आपने मुझ पर विश्वास करके कानून मंत्री बनाया, यह बहुत अच्छा है। मैं, कानून मंत्री पद की जो गरिमा होती है, उसको संरक्षण दूंगा, काम करूंगा। लेकिन, अब देश बन गया है, आजादी मिल चुकी है, संविधान की रचना भी हो चुकी है और अब देश को आगे ले जाना है। संविधान का जो भी काम करना था, वह सबने किया, आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं और कुछ करना चाहता हूं। बाबा साहेब ने अपनी प्राथमिकता के बारे में कहा। लॉ की डिग्री, बैरिस्टर तो वे बाद में बने। अमेरिका से पढ़कर, कोलम्बिया यूनीवर्सिटी से वापस आने के बाद दोबारा लंदन में जाकर बाद में वे बैरिस्टर बने। उनकी प्राथमिकता क्या है, इकोनॉमिक्स। He is the first Indian to do Doctor of Philosophy in Economics. फाइनेंस में, फिलोस्फी में, साइकोलॉजी में, हिस्ट्री में, किसी भी देश की हिस्ट्री का पन्ना उठा कर देख लीजिए, आज तक बाबा साहेब अंबेडकर जैसा पढ़ा-लिखा कोई पैदा नहीं हुआ।

बाबा साहेब ने कहा कि मेरी फर्स्ट प्रायोरिटी इकोनॉमिक्स है। देश को आर्थिक ताकत देने के लिए मैं भी योगदान देना चाहता हूं। मुझे लॉ मिनिस्टर के अलावा कोई इकोनॉमिक मिनिस्ट्री दे दीजिए।

इकोनामिक मिनिस्ट्री में कई मिनिस्ट्रीज़ हैं, लेकिन उनको वह नहीं मिली। उसके बाद बाबा साहेब ने कहा कि मिनिस्ट्री नहीं दी, लेकिन इंपोर्टेंट कैबिनेट कमेटी होती है, मुझे किसी न किसी कैबिनेट कमेटी में रखिए। बाबा साहेब अंबेडकर को किसी कैबिनेट कमेटी में मेंबर नहीं रखा गया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को फ्रस्ट्रेशन आने लगा। काफी चीजें कैबिनेट कमेटी में तय करके कैबिनेट में औपचारिक पास कराते हैं, लेकिन मुझे तो ये प्रोसेस में ही इन्वॉल्व नहीं कर रहे हैं। उन्होंने नेहरू जी से कहा कि आप मुझे कुछ मौका देंगे या नहीं? पंडित नेहरू जी ने पहले कहा कि आपको प्लानिंग पोर्टफोलियो देंगे। वे उम्मीद में थे कि प्लानिंग पोर्टफोलियो देने से वे कम से कम प्लानिंग प्रोसेस में सम्मिलित हो सकते हैं। बाबा साहेब ने कहा कि आर्नामेंटल के हिसाब से कैबिनेट में रहने का कोई फायदा नहीं है।

मैं आप सबसे अनुरोध करता हूं कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने पंडित नेहरू जी को इस्तीफा देते समय जो पत्र लिखा, उस पत्र को सभी जरूर पढ़ें। हम लोगों को भी पढ़ना चाहिए और देश के हर एक नागरिक को पढ़ना चाहिए। ये सब के लिए लाभकारी होगा, मैं जबरदस्ती नहीं थोप रहा हूं, आप अपने हिसाब से पढ़ लीजिए।

**वाणिज्य और उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल):** अध्यक्ष महोदय, ये पत्र सभी को भिजवाने की व्यवस्था कर दीजिए।

**श्री किरेन रिजिजू :** अध्यक्ष महोदय, कई मुद्दे हैं। … (व्यवधान) अब बाबा साहब हमारे बीच नहीं रहें। लेकिन देश को आगे ले जाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना पड़ेगा। सिर्फ आजादी प्राप्त करने से नहीं होता है, देश को आगे लेकर जाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत का नारा क्यों लगाया। वर्ष 1947 में उस समय भारत के साथ कई देशों को आजादी मिली, there are many countries, especially in Asia and Africa which attained independence during the same period of late 40s, 50s and even 60s. आप आप कई देशों की हालत देख लीजिए, डेमोक्रेसी में भारत से कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। डेमोक्रेसी में हम सबसे आगे बढ़ गए हैं, सक्सेफुल एंड वाइब्रेंट डेमोक्रेसी, लेकिन आर्थिक क्षेत्र में जो सवाल रह गया था। सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे कई देशों का जीडीपी पर कैपिटा इनकम हमसे आठ-नौ गुना ज्यादा हो गया है।

प्रधानमंत्री जी को लगा कि सिर्फ आजादी होने से नहीं होगा, डेमोक्रेसी होने के साथ-साथ भारत को एक अमीर और शक्तिशाली राष्ट्र बनना चाहिए, तभी उन्होंने विकसित राष्ट्र का नारा लगाया। मैं कभी-कभी सोचता हूं, किस्मत से काफी कम उम्र में लोक सभा का सदस्य बनने का मौका मिला। मैं तब से सोचता हूं, हम अपोजिशन में थे और पीछे बैठते थे, हमारे सीनियर लीडर अटल बिहारी वाजपेयी जी, आडवाणी जी, प्रणब मुखर्जी जी और चन्द्रशेखर जी जैसे लोगों की बात सुनता था और मैं सोचता था कि 65-70 वर्षों के बाद भी भारत अमीर राष्ट्र क्यों नहीं बना? So many countries have become developed. What is the reason that India could not become developed? हमारे देश में किसी चीज की कमी नहीं है। Indians are among the most intelligent people in the world. गिफ्टेड है, टैलेंट है, पढ़ा-लिखा है, सभ्यता है, हिस्ट्री है, फिर भी देश गरीब कैसे रहा। आप नहीं सोचते हैं क्या? 65 वर्ष आप सरकार में रहें इसलिए सोचने का मौका नहीं मिला क्या? देश अमीर क्यों नहीं बना, देश डेवलप्ड कंट्री क्यों नहीं बना? अगर वर्ष 1947 में या उसके दस साल बाद भी एक लक्ष्य रखते, इतने सालों तक भारत को विकसित राष्ट्र बनना ही पड़ेगा, अगर लक्ष्य रखते तो लक्ष्य जरूर प्राप्त होता। यह लक्ष्य वर्ष 2014 के बाद हमारे सामने आया है, एक लक्ष्य रखकर आगे जाना पड़ेगा, किसी राष्ट्र को आगे बढ़ाना है तो लक्ष्य सामने रखकर चलना होगा, बिना लक्ष्य के आप कुछ नहीं प्राप्त कर सकते हैं। हमारे हाथ में अभी 23 साल बाकी है, 23 साल में भारत को विकसित राष्ट्र बनना है, यह समय कम है, लेकिन मैं पूरी दृढ़ निष्ठा और विश्वास के साथ कहता हूं कि पूरा देश एकजुट होकर काम करेगा तो 23 साल में भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है। India can develop fully as any other nation has developed. जब कोई नींव रखता है, विजन रखता है, मैंने सुना है, विपक्ष के लोग उसका मजाक उड़ाते हैं। स्वच्छ भारत अभियान चला रहे हैं, उसका मजाक उड़ा रहे हैं। मेरे पास एक विषय आया, एक आदमी एक कॉलोनी में रहता है, उसका नाला इतना गंदा है, नाले में कागज और प्लास्टिक पड़ा हुआ है। वह उसका फोटो खींचकर हमको भेजा, देखो, आपका स्वच्छ भारत अभियान की यह हालत है। मोदी जी ने लाल किले की प्रचार से कहा कि भारत को स्वच्छ रखना चाहिए। मैंने उनको कहा कि आपके घर के सामने जो गंदा नाला है, क्या उसे मोदी जी

को आकर साफ करना चाहिए या आपको खुद साफ करना चाहिए? स्वयं का काम तो खुद करना चाहिए। माननीय प्रधान मंत्री जी ने आह्वान किया है, इसे हम सबको मिलकर करना है। माननीय प्रधान मंत्री जी अकेले देश को विकसित राष्ट्र नहीं बना सकते हैं। वह हमारे देश के नेता हैं, उन्होंने आह्वान किया है इस देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा।

आप 'मेक इन इंडिया' का मजाक उड़ाते हैं। जब भी कहीं अच्छा प्रोग्राम करते हैं तो आप मजाक उड़ाते हैं। मैं जब स्पोर्ट्स मिनिस्टर था, प्राइम मिनिस्टर ने कहा कि फिटनेस के लिए कुछ कीजिए। हमने 'फिट इंडिया मूवमेंट' चलाया, लेकिन अपोजिशन का एक भी एमपी 'फिट इंडिया मूवमेंट' में भाग लेने के लिए नहीं आया। क्या आप फिट नहीं रहना चाहते हैं? क्या आपको अपने स्वास्थ्य की चिंता नहीं है? आप फिट होंगे तो देश फिट होगा। सबको फिट रहना चाहिए। इसमें कोई पोलिटिकल चीज नहीं है लेकिन फिर भी आप मजाक उड़ाते हैं। आप वैक्सीन का मजाक उड़ाते हैं। मैं अब और उदाहरण देने में समय बर्बाद नहीं करूंगा।

अध्यक्ष जी, मेरे एमपी बनने तक नार्थ-ईस्ट में असम को छोड़कर पूरे बॉर्डर एरियाज़ में मैक्सिमम बार्डर प्वाइंट्स पर गाड़ी से जाने की कोई सुविधा नहीं थी क्योंकि रास्ता नहीं बना था। मैं जब गृह राज्य मंत्री बना, माननीय राजनाथ सिंह ही केंद्रीय मंत्री थे, मैं हैलीकॉप्टर लेकर सीधा गुंजी गया। गुंजी के बारे में मैंने बचपन से सुना था। मुझे गुंजी के एक डॉक्टर मिले तब मैं दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहा था। … (व्यवधान) आपने रास्ता नहीं बनाया इसलिए हैलीकॉप्टर से जाना पड़ा।… (व्यवधान) उन्होंने कहा कि वह 35 साल पहले गुंजी छोड़कर आए फिर देहरादून से दिल्ली आ गए लेकिन मेरी दोबारा वापस जाने की हिम्मत नहीं है क्योंकि 18 दिन पैदल चलना पड़ता है। मैंने कहा कि मैं गुंजी जाता हूं और देखता हूं। हम वहां गए, गुंजी में काफी लोग पलायन कर गए थे, हमें वहां दो-चार लोग मिले और कहने लगे कि गांव में बहुत कम लोग बचे हैं, सब चले गए हैं, आप माननीय मोदी बनेगा। तब मैंने कहा कि आप चिंता मत कीजिए, देश के प्रधान मंत्री मोदी जी बन गए हैं और आपके लिए रास्ता बहुत जल्दी बन जाएगा। चार सालों के अंदर गुंजी में रास्ता बन गया और अब सारे लोग एक दिन में धारचुला होते हुए गुंजी पहुंच सकते हैं।

आपको याद होगा, पूर्व रक्षा मंत्री ने राज्य सभा में बयान दिया था और बहुत ऑनेस्ट बात कही थी। आपके मंत्री हैं, बहुत ऑनेस्टली बोले, इसलिए मैं तारीफ करता हूं। काम किया या नहीं किया, लेकिन बात तो सही बोली, मैं इसकी तारीफ करता हूं। उन्होंने खुद कहा कि मैं देश का रक्षा मंत्री हूं और मुझे यह कहने में संकोच नहीं है कि हमारी सरकार, मतलब कांग्रेस सरकार ने ऐसी पॉलिसी तय की है कि बॉर्डर एरिया में रास्ता नहीं बनाना चाहिए। … (व्यवधान) अगर रास्ता बनेगा तो उसी रास्ते से चीन आ जाएगा और हमारी जमीन ले जाएगा। … (व्यवधान)

**SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA):** He is misleading. … (*Interruptions*) राज्य सभा का रिकॉर्ड दिखाइए। … (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू :** सर, मैंने एक पूर्व रक्षा मंत्री की बात रखी हैं, मैं इसे ऑथेंटिकेट भी कर दूंगा और पूरे भाषण की ट्रांस्क्रिप्ट भी लोक सभा के पटल पर रख दूंगा।

अध्यक्ष जी, ठीक है, हमारे देश की आमदनी इतनी ज्यादा नहीं हो सकती लेकिन देश इतना कमजोर भी नहीं है कि बॉर्डर एरिया में रास्ता नहीं बना सकता। मैं जिस गांव में रहता हूं, मेरा गांव वर्ष 1962 में दो सप्ताह के लिए चीन के कब्जे में चला गया था।

नेफा का जो कमिंग रिजन है, हमारे गांव और आसपास के पूरे क्षेत्र में चीन की फौजों ने कब्जा किया था। हम लोग रुकते रहे। मैंने पहले बताया था कि 1962 के बाद, क्योंकि 1962 में मेरा जन्म नहीं हुआ था। वह कहानी हमारे सामने दोहराती रही। मेरे कानों में वह अभी भी गूंज रही है कि चीन ने आकर क्या किया है। डराते थे, खाना खाने में बच्चा लेट करे, तो बोलते थे कि जल्दी-जल्दी खा लो, नहीं तो चाइनीज लोग आ जाएंगे। इस तरह से हम लोगों को मानसिक रूप से डराकर रखा गया था।

मैं जब बड़ा हुआ, तो मैंने सोचा कि कांग्रेस या जो भी पार्टी उस समय सत्ता में थी, हमारे लिए रास्ता नहीं बनाती है, हमारे बारे में नहीं सोचती है। जिस दिन मैंने राजनीतिक पार्टी में ज्वाइन करने का निर्णय किया, तो मेरा पहला निर्णय करने का मुख्य कारण यह था कि मैं ऐसी पॉलिटिकल पार्टी में ज्वाइन करूंगा, जिसकी सोच राष्ट्रवादी हो और जो देश की हर-एक इंच जमीन को बचाने की ताकत

रखती हो।

अध्यक्ष महोदय, इसीलिए मैंने भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन करने का निर्णय किया। अखिल भारती विद्यार्थी परिषद् के साथ काम करके मैं बीजेपी का सदस्य होने के नाते फ़ख्र महसूस करता हूं। … (व्यवधान) सर, अगर इनकी उम्र और मेरी उम्र बराबर होती, तो मैं बहुत-कुछ कहता, लेकिन उम्र के लिहाज से मैं नहीं कहना चाहता, इनको इज्जत देता हूं। … (व्यवधान) Since he is my senior, I will not speak much. आप बैठ जाइए। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : एक मिनट, नो!, इन्होंने ऐसा क्या कह दिया? इन्होंने कोई असंसदीय बात नहीं कही। इन्होंने कहा कि यदि उनकी उम्र के बराबर मेरी उम्र होती, केवल यही तो कहा। इन्होंने कोई असंसदीय बात नहीं की।

माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू** : अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत ही फ़ख्र महसूस करता हूं। … (व्यवधान) बचपन में जिस गांव में मैं पैदल चलता था, जिस जगह बचपन में मुझे पैदल जाने में 6-7 दिन लग जाते थे, आज 3-4 घंटों में मैं गाड़ी से पहुंचता हूं। यह बदलाव हमने 10 सालों में देखा है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : एक मिनट, प्लीज, आप लोग बैठिए। आप बहस करते हैं, प्लीज बैठिए। उन्होंने ऐसा कोई असंसदीय शब्द नहीं कहा, जिस पर आप बोल रहे हैं। वह रिकॉर्ड में भी जाएगा। माननीय मंत्री जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू** : सर, वर्ष 1947 से वर्ष 2014 तक नॉर्थ-ईस्ट में 9 एयरपोर्ट्स बने हैं। वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के अंदर 74 एयरपोर्ट्स हो गए हैं। वर्ष 2014 तक नैशनल हाईवेज़ 10 हजार 9 सौ किलोमीटर बने हैं और वर्ष 2024 तक मोदी जी के 10 सालों के कार्यकाल में 16 हजार 207 किलोमीटर नैशनल हाईवेज़ बने हैं। कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स बने हैं, जिनकी मैं गिनती नहीं करना चाहता हूं। आज हमारा नॉर्थ-ईस्ट 'अष्ट लक्ष्मी' के नाम से जाना जाता है। हम बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़

रहे हैं। आपसे मैं यह कहना चाहता हूं कि आप एक राज्य की घटना को लेकर बार-बार बोलते हैं। इस पर हम लोग अलग से चर्चा करेंगे।

**12.00 hrs**

मैं जो कहना चाहता हूं, उसको सुनिए। आप लोगों के समय में, कांग्रेस ने नार्थ-ईस्ट का क्या हाल करके रखा था? … (व्यवधान) मैं इतने सालों से इस संसद में सदस्य हूं।

अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2014 तक, आपको मालूम है, आपको यह सुनकर अच्छा नहीं लगेगा।

**माननीय अध्यक्ष :** मुझे तो मालूम नहीं है। आप बता दीजिए।

**श्री किरेन रिजिजू :** अध्यक्ष महोदय, दुनिया में जितने भी मिलिटेंट ऑर्गेनाइजेशन्स हैं, यह कहते हुए मैं फख्र नहीं कर रहा हूं, दुनिया में जितने भी मिलिटेंट ऑर्गेनाइजेशन्स हैं, वर्ष 2014 तक उनकी संख्या सबसे ज्यादा नार्थ-ईस्ट में थी। आपने नार्थ-ईस्ट को वैसा बना दिया था। एक स्टेट से दूसरे स्टेट जाने में … (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) :** आप इस बात को आथेंटिकेट कीजिए। … (व्यवधान) Can you authenticate it? … (*Interruptions*)

**श्री किरेन रिजिजू :** मैं सब कुछ आथेंटिकेट कर दूंगा। … (व्यवधान) इन्होंने नार्थ-ईस्ट में कई जगह संगठन बनाकर रखा था। इन्होंने नार्थ-ईस्ट पर ध्यान नहीं दिया। इनके लिए तो नार्थ-ईस्ट एग्जिस्ट ही नहीं करता है। … (व्यवधान) हमारे प्रधानमंत्री जी जितनी बार नार्थ-ईस्ट जाते हैं, इनके प्रधानमंत्री छोड़िए, इनके समय में तो मंत्री भी नार्थ-ईस्ट में नहीं जाते थे और आज ये यहां बैठकर घड़ियाली आंसू बहाने का काम करते हैं। … (व्यवधान)

सर, इन्होंने कल संविधान के बारे में ज्यादा जिक्र नहीं किया, मैं समझ सकता हूं। कांग्रेस पार्टी ने संविधान के बारे में ज्यादा जिक्र नहीं किया तो उसका कारण है। मैं थोड़ा बताना चाहता हूं कि उन्होंने क्यों जिक्र नहीं किया। 106 बार जो कांस्टिट्यूशनल अमेंडमेंट्स हुए हैं, मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं। ये संविधान बदलने की बात करते हैं। संविधान बदलने की प्रक्रिया भी संवैधानिक है। कांस्टिट्यूशनल अमेंडमेंट तो होते रहे हैं। … (व्यवधान) कांग्रेस, यूपीए के समय में टोटल

कांस्टिट्यूशनल अमेंडमेंट 75 टाइम्स हुए हैं। बीजेपी के टाइम में 25 टाइम्स हुए हैं। जब जनता दल के नेतृत्व में सरकार बनी थी तो 7 बार हुआ है और जनता पार्टी के समय में 2 बार हुआ है। लेकिन, फर्क क्या है? फर्क जानना चाहिए। संवैधानिक बदलाव क्यों किया गया था। आपने संविधान का अमेंडमेंट किया। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैं आप सबसे फिर से आग्रह करता हूं और विनम्रतापूर्वक आग्रह कर रहा हूं। आप कई बार बैठे-बैठे आसन पर टिप्पणी करते हैं कि इनका समय खत्म हो गया। क्या आपको पता है कि इनका समय खत्म हो गया? 5 घंटे 18 मिनट भारतीय जनता पार्टी का समय है और अगर आप सब यह चाहते हैं कि बिल्कुल समय से बोलने दिया जाए तो मैं आगे भी यही व्यवस्था कर दूंगा।

… (व्यवधान)

**श्री बी. मणिक्कम टैगोर (विरूधुनगर) :** आप यह कर दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष:** ठीक है। उनका समय भी पूरे 5 घंटे 28 मिनट है। माननीय राजनाथ सिंह और इनको मिलाकर सभी पहले वाले वक्ता अभी तक एक घंटा 63 मिनट बोल चुके हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैं कुल वक्ताओं की बात कर रहा हूं।

माननीय मंत्री जी, आप बोलिए। अभी आपका समय है।

… (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू :** जब मेरा समय समाप्त हो जाएगा, अध्यक्ष जी मुझे बता देंगे तो मैं बैठ जाऊंगा। … (व्यवधान) अध्यक्ष जी ने आपको भी टाइम दिया है और हमें भी टाइम दिया है। समय संख्या के हिसाब से तय होता है। मैंने समय अपनी मर्जी से नहीं लिया है। … (व्यवधान)

सर, मैं कह रहा था कि संविधान में जो अमेंडमेंट्स होते हैं, वह इन्होंने भी किया है और हमने भी किया है। इन्होंने ज्यादा किया है और हमारी संख्या कम है। लेकिन, मैं इस बात को केंद्रित करना चाहता हूं कि इन्होंने अमेंडमेंट किसलिए किया था? 39 वां कांस्टिट्यूशनल अमेंडमेंट क्यों किया था? इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इंदिरा गांधी जी के खिलाफ जो जजमेंट दिया था, उसको बदलने के लिए

आपने संविधान में संशोधन किया था। … (व्यवधान)

आपने 42वां संविधान संशोधन क्यों किया था? जब आपने संविधान की प्रस्तावना को बदलने के लिए 42वां संविधान संशोधन किया था। हमने महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन किया है। हमने ओबीसी को संवैधानिक दर्जा देने के लिए संविधान में संशोधन किया है। संविधान संशोधन का कारण भी जानना चाहिए। आप बिना कारणवश बोलते हैं। शाहबानो और मुस्लिम महिलाओं को जो अधिकार मिलना चाहिए, आपने उसको रोकने के लिए संविधान में संशोधन किया है। संविधान संशोधन में फ़र्क है।

In such a situation, the revolutionary leader Dr. Ambedkar has put forth several proposals for bringing social democracy in our country by expressing his serious concern. Those who come to power in future, whether will they give us the answer to these questions? Are the religious beliefs above nation or the nation is above those religious beliefs? If they think that religious beliefs are above nation, then this nation will once again loose its freedom. If this happens, Dr. Ambedkar further expressed that our nation will reach a stage of non-liberation. This is the foresighted vision of Dr. B.R Ambedkar, 75 years ago. He said that, if the power vests in the hands of those who have religious beliefs, then they will create a situation where religious beliefs will be considered well above the interests of our nation. The concern expressed by Dr. Ambedkar can very well be understood by us.

You have created an International Memorial at a place where the revolutionary leader Dr. Ambedkar lived his life. It is true that you have installed a 433-feet high statue of Dr. B.R Ambedkar at a place where his mortal remains were put into pyre. You will be opening this Statue of Dr Ambedkar in the year 2026. You have set up a museum, in a place where Dr. Ambedkar lived for long. You are upholding his image so high. But at the same time, this Government is engaged in destabilising the soul of the Constitution which was created by him.

**HON. CHAIRPERSON:** Already you have taken more than your time. Please conclude. I have already given you more time.

*DR. THOL THIRUMAAVALAVAN: You have passed a legislation providing reservation for economically weaker sections. This is an attack on the Constitution. But in that, there is no provision for providing reservation to SCs, STs and OBCs. You have to create a society for which revolutionary leader Dr. Ambedkar worked tirelessly through his ideals throughout his life. It will only be then the real tribute for the maker of our Constitution. Thank you. Vanakkam.

**श्री विजय कुमार हाँसदाक (राजमहल) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे मेरी पार्टी जेएमएम की तरफ से कांस्टिट्यूशन अडॉप्शन की चर्चा पर बात करने का मौका दिया है।

महोदय, आज यहां बहुत सारी बातें आई हैं। जिस परिस्थिति में देश में कांस्टिट्यूशन को अडॉप्ट करते समय पूरे देश के हर एक वर्ग, तबके के लोगों को ध्यान रखते हुए फ्रेमवर्क बनाया गया। मैं उन सभी स्कॉलर्स को धन्यवाद देना चाहता हूं, उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मुझे लगता है कि पूरा सदन इसमें एकजुट होगा।

सभापति महोदय, आज सदन में पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर की तरफ से भी सिक्योरिटी ऑफ माइनॉरिटीज के बारे में बातें आ रही थीं। यूरोपियन यूनियन में डिस्क्रिमिनेशन के ऊपर रिपोर्ट्स आदि दिखाई जा रही थीं। हम उनसे बेहतर हैं, यह साबित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन हम सबसे बेहतर हैं, यह अभी तक नहीं कहा जा सकता है। तुलना उस चीज में होनी चाहिए, जहां हम और बेहतर हो सकें। अगर हमारे यहां आज भी डिस्क्रिमिनेशन हो रहा है और उसे हम रोक नहीं पा रहे हैं, तो इतने सालों के बाद आज हम जिस परिस्थिति में हैं, तो उसे हम अच्छा नहीं कहेंगे।

मैं यह कह सकता हूं कि संविधान की तरफ से हमें अधिकार मिले हैं। उनके माध्यम से आज एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण से जुड़ी हुई बात आई। आज जिस तरह से प्राइवेटाइजेशन हो रहा है और जिस तरह से इन सभी का हक लगातार समाप्त किया जा रहा है, यह सोच हमारे कांस्टिट्यूशन

---

*English translation of the speech orinally delivered in Tamil.

की बिलकुल नहीं है। आप सीधे तरीके से रिज़र्वेशन को खत्म नहीं कर पा रहे हैं, इसीलिए आप बैकडोर से यह तरीका अपनाकर उसे खत्म कर रहे हैं। ... (व्यवधान) हर बार हमने यह सवाल पूछा कि इसका असर क्या हो रहा है? कितनी कंपनियों को प्राइवेट बनाने के बाद उनमें कितने एससी, एसटी, ओबीसी को जगह मिल रही है? इसका कोई जवाब अभी तक नहीं आया है।

यहां दोनों तरफ से बात आई कि हम अपने संविधान को पूरे विश्व में किस तरह से बेहतर तरीके से दर्शाते हैं, उस पर हर किसी का अधिकार और हक रहता है। लेकिन, सत्तापक्ष के बड़े-बड़े नेता जिस तरह से झारखंड में जाकर बांग्लादेश का राग अलापते हैं, हमारे यहां से वहां बिजली चली जाए, वह ठीक है, हमारे लोगों की जमीन चली जाए, वह ठीक है। अगर वहां के हिंदू लोगों को कोई दिक्कत हो रही है, तो आप उस पर बोलेंगे, लेकिन झारखंड में जाकर वहां के लोगों की जमीन, उनके हक-अधिकार ले लीजिए। जो बिजली की व्यवस्था वहां हमारे लिए होनी चाहिए, वह अभी तक नहीं हुई। लेकिन उस जगह पर ये लोग कुछ नहीं बोलने जाएंगे।

आज आपके पास डेटा है, आप देख सकते हैं कि बाहर से कितने लोग आए हैं। बार्डर की सुरक्षा करना किसका काम है कि बांग्लादेश से कहां से घुसपैठ हो रही है या चीन कितना भारत की सीमा में आ गया है। इन सभी डेटा पर आप हमेशा फेक रिपोर्ट देते हैं लेकिन सदन में जितने लोग बैठे हैं, उनके पास कहीं न कहीं से इसकी जानकारी जरूर आती रहती है। झारखंड में जाकर सिर्फ भ्रामक स्थिति पैदा करने के लिए देश के बड़े-बड़े नेता प्रधान मंत्री, रक्षा मंत्री और अन्य नेता भी चुनाव के समय गए। आप वहां भ्रामक व्यवस्था बना रहे हैं और संविधान की सभी व्यवस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। आपने संस्थान का दुरुपयोग करते हुए वहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को पांच महीने जेल में भेजा। आप यह कह रहे हैं कि इमरजेंसी के समय क्या हुआ। इमरजेंसी वाली स्थिति आप लोग अभी बनाकर रखे हुए हैं। ... (व्यवधान) मैं यह कहूंगा कि हमारे या जो भी नेता यहां बोलते हैं, पूरे विश्व में उसका चेहरा दिखता है। हमारे देश का एक चेहरा यह भी निकल करके आया है कि सबसे ज्यादा

… *बोलने वाले नेता भारत देश में ही रहते हैं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री विजय कुमार हाँसदाक:** महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा।

महोदय, हमारे यहां इलेक्शन के दौरान इन्होंने घोषणा की कि महिलाओं को गोगो दीदी योजना के माध्यम से 2300 रुपये देंगे और उसके लिए फार्म भी भरवाया। मैं कहना चाहता हूं कि यह केवल झारखंड की महिलाओं के लिए ही क्यों किया गया, पूरे देश की महिलाओं को आप इतने रुपये दीजिए। चुनाव के समय … *बोलना एजेंडा बन गया है।

**माननीय सभापति :** …*असंसदीय शब्द है, अनपार्लियामेंट्री शब्द है।

**श्री विजय कुमार हाँसदाक :** महोदय, जहां इनकी सरकार नहीं है वहां ईडी, इनकम टैक्स का इस्तेमाल करते हैं।… (व्यवधान) कांस्टीट्यूशन का दुरुपयोग लगातार-लगातार हो रहा है और इससे पूरे विश्व में हमारा अच्छा चेहरा नहीं बन रहा है।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री विजय कुमार हाँसदाक :** महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह काम यदि दोनों को मिलकर करना है, तो दोनों तरफ से होना चाहिए।

**SHRI RAHUL GANDHI (RAEBARELI):** Hon. Chairperson, Sir, thank you for letting me speak today on 75 years of the Indian Constitution. In my last few speeches, I spoke about the concept of Abhaya Mudra, the concept of fearlessness, truth, and non-violence. And I showed the House the images of our different religions displaying this Abhaya Mudra.

People call the Constitution the longest written Constitution in the world.

---

* Not recorded.

But the Constitution contains a set of ideas from one philosophy of our nation, one central philosophical set of ideas of our nation.

**<u>14.13 hrs</u>** (Hon. Speaker *in the Chair*)

When we open the Constitution and look at it, we can hear the voice and the ideas of Ambedkar, of Mahatma Gandhi, of Jawaharlal Nehru. But where did those ideas come from? Those ideas came from an old, profound tradition of this country. Those ideas came from Shiva, from Guru Nanak, from Basavanna, from Buddha, from Mahavira, from Kabir and from a list of people.

So, when we speak of the Constitution, and show the Constitution, of course, it is a document of modern India, but it could never have been written without ancient India and her ideas. So, when we look at this Constitution, we remember this list of people, all different variations on the same idea. In front of us stand the people who follow a very different philosophical tradition. I want to start my speech by quoting what the supreme leader, not of the BJP, but of the modern interpretation of the ideas of the RSS has to say about the Constitution of India, and about how he thinks India should be run. I would like to quote the words of Mr. Savarkar:

> "The worst thing about the Constitution of India is that there is nothing Indian about it. Manusmriti is that scripture which is most worshipable after Vedas for our Hindu nation, and from which our ancient times have become the basis of our culture, customs, thought and practice. This book, for centuries, has codified the spiritual and divine march of our nation. Today, Manusmriti is law."

Mr. Savarkar has clearly stated in his writings that there is nothing Indian about our Constitution. He has clearly stated that the Book India is run by, should be superseded by this book. This is what the fight is about. Now, it is nice that all of them are, so-called, defenders of the Constitution. But I want to ask them, do they stand by their leader's words? Do they support their leader's words? It is because when they speak in Parliament about protecting the Constitution, they are ridiculing Savarkar; they are abusing Savarkar; and they are defaming Savarkar. I would like to quote it in Hindi also:

"भारत के संविधान के बारे में सबसे बुरी बात तो यह है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है।"

यह आपके नेता ने कहा था, जिसकी आप पूजा करते हैं।

Speaker Sir, I described in my first speech the idea of a battle which is taking place. I described the Mahabharata, and also described the Kurukshetra. There is a battle taking place today in India. On this side, there are the defenders of the idea of the Constitution. From each State we have one. If they ask us about Tamil Nadu, we will tell them about Periyar. If they ask us about Karnataka, we will say about Basavanna. If they ask us about Maharashtra, we will say about Phuleji and Ambedkarji. If they ask us about Gujarat, we will say about Mahatma Gandhi.

**माननीय अध्यक्ष :** आप स्पीकर को एड्रेस करके बोलें।

**SHRI RAHUL GANDHI:** They praise these people. They praise these people hesitatingly because they have to. But the truth is that they want India to be run the way it used to be run. जैसे हिन्दुस्तान पहले चलाया जाता था, वैसे ही आप हिन्दुस्तान को चलाना चाहते हैं।... (व्यवधान) वह मैं बता रहा हूं, उसी पर आ रहा हूं। आप थोड़ी पेशेंस रखिए,

इतना एक्साइटमेंट नहीं होना चाहिए। ... (व्यवधान)

स्पीकर सर, जब मैं छोटा था, तब दिल्ली के चारों ओर जंगल हुआ करता था। जो लोग आज यहां रहते हैं, उनको ताज्जुब होगा कि एम्स के बिल्कुल बगल में जंगल शुरू होता था। जहां रेलवे म्यूज़ियम है, वहां पर जंगल शुरू होता था। वैसे ही जंगल में हज़ारों साल पहले छह-सात साल का एक बच्चा हर रोज़ सुबह चार बजे उठ कर तपस्या करता था। ... (व्यवधान) हर रोज़ सुबह वह धनुष उठा कर तीर-कमान चलाता था और घंटों तक उसने तपस्या की, उसने सालों तक तपस्या की। आस-पास लोगों को पता लगने लगा कि यह लड़का है। ... (व्यवधान) यही तो आप नहीं समझ सकते हैं। ... (व्यवधान) यही तो आपकी प्रॉब्लम है। धनुष में तपस्या है। मनरेगा के काम करने में तपस्या है। तपस्या का मतलब शरीर में गर्मी पैदा करना है, समझिए। ... (व्यवधान) हाँ, तप का यह मतलब है, तपस्या का यह मतलब है। वह बच्चा तपस्या कर रहा था। ... (व्यवधान) लोगों को पता चला। वह गुरू के पास गया। लड़के का नाम एकलव्य था। वह गुरू के पास गया और उसने कहा – गुरू द्रोणाचार्य जी, मैं सालों से धनुष चलाना सीख रहा हूँ। मैंने अपनी पूरी शक्ति इसमें डाली है। आप मेरी मदद कीजिए। आप मेरे गुरू बनिए। द्रोणाचार्य जी ने एकलव्य को कहा कि आप ऊंची जात के नहीं हो, अप द्विज नहीं हो, इसलिए मैं आपका गुरू नहीं बनूंगा, तुम यहां से चले जाओ और एकलव्य चला गया। फिर से एकलव्य ने तपस्या शुरू की। कुछ सालों बाद द्रोणाचार्य जी और पांडव उसी जंगल से निकले। एक कुत्ता भौंक रहा था। कहानी आपने सुनी है। ... (व्यवधान) मैं सुना देता हूँ। कुत्ता भौंक रहा था। अचानक कुत्ते की आवाज़ शांत हो गई। द्रोणाचार्य जी और पांडव पास गए और उन्होंने यह देखा कि तीरों के जाल में कुत्ता फंसा हुआ था। एक तीर उसके मुंह में था। कुत्ता तीरों के जाल में फंसा था, एक तीर मुंह में था, मगर कुत्ता शांत था, कुत्ते को चोट नहीं लगी। एकलव्य ने अहिंसा के साथ कुत्ते को शांत किया था। द्रोणाचार्य जी आते हैं और एकदम पूछते हैं कि तुम्हे यह किसने सिखाया? एकलव्य जवाब देता है कि द्रोणाचार्य जी यह मैंने सीखा है, मैंने तपस्या की है। मैंने घंटों प्रैक्टिस की है। आपने मेरा गुरू बनने से मना किया था तो मैंने मिट्टी की एक मूर्ति सामने रखी और मैंने प्रैक्टिस की और मैं सीखा।

द्रोणाचार्य जी खुश नहीं हुए। द्रोणाचार्य जी ने एकदम कहा कि तुम्हें मुझे गुरू दक्षिणा देनी होगी।… (व्यवधान) नहीं, यह आपकी स्टोरी है। मेरी स्टोरी है कि … (व्यवधान)

**SHRI K. C. VENUGOPAL:** Sir, you are not putting the House in order. *....(Interruptions)* You are not giving protection to our leader. *....(Interruptions)* Please keep the House in order. *....(Interruptions)*

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, मैंने आपको कई बार कहा कि आप धमकी भरे शब्दों में मत बोला कीजिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आज जब संसदीय कार्य मंत्री जी बोल रहे थे तो आप कितना डिस्टर्ब कर रहे थे।

… (व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी :** द्रोणाचार्य जी ने कहा कि आप मुझे गुरू दक्षिणा दीजिए।… (व्यवधान)

**श्री अखिलेश यादव :** ये अंगूठा काटने वाले लोग हैं।… (व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी :** आपने मेरी स्पीच ले ली। … (व्यवधान) द्रोणाचार्य जी ने उनसे कहा कि गुरू दक्षिणा के लिए मुझे तुम्हारा हुनर, तुम्हारा भविष्य और तुम्हारा अंगूठा चाहिए। एकलव्य ने अंगूठा काट कर द्रोणाचार्य को दे दिया।

यह अभय मुद्रा है। इसमें कंफिडेन्स, स्ट्रेन्थ और निडरता कहां से आती है, यह हुनर से आती है। इस अंगूठे से आती है। यही लोग इसके खिलाफ हैं। जैसे द्रोणाचार्य जी ने एकलव्य का अंगूठा काटा, वैसे ही आप पूरे देश का अंगूठा काटने में लगे हुए हो।… (व्यवधान) जैसे द्रोणाचार्य जी ने एकलव्य का अंगूठा काटा, वैसे ही आप हिन्दुस्तान के सब युवाओं का अंगूठा काटते हो। जब आप अडाणी जी को धरावी देते हो, तो धरावी के जो ऑन्त्रप्रिन्योर्स हैं, जो स्मॉल एंड मिडियम बिजनेसेज हैं, उनका आप अंगूठा काटते हो।

जब आप हिन्दुस्तान के पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, डिफेंस इंडस्ट्री सहित सब चीजें अडाणी को देते हो तो… (व्यवधान) हिन्दुस्तान के सारे के सारे जो फेयर प्ले बिजनेसेज हैं, जो ईमानदारी से काम

करते हैं, आप उन सब का अंगूठा काटते हो, जब आप अदाणी की मदद करते हो ।… (व्यवधान) कंस्टीट्यूशन में लैटरल एंट्री करके आप हिन्दुस्तान के युवाओं, पिछड़ों और गरीबों का अंगूठा काटते हो । … (व्यवधान)

सर, जैसे एकलव्य ने प्रैक्टिस की थी, वैसे ही हिन्दुस्तान के युवा सुबह चार बजे उठ कर अलग-अलग एग्जाम्स की तैयारी करते हैं। आपने देखा होगा कि पहले हजारों युवा सुबह उठ कर रनिंग करते थे, आर्मी में जाने के लिए वेट ट्रेनिंग करते थे। जब आपने अग्निवीर लागू किया तो आपने उन युवाओं की अंगूली काटी।

जब आप पेपर लीक कराते हैं, आपने 70 बार पेपर लीक करवाया है, तब आप हिंदुस्तान के युवाओं का अंगूठा काटते हैं।… (व्यवधान)

आज दिल्ली के बाहर आपने किसानों पर टिअर गैस चलाई है, किसानों पर लाठी चार्ज किया है। किसान आपसे एमएसपी मांगते हैं, सही दाम मांगते हैं। मगर, आप अदानी को फायदा पहुंचाते हो, अंबानी को फायदा पहुंचाते हो और किसान का अंगूठा काटने का काम करते हो। …(व्यवधान)

हम कहते हैं अभय मुद्रा।…(व्यवधान) हम कहते हैं डरो मत और आप कहते हो कि हम आपका अंगूठा काट देंगे। यह फर्क है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एक मिनट, प्लीज आप बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आज हम भारत के संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा कर रहे हैं। संविधान की चर्चा करते समय हम उच्च कोटि की गरिमा रखेंगे। आपसे यह अपेक्षा है। यह राष्ट्रपति का अभिभाषण नहीं है।

… (व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी :** सर, कांस्टीट्यूशन में कहीं नहीं लिखा है कि मोनोपोली होनी चाहिए, कांस्टीट्यूशन में कहीं नहीं लिखा है कि पेपर लीक होना चाहिए, कांस्टीट्यूशन में कहीं नहीं लिखा है कि अग्निवीर होना चाहिए। … (व्यवधान) कास्टीट्यूशन में यह सब नहीं लिखा है, इसलिए मैं यहां रेज़ कर रहा हूं।

… (व्यवधान) कांस्टीट्यूशन में नहीं लिखा है कि हिंदुस्तान के युवाओं का अंगूठा काटना चाहिए, उनका जो हुनर है, उनसे छीना जाना चाहिए। …(व्यवधान)

स्पीकर सर, मैं कुछ दिन पहले हाथरस गया। हाथरस में 4 साल पहले एक लड़की का बलात्कार हुआ था, गैंग रेप हुआ था, तीन-चार लोगों ने गैंग रेप किया था। मैं 2-3 दिन पहले उस लड़की के परिवार के घर में गया। जिन्होंने गैंग रेप किया, वे बाहर घूम रहे हैं और लड़की का परिवार अपने घर में बंद है। लड़की का परिवार बाहर नहीं जा सकता है। जो अपराधी हैं, वे उनको रोज धमकाते हैं और वे बाहर घूमते हैं। … (व्यवधान) परिवार ने मुझे बताया कि बेटी का अंतिम संस्कार भी नहीं करने दिया। … (व्यवधान) चीफ मिनिस्टर ने इसके बारे में खुलकर मीडिया में झूठ बोला। यह कांस्टीट्यूशन में कहां लिखा है? यह कांस्टीट्यूशन में कहां लिखा है कि जो बलात्कार करते हैं, वे बाहर रहें और जिसका रेप हुआ है, उसके परिवार को बंद कर दिया जाए? कहां लिखा है कांस्टीट्यूशन में? यह आपकी किताब में लिखा है, मनुस्मृति में लिखा है, कांस्टीट्यूशन में नहीं लिखा। यूपी में आपका राज है। वहां पर कांस्टीट्यूशन लागू नहीं होता है, वहां पर मनुस्मृति लागू हो रही है। परिवार ने मुझे कहा कि यूपी की सरकार ने उन्हें वादा किया था और कहा था कि हम आपका रीलोकेशन करेंगे, आपको कहीं और रहने की जमीन देंगे। चार साल हो गए हैं, लेकिन आज तक उनका रीलोकेशन नहीं किया गया है।

हर रोज, उन्होंने मुझे फोटो दिखायी, जब वह बाहर निकलते हैं और जिन्होंने बलात्कार किया, वह उनको धमकाते हैं। मैं इस हाऊस में कहना चाहता हूं कि अम्बेडकर के संविधान वाले लोग, इंडिया गठबंधन वाले लोग हम सब मिलकर उस परिवार को रि-लोकेशन करेंगे। हिन्दुस्तान के हर गरीब व्यक्ति से मैं यह कहना चाहता हूं कि आपकी रक्षा कॉन्सटिट्यूशन करता है, बीजेपी के लोग कॉन्सटिट्यूशन पर चौबीस घंटे आक्रमण करते रहते हैं। कॉन्सटिट्यूशन में लिखा है, Prohibition of discrimination on grounds of religion, race, caste, sex or place of birth. The State shall not discriminate against any citizen on grounds only of religion, race, caste, sex, place of birth or any of them. Some days back, youngsters from Sambhal

came to see me. They were innocent people. They had done nothing. वह पास में थे, पांच लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी, यह कन्सटीट्यूशन में कहां लिखा है, prohibition of discrimination on grounds of religion जहां भी आप जाते हैं एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाते हो, नफरत फैलाते हो। कॉन्सटिट्यूशन में कहां लिखा है कि एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाना है। कहां लिखा है कॉन्सटिट्यूशन में कि दलित परिवार को बंद करके अंदर रखना है और उनके अपराधियों को बाहर घूमने देना है। कौन से कॉन्सटिट्यूशन में लिखा है, मझे दिखाइए।

स्पीकर सर, हमारी जो विचारधारा है, इंडिया गठबंधन की विचारधारा है, वह देश में कॉन्सटिट्यूशन लायी है, हम सब मिलकर कॉन्सटिट्यूशन की रक्षा करते हैं। अम्बेडकर जी ने कहा था कि If there is political equality but no social and economic equality, political equality will be destroyed. यह अम्बेडकर जी के शब्द हैं, आज यह बात सभी के सामने हैं, पॉलीटिकल इक्विलिटी खत्म हो गई है, हिन्दुस्तान के सारे इंस्टीट्यूशन्स कैप्चर कर लिए गए हैं। सोशल इक्विलिटी नहीं रही, फाइनेन्शियल और इकोनॉमिक इक्विलिटी नहीं रही। हमारा अगला कदम जाति जनगणना होगा, हम देश को दिखाना चाहते हैं कि देश में आपने किन लोगों और कहां-कहां अंगूठा काटा है, हम दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, किसानों और मजदूरों को दिखाना चाहते हैं कि आपने किस-किस का अंगूठा काटा है। मैंने इसी हाऊस में वायदा किया था कि कास्ट सेन्सस लागू करेंगे, उसके बाद हिन्दुस्तान में एक नए तरीके का विकास होगा, एक नए तरीके की राजनीति होगी। मैंने पहले कहा था जो आपको अच्छा नहीं लगता है, पचास परसेंट रिजर्वेशन की दीवार को हम यहां तोड़ेंगे, पचास परसेंट रिजर्वेशन और जाति जनगणना हम यहां कराकर दिखाएंगे, आपको जो कहना है कह लीजिए। स्पीकर सर, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष**: मैं आपको बुलाता हूं, आप खुद ही क्यों खड़े हो गए।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** माननीय अध्यक्ष जी, जब पिछली बार चर्चा हुई थी तब मैंने कहा था कि कुछ लोग संविधान हाथ में लेकर घूमते हैं लेकिन यह नहीं बता पाएं कि उसके कितने पन्ने हैं क्योंकि

उन्होंने संविधान कभी खोला ही नहीं। राहुल जी सब तरफ संविधान दिखाते हैं, उसके चार पन्ने भी उन्होंने खोलकर नहीं देखें। अगर आप इसका प्रिफेस देखेंगे, प्रिफेस किसने लिखा है, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण जी लिखते हैं। Our Constitution was crafted by the finest, most emancipated minds of the time, and thankfully, not directed by the confused Nehruvian social policy that guided successive Governments.

यह उनकी नैतिक विचारधारा पर सवाल खड़ा करते हैं। उन्होंने लिखा है -

> Giants like B. R. Ambedkar, B. N. Rau, Sardar Patel, K. M. Munshi and Alladi debated provisions to protect the basic freedoms …" … (*Interruptions*).

उन्होंने श्रेय दिया है तो अम्बेडकर जी और सरदार पटेल जी को। अगले पन्ने पर गोपाल शंकर नारायण लिखते हैं। … (व्यवधान) यह इन्हीं का है, मैं केवल पढ़ रहा हूं, इन्होंने यह हाउस में दिखाया है।… (व्यवधान) इसमें लिखा है –

> "Were it not for the strength of this document, Indira Gandhi would not have been compelled to end the darkest episode in independent India by ending the Emergency, …"… (*Interruptions*)

यानी संविधान की ताकत थी, जिन्होंने इंदिरा गांधी जी के इमरजेंसी को खत्म किया था। … (व्यवधान) यह संविधान की ताकत थी।… (व्यवधान) यह आपकी इस किताब में लिखा है। … (व्यवधान) राहुल जी, आप इसे लेकर घूमते हो, कभी खोलकर पढ़ो तो सही। … (व्यवधान) आपने कभी पढ़ा भी नहीं है।… (व्यवधान) इसमें आगे लिखा है और यह अधिकार दिया है।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप चेयर को बोलिए, उधर डायरेक्ट नहीं बोलना है।

… (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** अध्यक्ष जी, राहुल जी जो कॉपी लेकर घूमते हैं, इसी में लिखा है कि इंदिरा

गांधी जी की यातनाएं और इमरजेंसी को खत्म किया तो बाबा साहेब अम्बेडकर जी के संविधान ने। … (व्यवधान) गरीब से गरीब व्यक्ति को अपना नाम दिया। … (व्यवधान)

सर, आप इसकी प्रिफेस बताइए। सर, इसकी प्रिफेस के बाद फोरवर्ड लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के बहुत बड़े वकील लिखते हैं कि जब संविधान बना, देश के आजाद होने के बाद पहले दिन से ही लेजिस्लटिव और ब्यूरोक्रेसी ने ज्यूडिशियरी के साथ सींग फंसा कर रखे। … (व्यवधान) ज्यूडिशियरी को नीचे दिखाने की बात की। … (व्यवधान) यह मैं नहीं कह रहा, यह वही किताब कह रही है जो राहुल गांधी जी हाथ में लेकर घूम रहे हैं। … (व्यवधान)

सर, मैं पढ़कर सुनाता हूं।

> "… from the earliest years itself, the legislative wing and the executive wing of the State on the one hand, confronted the judicial wing on the other, with the accusation that they had vastly encroached upon the powers not given to them but given to the executive. The then Law Minister on 28th October, 1976 issued a strident warning to the judges of the Supreme Court and I quote : "An atmosphere of confrontation was sought to be created by those whose duty it was to see that they did not encroach upon the field which did not legitimately belong to them. Nothing should be left undone now to ensure that such a situation did not recur. If even after the amendment confrontation continues, then I think it will be a bad day for the judiciary". … (*Interruptions*)

**SHRI K. C. VENUGOPAL :** Sir, was this his speech? Is his speech over? … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** वह अपने वक्तव्य को ऑन रिकॉर्ड कह रहे हैं। यह प्वाइंट ऑफ ऑर्डर नहीं है। वे अपनी स्पीच बोल रहे हैं।

… (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** सर, यह कौन कह रहा है? उस समय के लॉ मिनिस्टर कह रहे हैं -

> "And again, we are trying to save them from the temptation to intrude into powers which do not belong to them. What we are doing today is not to save the people from the judges but really enabling the judges to save them from themselves. This was said during the Emergency, which hit the nation like Tsunami and brought about the realisation that the Constitution could be subverted." … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** यह प्वाइंट ऑफ आर्डर नहीं है, स्पीच बोल रहे हैं।

… (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** यह संविधान बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने दिया और इसी ने देश को बचाया। राहुल जी, कभी इसे पढ़कर देखिए।… (व्यवधान) गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी के पूरे कारनामे इसके अंदर लिखे गए हैं कि कैसे आपने धज्जियां उड़ाई हैं।… (व्यवधान) यह बीजेपी के लोगों को कहते हैं, यह मनगढ़ंत आरोप हैं।… (व्यवधान) ये अंगूठा काटने की बात करते हैं, इनके राज में सिखों के गले काटे गए।… (व्यवधान) सिखों का कत्लेआम किया गया। … (व्यवधान) सिखों के दंगे सबसे ज्यादा हुए तो कांग्रेस के समय में हुए। … (व्यवधान) आपको देश से माफी मांगनी है, अगर आज भी नहीं मांगेंगे तो संविधान जितना मर्जी जेब में डालिए, आप संविधान को जेब में लेकर घूमते हैं, इन्होंने संविधान को तार-तार करने का काम किया है। इनको देश से माफी मांगनी चाहिए। … (व्यवधान)

महोदय, मुझे आपका संरक्षण इसलिए चाहिए था कि ये झूठे आरोप लगाने बंद करें। …

(व्यवधान) आपने संविधान की रक्षा कभी नहीं की। इमरजेंसी जैसा कालखंड आया और संविधान को बार-बार तार किया, संशोधन किया तो आपने और आपकी पार्टी ने किया।… (व्यवधान) धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री श्रीकांत शिंदे।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** उनकी स्पीच हुई है। प्वाइंट ऑफ आर्डर नहीं है।

… (व्यवधान)

**SHRI K. C. VENUGOPAL :** Sir, which book is he quoting? … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** स्पीच हुई है, इसे टेबल कर देंगे।

… (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैं अभी टेबल कर देता हूं। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** जब मैं कहूंगा तब आप कर देना। आप सब खुद ही डायरेक्शन देने लग जाते हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : श्री एकनाथ शिंदे जी, आप कृपया बोलिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : मैं कहूं तब आप करिए। आप सभी लोग खुद ही डायरेक्शन देने लगते हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : श्री एकनाथ शिंदे जी।

… (व्यवधान)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) :** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे आज संविधान के 75 वर्षों पर हो रही चर्चा पर अपनी पार्टी शिवसेना की तरफ से बोलने का अवसर दिया। मैं सबसे पहले भारत रत्न डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर, सभी स्वतंत्रता सेनानी और इमरजेंसी के समय जेल गए संविधान सेनानियों को नमन करते हुए अपनी बात की शुरुआत करता हूं। आज एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि इस सदन में हमारा संविधान, जो हमारे समाज का और हमारी संसद का स्रोत है। मैं अभी

राहुल जी को सुन रहा था। मुझे लगता है कि संविधान को छोड़कर सभी बातों पर उन्होंने प्रकाश डालने का काम यहां किया। बीते हुए वक्त में भी वे अभय मुद्रा की बात कर रहे थे, आज भी अभय मुद्रा के बाहर राहुल जी नहीं आए। अभय मुद्रा नॉन वायलेंस सिखाता है, लेकिन जैसा अनुराग जी ने कहा कि … (व्यवधान)

**14.46 hrs**

(Shri Krishna Prasad Tenneti *in the Chair*)

**माननीय सभापति :** आप प्लीज बैठिए।

… (व्यवधान)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:** आज यहां पर अभय मुद्रा के बारे में बात कर रहे हैं। अभय मुद्रा नॉन वायलेंस के बारे में सिखाता है, लेकिन ये यह भूल गए कि वर्ष 1984 में अनस्टॉप्ड नॉन वायलेंस सिख भाइयों के साथ करने का काम इन्होंने किया। … (व्यवधान) इन्होंने कहा कि युवाओं के अंगूठे काटे जा रहे थे। आप वर्ष 1964 को याद कीजिए, जब 1 हजार 70 कम्यूनल रायट्स इनके शासन में हुए। याद कीजिए, कारसेवकों पर गोलियां इन्होंने चलवाईं। … (व्यवधान) वर्ष 1993 में मुंबई में सीरियल बम ब्लास्ट इन्हीं के कार्यकाल में हुए। पिछले 10 सालों में एक भी बम ब्लास्ट मुंबई ही नहीं, पूरे भारत में नहीं हुआ। ये यहां पर सावरकर जी के बारे में बात कर रहे हैं। … (व्यवधान) मुझे इनसे पूछना है कि सावरकर जी का अपमान करने वाले इनके साथी, उभाटा वाले यहां पर बैठे होंगे। क्या उभाटा वालों को यह मान्य है, जो ये सावरकर जी के बारे में बात कर रहे हैं। … (व्यवधान) राहुल जी, मैं आपको आपकी दादी, स्व. इंदिरा गांधी जी का एक क्वोट देना चाहूंगा। Responding to a letter written by Pandit Bakhle, Secretary to the Swatantra Veer Savarkar Rashtriya Smarak, making plans for celebrating the birth centenary of Savarkar, in her letter dated 20th May, 1980, Indira Gandhi writes back to Bakhle saying, "I have received your letter of 8th May, 1980. Veer Savarkar's daring defiance of the British Government has its own importance in the annals of our Freedom movement. I

wish success to the plans to celebrate the birth centenary of the remarkable son of India". मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या आपकी दादी भी संविधान विरोधी थीं? आपको तो सावरकर जी के बारे में रोज अनाप-शनाप बोलने की आदत है। मुझे लगता है कि सावरकर जी की पूजा यहां बैठे हम सभी लोग करते हैं और इसका हमें अभिमान है। … (व्यवधान)

इस सदन में आज हम यहां पर संविधान पर चर्चा कर रहे हैं। आज हम सब जो यहां पर बैठे हैं, यह सब श्रेय संविधान का है। … (व्यवधान) आज इसी संविधान ने एक साधारण परिवार से आने वाले नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया और इसी संविधान ने आज एक सामान्य शिवसैनिक, ऑटो रिक्शा चलाने वाले को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री भी बनाया। … (व्यवधान)

**SHRI RAHUL GANDHI:** Sir, he took my name. I would like to answer the question. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON :** I will give you a chance after his speech is over.

… (*Interruptions*)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** इसी संविधान ने कांग्रेस पार्टी को 400 से 40 सीट पर लाकर खड़ा कर दिया। … (व्यवधान) इसी संविधान की ताकत से महाराष्ट्र के लोगों ने … (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** I have heard that. I will certainly give you a chance.

… (*Interruptions*)

**14.52 hrs**

*At this stage, Shri Imran Masood, Shri Saptagiri Sankar Ulaka and some other Hon. Members came and stood on the floor near the table.*

… (व्यवधान)

**DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE:** Sir, I am not yielding. … (*Interruptions*) सर, देखिए यह कौन सा संविधान है? ये चेयर के पास कैसे आ सकते हैं? … (व्यवधान) ये संविधान की दुहाई देते हैं।

**HON. CHAIRPERSON:** He is not yielding. After he completes, I will give you a chance. Let him continue.

… (*Interruptions*)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** सर, इसी संविधान की ताकत से महाराष्ट्र के लोगों ने हमें इतना बड़ा मैंडेट दिया। वहां पर महाविकास अघाड़ी मिलकर भी लीडर ऑफ ऑपोजिशन नहीं बना पा रही है। … (व्यवधान) आज उस संविधान का 75 वर्ष हो गए हैं। … (व्यवधान) यह संविधान कितना मजबूत है, उसका मैं उदाहरण देता हूं। टॉम गिन्सबर्ग जो यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के प्रोफेसर हैं, उन्होंने वर्ष 1789 के बाद 200 से अधिक देशों के संविधान का अध्ययन किया है। उनके अनुसार पूरे विश्व में संविधान की औसत आयु सिर्फ 17 वर्ष है। यह गर्व की बात है कि हमारा संविधान 75 वर्षों से अडिग है और आगे भी हम सबको दिशा दिखाने का काम कर रहा है। … (व्यवधान)

**श्री किरेन रिजिजू :** आप मुझे बोलने दीजिए। मैं आपकी बात को ही बोल रहा हूं। आप सुनिए। … (व्यवधान)

सर, जो सिस्टम है, उसके अनुसार जब मेम्बर बोल रहे हैं, यदि वे किसी मेम्बर का नाम लेते हैं तो संबंधित मेम्बर को रेस्पांड करने का राइट रहता है। लेकिन, जो बोल रहे हैं, उनको यील्ड करना पड़ेगा। … (व्यवधान) जब वे यील्ड करेंगे तो राहुल गांधी जी को जरूर बोलने का मौका मिलेगा। आपने कहा था कि इनके बोलने के बाद आप लीडर ऑफ ऑपोजिशन को बोलने का मौका देंगे। यह आपने चेयर से कहा है। … (व्यवधान) यह भी रूल के तहत ही है। यह संविधान के रूल में है। जब मेम्बर यील्ड करेंगे, तब ये बोल सकते हैं। … (व्यवधान) आपने तो बोल ही दिया है कि इनके बोलने के बाद राहुल गांधी जी को क्लैरिफिकेशन का मौका देंगे। आपने कहा है।…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** I have already mentioned that he is not yielding and after he completes, I will give a chance to you. Let him complete.

… (*Interruptions*)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:** सर, यह है इनकी संवैधानिक प्रक्रिया। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप प्लीज कंटिन्यू कीजिए। हम आपके बाद ही इनको बोलने का चांस देंगे।

… (व्यवधान)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** महोदय, इन्होंने एक उदाहरण दिया है कि यहां पर युवाओं के अंगूठे काटने का काम हो रहा है। …(व्यवधान) संविधान का अनुच्छेद 45 है, जिसमें यह मैन्डेट था कि 10 साल के अंदर देश में 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त शिक्षा का अधिकार दिया जाए, लेकिन शिक्षा का अधिकार देने में हमारे देश को 50 साल लग गए और वर्ष 2002 में हमारी एनडीए की सरकार ने शिक्षा का अधिकार लोगों को दिया है।…(व्यवधान)

चूंकि बाबासाहेब अंबेडकर जी कहते थे कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा, वह दहाड़ेगा, लेकिन कांग्रेस को अंगूठा छाप लोग चाहिए थे। उनको लोगों को पढ़ाने-लिखाने में इंट्रेस्ट नहीं था, ताकि लोग आगे बढ़ सकें। …(व्यवधान) आज हम गर्व करते हैं कि एक मजबूत लोकतंत्र है, जिसका एक कारण हमारा संविधान है। संविधान ने कैसे भारत को सुरक्षित रखा है, उसके लिए आप सिर्फ अपने पड़ोसी देशों को देखिए। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON :** I am again appealing to you. He is making his speech. Let him complete his speech.

… (*Interruptions*)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:** महोदय, श्रीलंका ने अपना संविधान तीन बार बदला, पाकिस्तान ने छः बार बदला, नेपाल ने पांच बार बदला और बांग्लादेश में जो हाल हो रहा है, ये संविधान को कमजोर करने के उदाहरण हैं। …(व्यवधान) जब हम संविधान की बात करते हैं, तो उसकी चर्चा महात्मा गांधी जी और डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी के बिना नहीं हो सकती है। इन्होंने तो डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी का नाम तक नहीं लिया, क्योंकि डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर से इनका विरोध पहले से चला आ रहा था। डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी को दो-दो बार हराने का काम इसी कांग्रेस पार्टी ने किया था।…(व्यवधान)

इसलिए कांग्रेस पार्टी के संदर्भ में महात्मा गांधी जी ने कुछ शब्द मेंशन किए थे, जिन्हें मैं यहां

पर कहना चाहूंगा। कांग्रेस पार्टी के लोग यह सुन लीजिए।…(व्यवधान) महात्मा गांधी जी ने 27 जनवरी, 1948 को यह लिखा था, and I quote:

> "Congress has outlived its use in its present form, should be disbanded and flower into a lok sevak sangh."

डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी ने भी सन् 1948 में एक पत्र लिखा था, जिसमें यह कहा था, and I quote:

> "Congress which is a combination of all the bad and self-seeking elements in society who agreed on no social or moral principle governing the life of society…Such a body is unfit to govern a country."

यह शब्द मेरे नहीं, बल्कि डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी के शब्द हैं। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Member, kindly conclude your speech.

**DR. SHRIKANT EKNATH SHINDE**: Sir, I am concluding. …(*Interruptions*). '*Babasaheb: My Life with Dr. Ambedkar*', जो कि बाबासाहेब अंबेडकर जी की पत्नी सविता अंबेडकर जी की ऑटोबायोग्राफी है। उसमें उन्होंने बताया है कि कैसे कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ने मिलकर दो बार डॉक्टर बाबासाहेब अंबडेकर जी को गिराने को काम किया था। उसी वजह से डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी को 40 साल लग गए थे। …(व्यवधान)

**<u>14.58 hrs</u>** (Hon. Speeker *in the chair*)

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए। क्या आप सदन चलाना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए। आप अपनी सीट्स से प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वेणुगोपाल जी, आप सबको सीट्स पर बैठाइए, फिर मैं आपको प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाने का मौका दूंगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए। क्या आप नारे लगाना चाहते हैं या फिर उनका प्वाइंट ऑफ ऑर्डर सुनना चाहते हैं? हाउस को ऑर्डर में लाइए। मैं प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाने का मौका दे रहा हूं।

… (व्यवधान)

**14.59 hrs**

*At this stage, Dr. Mallu Ravi, Shri D.M. Kathir Anand and some other hon. Members went back to their seat.*

**माननीय अध्यक्ष :** वेणुगोपाल जी, आप किस नियम के तहत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

**15.00 hrs**

**माननीय अध्यक्ष :** आप रूल नंबर बताइए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सब ज्ञान मत बांटिए।

… (व्यवधान)

**SHRI K. C. VENUGOPAL:** Sir, yesterday also, when you allowed me to speak, I narrated the Parliamentary conventions. I quoted Kaul and Shakdher. In every House, the Leader of Opposition has a role. But in this House, it is totally denied. Whenever the Leader of Opposition stands to speak, you are not allowing the Leader of Opposition to speak. Does this House not belong to the Leader of

Opposition? Kaul and Shakdher is very clear on this. Whatever the role is performed by the Prime Minister on the Government side, similarly the Leader of Opposition does the same in the Opposition. He is the Leader of Opposition. My point is that the hon. Member took his name. That Member asked the question directly to the Leader of Opposition. The Leader of Opposition rose to answer it. But he was not allowed. Every time you are allowing the Parliamentary Affairs Minister. We are asking for a point of order.

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आपको मौका दे रहा हूं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी बात सुन ली गई है।

… (व्यवधान)

**SHRI K. C. VENUGOPAL:** Sir, at least we should also feel that this House is ours. But unfortunately, we are not getting that feeling. In this House, we are discussing the Constitution of India. The primary principle of the Constitution is that this House is for everyone. The practice which we are witnessing here, is that this House is only for the Government and the BJP, which is not at all acceptable. This is quite unfortunate. You are custodian of the House.

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आपको मौका दे रहा हूं। पहले आप मेरी बात सुनिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मैंने आपसे पहले भी आग्रह किया है।

… (व्यवधान)

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) :** सर, सिर्फ हमें या उन्हें भी आग्रह किया है।

**माननीय अध्यक्ष :** नहीं, मैं सब को कह रहा हूं और जो अभी वेणुगोपाल जी ने बोला है, उनको भी

बोल रहा हूं। आप मेरी पूरी बात सुनिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सदन ऐसे नहीं चलेगा। सदन नियम-प्रक्रियाओं से चलेगा। जिस समय आप बोलने की बात कर रहे हैं, उस समय माननीय विदेश मंत्री जी ने अपना वक्तव्य रखा था। लोक सभा की नियम-प्रक्रिया अलग है और राज्य सभा की नियम-प्रक्रिया अलग है। राज्य सभा के नियम और प्रक्रियाओं में सप्लीमेंट्री पूछने की नियम-प्रक्रिया है, लेकिन लोक सभा में नहीं है। आज तक जब कभी भी मंत्री का स्टेटमेंट दिया गया तो मैंने पांच साल में कभी भी किसी को भी बोलने का मौका नहीं दिया है।

अब आपने इस विषय के लिए कहा है। मेरा आग्रह है कि ऐसे नियम-प्रक्रियाओं के अंदर यह रहता है कि पूरा भाषण समाप्त होने के बाद हम लीडर ऑफ अपोज़िशन या लीडर या संसदीय मंत्री को पॉइंट ऑर्डर के लिए बीच में, बाद में बोलने का मौका देते हैं।

… (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई :** उनको हमेशा मौका देते हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** नहीं, मैंने कभी नहीं दिया। मैंने बीच में नहीं दिया है। अगर आप आग्रह कर रहे हैं और माननीय प्रतिपक्ष के नेता बोलना चाहते हैं तो अपनी बात कह दें।

**डॉ. निशिकान्त दुबे :** सर, नियम?

**माननीय अध्यक्ष :** कुछ नियम अध्यक्ष के भी होते हैं।

**श्री राहुल गांधी :** सर, मेंबर ने मुझ से पूछा कि इंदिरा गांधी जी का सावरकर पर क्या व्यू था। मैंने यह सवाल एक बार इंदिरा गांधी जी से पूछा था।… (व्यवधान) जब मैं छोटा था, तब मैंने उनसे पूछा था। इंदिरा गांधी जी ने बोला कि Savarkar Ji compromised with the British, wrote a letter to the British and asked for forgiveness from the British. इंदिरा गांधी जी ने बोला कि गांधी जी जेल गए, नेहरू जी जेल गए और सावरकर जी ने माफी मांगी थी। यह इंदिरा गांधी जी की पॉज़िशन है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एकनाथ शिंदे जी बोलेंगे, क्योंकि वह महाराष्ट्र के हैं और सावरकर जी को ज्यादा जानते हैं।

… (व्यवधान)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** इंदिरा जी ने पंडित बाखले, सेक्रेटरी, सावरकर राष्ट्रीय स्मारक को जो लैटर लिखा था, मैंने उस लैटर को कोट करने का काम किया है। मैंने उनसे कोई भी सवाल नहीं पूछा है। मैंने उनको यह बताने का काम किया है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप संविधान पर अच्छी डिबेट करें।

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** सर, हम संविधान पर ही बोल रहे हैं। … (व्यवधान) सर, वह रुककर सुन नहीं रहे हैं। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप ऐसे मत बोलिए। आप मुझे बोलिए।

… (व्यवधान)

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :** सर, लोक सभा चुनाव के वक्त संविधान के बारे में हाथ में बुक लेकर कंटिन्यूएसली फेक नरैटिव फैलाने का काम इन्होंने किया। बीच में तो संविधान की किताब का सिर्फ कवर था, अंदर से पेजेस ब्लैंक थे, क्योंकि संविधान का इस्तेमाल सिर्फ लोगों के वोट बटोरने के लिए इन्होंने किया। मैं आज इस सदन में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण घटना का उल्लेख करना चाहूंगा। … (व्यवधान)

**15.06 hrs** (Shri Krishna Prasad Tenneti *in the chair*)

सर, संविधान के बारे में यहां यह डिबेट कर रहे हैं कि संविधान खतरे में है, संविधान खतरे में है। … (व्यवधान) लेकिन संविधान किसके राज में खतरे में था, यह मैं यहां बताना चाहूंगा। … (व्यवधान) एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा जो हमारे संविधान और न्यायपालिका के इतिहास पर गहरी छाप छोड़ता है। … (व्यवधान) मैं इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा जी की बात कर रहा हूं। जिन्होंने वर्ष 1975 में इंदिरा गांधी जी को चुनावी भ्रष्टाचार मतलब इलेक्टोरल

मैलप्रैक्टिसिस के लिए अयोग्य ठहराने का ऐतिहासिक निर्णय दिया। यह फैसला न केवल साहसिक था, बल्कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और संविधान की रक्षा का प्रतीक भी था। लेकिन इस फैसले को रोकने के लिए कैसे-कैसे असंवैधानिक, जो यहां संविधान की बात कर रहे हैं, हथकंडे अपनाए गए, यह सुनकर आप सभी लोग हैरान रह जाएंगे। जस्टिस सिन्हा को देहरादून से फोन आया और यह फोन खुद इलाहाबाद हाई कोर्ट का था। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पी.पी. नायर ने उनसे मुलाकात की और फैसले को जुलाई तक टालने का दबाव बनाया। … (व्यवधान) यह रिकॉर्ड्स पर है। … (व्यवधान) मैं खुद से कुछ नहीं बोल रहा हूं, यह सबके सामने है। … (व्यवधान) यह रिकॉर्ड्स पर है, आप रिकॉर्ड्स देख लीजिए। … (व्यवधान) इतना ही नहीं, जज के निजी सचिव को धमकियां दी गयीं और जजमेंट मसौदे को जानने के लिए सीआईडी की एक विशेष टास्क फोर्स को लगाया गया। … (व्यवधान) यह घटना कांग्रेस शासनकाल में न्यायपालिका पर दबाव और संविधान की हत्या का स्पष्ट उदाहरण है। … (व्यवधान) यह होता है लाचार सिस्टम, जो कांग्रेस ने आपातकाल में बना दिया था। जिसमें न विपक्ष सुरक्षित था, न जनता और न ही इस देश के जज सुरक्षित थे। … (व्यवधान)

महोदय, मुझे यहां कुछ और भी बातें रखनी थीं, लेकिन समय कम होने के कारण मैं अपनी बात संक्षिप्त में खत्म करना चाहूंगा। हम संविधान संशोधन के माध्यम से 'वन नेशन, वन टैक्स' यानी जीएसटी लेकर आए। महिलाओं के लिए आरक्षण लेकर आए। ओबीसी कमिशन को संवैधानिक दर्जा दिया। एक अलग एसटी कमिशन बनाया और आर्टिकल 370 को हटाने का काम भी हमने किया। शिक्षा के अधिकार को लेकर आए। लेकिन आप लोगों ने क्या किया? आप नाईंथ शेड्यूल लेकर आए, जिससे सभी काले कानूनों को लीगल बनाया जा सके। जिससे ज्यूडिशियल रिव्यू से आप सभी लोग इम्यून रह जाएं।

महोदय, इन्होंने यहां धारावी की बात की।… (व्यवधान) मैं मुंबई से आता हूं और धारावी की बात करूंगा। … (व्यवधान) आर्टिकल 21 भारत के नागरिकों को राइट टू लाइफ देता है और लाइफ का मतलब सिर्फ जिंदा रहना नहीं है, इसमें एक अच्छा और सम्मानजनक जीवन देना भी शामिल है,

जिसके लिए हमने धारावी का पुनर्विकास करने की योजना शुरू की। ... (व्यवधान) पिछले 50 सालों से जो लोग झुग्गी-झोपड़ियों में रहते थे, उन्हें धारावी में अपने अधिकार के नये और पक्के मकान मिलने वाले हैं। ... (व्यवधान) मैं सदन को बताना चाहूंगा कि धारावी में दलित, वाल्मीकि, कुंची, कोरवी, नाडार जैसे पिछड़े समाज के लोगों की बस्ती है, लेकिन पिछड़े समाज के लोगों को अधिकार से रोकने का काम कांग्रेस और उसके साथी मुंबई में कर रहे हैं।

माननीय सभापति जी, मैं आज यहां पर 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से अपनी बात खत्म करूंगा। इंदिरा गांधी सरकार ने लोकतंत्र और विधि के शासन को कमजोर किया। दिनांक 7 से 10 अगस्त, 1975 मतलब सिर्फ तीन दिनों में लोक सभा, राज्य सभा और 17 राज्य विधान सभाओं में रिकॉर्ड स्पीड से इसे पारित करवाया गया। रविवार को महामहिम राष्ट्रपति जी ने इसको मंजूरी दी थी और अधिकारियों ने उसे उसी दिन नोटिफाई किया था और वह इसलिए किया गया, क्योंकि उसका सिर्फ एक ही उद्देश्य था और वह था कि सुप्रीम कोर्ट में इंदिरा गांधी जी के खिलाफ चुनाव याचिकाओं को खत्म करना था। अगर आप इतनी तेजी से लोगों को शिक्षा और महिलाओं को आरक्षण देते तो आज हमारा देश कहां से कहां पहुंच गया होता। This is the greatest misuse, abuse of power, and insult of ideals of Babasaheb Ambedkar.

सभापति जी, अंत में कुछ चार पंक्तियां बोलकर मैं अपनी बात को खत्म करना चाहूंगा।

मैं भारत का संविधान हूँ,
मैं सबको राह दिखाता हूँ,
समाज के हर वर्ग को उनके अधिकार दिलाता हूँ,
उलझे न भारत का कोई, सदा प्रयास यह करता हूँ,
रातों के अंधकार में भी मैं दीपक सदा जलाता हूँ।

**माननीय सभापति :** श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी।

... (व्यवधान)

**डॉ. निशिकान्त दुबे :** सर, मेरा एक पॉइन्ट ऑफ ऑर्डर है। ... (व्यवधान) रूल 115(1) है। सावरकर

के बारे में लगातार बातें होती हैं, लेकिन ये कभी भी सावरकर नहीं बन सकते हैं। मैं इस हाउस को तीन चीजें बताना चाहता हूँ। सन् 1970 में श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने वीर सावरकर के ऊपर डाक टिकट जारी किया था। … (व्यवधान) सन् 1979 में श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने अपने पर्सनल एकाउंट से 11 हजार रुपये सावरकर ट्रस्ट को दिए थे। सन् 1983 में श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने मिनिस्ट्री ऑफ इंफॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग से उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई और सन् 1980 में उन्होंने लैटर लिखकर कहा कि सावरकर जैसा सपूत विरले कभी-कभी पैदा होता है। इसलिए कांग्रेस ... *बोलना बंद करे। ये जिंदगी में सावरकर नहीं बन सकते हैं। राहुल गांधी जी जिंदगी में सावरकर नहीं बन सकते हैं। ये सावरकर के बारे में ... *बोलना बंद करे और ये अपनी दादी से माफी मांगे। … (व्यवधान)

**श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) :** सर, मेरा भी एक पॉइंट ऑफ ऑर्डर है।

**HON. CHAIRPERSON:** Under which Rule, are you raising the point of order?

**SHRI MANISH TEWARI:** Under Rule 376 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha.

माननीय सभापति जी, इनसे पहले जो माननीय सदस्य बोल रहे थे, उन्होंने यह कहा कि जो संविधान का जो ... *है, उसको इसलिए क्रियान्वित किया गया, क्योंकि काले कानूनों को अमलीजामा पहनाया जाए। इस सदन में आप जानबूझकर गलत बयानी नहीं कर सकते हैं। अगर इस देश में पिछले 70 सालों में कोई सबसे बड़ा काम हुआ है तो वह जमीन सुधार का काम हुआ है। उस लैंड रिफॉर्म्स के कानून को संरक्षण देने के लिए संविधान में ... *को इन्सर्ट किया गया था। मेरा आपसे आग्रह है कि संविधान की एक बहुत महत्वपूर्ण धारा को लेकर यह जो गलत बयानी है, उसे सदन के रिकॉर्ड से निकाला जाए।

---

* Expunged as ordered by the Chair

**HON. CHAIRPERSON:** That will be looked into. If that is the thing, it will be removed.

… (*Interruptions*)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Thank you very much, Chairman Sir. I do salute the framers of our Constitution for their unparalleled wisdom, mused foresight, courage and dedication and for providing us the lengthiest and the largest written Constitution in the world.

Sir, when we commemorate and celebrate 75th glorious years of our adoption of the Constitution on 26th November, 1949, we have to introspect ourselves whether we are honouring the ideals enshrined in the Constitution and thereby fulfilling the vision of the framers of the Constitution. If we critically analyse, even after 75 years of adoption of our Constitution, we are not able to live up to the expectations of the framers of our Constitution or the founding fathers of our Constitution. As just now Rahulji has talked about it, a very important fact to be considered at this juncture is regarding economic and social justice, when we speak about political equality.

Sir, I am not quoting because of paucity of time. The contradictions between political equality and persistent social and economic inequalities are prevailing in our society. He warned that if these inequalities are not addressed, these will undermine democracy as true equality cannot exist in a society with systemic disparities, and thereby our political democracy will be in peril. This was on 25th November, 1949. Sir, when this House is discussing the 75 years of adoption of the Constitution, what Dr. Ambedkar has said has become absolutely true and

reality because now, the problems we are facing are – growing difference between the rich and the poor, marginalization of minorities, and exclusion of vulnerable groups from the benefit of development.

Sir, if you go through Articles 38 and 39, which talk about the Directive Principles of State Policy, these are the fundamental principles for the governance of a country enunciated in Chapter 4 of the Constitution. Thereby, the Directive Principles stated in Articles 38 and 39 speak about minimizing inequalities in income, status and opportunities. Article 39 states that the State should prevent the concentration of wealth. It talks about prevention of the concentration of wealth and means of production, and to secure economic and social justice. These are Articles 38 and 39.

Sir, the BJP-led NDA Government, during the last 10 years, has been trying their level best to concentrate the wealth and the means of production in the hands of a few particular companies. It is against the Directive Principles of the State Policy, and this is an attack on the Constitution because the Directive Principles of State Policy are the clear directives that the Government must follow so as to have a welfare state in our country, but the Government is diametrically opposite to the Directive Principles of State Policy. I am not naming the company because almost all the hon. Members have cited that the Government, in particular, believes in the economic philosophy, that is, the concentration of wealth in the hands of a few companies or families. They are under the impression that they can provide employment, and thereby the economy will grow.

Sir, while we think about the fastest-growing economy of our country, let us

see that the fruits of the so-called economic development are not reaching the poor and the marginalized sections of the society. Dr. Ambedkar had said that economic and social inequality will destroy the foundations of our democracy, and that is happening in our country, in the current political situation.

Sir, the second point which I would like to mention is regarding the secular fabric of our country which is also under threat. In the last elections, we all know that the hon. Prime Minister in this House as well as outside, in the election campaign, had been always talking about *'400 Paar'.* He said that they will come back with 400 plus seats, with absolute majority. What is the intent of having 400 plus seats? The intent is that they want to change and alter the basic character of the Constitution for which two-third majority is required. That is the reason they were talking about *'400 Paar'* or 400 plus seats. But the people of India, have decided not to give absolute majority to this Government because they want to protect the secular fabric and the democratic fabric of the country. If they had got this absolute majority of 400 plus seats, definitely the 'secular democracy', enunciated as the basic character of the Constitution, would have been amended.

Sir, they are saying that in the original Preamble, there was no mention of 'secularism'. Through the 42$^{nd}$Amendment of 1976, the term 'secular' and 'socialism' were incorporated in the Preamble of the Constitution. It was not a sudden addition. It was the affirmation of the Indian Constitution which has been well stated. What was implicit in the Constitution was made explicit by means of the 42$^{nd}$ Amendment of 1976. During the debate in the Constituent Assembly, Dr. K.M. Munshi explained the essence of secularism. He said:

> "By including secularism in the Constitution, we are ensuring freedom of all faiths, and prevent the State from identifying itself with any religion."

Sir, that means the State has no religion and the State will never promote any religion. But now what is happening in India? Promoting a particular religion and religious activities are being done by the Government and by the people at the Constitutional posts. It is totally against the basic principles of our Constitution and secularism. The rise in hate crimes, communal polarization, and marginalization of the religious minorities will definitely lead to the erosion of the secular fabric.

Sir, in India, multi-religious and pluralistic society is the uniting factor of this country, the uniting factor of 140 crore people of India. What is the uniting factor? The uniting factor is nothing but the word or the concept of secularism, that is, the traditional concept of India and the traditional culture of India.

The third point which I would like to make is this. During the last ten years, you have been trying to weaken the Constitution and the Constitutional institutions like Judiciary, Election Commission, Finance Commission and even the Comptroller and Auditor General of India. You have come to power in 2014. Why? It was because of the Comptroller and Auditor General of India. Mr. Raja is here. It was because of the C&AG's reports on 2G Scam, 3G Scam and irregularities in the Commonwealth Games. Why nowadays no report is coming against the Government from the Comptroller and Auditor General of India? The Comptroller and Auditor General of India and all the Constitutional institutions are working

under the political influence and they have now become the part and parcel of the Government. That is the reason why no report is now coming up.

Sir, the fourth point is regarding the blatant misuse and violation of the Constitution during the last ten years. I will mention two Articles of our Constitution – Article 1 and Article 3. Article 3 provides for the formation of new States. It does not permit to divide a State into two Union Territories. Article 1, we all know, is about the Union of States. If the Parliament seems to have power to convert a State into a Union Territory, then logically speaking, the Parliament can convert all the States into Union Territories, which is the sheer violation of Article 1. So, no State can be converted into a Union Territory. The Constitution does not permit it. *....(Interruptions)*

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Just give me one more minute.

That means, the division of the State of Jammu and Kashmir into two Union Territories does not have the Constitutional sanction.

Sir, my last point is with regard to Article 11. I would now touch upon the Citizenship (Amendment) Bill and also the role of court.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Sir, I will conclude.

Finally, Sir, Dr. B. R. Ambedkar talks about the Constitutional morality. I quote, 'Constitutional morality is not a natural sentiment. It has to be cultivated.' In the current political climate, the Constitutional morality has been replaced by majoritarianism. Institutions which are meant to act as check and balance against

authoritarianism are being undermined with judiciary and media, and even the Parliament being reduced to mere spectator.

At this juncture of 75th Year of Adoption of Indian Constitution, we have to cultivate the culture of Constitutional morality. Let us reject the policies of hate and division, and recommit ourselves to the Constitutional morality. Let us make justice, not privilege, as the cornerstone of governance.

With these words, I conclude. Thank you very much, Sir.

**श्री राजा राम सिंह (काराकाट) :** सभापति महोदय, यहां पर कई तथ्य पेश किए गए हैं, जो सच्चाई से मेल नहीं खाते हैं। इतिहास को बदलने की कोशिश की गई है, इसलिए इतिहास के कुछ तथ्यों को मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। 2 साल 11 महीने 18 दिन संविधान को बनाने में लगे। 9 दिसंबर, 1946 को पहली मीटिंग हुई और दूसरी 13 दिसंबर को हुई। जो पहली बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. एस.एन. सिन्हा ने की थी, जो बिहार के थे। पहली पंक्ति में जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आज़ाद, सरदार पटेल, जे.बी. कृपलानी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सरोजिनी नायडू, हरेकृष्ण महताब, जी.बी. पंत, डॉ. अम्बेडकर, एस.सी. बोस, सी. राजगोपालाचारी एवं आसफ अली थे। 207 प्रतिनिधि थे, जिनमें दस महिलाएं भी शामिल थीं। यह संविधान सभा थी।

इसमें कहीं भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं थे। उसी तरह से, जो ड्राफ्टिंग कमेटी बनी, उसमें डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, एन. गोपालस्वामी आयंगर, के.एम. मुंशी, मोहम्मद सादुल्ला, बी.एल. मित्तर, डी.पी. खेतान, एन. माधवराव, टी.टी. कृष्णमाचारी थे। इसके साथ ही, मैं आपके सामने एक और बात रखना चाहता हूँ। संविधान निर्माण के लिए जो लक्ष्य रखे गये, उनमें से लक्ष्य 5 और 6 को मैं आपके सामने पढ़ना चाहूंगा। 13 दिसम्बर, 1946 को यानी आज़ादी मिलने के पहले, यह किताब लोक सभा सचिवालय से ही वर्ष 2016 में निकली है, यह इसी किताब से है।

इसमें पाँचवें पॉइंट में लिखा है कि भारत के सभी लोगों को राजकीय नियमों और साधारण

सदाचार के अनुकूल निश्चित नियमों के आधार पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के अधिकार, वैयक्तिक स्थिति और सुविधा की तथा मानवीय समानता के अधिकार और विचारों को प्रकट करने की, विश्वास व धर्म की, ईश्वरोपासना की, काम-धंधे की, संघ बनाने और काम करने की स्वतंत्रता के अधिकार रहेंगे और माने जाएंगे। प्रस्ताव में यह लक्ष्य जवाहरलाल नेहरू जी रख रहे थे।

छठे पॉइंट में है कि सभी अल्पसंख्यकों के लिए, पिछड़े हुए और कबायली प्रदेशों के लिए तथा दलित व पिछड़ी हुई जातियों के लिए काफी संरक्षण विधि रहेगी। आठ पॉइंट्स के जो लक्ष्य दिये गये थे, इसी को बाद में, जिस पर 24 जनवरी, 1949 को सिग्नेचर हुए और 26 जनवरी को हमने इसे एडॉप्ट किया, स्वीकार किया, अंगीकार किया, लागू किया। इन्हीं आठ पॉइंट्स को परिमार्जित करके, भाषाई त्रुटियों को ठीक करके देश के सामने रखा गया। इसलिए हम कहना चाहते हैं कि ये इतिहास की कुछ बातें हैं।

इसके साथ ही, मैं कहना चाहूंगा कि अभी हम कहाँ चले आए हैं? केन्द्र सरकार के चार-पाँच संविधान विरोधी कदमों को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता हटाने के लिए भाजपा के नेता ही सुप्रीम कोर्ट गए थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। इलेक्टोरल बांड भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा स्त्रोत बन रहा था, उसको खारिज किया। इसके साथ-साथ, बुलडोज़र इन जस्टिस, जो एक राज्य में जस्टिस का तरीका बन गया है, उस पर भी सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की और उस पर रोक लगाया। सीएए और एनआरसी के तहत नागरिकों की परिभाषा बदलने की कोशिश की गई। हमारा संविधान लिंग, जाति, भाषा और धर्म के आधार पर अपने नागरिकों के बीच भेदभाव नहीं करता है, लेकिन इन्होंने नागरिकता की नयी परिभाषा देने की कोशिश की। ये जनता के वोट से चुनकर आते हैं और जीतने के बाद कहने लगते हैं कि तुम साबित करो कि भारत के नागरिक हो या नहीं हो। यह क्या बात हुई?

इस देश में स्टेफेनी, बालाजी, उमर खालिद, गुलफिसा, मदान हैदर आदि बिना किसी आरोप के, बिना कोई बहस के जेल में सड़ रहे हैं। हम देश को कहाँ पहुंचा रहे हैं? हम किस संविधान की बात कर रहे हैं?

मैं एक और बात कहना चाहता हूँ कि... (व्यवधान) एक बात आर्थिक समानता की थी । राष्ट्रपति का वेतन और चपरासी के वेतन में एक अनुपात होगा। लेकिन हम समानता की तरफ बढ़े या विषमता की तरफ बढ़े? आज चपरासी तो पाँच-सात हजार रुपए के वेतन का चाहिए, लेकिन हम सीईओ को जरूर ढ़ाई-तीन करोड़ रुपए का वेतन देने को तैयार हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि यह सरकार आर्थिक विषमता को बढ़ा रही है। यह समतामूलक समाज की तरफ नहीं बढ़ रही है। यहाँ पर एक सदस्य इस सदन में पेरियार की निन्दा करते हैं और अम्बेडकर का नाम लेते हैं। ये ही लोग हैं, जिनको एक जेब में गांधी भी चाहिए और एक जेब में नाथूराम गोडसे भी चाहिए। यह दोहरी नीति नहीं चलेगी। एक लाइन पर रहिए। आपको मनुस्मृति चाहिए या बुद्ध चाहिए। आप एक जगह रहिए। दोनों नहीं चलेगा।

**माननीय सभापति:** कृपया आप कनक्लूड कीजिए।

**श्री राजा राम सिंह:** ये दोनों नहीं चलेगा। यह देश को धोखा देना है। चुनाव के समय संविधान बदलने की बात करते हैं और अब कहते हैं कि हम ही संविधान के सबसे बड़े चैंपियन हैं।

**माननीय सभापति :** राजा राम सिंह जी, कृपया कनक्लूड कीजिए।

**श्री राजा राम सिंह:** देश में यह दो रंगी नीति नहीं चलेगी। इसलिए हम कहना चाहते हैं कि इसको खारिज करना होगा। संविधान के नाम पर आप जो खिलवाड़ कर रहे हैं, देश में जो साम्प्रदायिक फासीवाद लाना चाहते हैं। हम साफ तौर से कहना चाहते हैं कि संविधान के पहले अध्याय पर बुद्ध की मूर्ति है, उसकी जगह पर हिटलर को स्थापित करने की आपकी साजिश और कोशिश नहीं चलेगी। ... (व्यवधान) हम इसको देश के अंदर नहीं चलने देंगे। ... (व्यवधान)

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ... (व्यवधान)

**श्री मियां अल्ताफ अहमद (अनन्तनाग-राजौरी) :** जनाब, मुझे टाइम देने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

जनाब, आज हिन्दुस्तान के आईन को बने हुए 75 साल पूरे हो गए हैं। इस शानदार आईन को, कांस्टिट्यूशन को बनाने के लिए जिन लोगों ने काम किया, खासतौर पर इस सिलसिले में बाबासाहब

अंबेडकर जी ने जो मेन रोल अदा किया और उनकी टीम ने रोल अदा किया, उसके लिए हम उनको आज भी याद करते हैं। इस मुल्क में सबका यह फर्ज़ है कि जिस मेहनत से उन्होंने यह आईन हमको दिया, जिसकी बदौलत यह मुल्क आज तक चल रहा है, मुख्तलिफ ज़ातों के, बिरादरियों के, मज़हब के लोग इस मुल्क में रहते हैं। ये लोग, जो इकट्ठे मिलकर रह रहे हैं, इसमें इस आईन की बहुत बड़ी देन है।

इस विषय पर दो दिन की डिस्कशन हुई, उससे यह लगता है कि कहीं न कहीं इस आईन को खतरा है, दाल में कुछ काला है और हम सबको इस सिलसिले में कन्सर्न है। हमारे इन ख़दशात को दूर होना चाहिए, दूर करना चाहिए। यह दुनिया का बहुत बड़ा कानून बनाया, कांस्टिट्यूशन बनाया, यह बड़ा लैन्थी कांस्टिट्यूशन है। शुक्र है कि यह कांस्टिट्यूशन आज तक चल रहा है, वरना बहुत से मुल्कों में आपने देखा कि वहां के आईन नहीं चले।

आज सबसे बड़ी बात जो है, वह यह है कि इस आईन के तहत हिन्दुस्तान में हम सबकी जो तरक्की होनी थी, बिला लिहाज़ मिल्लत वह कायम रहनी चाहिए, हमारा भाईचारा कायम रहना चाहिए। आज के जो हालात हम देख रहे हैं, हम हिन्दुस्तान की सालिमिय्यत चाहते हैं, हम चाहते हैं कि हिन्दुस्तान अपने सेक्युलरिज़्म पर कायम रहे, अपनी डेमोक्रेसी पर कायम रहे। लेकिन आज उसके मुख्तलिफ हो रहा है। उस चीज पर अमल नहीं हो रहा है। हिन्दुस्तान में अक़्लियतों के साथ जो कुछ हो रहा है, खासतौर पर मैं उत्तर प्रदेश का जिक्र करूंगा, जो वाक्यात वहां हो रहे हैं, वे हम सबके परेशानी के कारण हैं।

इस चीज के लिए इस हुकूमत का फर्ज़ बनता है, यह फर्ज़ बनता है उस पार्टी का, जिसकी इस देश में हुकूमत है और वहां पर हुकूमत है कि वह इन चीजों को रोके और वहां जो रहने वाले लोग हैं, वे अपने आप को सेफ महसूस करें। वे यह समझें कि हम इस देश के रहने वाले हैं और इस देश में हमारे भी वही हकूक हैं, जो दूसरे लोगों के हैं। उस चीज की तरफ देखने की बहुत ज्यादा जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने परसों जो फैसला दिया, जजमेंट दी, उसकी हम खुशामदीद करते हैं, उसका वैलकम करते हैं कि यह बरवक्त फैसला आने से इस मुल्क में जो फिज़ा बनी हुई थी, नफरत की हवा चल रही थी, वह

ठंडी हुई और उसमें तब्दीली आई।

दो दिनों के इस डिस्कशन में यहां बहुत कुछ कहा गया। कांग्रेस वालों ने यह कहा कि वर्ष 1975 में जो इमरजेंसी लगी, जो कुछ भी हुआ, कांग्रेस ने उसके लिए माफी मांगी। लेकिन आपने भी कई ऐसे वाक्यात किए, जिन पर आप बिलकुल खामोश हैं, आप उन पर कुछ भी नहीं बोलते हैं। आप उनको किस तरह जस्टिफाई करें या किस तरह आप उनको कन्डेम करें, आपकी तरफ से कोई ऐसी चीज नहीं आती है। सिर्फ इल्ज़ाम लगाने का सिलसिला दोनों तरफ से कायम है।

यहां पर यह क्वोट किया गया कि बहुत सारी हुकूमतें कांग्रेस के दौर-ए-हुकूमत में तोड़ी गईं, इसमें कोई शक नहीं। बनी हुई हुकूमतें गिराई गईं, हम उससे इनकार नहीं करते हैं।

सभापति जी, इन्होंने तो हुकूमतें तोड़ीं, लेकिन आपने तो हमारी स्टेट को ही तोड़ दिया। स्टेट को तोड़ कर आपने उसे दो यूटीज में तब्दील किया और इसका कोई जस्टिफिकेशन नहीं है, इसकी कोई जरूरत नहीं थी। एक फुलफ्लेज्ड स्टेट थी, उसे आपने तोड़ा और कहा कि नहीं, हम सिर्फ इलेक्शन का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही इलेक्शन होगा, उसी वक्त दोबारा स्टेट बहाल होगी लेकिन इस बारे में हमने अभी तक कुछ नहीं सुना है।

सभापति जी, यदि इस मुल्क को आगे बढ़ाना है और सेक्युलरिज्म रखना है तो हम सभी को मिलकर चलना है, तभी यह मुल्क तरक्की कर सकता है और पूरी दुनिया में हमारे देश की इमेज कायम रह सकती है।

**माननीय सभापति:** आप कृपया अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री मियां अल्ताफ अहमद:** महोदय, यदि आज डिस्क्रिमिनेशन की पालिसी किसी रीजन के साथ हो, किसी धर्म के साथ हो तो फिर यह देश तरक्की नहीं कर सकता है। आपने देश को किस लिहाज से चलाना है, यह आपके ऊपर निर्भर है। कल-परसों से शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। मैं आज से नहीं, बल्कि बहुत समय से कह रहा हूं कि जिस तरीके से यह कहा जा रहा है कि इन्हें बहुत सहुलियतें या कंसेशन्स दिए जा रहे हैं या इनके लिए बहुत कानून हैं, इस पर किसी भी सरकार के समय अमल नहीं हुआ और आपके दौर में भी वही हालत रही है, इसलिए बार-

बार यह कहना और कहने के बावजूद भी कुछ न होना, यह बहुत अफसोस की बात है।

**श्री रवि शंकर प्रसाद (पटना साहिब) :** माननीय सभापति जी, मैं बहुत अनुगृहीत हूं कि इस ऐतिहासिक महत्व के अवसर पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। भारत के संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा रही, हमने क्या खोया, क्या पाया, कहां हम मुस्कुराए, कहां हम रोये, कहां हमें पीड़ा हुई, कहां हमें उत्साह मिला, इन सबकी चर्चा होनी चाहिए।

सभापति जी, मैं आज जब माननीय विपक्ष के नेता का भाषण सुन रहा था, तो मुझे आज नया-नया ज्ञान प्राप्त हो रहा था। छह-सात साल की उम्र में बच्चा युवा हो जाता है, यह पहली बार सुना है। मैं यह ढूंढूंगा कि यह ज्ञान कहां से आता है। तपस्या से गर्मी आती है, यह दूसरा ज्ञान प्राप्त किया। उन्हें कौन पढ़ा रहा है? यह बात तो मैंने हाउस में कई बार कही कि वे होमवर्क नहीं करते हैं, लेकिन तपस्या जैसे पवित्र शब्द को क्यों बदनाम कर रहे हैं कि तपस्या करने से गर्मी आती है? मैं विपक्ष के माननीय नेता से बहुत विनम्रता से कहना चाहूंगा कि तपस्या से महान ऋषियों ने समर्पण किया और शाश्वत रूप से अनंत से मिले। यह होती है तपस्या। यदि तपस्या के बारे में जानना है तो एक बार गांधी जी को पढ़ें। मुझे मालूम है कि सावरकर जी के प्रति उन्हें बहुत परेशानी होती है। एक बार मैं इस सदन से आग्रह करूंगा कि इन्हें एक बार अंडमान की सेल्युलर जेल में ले जाया जाए, जहां 11 साल सावरकर जी बंद थे। मैं तीन बार वहां गया हूं और जब भी गया हूं तो रोया हूं। उन्हें लिखने के लिए कलम तक नहीं मिलती थी और नीचे कच्ची फांसी दी जाती थी ताकि दर्द हो और सावरकर जी डरें। ठीक है कि आप अपनी राजनीति के लिए जो कुछ भी कहिए, लेकिन जिस व्यक्ति ने इतना त्याग किया, उनके भाई की मृत्यु अंडमान में हो गई, उसके बारे में ऐसे शब्द का प्रयोग न करें, यह मैं बहुत विनम्रता से कहूंगा और फिर कहूंगा कि ट्यूटर बदलना बहुत जरूरी है, यह ट्यूशन कहां से दी जा रही है, यह बताना बहुत जरूरी है?

महोदय, संविधान को बनाने वाले महान लोग थे। उन्हें आज संविधान के 75वें वर्ष में प्रणाम करता हूं। डॉ. अम्बेडकर का नाम लिया गया, नेहरू जी का नाम लिया गया, आनंद बाबू का नाम लिया गया। मैं कहना चाहता हूं कि दो नामों की उधर से कभी चर्चा क्यों नहीं होती है, सरदार पटेल और

मौलाना आजाद।

महोदय, मैं तब से देख रहा था कि विपक्ष के नेता कब सरदार पटेल का नाम लेंगे?... (व्यवधान) आज जब संविधान के 75 वर्ष की यात्रा पर चर्चा हो रही है तो माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने डॉक्टर अम्बेडकर को वर्ष 1989 में मिले 'भारत रत्न' की चर्चा की। मैं पीड़ा के साथ एक और बात कहना चाहता हूं कि अगर सरदार पटेल नहीं होते तो यह देश बिखर गया होता।... (व्यवधान) इस हाउस में मैं बहुत ईमानदारी से बोलना चाहता हूं। 550 से ऊपर रियासतें थीं। सबको सरदार पटेल ने हैंडल किया। सब भारत में मिल गयीं। एक को नेहरू जी ने हैंडल किया, बाद में उसे नरेन्द्र मोदी जी को ठीक करना पड़ा। ... (व्यवधान) कश्मीर भारत का मुकुट है।

महोदय, क्या-क्या बातें कही गयीं? वाल्मीकि रामायण लिखने वाले वाल्मीकि कौन थे? सन्त रविदास कौन थे? उन्होंने अपने तप से अपने को ईश्वर से कहां जोड़ा था, क्या वे इसको कभी जानने की कोशिश करते हैं? जब भारत की अभंग मुद्रा दिखाते हैं, कृपा करके भारत की विरासत को समझें।

सर, भारत के संविधान निर्माताओं ने क्या सोचा था? उन्होंने सोचा था कि भारत के आम इन्सान को, आम नागरिक को भारत की नियति तय करने का अधिकार देंगे। यह सवाल था कि डेमोक्रेटिक गवर्नमेंट में शासन का अधिकार किसे मिले। हमें इन्हें सैल्यूट करना है कि न जाति, न धर्म, न उपासना पद्धति, न शिक्षा, कौन कितना अमीर है, कितना गरीब है, कौन पुरुष है, कौन महिला है, कोई अगड़ा है, कोई पिछड़ा है, सबको वोट देने का अवसर मिलेगा और उनके वोट से भारत का भविष्य तय होगा। आज संविधान के 75 साल की सबसे बड़ी सीख यह है कि भारत का आम नागरिक जानता है कि अपने वोट की ताकत से हम किसी को भी जिता सकते हैं और किसी को भी हरा सकते हैं।... (व्यवधान)

**श्री धर्मेन्द्र यादव (आज़मगढ़) :** आप उन्हें वोट डालने तो दीजिए।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** धर्मेन्द्र यादव जी, आप बैठिए।

... (व्यवधान)

**श्री रवि शंकर प्रसाद:** सर, कल मैं सुन रहा था। उधर से माननीय सदस्य बोल रहे थे कि संविधान

निर्माण के दौरान संवाद हुआ था। संवाद यहां भी जरूर होना चाहिए। संसद देश की सबसे बड़ी पंचायत है। उधर के माननीय सदस्यों को मैं एक बात और विनम्रता के साथ कहूंगा कि संवाद का मतलब यह भी है कि हमने आपकी बात सुनी और जब हमारे प्रधान मंत्री जी भाषण देने आएं, तो आप उन्हें सुनिए, 'वॉक-आउट' मत करिए। यह भी संवाद का एक बहुत बड़ा पक्ष है।

सर, संविधान की बात बहुत कही गयी कि हम हार गए, हम कमजोर हो गए। मैं विनम्रता के साथ एक बात पूछना चाहता हूं कि अभी जब महाराष्ट्र में हमारी जो ऐतिहासिक जीत हुई है, वर्ष 1971 के बाद आज तक इतनी मेज़ॉरिटी किसी को नहीं आयी थी, यह बात समझनी चाहिए। हरियाणा में हम लोग जो तीसरी बात जीते हैं, तो वर्ष 2014 से भी अधिक बहुमत से जीते हैं। इसका मतलब क्या है? इसका मतलब यह है कि जनता ने सोचा कि जो अच्छा काम करेगा, उसको एक बार नहीं, दूसरी बार नहीं, तीसरी बार भी प्रधान मंत्री बनाएंगे, और जो संविधान बदलने के बेबुनियाद आरोप लगाकर प्रधान मंत्री को कमजोर दिखाने की कोशिश करेगा, तो जनता समझ गयी कि हमें मूर्ख बनाने की कोशिश की गयी, ठीक है, हम जवाब देते हैं, नरेन्द्र मोदी को कमजोर नहीं करेंगे और उन्होंने यह करके दिखाया। हमें जनता की इस परिपक्वता पर विश्वास करना चाहिए।

सर, विपक्ष के नेता संविधान लेकर चलते हैं। वे शपथ लेते हैं, तब भी संविधान लेकर रहते हैं। उस दिन गाज़ीपुर में धरना दे रहे थे तो देखा कि उनके हाथ में संविधान है। संविधान की आत्मा रो रही होगी कि भाई, मुझे कहां-कहां घुमाओगे, कहीं तो छोड़ दो!

सर, आज मैं भी उनको थोड़ा संविधान दिखाना चाहता हूँ। सर, यह मेरे पास मौलिक संविधान है, जो ओरिजन संविधान बना था, आज मैं वह संविधान इस 75 सालों की यात्रा में दिखाना चाहता हूँ। सर, यह काफी बड़ा है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी, अपने पुराने मित्रों को याद होगा कि तब इसको लाया गया था। जब माननीय मोदी जी ने मुझे देश का कानून मंत्री बनाया, तब हमने कहा कि इसको छोटा कर के देश में भिजवाओ, जजेस और चीफ जस्टिसिज़ को भिजवाओ। कल माननीय राजनाथ सिंह जी ने इस पर चर्चा की थी। सर, यह देखिए, फंडामेंटल राइट के ऊपर प्रभु राम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ लंका की विजय के बाद अयोध्या लौट रहे हैं। … (व्यवधान)

सर, यह देखिए, डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी। ... (व्यवधान) कहां गए हमारे प्रेमचन्द्रन जी? ... (व्यवधान) सर, यह देखिए कि भगवान कृष्ण अर्जुन को महाभारत में गीता का ज्ञान दे रहे हैं। यह इसमें है। ... (व्यवधान) सर, इसमें महाबुद्ध हैं, इसमें महावीर हैं, इसमें नटराज भी हैं। ... (व्यवधान) एक और है, यह देखिए, इसमें पार्ट 7 में बजरंगबली, हनुमान जी की भी तस्वीर है। ... (व्यवधान) सर, इसमें यह देखिए, प्रभु नटराज की तस्वीर है। ... (व्यवधान) सर, यह देखिए, गुरू गोविंद जी हैं, झांसी की रानी है, छत्रपति शिवाजी हैं, अकबर हैं, लेकिन बाबर और औरंगज़ेब नहीं हैं। क्योंकि संविधान बनाने वाले जानते थे कि इस देश की विरासत प्रभु राम हैं, प्रभु कृष्ण हैं, बाबर और औरंगज़ेब नहीं है, छत्रपति शिवाजी हैं।

सर, आप देखें, यह जो मैं दिखा रहा हूँ, यह देखिए, सबके दस्तखत हैं। पहला दस्तखत डॉ. राजेंद्र प्रसाद का है, फिर जवाहर लाल नेहरू का है, फिर सरदार पटेल का है, मौलाना आज़ाद का है, फिर डॉ. अंबेडर के हस्ताक्षर हैं।

सर, एक सवाल पूछने की मेरी इच्छा होती है। अगर भारत का संविधान आज बनता, एक मिनट के लिए मान लीजिए और इसी संविधान में इन चित्रों को लाने की कोशिश की गई होती तो कितना हंगामा करते वे? ... (व्यवधान) वे अपनी विरासत को कितना समझे हैं? ... (व्यवधान) सर, यही तो मैं कह रहा हूँ। हम कहां से शुरू किए थे और कहां चले गए हैं। अपनी विरासत, भारत की विरासत होगी प्रभु राम की, प्रभु कृष्ण की, रामकृष्ण परमहंस की, विवेकानंद की, अरविंदो घोष की, लोकमान्य तिलक की, नारायण गुरू की, सुब्रह्मणय भारती की, महात्मा गांधी की। यह हमारी विरासत है। हमारी विरासत कभी औरंगज़ेब और बाबर नहीं हो सकते हैं। सर, यह बात मैं इसलिए कह रहा हूँ कि अगर यह परंपरा होती न तो प्रभु राम का मंदिर बहुत पहले बन गया होता। प्रभु कृष्ण का मंदिर बहुत पहले बन गया होता। सर, मैं कृतज्ञ हूँ सरदार पटेल, के.एम. मुंशी, और डॉ. राजेंद्र प्रसाद का कि सोमनाथ का मंदिर बन गया। वर्ना हमारे गुजरात के मेंबर्स बैठे हुए हैं। क्या कहा गया था? इसे आर्केलॉजिकल सर्वे को दे दो, उसी तरह से रखेगा। सर, इस देश की आत्मा कभी अपनी विरासत से समझौता नहीं करेगी और उस तरफ के लोगों से आज मुझे एक सवाल पूछना है। पूरी दिल्ली में किंग

एडवर्ट की मूर्ति थी कि नहीं थी? क्विन विक्टोरिया की मूर्ति थी कि नहीं थी? लॉर्ड इरविन, लॉर्ड हार्डिंग की मूर्ति देश के सारे गवरनर्स के राज भवन के सामने थी या नहीं थी? वे कहां चली गईं? इन सबको हटा दिया गया। दिल्ली वाली मूर्तियों को बुद्धा जयंती पार्क के कॉर्नर में डाल दिया गया। क्यों? क्योंकि वे मूर्तियां कला की मूर्तियां नहीं थीं। वे गुलामी और दासता की मूर्तियां थीं। आपने निर्णय किया कि वे मूर्तियाँ नहीं रहेंगी। आपने अच्छा काम किया। यही बात प्रभु राम के जन्म स्थान, कृष्ण जन्म स्थान और काशी विश्वनाथ मंदिर के बारे में क्यों सोच नहीं होती है। सर, यही वोट बैंक पोलिटिक्स है। आगे इस पर मैं थोड़ा बोलूंगा। इस वोट बैंक पोलिटिक्स के बारे में जो फंस गए, उससे बाहर नहीं निकले। आज मैं एक बात कहना चाहता हूं। 75 सालों में आप कहां हैं और हम कहां हैं, यह भी जरा देखिए। हमारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार और दीन दयाल उपाध्याय के विचार को लोगों ने स्वीकारा है। यह देश राष्ट्रवाद से चलेगा। देश के प्रति समर्पण से चलेगा और विकास से भी चलेगा।

सर, मैं आपसे एक और बात कहना चाहता हूं। कल 13 दिसंबर की बहुत चर्चा हुई है। हमारे संसद के सुरक्षाकर्मी उस समय मारे गए। उस समय मैं भी संसद में था। मैंने वह भयावह दृश्य देखा है। वे ह्यूमन राइट्स की बात करते हैं। वे अफजल गुरू की ह्यूमन राइट्स की बात करते हैं। क्या कभी इन लोगों ने हमारे मारे गए सुरक्षाकर्मी के परिवार की ह्यूमन राइट्स की बात की? आतंकवादियों ने उनको मारा। क्या उनके बच्चे और विधवा पत्नी का ह्यूमन राइट्स है या नहीं? 75 साल में यह भी एक यात्रा ही है। देश की पूरी बहस इस तरह से पिछड़ गई है। हमारी सोच बहुत साफ है। आप आतंकवादियों की ह्यूमन राइट्स की लड़ाई लड़ो, हम तो लड़ेंगे देश के सुरक्षाकर्मी की ह्यूमन राइट्स की, जो आतंकवाद में मारे जा रहे हैं। हम अपने सीआरपीएफ और बीएसएफ जवान के लिए लड़ेंगे।

सर, देश के लिए तो सब लोग जीते हैं, लेकिन देश के लिए मरते कौन हैं, ये सुरक्षाकर्मी होते हैं। हमें उनके पूरे मानवाधिकार की चिंता करनी पड़ती है।

सर, काफी बात हो रही हैं। लोग सेक्युलरिज्म की बात करते हैं। यह सेक्युलरिज्म कहां से लाया गया है? दूसरे पक्ष पर आने से पहले इसका जवाब देना जरूरी है। हमारे संविधान बनाने वाले जो लोग थे- क्या सरदार पटेल, क्या राजेन्द्र प्रसाद, क्या जवाहर लाल नेहरू, क्या डॉ. अंबेडकर, क्या

मौलाना आजाद; बाकी सब बड़े नेता भारत की विरासत को समझते थे। वे जानते थे कि भारत की विरासत मूल रूप से पंथनिरपेक्ष है। ऋग्वेद की एक श्लोक है- "एकम् सत् विप्रा बहुधा वदन्ति", सत्य एक है, उसको पाने के मार्ग अलग-अलग है। तुम अपने मार्ग से चलो, यह तुम्हारा रास्ता है और हम अपने रास्ते से चलते हैं। तुम्हारा मार्ग और हमारा मार्ग अंत में एक ही स्थान पर मिलता है, जहां पर परम सत्य है – eternal, indivisible. यही तो भारत का वैदिक ज्ञान है। इसे वे समझते थे। इसीलिए, उन्होंने दक्षिण के आयातित सेक्युलरिज्म को भारत के संविधान में जगह नहीं दी, क्योंकि भारत की विरासत पंथनिरपेक्ष है। भारत की विरासत विरोधी विचारों का सम्मान करने की है।

सर, अब यह कौन बताए! फिर मैं एक ही बात कहूंगा कि ट्यूटर बदलने की जरुरत है। वह बदलना बहुत जरूरी है।

सर, आज मुझे कुछ इमरजेंसी की बात करनी है। मेरा परम सौभाग्य है कि मैं संघ का स्वयंसेवक भी रहा हूं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में 13 साल काम किया है। मैंने लोकनायक जय प्रकाश की अगुवाई में बिहार आंदोलन में भी भाग लिया है। भ्रष्टाचार मिटाना है, नया बिहार बनाना है।

सर, कमाल हुआ! हम लोगों की लाठियों से इतनी पिटाई हुई, उस समय मैं बहुत दुबला-पतला था। स्वर्गीय सुशील मोदी और हम दोनों लाठियों से इतने पीटे गये थे कि आज भी याद करता हूं तो पीड़ा होती है। हमें मीसा में बंद कर दिया गया था। हमें कैसे गिरफ्तार किया गया था? मैं घर से भभुआ जा रहा था। 10 पुलिस वालों ने मुझे उठा कर, पटक करके जीप में डाल दिया। मैं गश खाकर बेहोश हो गया था। मैंने यह सब देखा है। ये लोग क्या बात करेंगे? हम संघर्ष से आए हैं, लाठी भी खाई है, गोली भी खाई है, तब यहां पहुंचे हैं। किसी के परिवार में बैठने के कारण यहां नहीं आए हैं, यह समझना बहुत जरूरी है। … (व्यवधान)

सर, इंदिरा जी फंसती गईं। वर्ष 1971 के बाद वे बहुत लोकप्रिय थीं, जीत गईं, लगा कि अब तो हम जीतते रहेंगे। युवा नाराज, रेलवे कर्मचारी नाराज, बाकी सब भी नाराज, उनके हाथ से डोर छूटती गई। इंदिरा गांधी जी फंसती गईं और इंदिरा गांधी तानाशाही की ओर बढ़ती गईं। मैं इसको प्रूफ करना चाहता हूं। उनके खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट में इलेक्शन केस हुआ था। हमारे राज नारायण

जी ने उस केस को किया था, अब उसका नाम प्रयागराज है, लेकिन अभी हाई कोर्ट गिरिराज बाबू इलाहाबादी है, उसको बदलना पड़ेगा । वे इलेक्शन हार गईं, क्योंकि सरकारी पदाधिकारियों के दुरुपयोग का मामला था। 12 जून को उनका इलेक्शन सेट एसाइड हुआ और 6 साल के लिए उनको डीबार कर दिया गया। मैं आज सदन में इसलिए बता रहा हूं कि वे नीचे जाएं, देश के सामने जाएं, नौजवानों के सामने जाएं। फिर वे सुप्रीम कोर्ट आईं। 24 जून को कृष्णा अय्यर साहब सुप्रीम कोर्ट के जज थे, अब वे नहीं रहे ।… (व्यवधान) उन्होंने कहा कि आप प्राइम मिनिस्टर रहेंगी, सदन में आ सकती हैं, लेकिन न बोलेंगी, न वोट देंगी, न आपको तनख्वाह मिलेगी। उनके खिलाफ देश में बहुत आंदोलन शुरू हो गया।…(व्यवधान)

25 जून को लोक नायक जयप्रकाश नारायण की राम लीला ग्राउंड पर एक रैली थी, जिसमें लाखों की संख्या थी। उन्होंने एक बहुत बड़ी बात कही, रामधारी सिंह 'दिनकर' हमारे बिहार के कवि, जो राष्ट्र कवि हैं, 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। '

सर, इमरजेंसी लगा दी गई । ये हमें लोकतांत्रिक मान्यताओं की बात बोलते हैं, अभंग मुद्रा दिखाते हैं। भारत में इंटरनल इमरजेंसी पहली बार लगी थी और कैबिनेट का अप्रूवल नहीं हुआ था। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद नहीं मान रहे थे। इंदिरा जी ने हड़काया, हमने तुमको बनाया, साइन करो, उन्होंने साइन कर दिया । सुबह 6 बजे कैबिनेट की मीटिंग में उसे रेटीफाई किया गया । …(व्यवधान)

इसमें क्या-क्या हुआ? लोग जेल चले गए। राधा मोहन जी सही बोल रहे हैं, वे भी उस आंदोलन के साथी हैं। मुलायम सिंह जी भी जेल में थे, लालू जी भी जेल में थे, डीएमके की सरकार को इमरजेंसी में डिसमिस किया गया था, यह भी याद रखें। … (व्यवधान) आरएसएस को बैन किया गया था, जेपी को गिरफ्तार किया गया था, अटल बिहारी वाजपेयी जी को, नानाजी देशमुख को गिरफ्तार किया गया। जार्ज फर्नांडीज के भाई लारेंस फर्नांडीज को बेंगलुरु में इतना मारा गया कि वे मूर्छित हो गए। जब वे मूर्छित हो गए, तो उनको मुश्किल से अस्पताल में ले गए। इन लोगों ने क्या-क्या अत्याचार किए। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों के नाखून नोचे गए। सबसे मजाक किया हमारे दिल्ली में पत्रकारों

के ऊपर, जो बहादुर शाह जफर मार्ग है, इसकी पूरी बिजली काट दी गई।

**HON. CHAIRPERSON :** Sir, last one minute, please conclude.

**SHRI RAVI SHANKAR PRASAD :** Give me five minutes. I will conclude. Please Sir, I am saying something very important. सारे अखबारों की बिजली काट दी गई। सेंसर मानोगे तो हम मानेंगे। हम बहुत तारीफ करेंगे इंडियन एक्सप्रेस की और रामनाथ गोयनका की कि वे हिम्मत के साथ डटे रहे और वे नहीं माने। आप सुनेंगे कि कितना अत्याचार हुआ। जेपी को गिरफ्तार किया गया। मुझे जेपी ने कहा था, उन्हें हरियाणा ले गए थे। सुबह में वे नाश्ता कर रहे थे, तो एक गेस्ट हाउस में देखा कि बाहर मोरारजीभाई टहल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनसे मिलने दो, तो कहा कि आप नहीं मिल सकते। वे ऊपर बंद थे। उन्होंने कहा कि तुम हम दोनों के बीच में बैठ जाओ। उन्होंने कहा कि आप नहीं मिल सकते। जेपी की किडनी खराब हो गई। वे मुंबई के जसलोक अस्पताल में थे।

**<u>16.00 hrs</u>**

वह 26वें फ्लोर पर थे, उनको धूप की जरूरत थी वरना वे चले जाते, उनको धूप में देखकर जनता नीचे खड़ी हो जाएगी। सोली सोराबजी ने कहा कि हम हाई कोर्ट में मूव करेंगे। तब इनको आधे घंटे के लिए बैठने दिया गया। यह अत्याचार हुआ है। धर्मवीर भारती ने एक कविता मुनादी में लिखा है, उन्होंने क्या कहा था, उसे मैं हाऊस में कहना चाहता हूं,

“ख़ल्क ख़ुदा का, मुलुक बादशाह का।

हुकुम शहर कोतवाल का

हर खासो-आम को आगाह किया जाता है

कि खबरदार रहें

और अपने-अपने किवाड़ों को अन्दर से

कुंडी चढा़कर बन्द कर लें

गिरा लें खिड़कियों के परदे

और बच्चों को बाहर सड़क पर न भेजें

क्योंकि एक बहत्तर बरस का बूढ़ा आदमी अपनी

काँपती कमजोर आवाज में सड़कों पर सच बोलता

हुआ निकल पड़ा है।"

अटल बिहारी वाजपेयी जी की जेल में लिखी कविता है :

"हम टूट सकते हैं लेकिन झुक नहीं सकते।"

आज तक आपने माफी मांगी? मुझे पांच मिनट का वक्त दीजिए। जुडिशियरी पर बोलना बहुत जरूरी है। पांच मिनट वक्त दीजिए। इन्होंने जजों को सुपरसीड किया।

**माननीय सभापति:** आपको और भी मौका मिलेगा। बोलने के लिए और भी लोग हैं। उनको भी समय देना चाहिए।

**श्री रवि शंकर प्रसाद:** सभापति महोदय, इन्होंने किसको- किसको सुपरसीड नहीं किया है।

**माननीय सभापति**: आपको फिर समय मिलेगा।

**श्री रवि शंकर प्रसाद:** सभापति महोदय, एच.आर. खन्ना, एडीएम, जबलपुर में कहा, इमर्जेंसी में भी लोगों के मानवाधिकार नहीं हट सकते। उनको दो महीने के लिए भी भारत का मुख्य न्यायाधीश नहीं बनने दिया क्योंकि उन्होंने डिसेंट किया था। क्या बात करते हैं, जब उस केस की सुनवाई हो रही थी तब एच. आर. खन्ना ने पूछा, "If a person is shot while he is being arrested, does he have any relief? It was said, "no, in Emergency, no relief should be given" … (*Interruptions*) ये शर्मनाक बात करने वाले हैं।

**KUMARI SELJA (SIRSA):** Thank you, Sir. It is an honour for me to speak about an issue which is very incredibly important for every citizen of this free nation. The most sacred document is our Constitution. It not only protects us but also guides us in our quest for justice and equality. As we are celebrating the 75th Anniversary of Samvidhan Diwas, we should also remember that we should not reduce it to a mere tokenism of speaking on various issues for two days.

Sir, we have to live up to our Constitution every single day of our life. Dr. Ambedkar said: "The Constitution is not a mere piece of paper; it is a living document." But today, it has become the order of the day to first demolish the Constitution and then try to resurrect it. It has also become the order of the day by the ruling dispensation some of our Founding Fathers. Who can deny the role of Pandit Jawaharlal Nehru? Making of the Constitution began with the establishment of the Constituent Assembly on December 13th, 1946. The process of drafting the Constitution was initiated by Jawaharlal Nehru's Objective Resolution. Please do not forget. It aimed to declare India as a sovereign Republic. It was Pandit Jawaharlal Nehru; it was Dr. Ambedkar; it was Sardar Patel and there were so many of them, more than 300 of them who contributed to the making of this most sacred document of our free nation.

हम अपने-अपने धर्म को मानते हैं। हम सबकी अपनी धर्म की किताबें और ग्रंथ हैं। एक आजाद देश के लिए सबसे बड़ा ग्रंथ संविधान होता है। आइए, इसे हम सब नमन करें। क्या आज यह मौका एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का है? इमरजेंसी की बात की जाती है। बिल्कुल इमरजेंसी हुई। इमरजेंसी के बारे में बहुत कुछ कहा गया। ज्यादतियां भी हुईं, उसे कोई नकार नहीं रहा। वर्ष 1977 में चुनाव हुआ, इंदिरा जी को बाहर किया गया, कांग्रेस को बाहर किया गया। मत भूलिए, यह डेमोक्रेसी की ब्यूटी है कि वर्ष 1980 में इंदिरा गांधी जी दोबारा जीतकर इस देश की प्रधान मंत्री बनीं। इसे मत भूलिए।

सर, गांधी जी ने कहा था – "Our ability to reach unity in diversity will be the beauty and test of our civilisation." हम अपनी सभ्यता को क्यों भूल रहे हैं? कभी इसका नाम लेते हैं, कभी उसका नाम लेते हैं। ऐसे लगता है कि एक-दूसरे को गाली देने से, जैसे बोलते हैं कि ब्राउनी प्वाइंट्स मिल जाएंगे। संविधान पर बोलिए, उसकी विविधता पर बोलिए और यूनिटी इन डाइवर्सिटी

पर बोलिए। हम बोलते हैं, वसुधैव कुटुम्बकम, लेकिन क्या इसे हम मानते हैं? अपने गिरेबान में झांककर देखिए, आज के दिन हमारे देश का क्या सौंदर्य है? सौंदर्य है हर धर्म, हर मज़हब, हर जाति, लेकिन आप लोग जोड़ने की बात नहीं करते। आप कभी धर्म के नाम पर बांटने की बात करेंगे तो कभी आप जाति के नाम पर बांटने की बात करेंगे। आप देश को जोड़िए। आप मोहब्बत की दुकान का मजाक मत उड़ाइए। आज इसकी जरूरत है। इस देश में मोहब्बत की जरूरत है। आज अमन, चैन और शांति की जरूरत है। मत भूलिए कि मणिपुर में क्या हो रहा है? संभल में क्या हो रहा है? कहीं और क्या हो रहा है?

**HON. CHAIRPERSON:** Kindly address the Chair.

… (*Interruptions*)

**KUMARI SELJA:** Okay, I am sorry, Sir.

Sir, we should not forget that dissidence is the essence of democracy. हमें एक-दूसरे की बात सुननी चाहिए। यह सबसे बड़ा टेम्पल और सबसे बड़ी पंचायत है। अभी माननीय रवि शंकर प्रसाद जी ने कहा कि क्या सबसे बड़ी पंचायत में अगर हम एक-दूसरे की बात भी नहीं सुन सकते? अगर एलओपी कुछ बोलते हैं तो उनका मजाक उड़ाया जाता है। तपस्या की बात हुई, एकलव्य की तपस्या की बात हुई। कृपया यहां एकलव्य की तपस्या का मजाक न उड़ाइए। सर, आज क्या हमने आज सबको जस्टिस दिया है? क्या सबको इक्वेलिटी दे रहे हैं? जब माइनोरिटीज़, दलितों, एसटीज़, महिलाओं पर अत्याचार होते हैं तो क्या हमें खड़े होकर बोलना नहीं चाहिए? मैं सुझाव दूंगी कि हर लेजिस्लेचर में जितनी बार एट्रॉसिटीज़ होती है, हमें उतनी बार खड़े होना चाहिए और साल के अंत में गिनना चाहिए कि हम इस देश में लोगों के लिए हम कितनी बार खड़े हो रहे हैं।

सर, आज के दिन हम दलितों की बात करते हैं तो डॉ. अम्बेडकर को याद करते हैं। हम दलितों की बात करते हैं और इक्वल अपॉर्च्युनिटीज़ की बात भी करते हैं। इक्वल अपार्च्युनिटीज़ तो आपने खत्म कर दीं। आप प्राइवेट सैक्टर को ले आए, कांट्रेक्ट सिस्टम ले आए, आपने प्रमोशन्स में सबके अधिकार बंद कर दिए, आप क्या इक्वेलिटी की बात करेंगे?

**16.09 hrs** (Shri A. Raja *in the chair*)

सर, हम कास्ट सेंसस की बात करते हैं। इनको इक्वेलिटी तभी मिलेगी, एससीज़, एसटीज़, ओबीसीज़, वीकर सैक्शन्स और माइनोरिटीज़ को कुछ तभी मिलेगा जब उनके बारे में कुछ बात होगी। जब कास्ट सेंसस की बात होती है तो आप उसे गलत क्यों मानते हैं? इसमें गलती क्या है? आप इसे करिए। आप सेंसस करेंगे, पहले देश को यह तो बता दीजिए, अब न तो सेंसस की बात और न ही कास्ट सेंसस की बात है। The wealth of a nation should accrue to its people. क्या आज इक्वल एमाउंट में लोगों के पास उनके अधिकार जा रहे हैं? जब सेंसस ही नहीं होगा, कास्ट सेंसस ही नहीं होगा तो बेनिफिशरीज़ कौन होंगे? बेनिफिशरीज़ का पता नहीं। हरियाणा में 70 परसेंट लोग बीपीएल हैं, यह सरकारी आंकड़ा है। इसका जवाब सरकार देगी कि यह कैसे हुआ? हरियाणा में 70 परसेंट लोग बीपीएल में कैसे आ गए?

भारत-पाकिस्तान की तरह हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर को बना दिया गया है। किसान अनशन पर बैठे हैं। मरने की कगार पर हैं, लेकिन सरकार अपनी वादाखिलाफी कर रही है। उन्होंने उठाया कि एमएसपी को हम कानूनी दर्जा देंगे, लेकिन कहां गया वह कानून? क्या संविधान यह नहीं कहता? सरकार को संविधान के प्रति यदि कोई रिस्पेक्ट है, तो वह कहे कि हमने यह बात कही और इसको हम पूरा करेंगे, लेकिन यह पूरा करने की कोई बात कहीं नजर नहीं आ रही है। मैं ज्यादा कुछ न कहते हुए आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। धन्यवाद।

**SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD):** Sir, I would start by quoting what Babasaheb Ambedkar wrote in a Memorandum on the Rights of States and Minorities, dated March 24th, 1947, which he submitted to the Sub-Committee on Fundamental Rights set up by the Constituent Assembly's Advisory Committee on Fundamental Rights, Minorities, etc.:

> "Unfortunately, for the minorities in India, Indian nationalism has developed a new doctrine which may be called the Divine Right of

the Majority to rule the minorities according to the wishes of the majority. Any claim for the sharing of power by the minority is called communalism, while monopolising of the whole power by the majority is called nationalism. Guided by such political philosophy, the majority is not prepared to allow the minorities to share political power, nor is it willing to respect any convention made in that behalf as is evident from their repudiation of the obligation (to include representatives of the minorities in the Cabinet) contained in the Instrument of Instructions issued to the Governors in the Government of India Act of 1935. Under these circumstances, there is no way left but to have the rights of the Scheduled Castes embodied in the Constitution."

Sir, this is true now also. I will prove it. What Babasaheb said 75 years ago was absolutely right. No one wants the minorities to share power. I will give you an example. In this august House, 75 years ago, Maulana Azad stood up and said that the safeguards that the Muslims had before the Partition, those safeguards should be given to the Muslims, which include political representation in reservation. Sardar Patel instructed Mr. Abid Hussain and Begum Aizaz Rasul to censure Maulana Azad. Maulana Azad felt claustrophobic and said – "This Constituent Assembly has become a new prison for me." He said this in the Constituent Assembly. Now, what we see is this. आप देख रहे हैं कि उसके बाद कॉंस्टीटुएंसीज को बनाया गया और असेंबली व पार्लियामेंट की हदबंदी हुई। इस तरीके से उसको तरकीब दी गई कि अख्सरियत तबके के लोग जीत जाएं और मुस्लिम अक्लियत के लोगों को कामयाब

होने में बड़ी मुश्किलात पेश आए। इसीलिए वर्ष 2007 में अपनी सिफारिशात में कहा था कि अब जब हदबंदी होगी, तो माकूल तरीके से बनाया जाए, ताकि मुसलमान पार्लियामेंट और असेंबली के इलेक्शन जीत सकें। मुझे यह नहीं मालूम कि नई सेंसस के बाद जब हदबंदी होगी, तो उसकी सिफारिशात को रखा जाएगा या फिर मार्जिनलाइजेशन, जो मुसलमानों का 75 सालों से हो रहा है, वह चलता रहेगा।

सर, पार्लियामानी जम्हूरियत की कामयाबी किस बुनियाद पर होती है? मैं पार्लियामानी जम्हूरियत की कामयाबी का पैमाना बताता हूं। आर्टिकल 25, आर्टिकल 26, आर्टिकल 29, आर्टिकल 30, आर्टिकल 14, आर्टिकल 21, ये चार बुनियादी राइट्स हैं आइन में, जिसको सामने रखकर मैं आपको बताऊंगा कि क्या वाकई में उन कमजोर तफ्कास के साथ इंसाफ हुआ? मिसाल के तौर पर आर्टिकल 15 और 16, वर्ष 1950 का प्रेसिडेंशियल ऑर्डर निकला कि तारीखी नाइंसाफी के खात्मे के लिए रिजर्वेशन दिया गया, तारीखी नाइंसाफी के लिए, हजारों साल के जुल्म की बिनाह पर, मगर उनको नहीं मिला, जिनका मज़हब इस्लाम और मुसलमान था। जो नहीं भी थे, उनके साथ भी नाइंसाफी और जुल्म हुआ।

दूसरी बात, दफा 25 में प्रोफेस कहा गया। आज मेरी बेटियों को गवर्नमेंट एजुकेशन के दायरों में हिजाब पहनने से रोका जा रहा है। यह आर्टिकल 25 का प्रोफेस कहां तक कामयाब हुआ? यह मैं अकलमंद लोगों पर छोड़ता हूं। प्रैक्टिस, आर्टिकल 25 में अमल करना, कई रियासतों ने ऐसा कानून बना दिया कि आप यह नहीं खा सकते, आप वह नहीं खा सकते। कैटल स्लॉटर का एक्ट बना दिया। आप बताएं कि हरियाणा, राजस्थान में पुलिस के अख्तियार गौरक्षक को दे दिए गए और उसका बेजा इस्तेमाल मॉब लिंचिंग में हुआ। किसका हुआ?, बंगाल का एक लड़का साबिर मलिक था, जिसको पीटकर मार दिया गया, क्योंकि उसने बीफ खाया, बाद में मालूम हुआ कि नहीं खाया।

क्योंकि उसने बीफ खाया। बाद में मालूम हुआ कि उसने नहीं खाया था। जुनैद और नसीर घाटमीका के थे, उनको जिंदा जला दिया गया।

सर, आर्टिकल -25 में प्रोपेगेट को देखिए, आज आप देख रहे हैं कि मुझसे पूछा जा रहा है कि 500 साल पहले तुम्हारी मस्जिद थी या नहीं थी। ख्वाजा अजमेरी की दरगाह कह रहे हैं कि नहीं है।

अगर मैं पार्लियामेंट खोद दूं, गड्ढ़ा कर दूं और उसमें खान-ए-जहां का हिस्सा मिलेग तो क्या वह मेरी हो जाएगी? आप बताइए? अब आप देखिए कि प्रोपेगेट क्या हो रहा है।

सर, जो तब्दीली मजहब का कानून है, क्या मैं तब्दील मजहब नहीं कर सकता? क्या मुझे अपना मजहब बदलने के लिए सरकार से पूछना पड़ेगा? अगर आज अम्बेडकर जिंदा होते तो बाबा साहब को भी कहते कि आप जाकर परमिशन लीजिए, तब आपको मजहब बदलना पड़ेगा। यह हालात आज यहां पर पैदा हो चुकी है।

सर, आर्टिकल-26 देखिए, Article 26 gives religious denominations the right to establish and maintain religious and charitable institutions. वजीरे आजम कहते हैं कि वक्फ का ताल्लुक संविधान से नहीं है। वजीरे आजम को कौन पढ़ा रहा है? उनको आर्टिकल – 26 पढ़ा दीजिए। आर्टिकल – 26 में यह बात कही गई है। मकसद यह है कि वक्फ की जायदादों को अक्सरियती तबके के लिए छीनकर दे दिया जाए। … (व्यवधान) आप अपनी ताकत की बुनियाद पर इसे छीनना चाह रहे हैं।

सर, आर्टिकल -29 पर आ जाइए। जुबान के तहफ्फुज़ उर्दू को खत्म कर दिया गया। वह उर्दू, जिसकी हमारे मुजाहिद्दीन ने आजादी का 'इन्कलाब जिंदाबाद' का नारा दिया था। आप उस जुबान को खत्म कर रहे हैं।

सर, अब कल्चर पर आइए। आप इनसे कल्चर की बात पूछ लीजिए। ये बोलेंगे हमारा जो कल्चरल नेशनलिज्म है, वह कल्चरल नेशनलिज्म बीजेपी का नहीं है। वह कल्चरल नेशनलिज्म आलाजात का हिन्दुत्व का नेशनलिज्म है, जो भारत के इंडियन नेशनलिज्म से बिल्कुल मुख्तलिफ है। … (व्यवधान)

सर, अब आप आर्टिकल-30 पर आ जाइए। आर्टिकल-30 में माइनोरिटीज को राइट दिया गया। In 1981, this House passed a law to give minority status to the Aligarh Muslim University. But this Government went to the Supreme Court and opposed the minority status of the AMU. The voice of the House was suppressed in the

Supreme Court. That is why I say that the Executive has argued contrary to the Parliament.

सर, राइट टू लाइफ पर आ जाइए। राइट टू लाइफ तो उस वक्त भी था। मैं आपको मिसाल दे रहा हूं। … (व्यवधान) दिसम्बर, 1963 में, कश्मीर में 'रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम' मुए मुबारक की चोरी हुई तो पूरे देश में … (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI ASADUDDIN OWAISI:** Please give me two minutes only. *....(Interruptions)*

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude. The hon. Prime Minister has to come. He has to reply.

*....(Interruptions)*

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude in one minute. *....(Interruptions)*

**SHRI ASADUDDIN OWAISI**: In 1963, about eight lakh Muslims were pushed into East Pakistan. What has changed? Please tell me. In 2013, riots happened in Muzaffarnagar. Around 50,000 Muslims shifted. Sir, riots after riots happened – Nellie massacre, Hashimpura, Maliana, Mumbai 1993, Ahmedabad 1969, Gujarat 2002, Delhi 1984, Delhi 2022. But nothing has changed. *....(Interruptions)*

Lastly, I want to speak on judiciary. *....(Interruptions)* I am concluding. *....(Interruptions)* You were talking about the CAA. *....(Interruptions)* Two sitting Chief Ministers get bail. *....(Interruptions)* But Stan Swamy died in the prison. *....(Interruptions)*

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Asaduddin Owaisi ji, please conclude.

**SHRI ASADUDDIN OWAISI:** Lastly, Sir, just now Shri Ravi Shankar Prasad has referred to a book. In that book, there is also a mention of Tipu Sultan.

....*(Interruptions)* Sir, I am concluding by reciting it in Urdu -

"निसार मैं तेरी गलियों के ऐ वतन कि जहाँ,

चली है रस्म कि कोई न सर उठा के चले,

जो कोई चाहने वाला तवाफ़ को निकले,

नज़र चुरा के चले जिस्म ओ जाँ बचा के चले,

बहुत है ज़ुल्म के दस्त-ए-बहाना-जू के लिए,

जो चंद अहल-ए-जुनूँ तेरे नाम-लेवा हैं।

सर, इख्तिदार की कुर्सियों पर बैठने वाले जो लोग थे और हैं, वे इंटेलेक्चुअली डिस्ऑनेस्ट हैं। संविधान सच्चा है। जय भीम, जय मीम, आईन जिंदाबाद। ... (व्यवधान)

**جناب اسدالدین اویسی (حیدرآباد): آپ دیکھ رہےہیں کہ اس کے بعد کانسٹیٹوینسیز کو بنایا گیا اور اسمبلی اور پارلیمینٹ کی حد بندی ہوئی ، اس طریقے سے اس کو ترتیب دی گئی ہے کہ اکثریتی طبقے کے لوگ جیت جائیں اور مسلم اقلیتی طبقے کے لوگوں کو کامیاب ہونے میں بڑی مشکل پیش آئے۔ اس لئے سال 2007 میں اپنی سفارشات میں کہا تھا کہ جب حد بندی ہوگی تو معقول طریقے سے بنایا جائے تاکہ مسلمان پارلیمینٹ اور اسمبلی کے الیکشن جیت سکیں۔ مجھے یہ نہیں معلوم تھا کہ نئی سینسز کے بعد حد بندی ہوگی تو اسکی سفارشات کو رکھا جائےگا یا پھر مارجینلائزیشن جو مسلمانوں کا 75 سالوں سے ہو رہا ہے وہ چلتا رہے گا۔**

**سر، پارلیمانی جمہوریت کی کامیابی کا پیمانہ بتاتا ہوں۔ آرٹیکل 25، آرٹیکل 26، آرٹیکل29 آرٹیکل30 آرٹیکل14 آرٹیکل21 یہ چار بنیادی رائٹس ہیں۔ آئین میں جس کو سامنے رکھ کر میں آپ کو بتاؤں گا کہ کیا واقعی میں ان کمزور طبقات کے ساتھ انصاف ہوا؟ مثال کے طور پر آرٹیکل 15 اور 16، سال 1950 پریسیڈینشیل آرڈر نکلا کہ تاریخی نا انصافی کے خاتمے کے لئے ریزرویشن دیا گیا۔ تاریخی نا انصافی کے لئے ہزاروں سال کے ظلم کی بِناء**

پر، مگر ان کو نہیں ملا، جن کا مذہب اسلام اور مسلمان تھا۔ جو نہیں بھی تھے ان کے ساتھ بھی نا انصافی اور ظلم ہوا۔

دوسری بات، دفعہ 25 میں پروفیس کہا گیا۔ آج میری بیٹیوں کو گورنمنٹ ایجوکیشن کے دائروں میں حجاب پہننے سے روکا جا رہا ہے۔ یہ آرٹیکل 25 کا پروفیس کہاں تک کامیاب ہوا۔ یہ میں عقلمند لوگوں پر چھوڑتا ہوں۔ پریکٹیس، آرٹیکل 25 میں عمل کرنا، کئی ریاستوں نے ایسا قانون بنا دیا کہ آپ یہ نہیں کھا سکتے، آپ وہ نہیں کھا سکتے۔ کیٹل سلاٹر ایکٹ کا ایکٹ بنا دیا۔ آپ بتائیں کہ ہریانہ، راجستھان میں پولس کے اختیار گو رکشک کو دے دئے گئے اس کا بے جا استعمال ماب لنچنگ میں ہوا، کس کا ہوا؟ ، بنگال کا ایک لڑکا صابر ملک تھا، جس کو پیٹ پیٹ کر مار دیا گیا۔ کیونکہ اس نے بیف کھایا، بعد میں معلوم ہوا نہیں کھایا ۔ جُنید اور نصیر گھاٹ میکا کے تھے، ان کو ذندہ جلا دیا گیا۔

سر، آرٹیکل 25 میں پروپیگیٹ کو دیکھیئے، آج آپ دیکھ رہے ہیں کہ مجھ سے پوچھا جا رہا ہے کہ 500 پہلے تمہاری مسجد تھی یا نہیں تھی۔ خواجہ اجمیری کی درگاہ کہہ رہے ہیں نہیں ہے۔ اگر میں پارلیمینٹ کو کھود دوں، گڈا کر دوں اور اس میں خانِ جہاں کا حصہ ملے گا تو کیا میری ہو جائے گی؟ آپ بتائیے اب آپ دیکھیئے کہ پروپیگیٹ کیا ہو رہا ہے۔

سر، جو تبدیلی مذہب کا قانون ہے، کیا میں مذہب تبدیل نہیں کر سکتا؟ کیا مجھے اپنا مذہب بدلنے کے لئے سرکار سو پوچھنا پڑے گا؟ اگرآج امبیڈکر زندہ ہوتے تو بابا صاحب کو بھی کہتے کہ آ جا کر پرمیشن لیجیئے۔ تب آپ کو مذہب بدلنا پڑے گا۔ یہ حالات آج یہاں پر پیدا ہو گئے ہیں۔

سر، آرٹیکل 26 دیکھئے Article 26 gives religious denominations the right to establish and maintain religious and charitable institutions. وزیرِ اعظم کہتے ہیں کہ وقف کا تعلق آئین سے نہیں ہےوزیرِ اعظم کو کون پڑھا رہا ہے؟ ان کو آرٹیکل 26 پڑھا دیجیئے۔ آرٹیکل 26 میں یہ بات کہی گئی ہے ۔ مقصد یہ ہے کہ وقف کی جائیدادوں کو اکثریتی طبقے کے لئے چھین کر دے دیا جائے (مداخلت) آپ اپنی طاقت کی بنیاد پر چھیننا چاہ رہے ہیں۔

سر، آرٹیکل 29 پر آئیے۔ زبان کا تحفظ ہے اس کے تحت اردو کو ختم کر دیا گیا۔ وہ اردو جس کو ہمارے مجاہدین نے آزادی کا انقلاب ذندہ بعد کا نارہ دیا تھا۔ آپ اس زبان کو ختم کر رہے ہیں۔

سر، اب کلچر پر آئیے۔ آپ ان سے کلچر کی بات پوچھ لیجئے۔ یہ بولیں گے کہ ہمارا جو کلچل نیشنلزم ہے، وہ کلچرل نیشنلزم بی۔جے۔پی۔ کا نہیں ہے۔ وہ کلچرل نیشنلزم اعلیٰ ذات کا ہندوتو کا نیشنلزم ہے۔ جو بھارت کے انڈین نیشنلزم سے بالکل مختلف ہے (مداخلت)۔

سر، اب آرٹیکل 30 پر آجائیے، آرٹیکل 30 میں مائنوریٹیز کو رائٹ دیا گیا ہے۔

سر، رائٹ ٹو لائف پر آجائیے، رایٹ ٹو لائف تو اس وقت بھی تھا۔ میں آپ کو مثال دے رہا ہوں (مداخلت) دسمبر 1963 میں کشمیر میں رسول اللہ صلی اللہ علیہ وسلم کے موئے مبارک کی چوری ہوئی تو پورے دیش میں (مداخلت)

نثار میں تری گلیوں کے اے وطن کہ جہاں
چلی ہے رسم کہ کوئی نہ سر اٹھا کے چلے
جو کوئی چاہنے والا طواف کو نکلے
نظر چرا کے چلے جسم و جاں بچا کے چلے
بہت ہے ظلم کے دست بہانہ جو کے لیے
جو چند اہل جنوں تیرے نام لیوا ہیں

سر، اقتدار کی کرسیوں پر بیٹھنے والے جو لوگ تھے اور ہیں، وہ انٹیلیکچولی ڈِسونیسٹ ہیں، آئین سچا ہے۔ جے بھیم، جے بھیم، آئین زندہ بعد ]

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Hon. Chairperson, Sir, I rise to speak in the discussion on the Constitution. We are celebrating 75 years of the Constitution

and this is the time to pay homage to those people who brought about the Constitution. I pay homage to Rabindranath Tagore who composed the National Anthem and Bankim Chandra Chatterjee who wrote the *Vande Mataram*. I salute Netaji Subhash Chandra Bose who brought the spirit of patriotism to India.

Sir, the Constituent Assembly, as you know, was constituted in 1946. Mr. Rijiju, while speaking, has distorted history. There were many great people in the Constituent Assembly. All of them were freedom fighters – C. Rajagopalachari, Sardar Vallabhbhai Patel, Sarat Chandra Bose, Acharya Kriplani, Govind Ballabh Pant, Jawaharlal Nehru, Rafi Ahmed Kidwai, Dr. Rajendra Prasad. Shri Rijiju did not mention the name of the President of the Constituent Assembly. This is the knowledge of history these people have got! The other members of the Constituent Assembly were Sarojini Naidu, Jagjivan Ram, Gopinath Bordoloi, Abul Kalam Azad, Khan Abdul Gaffar Khan and Harekrushna Mahatab. I salute all of them.

Sir, the Constituent Assembly was mainly composed of freedom fighters. We should correct the history as there were only two prominent people - Dr. Syama Prasad Mukherjee and Dr. Bhimrao Ambedkar - who did not go to the British jail. Dr. Syama Prasad Mukherjee was a *Hindutva-wala* person. Dr. Ambedkar was a great intellectual who did his doctorate from Columbia University and London School of Economics, but he did not go to the British jail. I want to mention this. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Members, you are disturbing from the Treasury Benches' side.

There is no time as the hon. Prime Minister has to give reply at 5.45 pm.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** He is mentioning the names. What is the problem with you?

… (*Interruptions*)

**PROF. SOUGATA RAY:** Sir, the people of Bengal gave Dr. Ambedkar respect. When he could not come from Bombay, Maharashtra, we brought him from Bengal to the Constituent Assembly. We feel proud of that. … (*Interruptions*)

Sir, we should also be correct in our assessment. The Draft Constitution was written by Dr. B.N. Rau. Not once was his name mentioned. Then on 30th August, 1947, Dr. Ambedkar became the President of the Drafting Committee. The Constitution took two years, 11 months and 17 days to complete the largest written Constitution in the world, for which we feel proud.

Sir, we have seen 75 years of the Constitution. There have been aberrations. The Emergency was an aberration, but I must say that in spite of the Emergency being an aberration, 'Secularism and Socialism' was included at that time. The Fundamental Duties of citizens were incorporated during that time. So, while one may criticise Indira Gandhi, we must thank her for what she did. … (*Interruptions*)

Sir, what are the greatest failures of the Constitution? The greatest failure was when the Babri Masjid was demolished by *Hindutva-wala* people. It was a matter of shame for the whole country which brought down our image in the world. Another great setback to the Constitution was when the Gujarat riots took place

under the then Chief Minister Modi. That was a matter of ... (*Expunged as ordered by the Chair*) in his time. While we are speaking of Savarkar, Modi is today's Savarkar. He presides over a two-nation theory. … (*Interruptions*)

Lastly, Sir, today morning, you made a brilliant speech and quoted Kesavananda Bharati *versus* State of Kerala case of 1973. You mentioned six basic structures which are there in the Constitution, which the 13-judge Bench said cannot be abolished.

These are democracy, secularism, rule of law, equality, federation, and judicial independence. This Government is destroying federalism. It is being unjust to West Bengal. We do not get money for flood relief or cyclone relief.

Sir, lastly, Tamil Nadu is also being discriminated in the same way. This Government is against federalism which is the structure of the Constitution. The best part of the Constitution is the Directive Principles of State Policy which say about what should be the aim of the nation. I demand that these Directive Principles of State Policy should be justiciable. As of now, it remains just on a paper. We should be able to go to the court and do the same.

Sir, thank you for giving me the time and for the very nice speech you made this morning.

**SHRI ALFRED KANNGAM S. ARTHUR (OUTER MANIPUR):** Mr. Chairman, Sir, thank you.

I am from a village in the far North-Eastern State of Manipur. My village is called Shangshak. In the spring of 1944, when the great Second World War reached that part of the country, my village was the place where the Battle of

Shangshak took place for a week. Hundreds and hundreds of Allied forces as well as Japanese forces lost their lives there. It was the Battle of Shangshak that ensured that Allied forces could reach Kohima in time so that the onslaught of the Japanese could be stopped.

Sir, as we all know, the Constitution was adopted and enacted in 1950. We never knew what was being discussed in that part of the country. Our people never ever knew what was happening in these great halls, what our founding fathers were discussing, for the welfare and the future of that part of the country. Many amendments were required. One such amendment that happened in 1963 was Article 371A for the State of Nagaland, and in 1971, Article 371C for the State of Manipur. At the time in 1949, when the Constituent Assembly discussed the Constitution, many parts of our nation were left out. Our nation is a plural nation. That is the belief that we have grown up with. We have studied in our whole lives that this nation is a nation that constitutes pluralism. The core and identity of our nation is the plurality that this nation exudes so proudly.

Today, I have seen many eloquent speakers. I am grateful. Across both sides of this House, we have spoken on the Constitution. Where was the Constitution on the 4th of December, 2021 when my Armed Forces, Special Forces of the 21 Para Special Force, killed six civilians who had gone to work in coal mines and coming back home to their families? Since you had cut down the budget for MGNREGS, they did not have a source of income, so they had to go and work in the coal mines. The best of our forces, the 21 Para SF, mowed down six unarmed civilians. Yet, in the aftermath of that, another eight more civilians

were killed in Nagaland, in Oting. What did this Government do at that point in time? This country should hang its head in shame. Why is it so? It is because ...* Is that enough for the families that have lost their lives to my Armed Forces?

Can this nation, these people and this House at least not stand up in unison condemning it? At least, I expected our Raksha Mantri to have stood up and said that we owe a responsibility to whatever wrong happened and it is our own people that we have assassinated and for that we mourn. Till date, that is missing. …(*Interruptions*) Are we not a part of this nation? I ask you, Mr. Chairperson.

I need not remind this House or this nation what happened in my State of Manipur on 3rd May, 2023. What has been happening for the last 19 months? The last time I got to speak in this august House, I have very clearly said that as a citizen of this nation and as a family that has contributed in building this nation, it is my right to ask for justice.

My Prime Minister is someone who this nation believes and someone I also wish to believe. Why is it that till date he is not answerable to the people of Manipur? Why is it so? … (*Interruptions*) Is it too much for me to ask on behalf of those civilians that have elected me here today? … (*Interruptions*)

Those children and women across communities have lost their lives cannot be victimised for a cause which this nation and a State cannot handle. Is my nation so weak that you cannot protect the lives and properties of the civilians in Manipur? I beseech the conscience of this House. We had so many eloquent

---

* Expunged as ordered by the Chair

speakers. … (*Interruptions*)

In the end, I wish to beseech upon the conscience of this House, especially all the hon. Members of the Ruling Benches. This is not a war against either Party, be it the Treasury or the Opposition. This is a war against humanity in this country. Please wake up, and speak to your people. All you have to do is see. How difficult is it for our nation, which is growing and going to become the third-largest economy? You talk only of economy, but when you are finished of people, what will that economy do when there are no people to use it? … (*Interruptions*)

I ask the conscience of this House and the leadership of this nation to please stand up today with your brothers and sisters in Manipur, bring about justice and be accountable for all actions. Thank you, Chairperson Sir.

**HON. CHAIRPERSON:** The next speaker is Shri Durai Vaiko. I am allowing you only four minutes. Please rush up.

**SHRI DURAI VAIKO (TIRUCHIRAPPALLI):** Thank you, Sir. The Constitution is not just a document, but the heart and soul of our great Republic. Today, I speak with great sorrow, anguish and concern about how this Government has embarked on its journey of rampantly bulldozing the Constitution left, right and centre. From Tamil Nadu to Punjab, from Maharashtra to Manipur, from farmer protests to electoral bounds, from Sambal to Ajmer Dargah, from cow vigilantism to bulldozer justice, from crony capitalism to partisan Governors in non-BJP ruled States, it is a story of systemic sabotage.

The greatest threat today and tomorrow's India fears is the rise of right-wing ideologies that threaten the basic foundations of this country, namely liberty,

equality, fraternity and justice. There is no future if this country’s citizens are denied these above four important values of our Constitution.

This Union Government speaks about ‘Ek Bharat, Shreshth Bharat’, that is ‘One India, Great India’. We all believe in it and we wish for it. But is the Government seriously working for a strong, united India or is it mere sloganeering? I have my serious doubts.

I have come across numerous fake toxic narratives and according to Sant Guruvar ideology that this Government believes in, Ek Bharat means one Hindutva nation, one Hindi language and one Sangh Parivar culture.

According to them, there is no diversity. There is no room for any other religion or for any of the language. There is no room for the Dravidian culture or for any other culture in this country. I am sure the Hindutva ideology would not have any explanation of Unity in Diversity – the basic foundation on which this country stands. Nearly 77 years ago, the founding fathers of our country, Mahatma Gandhi, Nehru ji, Patel ji, Ambedkar ji, and so many others steered this new nation into a direction to ensure that this country would not be destroyed by religious sectarianism, casteism, and authoritarianism. But since 2002 Godhra riots and the very recent Manipur conflicts which have claimed thousands of lives, the Union Government has been sowing the seeds of division that is religious sectarianism, casteism and authoritarianism.

The Constitution ensures equality but sadly, today, equality has been corroded by crony capitalism. Our country's GDP has grown from Rs. 25 lakh crore to more than Rs. 200 lakh crore during the past 30 years, but has this growth

percolated to all sections of society? No, sadly not, Sir. The bottom 50 per cent of the population is the working class which holds less than three per cent of our nation's wealth, and the top five per cent, i.e. the elite, own 60 per cent of the nation's wealth. It is clear that corporates have benefited while farmers, working class and the common man have got nothing but piling miseries and mounting debts. Every day, we hear the news of farmers committing suicides and parents of underprivileged students committing suicides because of education loans.

At the same time, in the banking sector, banks have written off corporate loans to the extent of more than Rs. 14 lakh crore. Sir, this clearly shows that the Government has abandoned the Constitutional values of equality and justice. Let us remember, for a greater India, for a united India, we need to follow Babasaheb Ambedkar's Constitution, not Golwalkar's bunch of thoughts, not Savarkar's Hindutva.

Let us remember, India is not the land of the Savarkar, not the land of the Godse, it is the land of the Mahatma, where hope prevails over despair, where love prevails over hate, where fraternity prevails over hostility, where equality prevails over inequality, and where liberty and freedom prevail over bondage and subjugation. Let us rise above petty politics and uphold the values of the Constitution and morality before it is too late. Thank you!

**एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) :** माननीय सभापति जी, आज हम संविधान की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा कर रहे हैं। यह चर्चा कल से चल रही है। मैंने हमारे दोनों पक्षों के मैम्बर्स को सुना है। ये बड़े-बड़े नेता हैं। संविधान के भाग 1 में लिखा हुआ है – 'इंडिया दैट इज भारत'

माननीय सभापति जी, हिन्दुस्तान नहीं लिखा हुआ है। आज सभी नेता संविधान पर चर्चा कर

रहे हैं। वे हिन्दुस्तान ही कह रहे हैं। वे भारत कहने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि क्या संविधान के हिसाब से बात रखी जा रही है?

मैं ज्योतिबा फूले जी, डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी और मेरे नेता माननीय काशीराम जी को धन्यवाद देता हूँ। 25 नवम्बर, 1949 को संविधान को सौंपते हुए डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने कहा था कि 26 जनवरी, 1950 को हम विरोधाभास से भरे हुए जीवन में प्रवेश करने जा रहे हैं। राजनीतिक जीवन में तो हमारे पास समानता होगी, लेकिन सामाजिक और आर्थिक जीवन में असमानता होगी। क्या यह चुनौती आज 75 सालों के बाद भी दूर हुई है? भारत ने 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के साथ खुद को एक सम्प्रभु, लोकतांत्रिक और गणतांत्रिक राज्य होने का एलान किया। लेकिन उस समय संविधान की स्थिति यह थी कि जैसे गांव का कोई आदमी, चूँकि मैं सन् 1950 की बात कर रहा हूँ तो अगर वह 50 साल पहले शहर में आ जाता और बड़े लोगों की महफिल में चला जाता, जहां वे खाना खा रहे हों और टेबल पर रखे नेपकिन को खाकर यह कहता कि यह तो फीका है, क्योंकि वह जानता ही नहीं था कि संविधान क्या है। संविधान उसके लिए महज एक दस्तावेज था। उस समय राजनीतिक दलों पर यह जिम्मेदारी थी कि वे उस संविधान को व्यवहार में लेकर आते। उसमें कितने सारे आर्टिकल्स हैं, अगर उनको व्यवहार में लाया जाता तो मुझे लगता है कि आज देश बहुत बदल गया होता।

डॉ. बाबा साहेब ने कहा था कि लोकतंत्र भारतीय भूमि की केवल ऊपरी पोशाक है। उनके अनुसार यहां की संस्कृति अनिवार्य तौर पर अलोकतांत्रिक है। भारत जैसे गरीब और गैर बराबरी वाले देश में संविधान के जरिए छुआछूत खत्म करना, वंचितों के लिए सकारात्मक उपाय करना, सभी व्यस्कों के लिए मतदान का अधिकार देना और सबके लिए समान अधिकार तय करना, यह बहुत बड़ी उपलब्धि थी।

सर, यह संविधान है, जिसके कारण आप वहां बैठे हैं और मैं यहां खड़ा होकर अपनी बात रख रहा हूं और इस देश में आदिवासी महिला महामहिम राष्ट्रपति बनी हैं एवं प्राइम मिनिस्टर तो नहीं बना, लेकिन शेड्यूल्ड कास्ट के बड़े नेताओं को भी राष्ट्रपति बनने का मौका मिला। यह संविधान की देन

है। अगर हम पर वोट नहीं होता, तो शायद अमीरों और जो खुद को राजा-महाराजा मानते हैं, ये हमारी गलियों तक नहीं आ पाते, हमारे हाल नहीं जान पाते।

सर, आजादी का मतलब सिर्फ अधिकार पाना भर नहीं है। इसके लिए हमारे संविधान में सरकार और नागरिकों के अधिकारों एवं शासन के कर्तव्यों का भी विस्तार से उल्लेख किया गया है। बाबा साहेब ने संविधान सभा में दिए गए भाषण में कहा था कि स्वतंत्रता आनंद का विषय है, पर अब हमें अपनी जिम्मेदारियों पर भी ध्यान देना होगा। संविधान ने सुनिश्चित किया कि रानी के पेट से राजा जन्म नहीं लेगा, वोट से नेता तैयार होगा। आर्थिक बराबरी के लिए सरकार क्या कर रही है? गरीब और गरीब हो रहा है, अमीर और अमीर हो रहा है। सुबह उठते ही कहीं बम की धमकी मिलती है तो कहीं दंगे की धमकी मिलती है। यह अमृतकाल है या धमकीकाल है। आर्टिकल 15 कितना बदल गया है? आज भी भारत में घोड़ी चढ़ने पर हत्या होती है। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**एडवोकेट चन्द्र शेखर :** सर, क्या यहां भी दलितों को बोलने की इजाजत नहीं है?… (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** I will give you one minute.

**एडवोकेट चन्द्र शेखर:** सर, अगर सभी को बोलने के लिए चार मिनट का समय दिया गया है, तो मुझे भी चार मिनट समय दे दीजिए।

**HON. CHAIRPERSON:** Finish in one minute.

**एडवोकेट चन्द्र शेखर:** सर, दलितों के साथ यह भेदभाव नहीं चलेगा।

**HON. CHAIRPERSON:** Allotted time is four minutes. Take one minute more.

**एडवोकेट चन्द्र शेखर:** सर, अगर आप सभी को चार मिनट का समय दिया है, तो मैं इसको बंद कर देता हूं। क्या दलितों को सबसे आखिरी में नम्बर मिलेगा और बोलने का भी मौका नहीं मिलेगा? क्या मजाक कर रहे हैं? …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** All Independent MPs are having only four minutes. You take one minute more. There is no problem.

**एडवोकेट चन्द्र शेखर:** सर, इंडिपेंडेंट नहीं, बल्कि मैं अपनी पार्टी का मैम्बर हूं और जीत कर आया हूं, किसी की दया पर नहीं आया हूं। …(व्यवधान) कल भी एक सदस्यीय पार्टी के लोग बोले थे। आप मुझे बोलने के लिए मौका दें।

मुछें रखने पर भी हत्या होती है। महिलाओं और छोटी मासूम बच्चियों के साथ रेप और हिंसा होती है। हमें एनसीआरबी का डाटा देख कर डर लगेगा। यहीं एक किलोमीटर पर संविधान को जलाया गया। महाराष्ट्र के परभणी में अभी-अभी संविधान की कॉपी को नष्ट किया गया।

संविधान के आर्टिकल 25-26 में सभी को धार्मिक आजादी है, तो यह कहां है, दलितों की, मुसलमानों की, जैनों की, बौद्धों की और ईसाइयों की। छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज को संविधान की अपनी धार्मिक आजादी के आधार पर उनको अपमानित करके जेल में बंद कर दिया। संभल, अजमेर और अयोध्या, सभी इसके उदाहरण हैं।

आज यह सरकार आलोचना से डरती है। कितने लोग जेल में बंद हैं? मिरान हैदर, खालिद सैफी, उमर खालिद, सिफा खान, गुलफिशा फातिमा और आजम खान साहब राजनैतिक विरोध में बंद हैं। सरकार यहां बैठी है। सरकार सामाजिक न्याय की बात करती है। आप बताइए कि आपने कितने दलित मुख्यमंत्री बना रखे हैं? आपकी 13 राज्यों से ज्यादा राज्य में सरकार है। कितनी महिला मुख्यमंत्री हैं? आपकी सरकार ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रमोशन में रिजर्वेशन जारी नहीं किया। आप ओबीसी को पॉलिटिकल रिजर्वेशन देंगे या नहीं देंगे, आप यह बताइए।

हम 75 साल की गौरव यात्रा में सभ्य समाज नहीं बना पाएं, इसलिए जाति आधार पर एससी, एसटी और ओबीसी के बच्चों को प्राइमरी स्कूल्स से लेकर उच्च संस्थानों में भेदभाव किया जाता है। सरकार निरकुंश हो गई है। कोई बुल्डोजर से कार्रवाई करता है। कल मंत्री जी ने कहा कि हमने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया, लेकिन 69,000 शिक्षकों की भर्ती में उसकी सिफारिशों को नहीं माना।

ईडब्ल्यूएस के जरिए आपने संविधान के आरक्षण के प्रावधान पर हमला किया है। न्यायपालिका में आर्टिकल 124(ए) कहता है। … (व्यवधान) संविधान में न्यायधीशों की नियुक्ति का अधिकार, राष्ट्रपति को होना चाहिए, यह अभी तक नहीं हो रही है। ऑल इंडिया ज्यूडिशियल कमिशन

कब बनेगा? क्या चंद परिवार ही जज बन सकते हैं?

सर, मैं सरकार से सवाल पूछना चाहता हूं कि सेवा में एससी, एसटी, ओबीसी का कितना प्रतिनिधित्व है? भारत सरकार के मंत्रालयों के अधीन पीएसयूज, बैंकों, बीमा कंपनियों और स्वायत्तशासी संस्थानों आउटसोर्स तथा काँट्रैक्ट पर वर्तमान कार्यरत कर्मचारियों की कुल कितनी संख्या है। आउटसोर्स और काँट्रैक्ट कार्यबल में एससी, एसटी और ओबीसी कितना प्रतिशत है? निजी क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों में एससी, एसटी और ओबीसी… (व्यवधान)

सर, मैं फिर स्पष्ट तौर पर कह रहा हूं, यहां बैठे एससी और ओबीसी के माननीय मैम्बर्स से कह रहा हूं, उनको सामाजिक जिम्मेदारी का ध्यान भी रखना चाहिए। उनको पार्टी की वफादारी के साथ-साथ अपने वर्गों के प्रति ईमानदारी भी रखनी चाहिए। अगर ईमानदारी नहीं होगी, तो उन वर्गों का भला नहीं हो सकता है और हमें बहुत सरकारों से उम्मीद नहीं है। … (व्यवधान)

**श्री इमरान मसूद (सहारनपुर) :** सर, आज हमें आपने भारत के संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा करने के लिए आपने मुझे मौका दिया है।

माननीय सभापति जी, जब भारत का संविधान बना, उस समय देश के हालात क्या थे? उस समय यह आर्थिक हालत था कि हमारा जीडीपी केवल 2.7 लाख करोड़ रुपया था यानी 494 रुपए प्रति व्यक्ति। प्रति व्यक्ति आय 63 पैसे प्रति दिन, 230 रुपए प्रति वर्ष थी। जापान में प्रति हेक्टेयर उत्पादन 748 किलोग्राम था। भारत में मात्र 110 किलो प्रति हेक्टेयर था। खाद्यान्न संकट था एवं गम्भीर खाद्यान्न संकट मद्रास के चक्रवात ने और बढ़ा दिया था। उस हालात में जब हमें पूरे विश्व में कहीं से कोई मदद करने को तैयार नहीं था, उस समय शोषणकारी सामाजिक व्यवस्था इस देश के अंदर लागू थी, जहां जमींदारी, रैयतवाड़ी, मालवाड़ी आदि ऐसी व्यवस्थाएं थीं, जो श्रमिकों और किसानों के संसाधन एवं उत्पादन दोनों पर अधिकार नहीं छोड़ती थीं। वर्ष 1947 में भारत की अर्थव्यवस्था मूल्य ह्रास अर्थव्यवस्था थी। उत्पादन में बहुत सारे कारकों का उपयोग उत्पादन व्यवस्था को कमजोर बनाता था। हालात ये थे कि उद्योग स्थापित नहीं थे। वर्ष 1947 में भारत की विकास दर मात्र 1 प्रतिशत सालाना थी। सीमित जीवन की सम्भावनाएं देश के अंदर थीं। कुल मृत्यु दर 18 प्रति

हजार थी और शिशु मृत्यु दर 218 प्रति हजार थी यानी एक हजार बच्चों में से 218 बच्चे जन्म लेते ही मर जाते थे। न्यूनतम श्रम मूल्य था।

मान्यवर, मैं ये बातें आपको इसलिए याद दिला रहा हूं कि देश का विभाजन हो रहा था। चारों तरफ नफरत का माहौल था, लेकिन उस वक्त भी अहिंसा की बात, प्रेम की बात और भारत के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप की बात करने का काम संविधान सभा में हो रहा था। जो यहां बैठे हुए हैं, ये बातें मैं इसलिए याद दिला रहा हूं कि 70 साल में हमने क्या किया? पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियां थीं कि हम देश को यहां लेकर आए। पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतियां थीं कि देश के अंदर इतने संसाधनों का विकास हुआ। ये बातें मैंने आपको इसलिए बताईं कि बार-बार कहा जाता है कि उनका योगदान क्या था? यह उनका योगदान था। यह उनका ही ब्लूप्रिंट था कि हम देश के अंदर हरित क्रांति लाए। देश के अंदर किसानों को आगे बढ़ाने के लिए, उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए, लोगों को रोजगार देने के लिए एक नया ब्लूप्रिंट तैयार किया। हमने नहरें बनाईं, भाखड़ा नांगल डैम बनाया, सिंचाई की व्यवस्था की। ये उस हालात में किया, जबकि हमारे देश की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी।

मान्यवर, जब इस संविधान को बनाया गया तो संविधान को प्रस्तुत करते हुए बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी ने कहा था कि यह एक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। उनकी दृष्टि में केवल कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि एक नैतिक प्रतिज्ञा है, जो हमें न्याय, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व के सिद्धांत से जोड़ती है। आज इस पवित्र ग्रंथ के संरक्षक के रूप में हमें अपने इन आदर्शों के प्रति अपने संकल्प को दोहराना चाहिए। 29 नवंबर, 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण के अंदर उन्होंने इसको प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह कांग्रेस पार्टी के अनुशासन ही का परिणाम था कि प्रारूप समिति के प्रत्येक अनुच्छेद और संशोधन की नियति के प्रति आश्वस्त होकर उसे सभा में प्रस्तुत कर सकी। इसलिए इस सभा में प्रारूप संविधान के सुगमता से पारित हो जाने का सारा श्रेय कांग्रेस पार्टी को जाता है। हम लोग संविधान को बनाने वाले लोग हैं। हम संविधान को बनाने वाले, मानने वाले और संविधान को अपने सीने से लगाने वाले हैं। यह किसी के लिए एक किताब हो सकती है, लेकिन हमारे लिए तो एक पवित्र ग्रंथ है। इसी ग्रंथ के माध्यम से हमें देश के अंदर बराबरी का

अधिकार मिला। … (व्यवधान)

मान्यवर, मुझे दो मिनट और दीजिए। इसी ग्रंथ के माध्यम से हमें अधिकार मिला। आज हमारे अधिकारों के ऊपर कुठाराघात हो रहा है। वक्फ के नाम पर हमारी सम्पत्ति छीनने की साजिश की जा रही है। आज हमें पूरे तरीके से जगदम्बिका पाल साहब ने … (व्यवधान) नहीं, नहीं। अभी बैठो और सुनो। … (व्यवधान) वक्फ के नाम पर हमारी प्रॉपर्टी छीनने की साजिश की जा रही है। वक्फ कानून लाकर सारी प्रॉपर्टीज़ हड़पना चाहते हैं। आज पूरे देश के अंदर एक नफरत का माहौल हमारे खिलाफ खड़ा किया जा रहा है। सम्भल की घटना हो या बहराइच की घटना हो, आज देश में मुसलमान की स्थिति यह हो गई कि घर में रहेगा तो दंगाई मारेंगे और बाहर निकलेगा तो पुलिस मारेगी। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि बहराइच में यही हुआ, संभल में यही हुआ। आज सीधे गोली मारी जाती है। हमारी जान की कीमत आज समझने को कोई तैयार नहीं है।

मान्यवर, मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि आज जिस प्रकार से तमाम संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है, एक मनोज परमार नाम का व्यक्ति, जो एक कारोबारी था। उसके बच्चों ने राहुल जी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गुल्लक दी। उसके घर पर ईडी की रेड हुई। उसने सुसाइड किया। उसने अपनी पत्नी के साथ सुसाइड किया। उसने सुसाइड नोट में लिखा कि ईडी के अधिकारी ने उसके कंधे पर पैर रखकर कहा कि तुम भाजपा जॉइन कर लो।

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**श्री इमरान मसूद:** सर, मैं कनक्लूड कर रहा हूँ।

उसने कहा था, तुम भाजपा जॉइन कर लो, तुम्हारी जान बच जाएगी। आज ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल हमें डराने के लिए होगा, आज ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल इन तमाम आवाज़ों को चुप कराने के लिए होगा। इस पावन मौके पर, जब हम संविधान पर चर्चा कर रहे हैं, तो मैं कहना चाहता हूँ कि… (व्यवधान) मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि अगर हम संविधान को अंगीकार करने की बात कर रहे हैं, हम देश के अन्दर संविधान के रक्षक के रूप में पूरा का पूरा सदन एक्रॉस द पार्टी लाइन खड़ा हुआ है, तो मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि… (व्यवधान) मैं आपसे इजाज़त चाहता हूँ मान्यवर।

धन्यवाद।

**एडवोकेट प्रिया सरोज (मछलीशहर) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे आज बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूँ।

मैं सबसे पहले भारत के संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, अपनी बात शुरू करूँगी। भारत का संविधान दुनिया का सबसे विस्तृत, सुन्दर और अनोखा संविधान है। यह ऐसी भावनाओं के साथ बनाया गया है, जो समानता, बंधुता और राष्ट्र-एकता पर बल देती है। आज जो मैं यहाँ खड़ी होकर अपनी बात कह रही हूँ, तो यह शक्ति हमें हमारे संविधान ने दी है। हमें गर्व है कि हमारी पार्टी के स्वर्गीय श्री मुलायम सिंह जी और हमारी पार्टी के अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने हमेशा संविधान के मूल्यों की रक्षा की है और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया है।

हमारे देश में हर नागरिक, चाहे किसी भी जाति या धर्म का हो, खुद को सुरक्षित और साम्य महसूस करता है। लेकिन आज के दिन हमें यह सोचने की जरूरत है कि क्या हम संविधान के आदर्शों के अनुसार चल रहे हैं? वर्ष 2014 से पहले, भारत धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय का प्रतीक था। वर्ष 2014 से पहले, सभी सरकारों ने संविधान का आदर किया था एवं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को सुरक्षित रखा। पिछले 10 वर्षों से, जब एनडीए सरकार सत्ता में आई, इस सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं पर निरंतर आघात करना जारी रखा। विकास के वादे पर विनाश की एक अंतहीन कथा रखी है। सरकार की नीतियाँ एक धर्म और प्राथमिकता देखकर धर्मनिरपेक्षता को कमजोर कर रही है। असहमति जताने वाले को देशद्रोही कहा जाता है और उनके खिलाफ हिंसा या धमकी को सही ठहराना आर्टिकल 19 और 21 का सीधा उल्लंघन है।

"तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है,
मगर ये आंकड़े झूठे हैं और यह दावा किताबी है।"

वर्ष 2018 में लाये गये इलेक्टोरल बांड ने राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता को खत्म किया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बताया। कंट्रोवर्शियल कृषि कानूनों ने किसानों का विश्वास तोड़ा,

उन्हें रद्द किया गया, लेकिन किसानों की समस्या आज भी अनसुलझी है।

मंदिर-मस्जिद के नाम पर सम्भल जैसे नये-नये विवाद को जन्म देकर समाज में निरंतर घृणा और नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। महोदय, मैं कहना चाहूंगी:

"सत्ता में बैठे लोगों ने यह कैसा हिन्दुस्तान कर दिया,

बेजान इमारतों को हिन्दु-मुसलमान कर दिया।"

आज स्वतंत्र संस्थानों और मीडिया का दुरुपयोग किया जा रहा है। दलित की बेटी का अपहरण होना, उनका रेप किया जाना, उनके शव को पुलिस द्वारा रात को पेट्रोल डालकर जला दिया जाना, उनके घरों में आग लगा दिये जाने जैसी सभी घटनाएं आज 70 वर्षों के बाद भी हो रही हैं। यूपी सरकार ने ईएसएम लागू करके हड़ताल पर रोक लगा दी है। राज्य में कोई भी कर्मचारी आज छ: महीने तक हड़ताल नहीं कर सकता है।

वर्ष 2014 से पहले तक जितने भी चुनाव हुए, उन पर कभी अंगुली नहीं उठी है। परंतु पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार ईवीएम पर उंगली उठी है, उससे मत के साथ हेरफेर की बात सामने आई है। इससे निश्चित ही मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा हुआ है।

मैं आप सभी से आग्रह करती हूं कि पिछले दस वर्षों में, आप ध्यान दें, यह ऐसा दशक रहा जिसमें हमारा संविधान, जो हमें एक राष्ट्र के रूप में जोड़ता है, को कमज़ोर करने की कोशिश की जा रही है। हर दिन हमें ऐसे काम और नीतियां देखने को मिलती हैं, जो अधिकारों और स्वतंत्रता को छीनने का प्रयास कर रही हैं।

हमें यह देखना चाहिए कि हमारा प्रिएंबल हमारे सामूहिक सपनों और मूल्यों का प्रतीक है। ये जस्टिस, लिबर्टी और इक्वैलिटी की बात करते हैं। ये केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की नींव हैं। ये सिद्धांत हर नागरिक के सम्मान और गरिमा से जीने का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए बने हैं। समाजवादी पार्टी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समुदायों के साथ मजबूती से खड़ी है। उनके अधिकारों का उत्थान करने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है। हम सुनिश्चित करते हैं कि उनकी आवाज हर राजनीतिक चर्चा में सुनी जाए। जाति जनगणना को हम सामाजिक और आर्थिक

असमानताओं को दूर करने और समान अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक मानते हैं।

हमारे संविधान की मूल भावना है – समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना। हमारी पार्टी और हमारे नेता पीडीए के माध्यम से संविधान की मूल भावना को साकार कर रहे हैं।

“भारत का संविधान हमें देता है संदेश,
हम सब बाद में, सबसे पहले हमारा देश।”

जय भीम, जय समाजवाद।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA):** Thank you, Sir, for giving me the opportunity to speak on the historic debate on the 75th Anniversary of the Indian Constitution. Today, as we stand here under the bright light of our democracy, we must remind ourselves of the values enshrined in our guiding document, our moral compass and foundation of our Republic. The Constitution of India, crafted under the vision of Dr. B.R. Ambedkar and the Constituent Assembly, reflects our nation's commitment to justice, liberty, equality, and fraternity. It gave us the framework for a Sovereign, Socialist, Secular, and Democratic Republic. It is a sacred document which binds us together as one nation, one people with dignity for all.

The Indian National Congress has been the torchbearer of Constitutional values since Independence. When the Constitution was adopted in 1949, it was the Congress leadership that ensured every citizen, irrespective of caste, creed or religion, was treated as equal before the law. It was under Congress leadership that India became a global example of unity and diversity.

We have fought tirelessly to uphold fundamental rights and expand

opportunities for all, be it through social justice, education or economic reforms. For decades, the Congress Party has stood firm against authoritarianism, ensuring freedom of expression for the protection of the rights of minorities, women, and marginalised communities, for strengthening institutions like Parliament, Judiciary and the Election Commission to safeguard democracy.

**16.59 hrs** (Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

Chairperson, Sir, it is the Congress Party that brought the Right to Information Act, Right to Education Act, and Mahatma Gandhi NREGA, empowering the people and making the States accountable.

But hon. Members, in the last ten years, under the BJP rule, we have witnessed a systematic and unprecedented attack on the Constitution. The very ideas for which our forefathers fought are being trampled upon. The BJP has centralised power by sidelining the States and violating the principles of cooperative federalism. Whether it is the implementation of GST or fund allocation, they have disrespected the State Governments, weakening the federal structure.

**17.00 hrs**

Sir, freedom of speech has been silenced. Journalists, activists, and ordinary citizens face threats, arrests, and harassment. Laws like UAPA and sedition charges have been misused to suppress dissent. Right to Equality is being replaced with majoritarian politics, and religious divisions are deliberately deepened. The secular fabric of India is torn apart.

The pillars of our democracy – Parliament, Judiciary, CBI, ED, and Election

Commission are being compromised. Independent voices are being stifled while institutions are being weaponized to target Opposition parties and critics.

Hon. Chairperson, Sir, the BJP rule has widened the gap between the rich and the poor. Crores of rupees are being spent on vanity projects while youth unemployment and inflation crush the dreams of millions. They have failed to uphold the Directive Principles that call for equitable distribution of wealth and opportunities.

Policies that marginalise dalits, tribals, and backward classes are pushing us backward. Reservation and welfare schemes face constant threat while historical injustices are being ignored.

As far as upholding Constitutional morality is concerned, the Congress Party is here to restore hope, dignity, and the Constitutional spirit of India. We are committed to restore freedom of speech and protect media from intimidation; ensure economic justice by addressing unemployment, inflation and social equality; defend the rights of minorities, women, Dalits, and the marginalised communities; ensure that India's diversity is celebrated, not threatened; strengthen institutions to make them truly independent; and ensure democracy functions as intended.

The battle is not just political, it is a battle for the soul of India. The BJP's politics of division, authoritarianism, and disregard for the Constitution cannot continue unchecked. As a citizen of India, we must rise to protect our democracy. Sir, let us fight for an India where every citizen has equal rights; every voice is heard; and every dream is nurtured. The Congress Party stands by the

Constitution, and we will not allow anyone to dismantle its ideals. Thank you, Sir.

**SHRI JOYANTA BASUMATARY (KOKRAJHAR):** Thank you, Sir, for giving me this opportunity to speak.

Sir, I am a debutant MP from Kokrajhar. I belong to the Bodo Community under the category of Scheduled Tribes of the Constitution of India. It is a matter of immense pride for every citizen that our Constitution not only serves as a guiding framework to maintain discipline and justice, but also ensures equal rights for all individuals, irrespective of their backgrounds. The human society is governed by two fundamental laws. First is the law of nature, which is inevitable and beyond human control, but always friendly to all creatures of nature. And second is the Constitution which unites us, and lays the foundation for a just and equitable society.

As I mentioned earlier, I come from a tribal society. Before the Constitution was introduced into our lives, we followed customary laws – laws that emerged from our traditions and practices. While these laws might appear unorganized or unconventional in the context of modern governance, they are deeply rooted in our way of life, and they offer accessibility and familiarity to our people.

However, despite the Constitution's noble intentions and provisions, I must express my concern that as a nation we have not succeeded in making every citizen whether educated or illiterate aware of the Constitution and the rights and duties it guarantees.

As a result, a significant section of the population feels deprived of the Constitutional rights, while the more privileged group reaps substantial benefits

from the same provisions.

Sir, there is a provision in the Constitution of India that provides recognition, support, and safeguards for languages of all the native people of the nation. My concern is that hundreds of native languages spoken by indigenous people do not receive due recognition and support. These traditions, which significantly contribute to the diversity and heritage of our country, remain excluded from Constitutional recognition even after the adoption of 75 years of our Constitution. While the Constitution explicitly mentions rights in its major Articles, various Ministries, Parliamentary Committees and Commissions have made recommendations to address the grievances of marginalized communities from time to time. The implementation of these recommendations has not been done in full letter and spirit.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI JOYANTA BASUMATARY:** Sir, in the North Eastern Region of India, the small tribes, who are the original inhabitants, still feel excluded from the mainstream. In my interpretation, ‘mainstream’ means a group people who have better access to the Constitution and the laws.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI JOYANTA BASUMATARY:** However, I believe that the credible institutions tasked with safeguarding the Constitution and ensuring the rights of all citizens, along with the nation's intelligentsia, entrusted with matters of internal security, public grievances, and social harmony, may not have adequately addressed the concerns of many communities, particularly those in remote and marginalized

regions.

**HON. CHAIRPERSON:** Okay, thank you for your speech.

**श्री जयन्त बसुमतारी :** सर, ऑल पार्टी मीटिंग में 7 मिनट्स देने की बात कही गयी थी।

**माननीय सभापति :** आप बस आधे मिनट में अपना भाषण समाप्त कीजिए।

**SHRI JOYANTA BASUMATARY:** Sir, I hope that if the proposed 125th Amendment Bill is passed along with the amendment in Article 280, the Sixth Schedule will be strengthened with considerable financial powers and autonomy to administer governance effectively in the Councils.

**HON. CHAIRPERSON:** Thank you.

Now, Shri Umeshbhai Babubhai Patel.

**श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) :** सभापति महोदय, मुझे पवित्र ग्रंथ संविधान पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत धन्यवाद देता हूं।

महोदय, हमारा देश 15 अगस्त, 1947 को आज़ाद हुआ। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर सहित विद्वानों की संवैधानिक पीठ ने लंबी जद्दोज़हद के साथ हर एक पहलू की बारीकी से सोच समझकर 26 जनवरी, 1950 को हमारे देश को संविधान की अमूल्य एवं अतुल्य भेंट दी। हमारा प्रदेश दमण और दीव, गोवा के साथ देश की आज़ादी के लगभग 14 सालों के बाद वर्ष 1961 में आजाद हुआ। हमारे प्रदेश की यह आज़ादी भारत देश की ही देन है, जिन्होंने हमें पुर्तगालियों की लम्बी गुलामी से मुक्ति दिलाई। हमारा प्रदेश 14 साल बाद आज़ाद हुआ, जिसके चलते हमारा प्रदेश देश के बाकी राज्यों की तुलना में बहुत ही पिछड़ा हुआ है और दु:खद बात यह है कि यह और पिछड़ता ही जा रहा है। इससे बड़ा दु:खद और दुर्भाग्यपूर्ण तो यह है कि देश की आज़ादी के इतने साल बीत जाने के बावजूद भी हमारा प्रदेश लोकशाही की लोकतांत्रिक प्रणाली की मुख्य धारा का हिस्सा नहीं बन पाया है। हमारा संविधान कहता है कि किसी भी प्रदेश को छ: महीने से ज़्यादा राष्ट्रपति शासन में नहीं रखा जाना चाहिए, पर हम तो हमारे प्रदेश की आज़ादी से ही राष्ट्रपति शासन में जीने को मजबूर हैं। पूरे देश की

तरह हमारे प्रदेश में कब पूर्ण लोकशाही की लोकतांत्रिक प्रणाली लागू होगी? क्या हमें पूर्ण लोकशाही का अधिकार नहीं है?

सभापति महोदय, हमारा संविधान समानता की बात करता है। पर, समानता कहां है? लोकशाही की लोकतांत्रिक प्रणाली में जो हक़ और अधिकार अन्य राज्यों के लोगों को मिलते हैं, वैसे हक़ और अधिकार हमारे प्रदेश के लोगों को क्यों नहीं मिल पा रहे हैं?

लोकशाही की लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत अन्य राज्यों के लोगों के पास उनके हक़ और अधिकार देखिए। उनके पास लोकसभा, राज्यसभा, और विधानसभा है। महाराष्ट्र जैसे राज्य के लोगों के पास एम.एल.सी., महापौर सहित पावरफुल स्वराज्य संस्थाएं हैं। इनकी तुलना में हमारे प्रदेश के लोगों के पास क्या है? बस केवल एक लोकसभा सीट है। हमारे पास राज्यसभा की कोई सीट नहीं है, स्टेट असेंबली नहीं है, एम.एल.सी. नहीं है। महापौर की बात तो छोड़िए, लड़खड़ाती स्वराज्य संस्थाएं ही हैं, जिनके पास कोई पावर नहीं है। एक तरफ दूसरे राज्यों के लोगों के पास इतना कुछ है और हमारे पास केवल एक लोकसभा की सीट है। क्या यह समानता है?

सभापति महोदय जी, हमारा संविधान हमें बहुत सारी शक्तियां प्रदान करता है, किन्तु हमारे प्रदेश में इन शक्तियों की अनुपालना नहीं हो रही है। हमारे प्रदेश में स्थानीय प्रशासन द्वारा संविधान का बार-बार गला घोटा जा रहा है।

महोदय, भारत सरकार का पंचायती राज से संबंधित संवैधानिक संशोधन स्थानीय संस्थाओं को शक्ति देता है। भारतीय संविधान का 73वां संशोधन अधिनियम पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती देता है, तो 74वां संशोधन शहरी निकायों को मजबूती प्रदान करता है।

महोदय जी, हमारे स्थानीय प्रशासन ने भारत सरकार के संवैधानिक संशोधन में लोक सभा और राज्य सभा की जरूरी मंजूरी के बिना ही 73वें, 74वें जैसे संवैधानिक संशोधनों, अधिनियमों में सुधार कर लिया। … (व्यवधान)

सर, दो मिनट तो दीजिए, अभी तो मैंने बोलना शुरू ही किया है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** 30 सैकेंड्स में अपनी बात समाप्त करें।

… (व्यवधान)

**श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:** सर, हमारे पास राज्य सभा और लोक सभा कुछ भी नहीं है, हम कहां बोलेंगे? दो मिनट तो दीजिए अपनी बात खत्म करने के लिए? … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** एक मिनट में अपनी बात पूरी कीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:** महोदय जी, हमारे स्थानीय प्रशासन ने भारत सरकार के संवैधानिक संशोधन में लोक सभा और राज्य सभा सहित की जरूरी मंजूरी के बिना ही 73वें, 74वें जैसे संवैधानिक संशोधनों अधिनियमों में सुधार कर लिया और प्रदेश की स्वराज्य संस्थाओं को दिए गए सारे पॉवर्स छीन लिए। अब स्वराज्य संस्थाएं किसी को नोटिस या एनओसी तक नहीं दे सकती है।

पिछले सात-सात सालों से स्वाराज्य संस्थाओं को फंड नहीं दिया गया है। महोदय जी, एक बात कहना चाहूंता हूँ कि 19 दिसंबर हमारे प्रदेश के मुक्ति दिन का पर्व है और हम उस दिन मुक्त हुए थे। महोदय, 19 दिसंबर को हम हर साल हमारे प्रदेश के मुक्ति दिवस के रूप में मनाते आए थे। वह पिछले छह-सात सालों से स्थानीय प्रशासन ने बंद कर दिया है। यहां तक कि मुक्ति दिवस के दिन की सार्वजनिक छुट्टी तक निकाल दी गई है। हमारे लिए जितना महत्वपूर्ण 15 अगस्त है, उतना ही महत्वपूर्ण हमारे प्रदेश का मुक्ति दिवस 19 दिसंबर भी है। क्या हमें अपने प्रदेश का मुक्ति दिवस का पर्व मनाने का भी अधिकार तक नहीं है?

**SUSHRI S. JOTHIMANI (KARUR):** Thank you, Chairperson Sir, for giving me the opportunity to speak on this Constitutional debate. At the outset, I would like to pay tribute to Dr. Babasaheb Ambedkar and other Constituent Assembly Members for their remarkable contribution in laying a strong foundation of India as the world's largest democracy.

I would like to specially mention our hon. first Prime Minister, Shri Pandit Jawaharlal Nehru for his commitment and conviction to the democratic values

enshrined in the Constitution. Without him, as the first Prime Minister, for 17 long years, our history may have taken a different turn. That is why you are afraid of him. *Daro mat.*

You profess much about the Constitution. But in reality, you are totally against it. The Constitution promotes fraternity among all citizens. You are spreading hate and divisiveness. The Constitution assures the dignity of all individuals. You are stripping people of their dignity. The Constitution promotes unity among people. You are creating a divide. The Constitution envisages liberty of thought, expression, belief, faith and worship. You are stifling dissent and oppressing minorities. The Constitution provides equal rights to women. But are we getting our due? I do not want to politicize rape or any crime against women. They are rooted in a patriarchal society.

Every woman in this country believes that the rule of law will protect her and punish the guilty. That is where your Government has failed. From Kathua, Unnao and Hathras to the woman wrestlers' protest, the rule of law faltered before women and shielded the guilty for their heinous crimes.

You brazenly protected the likes of ... *, the then BJP MLA and ... *, the then MP, and garlanded Bilkis Bano's convicts. The Prime Minister cannot look into the eyes of Manipur women for they are suffering under his inaction. Now, you claim that you are protecting the Constitution. Irony just died a thousand deaths.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

It is very shameful that minorities especially the Muslims in our country are required to hide their identities as per religious bigotry, which has nothing to do with Hindu religion. The ... *State is bulldozing their houses, staking claims to their places of worship, and deleting their history from textbooks. It has brought in laws like the Waqf Bill, the CAA and the NRC. You fudge numbers around Muslim fertility rates and spread ... *through WhatsApp University.

The Prime Minister himself made inflammatory speeches against the community just a few months ago. The India Hate Lab report noted that 75 per cent of the hate speeches in India in 2023 took place in the BJP-ruled States. During elections in many places, Muslims across the country were stopped from exercising their Constitutional right to vote. This is a clear attack on the Constitution.

You say that the Congress party is appeasing the minorities. But unlike you we speak for every community. When we are defending women, dalits, minorities, and farmers against injustice, we are fiercely defending the Indian Constitution because the Constitution treats everybody equally.

You have always hit federalism with the hammer of hegemony. For every one rupee that we pay to the Union Government, we only get 29 paise in return. My State has been deprived of funds for the PM SHRI scheme because we refuse to allow Hindi imposition through the National Education Policy. We are not against children learning Hindi. They are free to do it by their choice. What we are

---

*Expunged as ordered by the Chair.

against is imposition of Hindi.

Every time we ask the BJP Government for funds, they send the ED after us instead. Tamil Nadu has repeatedly been left to fend for itself in the face of natural disasters. Even the office of Governor is being used as a pawn to stifle federalism. Is it not an attack on the Constitution?

Plurality is the beautiful soul of India. It has been sacrificed at the altar of the BJP's 'One Nation, One Party, One Leader' principle. Remember that, even the strongest empires have fallen at the will of the people, and it will happen once again. Thank you.

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल) :** धन्यवाद, सभापति महोदय। स्वतंत्र भारत के संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस चर्चा में प्रतिभाग करना मेरा परम सौभाग्य है। आज के दिन मैं भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए परम पूज्य बाबासाहेब अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, राजेन्द्र प्रसाद सहित तमाम हमारे संविधान सभा के 299 सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती हूं, जिन्होंने 165 दिन तक लगातार परिश्रम करके भारत को एक ऐसा संविधान सौंपा, जिसने न केवल भारत के विविध समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का दायित्व निभाया है, बल्कि दबे-कुचले, वंचित समुदाय को मुख्यधारा में लाने के प्रावधान भी किये हैं।

सभापति महोदय, हमारा संविधान लोकतंत्र का वह पवित्र ग्रंथ है और एक ऐसा मार्गदर्शक दस्तावेज है, जो न केवल सरकार की शक्तियों और सीमाओं का उल्लेख करता है, न केवल नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को रेखांकित करता है, बल्कि यह भी बताता है कि लोकतंत्र में समूची व्यवस्था कैसे काम करेगी। देश का प्रत्येक नागरिक संविधान के प्रभाव को अपने जीवन में महसूस भी करता है और उसके महत्व को भी समझता है। मुझे खुशी है कि कांग्रेस की अगुवाई वाला हमारा विपक्षी

गठबंधन संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा की मांग करता है। संविधान की सर्वाधिक दुहाई देने वाली कांग्रेस पार्टी जिसने सही मायने में इस संविधान दिवस को महज प्रतीकात्मक बना कर रखा था, अगर इस संविधान दिवस को भव्यता के साथ और पूरे आदर भाव के साथ मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार आने के बाद ही हुई।

सभापति महोदय, आज का दिन सही मायने में यह चर्चा करने का दिन है कि संविधान के मूल्यों और आदर्शों के साथ चुनी हुई सरकारों ने कितना न्याय किया। 75 वर्षों की यात्रा में हम देश के नागरिकों की आकांक्षाओं पर कितने खरे उतरे और संविधान के मूल भावना के अनुरुप उन्होंने क्या प्राप्त किया है, क्या कमियाँ रह गईं, किन सुधारों की अभी और आवश्यकता है। इसकी सबसे ज्यादा चर्चा करने और समीक्षा करने की इसलिए जरुरत है कि मैंने बहुत सारे विद्वान साथियों को आज सुना। उन्होंने इस चर्चा के दौरान बाबासाहब अंबेडकर के उन विचारों का उल्लेख किया, जब उन्होंने कहा कि इस देश के अंदर संविधान का अच्छा या बुरा साबित होना, उसे लागू करने वाले तंत्र पर निर्भर करेगा। इसलिए, तंत्र की समीक्षा, तंत्र की कार्यशैली की क्या समीक्षा इतने वर्षों में रही, उसको अवलोकन करना बेहद जरूरी है।

सभापति महोदय, आजादी के बाद पाँच दशक तक इस देश के अंदर या तो कांग्रेस या कांग्रेस नीत गठबंधन की सरकारों ने शासन किया। उस दौरान देश के पूर्व प्रधानमंत्री जी ने एक बात कही, जिसका जिक्र आज तक इस संसद के फ्लोर पर किया जाता है। दिल्ली से जब हम एक रुपया भेजता हैं तो गांव पहुंचते-पहुंचते वह 15 पैसा हो जाता है। आज तक हम उसकी चर्चा करते हैं। मजे की बात यह है कि एक रुपया चलता है, 15 पैसा पहुंचता है और यह बात सत्ता के शीर्ष पर बैठे हुए लोगों को पता है, लेकिन फिर भी इस व्यवस्था को बदलने के प्रयास नहीं किये जाते हैं। यह भ्रष्टाचार का तंत्र, लूट-खसोट का तंत्र, सब कुछ बरकरार रहता है, लेकिन इस व्यवस्था में कोई सुधार नहीं होता है। यह तंत्र की कार्यशैली को इंगित करता है। इस व्यवस्था में सुधार तब होता है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार आती है। डीबीटी के माध्यम से सरकारी खजाने से निकलने वाली पाई-पाई देश के नागरिक के खाते में पहुंचती है।

सभापति महोदय, संविधान वही था, लेकिन तंत्र अलग था। तंत्र की कार्यशैली का क्या प्रभाव इस देश के सामान्य मानवी के जीवन पर हो सकता है, यह एक उदाहरण के जरिए मैं समझाने की कोशिश कर रही हूं। मैं अपने कांग्रेस के साथियों को कहना चाहती हूं कि अगर नीयत साफ हो और इरादा स्पष्ट हो तो तंत्र अपनी पूरी शक्ति के साथ इस देश के सामान्य वोटर के जीवन में परिवर्तन कर सकता है।

यह तंत्र ही है। दशकों तक भारत की गरीब जनता को आप मकान नहीं दे पाए, बैंक का खाता नहीं दे पाए। दस सालों के अंदर देश के ऐसे करोड़ों गरीब नागरिकों को हमारी सरकार ने मकान बनाकर दिए, शौचालय बनाकर दिए, बैंक के खाते दिए, गैस के कनेक्शन्स दिए, 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दिया और पीने के लिए शुद्ध पेयजल भी दिया। यह दिखाता है कि अगर नीयत साफ हो, इरादे दुरुस्त हों तो देश की जनता के जीवन में क्या बदलाव हो सकता है। आप गरीबी हटाओ का नारा दशकों तक देते रहे, लेकिन हमने सही मायने में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का काम किया।

महोदय, आज दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर पहुंच गई है और हम इसे तीसरे नंबर पर ले जाना चाहते हैं। एक उभरती हुई शक्ति के रूप में हमारे विपक्ष के साथी भले ही भारत की ताकत को न देख पाएं, लेकिन आज दुनिया इसकी सराहना कर रही है। मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि जहां चाह है, वहां राह है। जिस तंत्र ने करना चाहा, उसने देश की जनता का कल्याण कर दिया। कांग्रेस पार्टी संविधान की प्रतियां आजकल हाथ में लेकर चलती है। इस पार्टी ने संविधान के प्रति कितनी आस्था रखी है, यह इसी बात स्पष्ट हो जाता है कि 84 बार आपने अनुच्छेद 356 का प्रयोग करके चुनी हुई सरकारों को इस देश के लोकतंत्र के इतिहास में गिराने का काम किया। इस कृत्य के लिए कभी आपने राष्ट्रपति जी की आलोचना झेली, तो कभी न्यायपालिका की। आपके लिए संविधान क्या है, यह आप बेहतर जानते हैं। हमारे लिए संविधान पवित्र ग्रंथ है, हमारे लिए संविधान गीता है।

यह सच है कि सरकारों को संविधान में संशोधन करने का अधिकार है। आपने भी संशोधन

किए, हमने भी किए। संशोधन कितने किए, यह महत्वपूर्ण नहीं है। संशोधन किस उद्देश्य से किए, किस भावना से किए, यह महत्वूपर्ण है। हमारी सरकार ने जब संशोधन किया तो कभी पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के लिए किया, तो कभी एससी, एसटी समाज के हितों को संरक्षित करने के लिए किया तो कभी इस देश की नारी शक्ति को इस संसद में पहुंचाने के लिए किया। हमारी सरकार ने संविधान में संशोधन लाने का काम किया तो सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने के लिए किया, लेकिन जब आपने संविधान में संशोधन किया तो कभी तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा-भत्ता से वंचित करने के लिए किया तो कभी मीडिया या न्यायपालिका के अधिकारों को नियंत्रित करने के लिए किया। आपने जब भी संविधान में संशोधन किया, हर बार विवाद हुआ, क्योंकि आप देश पर अपनी गलत नीतियां थोपना चाहते थे। आपके जो कृत्य हैं, वे संविधान के प्रति आपकी जो आस्था है, उस पर स्पष्ट रूप से एक प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हैं।

आज मुझे यह देखकर खुशी होती है कि मजबूरी में ही सही, अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ही सही, आप बाबा साहेब अंबेडकर को याद कर रहे हैं। वह बाबा साहेब अंबेडकर जिनको आपने भारत रत्न देने लायक नहीं समझा, वह बाबा साहेब अंबेडकर जिनकी तस्वीर आपने केंद्रीय कक्ष में नहीं लगने दी और वह बाबा साहेब अंबेडकर जिनको किसने हराया, यह तो पूरा सदन जानता है, देश के करोड़ों नागरिक जानते हैं। हमारी सरकार की बाबा साहेब के प्रति यह आस्था है कि हमने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में पंच तीर्थ विकसित करके दिखाए। आज आपके अंदर बाबा साहेब का नाम लेने की जो बेचैनी है, वह सिर्फ इसलिए है क्योंकि आप उस तरफ से इस तरफ आने के लिए व्याकुल हैं।

सभापति महोदय, मेरे विपक्ष के बहुत सारे साथियों ने जातीय जनगणना का मुद्दा उठाया। यह सत्य है कि जब सरकार के पास प्रामाणिक आंकड़े होंगे तो हाशिए पर पड़ी हुई जातियों पर केंद्रित योजनाएं, नीतियां और कार्यक्रम बनाने में मददगार साबित होंगे। जब मेरे कांग्रेस पार्टी के साथी और समाजवादी पार्टी के साथी जातीय जनगणना का विषय उठाते हैं, तो मुझे बड़ा अचरज होता है। एनडीए का एक अहम घटक जेडीयू है। उनकी सरकार के समय में, उनकी नीयत साफ थी, वे बिहार में इसे

कराना चाहते थे, उन्होंने जनगणना करा दी। यह मेरी समझ से परे है कि समाजवादी पार्टी के साथी यहां बैठे हुए हैं, आपने तो उत्तर प्रदेश में चार बार सत्ता संभाली, अगर आप जातीय जनगणना के इतने बड़े पक्षधर हैं, तो उत्तर प्रदेश में आपने जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई?… (व्यवधान)

मैं समाजवादी पार्टी के अपने मित्रों से कहना चाहती हूं, छल, कपट, फरेब और झूठ की राजनीति की उम्र ज्यादा लंबी नहीं होती है। कांग्रेस पार्टी की भी सरकार थी, यूपीए की सरकार थी, आप सहयोगी थे, आपने पांच दशक तक इस देश में राज किया, आज आपको कास्ट सेन्सस की याद आ रही है, जब आप कर सकते थे तब आपको याद क्यों नहीं आया?

**माननीय सभापति:** अब आप समाप्त कीजिए।

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल :** सभापति महोदय, जब आपके हाथों में शक्ति थी, तब आपने कभी नहीं सोचा। पिछड़े, वंचित और दलितों की गिनती हो, इसका ख्याल आपको कभी नहीं आया, जब आप कर सकते थे, तब आपको इसका ख्याल नहीं आया, यही आपके दोहरे चरित्र को उजागर करता है।

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल :** सभापति महोदय, मैं अभी बोलूंगी, अभी मैंने शुरू किया है। हमारे विपक्ष के साथियों के पास समय था। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दे सकते थे, आपने कुछ नहीं किया। 'नीट' आप लेकर आए थे, ओबीसी का कोटा लागू नहीं था, आप शांति से सुनिए। मैंने बहुत देर तक आपको सुना है।

**माननीय सभापति**: माननीय सदस्य, प्लीज अब समाप्त कीजिए।

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल:** सभापति महोदय, यूपीए-II की सरकार को आप सपोर्ट कर रहे थे, पिछड़े व दलित की वकालत करते हैं। आपने क्यों नहीं बोला कि यूपीए की सरकार को, ओबीसी का आरक्षण लागू होना चाहिए। इन्होंने नहीं किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कर दिया। सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय में आपको किसी ने रोका था? आप क्यों नहीं पिछड़ों के लिए आरक्षण लेकर आए। रक्षा मंत्रालय समाजवादी पार्टी के पास था।

**माननीय सभापति**: माननीय सदस्य, प्लीज समाप्त कीजिए।

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल :** सभापति महोदय, आप चूक गए, लेकिन हम नहीं चूके। हम इसलिए नहीं चूके क्योंकि सामाजिक न्याय हमारे दिल में है और आपकी जुबां पर है। जो दिल में होता है वह पूरा होता है और जो जुबां पर होता है वह पूरा नहीं होता है इसलिए पूरा नहीं हुआ। कल मैंने सुना था।

**माननीय सभापति**: एक मिनट में खत्म कीजिए।

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल :** सभापति महोदय, प्रियंका जी ने कहा कि मोदी जी की सरकार को पर्याप्त नम्बर नहीं मिले इसलिए आरक्षण खत्म नहीं कर पाए। मैं जानना चाहती हूं कि आरक्षण खत्म करने की बात अमेरिका में जाकर बोलते हैं कि, उसका क्या है, यह भी बताना चाहिए। लेटरल इंट्री का भी विषय उठाया। देश यह जाने कि आखिर लेटरल इंट्री किसकी देन है, इसे कौन लेकर आया?

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल :** सभापति महोदय, अगर मेरी जानकारी ठीक है तो वर्ष 2005 में यूपीए की सरकार में जब दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष सम्माननीय वीरप्पा मोइली जी थे, उस वक्त पहली बार लेटरल इंट्री की व्यवस्था को लागू किया गया। जब आप लेकर आए थे।

**माननीय सभापति**: माननीय सदस्यगण, जो माननीय सदस्य अपना भाषण लिखित रूप में देना चाहते हैं, वह सभा पटल पर दे सकते हैं।

सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे जी।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति**: आप समय का ध्यान रखिए।

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल:** सभापति महोदय, मैं सिर्फ इतना कह रही हूं कि लेटरल इंट्री की व्यवस्था कांग्रेस पार्टी लेकर आई, क्या उस वक्त कांग्रेस पार्टी ने आरक्षण के प्रावधानों की व्यवस्था की? अगर नहीं की तो क्यों नहीं की? अंत में इतना ही कहना चाहूंगी कि संविधान के अनुकूल भारत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। संविधान महज कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है, यह लोकतंत्र की आत्मा है। सरकार और नागरिक दोनों का कर्तव्य है कि हम अपने जीवन का इसे अमूल्य हिस्सा मानते हुए एक

समृद्ध, सशक्त, न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का प्रयास करें। धन्यवाद।

**सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे (शोलापुर) :** माननीय सभापति जी, आपने मुझे ऐतिहासिक दिन पर अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं।

महोदय, मैं उस राज्य से हूं जहां संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम और संत रोहिदास जैसे अनेक संतों ने समाज को प्रेम और सदभावना दी। दूसरी तरफ शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज और शाहू महाराज जैसे शूरवीरों ने अपनी दूरदृष्टि से सामाजिक एकता और न्यायसंगत समाज प्रणाली की स्थापना की। मैं उस महाराष्ट्र की पुत्री हूं जहां महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने हेतु अनेक आंदोलनों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले, क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फूले जैसे समाज सुधारकों ने समाज को एक नई दिशा दी। मैं उस महाराष्ट्र की बेटी हूं जहां महान् सुपुत्र बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने इस देश को संविधान के रूप में एक सशक्त और न्यायसंगत लोकतांत्रिक मूलाधार प्रदान किया। लेकिन आज उसी महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार की शपथ विधि के पांच दिन बाद उसी संविधान की प्रति की उपेक्षा की जाती है, मैं इस बात का निषेध करती हूं। परभणी जिले में संविधान की प्रति की उपेक्षा की गई। संविधान के हीरक महोत्सव के उपलक्ष्य में जब मुझे अपने विचार रखने का मौका मिला है तो मैं जरूर कहूंगी कि संविधान केवल एक किताब या नियमों की संगठित सूची नहीं है बल्कि मेरी जान है संविधान, मेरी पहचान है संविधान और इस देश की आत्मा है संविधान।

महोदय, आजादी के 50 सालों बाद तक तिरंगे और संविधान को न मानने वाले सत्ता पक्ष के लोग इस देश की उसी आत्मा को कमजोर और खोखला करने की साजिश कर रहे हैं। इसकी शुरूआत उसी दिन से हुई जिस दिन धर्मनिरपेक्षता, जो संविधान का एक मूलभूत आधार स्तम्भ है, को लेकर गाली या कलंक में रूपांतरित करने का प्रयत्न सत्ताधारियों द्वारा होने लगा है। सैक्युलरिज्म आज भी भारत देश की पहचान है जिसे सत्ताधारी पक्ष कमजोर कर रहा है या एक बीमारी साबित करने की होड़ में लग गया है। संविधान की किसी भी चर्चा या बहस को ये लोग सिर्फ इमरजेंसी पर ले जाते हैं और यह भूल जाते हैं कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी, जो हमारी पहली महिला प्रधान मंत्री थीं, ने उस वक्त के

हालातों के मद्देनजर संवैधानिक कदम उठाए और उस दौरान हुई गलतियों की माफी भी देश की जनता से मांगी। इतना ही नहीं, विरोधियों ने उन पर लगे इल्जामों को गठित कमेटी के माध्यम से बरी कर दिया था।

आपातकाल में देश के सभी नागरिकों के मूल अधिकारों को समाप्त कर दिया गया था। पुलिस के पकड़ने पर कोई भी व्यक्ति अदालत नहीं जा सकता था। अगर कोई व्यक्ति यह कह दे कि 'इंदिरा गांधी की सरकार हटानी है' इस बात पर उसे जेल में डाला जा सकता था। आपातकाल में पूरा विपक्ष जेल में था। करीब डेढ़ लाख आम जनता 18 महीने जेल में रही। 38वां और 39वां संविधान संशोधन करके सरकार के किसी भी निर्णय पर न्यायिक समीक्षा का अधिकार समाप्त कर दिया गया था। संविधान की प्रस्तावना को बदल दिया गया था और सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्दों को जोड़ दिया गया, यह तब किया गया, जब पूरा विपक्ष जेल में था। देश के ऊपर एक नेता को कर दिया गया था। 'इंदिरा इज इंडिया' कर दिया गया। कांग्रेस ने सात तरीके से संविधान की हत्या की। कांग्रेस से जवाब चाहिए। इजराइल-हमास युद्ध पर प्रस्ताव पारित करने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने आज तक इस कृत्य पर कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया।

"कांग्रेस ने भारतीय इतिहास में ये काला दौर शुरु किया था।"

भारत के इतिहास में एक ही उदाहरण है जब किसी प्रधानमंत्री को चुनाव में धांधली का दोषी पाया गया। इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने चुनावी कदाचार और चुनावी भ्रष्टाचार का दोषी पाया था। उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो

उनकी सदस्यता बरकरार रखी गई। मगर वह सांसद के रूप में काम नहीं कर सकती थीं। वह छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकती थीं। लोकसभा की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकीं और वोट भी नहीं दे सकती थीं। तभी उन्होंने आपातकाल लगाया। प्रधानमंत्री के किसी निर्णय पर कोई टिप्पणी भी कोर्ट नहीं कर सकता था।

अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में राजग सरकार (NDA) के 6 साल के कार्यकाल में राष्ट्रपति शासन 4 बार लगने की नौबत आई थी, लेकिन अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है।

कांग्रेस अपने शासन काल के दौरान सत्ता में रहते हुए 91 गैर कांग्रेसी सरकारों (Non Congress Government) को हटाने का काम कर चुकी है।

सन् 1951 में पहली बार जवाहरलाल नेहरू जी के प्रधान मंत्री रहते पंजाब में सरकार को बर्खास्त किया गया था और उसके बाद से विभिन्न राज्यों में कुल 111 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया।

पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने अनुच्छेद 356 को सबसे ज्यादा 45 बार लागू किया। सबसे दिलचस्प है कि 1959 में जब इंदिरा ने केरल में कम्यूनिस्ट सरकार को गैर संवैधानिक तरीके से गिराया तो फिरोज़ गांधी ने भी इसका विरोध किया। हालत ये हुई कि इस घटना के विरोध में फिरोज़ गांधी फिर कभी प्रधानमंत्री आवास नहीं गए। जब उनकी मौत हुई, तब ही उनके पार्थिव शरीर को तीन मूर्ति ले जाया गया।

अनुच्छेद 356 पर सरकारिया आयोग की रिपोर्ट कई बातों का खुलासा करती है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि शुरुआती सालों में अनुच्छेद 356 के प्रयोग में संयम बरता गया था और 1967 तक 12 बार इसे लागू किया गया था। हालांकि 1967 से 1985 के बीच में 62 अवसरों पर इसका सहारा लिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पंजाब में 1951 में पहली बार इसका उपयोग सत्ताधारी पार्टी के आंतरिक संकट को दूर करने के लिए किया गया था, तभी से इसके दुरुपयोग की नींव पड़ गई थी। यह 1977 और फिर 1980 में चरम पर पहुंच गया, जब एक ही समय में 9 राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। इतना कुछ करने के बाद भी कांग्रेस के संविधान पर चर्चा करना,

कॉंग्रेस के नेताओं के मुंह से संविधान की रक्षा शब्द शोभा नहीं देता।

2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था, "मेरे लिए संविधान पवित्र है। यह सर्वोच्च है।"

केंद्र सरकार संविधान की 75वीं वर्षगांठ को बड़े पैमाने पर मना रही है।

अक्टूबर 2015 में प्रधान मंत्री मोदी जी ने घोषणा की थी कि 26 नवंबर को डॉ. बी आर अंबेडकर जी की याद में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 19 नवंबर को सरकार ने एक गजट अधिसूचना जारी कर 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया।

वर्ष 2015 में अंबेडकर जी की 125वीं जयंती भी मनाई गई। तब से संविधान दिवस प्रतिवर्ष 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने की याद में मनाया जाता है।

वर्ष 2022 से संसदीय कार्य मंत्रालय ने नागरिकों को 'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में संविधान प्रश्नोत्तरी और प्रस्तावना के ऑनलाइन वाचन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

दो वेब पोर्टल अधिकतम सार्वजनिक भागीदारी की सुविधा प्रदान करते हैं :

एक, 22 आधिकारिक भाषाओं और अंग्रेजी में प्रस्तावना के ऑनलाइन वाचन के लिए, और दूसरा 'भारत लोकतंत्र की जननी' नामक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी के लिए।

वर्ष 2010 में, गुजरात के मुख्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, प्रधान मंत्री मोदी जी ने 'संविधान गौरव यात्रा' का आयोजन किया। संविधान को हाथी की पीठ पर रखा गया था और मोदी जी ने राज्य के अन्य मंत्रियों और नेताओं के साथ हाथी के आगे चलते हुए इस जुलूस का नेतृत्व किया था।

प्रधान मंत्री मोदी जी ने डॉ. अंबेडकरजी की याद में 'पंचतीर्थ' शब्द गढ़ा है, जिसमें दलित आइकन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों का उल्लेख है : महू में उनका जन्मस्थान ('जन्मभूमि'), लंदन में वह स्थान जहां वे ब्रिटेन में अध्ययन के दौरान रहे, नागपुर में 'दीक्षा भूमि (जहां उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया), दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल और मुंबई में 'चैत्य भूमि'।

दिनांक 7 दिसंबर, 2017 को प्रधान मंत्री मोदी जी ने दिल्ली में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर

का उद्घाटन किया। इस सेंटर का उद्देश्य कठोर और प्रामाणिक शोध के माध्यम से सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक असमानताओं को कम करना है।

दिनांक 14 अप्रैल, 2016 को प्रधान मंत्री जी ने डॉ. अंबेडकर जी की 125वीं जयंती पर उनके जन्म स्थान महू में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

दिनांक 14 नवंबर, 2015 को प्रधान मंत्री मोदी जी ने लंदन में डॉ अंबेडकर जी को समर्पित एक स्मारक का उद्घाटन किया। यह भारत द्वारा उस बंगले को अधिग्रहित करने के दो महीने से अधिक समय बाद हुआ, जहां दलितों के प्रतीक और भारत के संविधान के निर्माता 1920 के दशक में एक छात्र के रूप में रहा करते थे।

वर्ष 2015 में, प्रधान मंत्री जी ने बाबा साहेब अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दो स्मारक सिक्के जारी किए, जो डॉ. अंबेडकर जी की 125वीं जयंती समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।

मौजूदा समय में कुछ मुद्दे बेहद गंभीर हो गए हैं, जिनका राजनीतिक दृष्टिकोण से भी विश्लेषण करना आवश्यक है। आप मानते हैं कि जब देश की सुरक्षा और एकता की बात आती है, तो यह पार्टी राजनीति से ऊपर है। अगर कोई भारतीय नागरिक या नेता, चाहे वह किसी भी पार्टी से हो, विदेशों में उन ताकतों के साथ संबंध बनाता है, जो भारत के खिलाफ काम कर रही हैं, तो उस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। यह मुद्दा देश की सुरक्षा और हित से जुड़ा हुआ है और इसमें पार्टी के विवादों को अलग रखा जाना चाहिए।

कांग्रेस पार्टी से लेकर अन्य राजनीतिक दलों तक सभी को यह समझना चाहिए कि संविधान पर चर्चा और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर संसद में बात करना चाहिए, लेकिन जब राष्ट्रीय हित की बात आए, तो वहां कोई भी समझौता नहीं किया जाना चाहिए। सरकार और संसद के बाकी सदस्य इस बात को समझते हुए कार्य करेंगे कि जब भी देश की सुरक्षा और उसकी नीतियों को चुनौती दी जाती है, तो यह सभी के लिए एकजुट होकर काम करने का वक्त होता है। कांग्रेस पार्टी हो या किसी अन्य पार्टी का कोई भी नेता, अगर कोई भारत विरोधी ताकतों के साथ जुड़े हुए पाए जाते हैं, तो सभी

भारतीयों को एकजुट होकर उनके खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

*__SHRI NARESH GANPAT MHASKE (THANE):__ Hon'ble Speaker, Sir, first of all, I would like to congratulate our entire country on the 75th Anniversary of adoption of our Indian constitution.

Architect of Indian Constitution, Bharat Ratna Dr. Baba Saheb Ambedkar was like a father, a guardian and that is why he was fondly regarded as Babasaheb. But, today in this House, the people sitting here are calling him B.R. Ambedkar and Bhimrao Ambedkar and not regarding him as 'Babasaheb'. They are avoiding calling him Babasaheb. They talk about constitution only for votes and nothing else.

Speaker Sir, Babasaheb Ambedkar in his last speech in Constituent Assembly warned about the challenges of urban naxals who want to change the democratic set-up in our country. Dr. Babasaheb Ambedkar said that the communists wanted absolute power so that they can do anything.

I do not need to mention here about whom he was talking about. This House knows about it. If they do not get the power, they stand against the system and constitution. But keep on talking about the constitution and doing the lip-service only. The Opposition parties should self-introspect.

Everybody in this country talks about constitution and constitutional rights as per convenience.

We should talk about the challenges posing before our constitution.

---

* English translation of the speech originally laid on the Table in Marathi.

Unfortunately, this trend of selective implementation is growing nowadays. Article 370 was removed from Jammu & Kashmir and our constitution started implementing there but the Opposition did not congratulate Modi Government. But they opposed it. So, this is their dual character which they have shown in this connection. The Opposition is talking about freedom of expression but when Prime Minister starts speaking in this House, the Opposition Benches start disturbing him. They want freedom of expression for themselves, but what about our Prime Minister?

Everybody has got the right to property in our constitution legally, but they are supporting the Waqf Board, which denies the same right to Hindus, Sikhs and Christians.

Constitution has a provision for Uniform Civil Code, but our Opposition Parties oppose it and this is called double dealing.

If the Supreme Court of India did not deliver the decision supporting the stand of the Opposition Parties, they criticize it and question its credibility.

When the inauguration of Ram Mandir took place, the Opposition Parties opposed and boycotted it. But in reality, they boycotted Ram, our constitution and also insulted the Supreme Court's decision too.

Some people are roaming here and there carrying a copy of constitution with them. But they should put it on their heads.

He was not the citizen of this country for the last ten years. He has got a citizenship anyhow and now dreaming of the post of Prime Minister. This happened just because we have a very liberal constitution.

I would like to congratulate everybody on this occasion of 75th years of constitution Adoption. I wish everyone should contribute for the success of our constitutional system.

***श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) :** संविधान हमारे लिए एक पुस्तक नहीं, बल्कि हमारे लिए जीवन जीने के आदर्श के साथ एक पवित्र ग्रंथ है। मैं संविधान के निर्माणकर्ता पूज्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर साहब, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी एवं अन्य सभी महानुभावों को नमन करता हूँ। मैं भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा कराने के लिए देश के मा. प्रधान मंत्री जी एवं लोक सभा अध्यक्ष जी के साथ-साथ पूरी सरकार के प्रति सम्मान करता हूं।

मैं वैसे लोगों को कहना चाहता हूँ, जो संविधान की प्रति हाथ में दिखावे के लिए लेकर चलते हैं, उन्हें मेरी सलाह है कि संविधान को अपनी आत्मा में रखें एवं उसका सम्मान करें।

मैं फिर से संविधान के प्रति सम्मान करता हूँ। साथ ही मा. प्रधान मंत्री जी को इस पवित्र ग्रंथ पर चर्चा कराने के लिए धन्यवाद करता हूँ।

***श्री संजय उत्तमराव देशमुख (यवतमाल-वाशिम) :** आज मुझे अपने विचार व्यक्त करने का जो अवसर मिला है, उसके लिए मैं आभारी हूं। आज मैं संविधान के महत्व और उसकी आवश्यकता पर कुछ शब्द कहना चाहता हूं। हमारा संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, जो हमें न्याय, समानता, और स्वतंत्रता का अधिकार देता है। यह हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का एक आदर्श मार्गदर्शक है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इस संविधान को तैयार किया, जिसमें भारत के हर नागरिक को समान अधिकार मिले और समाज में हर प्रकार की असमानता और भेदभाव को समाप्त किया जाए। यह संविधान हमें यह सिखाता है कि हर नागरिक को न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार है और साथ ही कर्तव्यों का पालन भी करना है।

---

* Speech was laid on the Table.

हमारे संविधान के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों में एकता और विविधता का समावेश है। "हम भारत के लोग" यह शब्द हमारे लोकतंत्र की नींव हैं। हमारे समाज की ताकत उसकी विविधता में है और यह संविधान हमें एकजुट होकर इस विविधता का सम्मान करने की प्रेरणा देता है।

लेकिन, आज के दौर में हम देख रहे हैं कि कई बार हम संविधान के इन सिद्धांतों को भूल जाते हैं। आज जब "बटेंगे तो कटेंगे" जैसे नारे लगाए जाते हैं, तो हमें यह सवाल करना चाहिए कि क्या हम संविधान की आत्मा को सही से समझ रहे हैं और उसका पालन कर रहे हैं? क्या हम अपने स्वार्थ में इतना खो गए हैं कि हम संविधान के उद्देश्यों को नजरअंदाज कर रहे हैं?

हमारे प्रधानमंत्री और अडाणी के रिश्तों पर सवाल उठ रहे हैं, और यह सवाल भी है कि क्या सरकार ने अडाणी जैसे उद्योगपतियों को अनावश्यक समर्थन दिया है। जब हम योजनाएं बनाते हैं, तो क्या यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वह देश के गरीबों के हित में हैं? क्या हम सिर्फ अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुए फैसले ले रहे हैं?

हमारा संविधान हमें अधिकार देता है, लेकिन उस अधिकार का सही इस्तेमाल तब ही संभव है, जब हम अपने कर्तव्यों को भी निभाएं। आज, जब देश के गरीबों के अधिकारों की बात आती है, तो क्या हम उनके पक्ष में खड़े होते हैं या सिर्फ अपने लाभ के लिए फैसले लेते हैं?

हमारे संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह है कि हम एक-दूसरे के अधिकारों का सम्मान करें। लेकिन, जब हम "बटेंगे तो कटेंगे" जैसे नारे सुनते हैं, तो क्या यह हमारी एकता को कमजोर नहीं करता? क्या यह संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ नहीं है?

इसके अलावा, मणिपुर में जो कुछ भी हुआ, वह हमें सोचने पर मजबूर करता है। जहां एक ओर संविधान हमें न्याय, समानता और भाईचारे की बात करता है, वहीं दूसरी ओर मणिपुर जैसी घटनाएं हमारे समाज के लिए शर्म की बात हैं। वहां की स्थिति पर हमारे नेताओं की चुप्पी सवाल खड़ी करती है। क्या यह हमारे संविधान के उद्देश्यों का उल्लंघन नहीं है?

आखिरकार, संविधान की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। यह सिर्फ शब्दों में नहीं, बल्कि हमारे कार्यों में भी होना चाहिए। हमें संविधान के सिद्धांतों का पालन करना होगा, ताकि हम इसे आने

वाली पीढ़ियों तक मजबूत और सशक्त बना सकें। डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि संविधान तभी जीवित रहेगा, जब उसमें विश्वास रखने वाली जनता रहेगी। आइए, हम सब मिलकर यह वादा करें कि हम संविधान को सशक्त बनाए रखेंगे और इसे हर भारतीय के दिल में हमेशा जलती हुई लौ की तरह रखें। धन्यवाद।

*__श्री देवुसिंह चौहान (खेड़ा) :__ हम सबके लिए आज का सत्र गर्व का क्षण है। आज की महत्वपूर्ण चर्चा संविधान की यात्रा के प्रति न केवल जागरूकता पैदा करने के लिए है, बल्कि हम सबको संविधान के प्रति प्रतिबद्धता और संकल्पित करने के उत्कृष्ट उद्देश्य से की जा रही है।

मैं इस अवसर पर विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करता हूँ और उनकी प्रतिबद्धता को नमन करता हूँ।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी की 125वीं जयंती के अवसर पर 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित कर अपनी संविधान के प्रति अतिश्रद्धा और कर्तव्यनिष्ठा को प्रकट किया है।

यह एक ऐसा ऐतिहासिक कदम है जो आज़ादी के 75 साल बाद भी किसी नेता, राजनीतिक दल या सरकार के ध्यान में नहीं आया। यह निर्णय न केवल हमारे संविधान के प्रति सम्मान को व्यक्त करता है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसे समझने की प्रेरणा भी देता है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जब तत्कालीन गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब पूरे भारतवर्ष में संविधान को हाथी पर सुसज्जित कर शोभा यात्रा निकाली गई थी।

भारतवर्ष अपनी सनातनी परंपरा का पालन करते हुए 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित् दुःखभाग्भवेत्' के आदर्श पर चला है, जिसका अर्थ है, हम सब सुखी रहें, सब निरोगी रहें, और किसी को भी दुख का सामना न करना पड़े। इसी भावना ने भारत को विश्वबंधुत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है। उदाहरण के तौर पर, कोविड-19 महामारी के

* Speech was laid on the Table.

समय भारत ने 100 से अधिक देशों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराई, यह दर्शाते हुए कि हमारी सोच सीमाओं से परे है और हम विश्व कल्याण की सोच रखते हैं।

श्रद्धेय नरेंद्र मोदी जी की इस नेतृत्व क्षमता और दृष्टिकोण को दुनिया ने भी सराहा है, तभी वे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं।

भारतीय राजनीति के इतिहास में पहली बार, 20 से अधिक देशों ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है, जिनमें 10 मुस्लिम देश भी शामिल हैं।

भारत का संविधान, भारत की समावेशी सोच और वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक है, जो हर संस्कृति और धर्म को साथ लेकर चलता है। संविधान के निर्माताओं ने भी हमारी परंपरा और हमारे चिंतन के अनुरूप संविधान का निर्माण किया है। जैसा कि ऋग्वेद में कहा गया है, 'आ नो भद्रा: क्रतवो यन्तु विश्वत:' यानी हर दिशा से हमें अच्छे विचार मिलें, जो हमें सही राह दिखाएँ। यही भारतीय लोकतंत्र का आधार है, जहाँ हर विचार का सम्मान होता है और हर व्यक्ति को अपनी बात कहने का अधिकार मिलता है।

भारतवर्ष की पावन भूमि पर प्राचीन सभा और समिति जैसी परंपराएँ हमारी सनातनी परंपरा का हिस्सा रही हैं और आज हमारा संविधान भी सबको साथ लेकर चलने की सोच को आगे बढ़ाता है। यही वजह है कि भारत न केवल लोकतंत्र की जननी है, बल्कि इसका ध्रुवतारा है।

सनातन धर्म जिसे शाश्वत धर्म भी कहते हैं, सत्य, अहिंसा, न्याय और समानता जैसे आदर्शों पर आधारित है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े हुए हैं।

प्राचीन भारत में सभा और समिति जैसी व्यवस्थाएँ थीं, जहाँ लोग मिलकर फैसले लेते थे। ये हमारे लोकतंत्र की शुरुआत की झलक थी। इसी सहिष्णुता और लोक भागीदारी की परंपरा के कारण भारत न केवल लोकतंत्र बल्कि सुशासन का भी जनक है।

श्रद्धेय मोदी जी का नारा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' आज गुड गवर्नेंस का आधार बना है। आदरणीय मोदी जी की सरकार, 'ease of living' और 'ease of doing business' के लिए, Reform और Perform के माध्यम से Transform लाने के लिए

हमेशा तत्पर रहती है।

SC/ST/OBC/ महिला जैसे समाज के विविध वर्गों का सशक्तिकरण करके मोदी जी की सरकार विकसित भारत की नींव मजबूत कर रही है।

आदरणीय मोदी जी की सरकार सामाजिक न्याय के लिए काम कर रही है। श्रद्धेय मोदी जी की सरकार ने ओबीसी राष्ट्रीय आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर उनकी दशकों पुरानी मांग को पूरा किया।

श्रद्धेय मोदी जी की सरकार ने संविधान संशोधन के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के फैसले से महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी कटिबद्धता दिखाई है। उज्ज्वला, जन धन और मुद्रा योजना ने महिलाओं को सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

हमारे संविधान के संघीय ढाँचे का महत्व समझते हुए, 'One Nation, One Tax' यानी GST को लागू करके सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया गया है।

केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय के लिए GST काउंसिल की स्थापना कर लोकतांत्रिक प्रणाली को सशक्त करने का काम किया गया।

बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि हमारे लोकतंत्र के संविधान की इस पवित्र यात्रा में तानाशाही मानसिकता वाले लोग भी शासन में आ गए, जिनकी मानसिकता ने लोकतांत्रिक माध्यम से चुनी गई अनेक सरकारों को बर्खास्त कर दिया।

यह सिलसिला 1952 से शुरू हुआ, जब पहले पंजाब सरकार को बर्खास्त कर दिया गया और 1959 में केरल की सरकार को बर्खास्त कर दिया गया। इसी मानसिकता ने हमारे संविधान की धज्जियाँ उड़ाई और एक ही रात में नौ-नौ राज्यों की सरकारों को अनुच्छेद 356 के तहत बर्खास्त कर दिया।

अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग 90 बार किया गया और 90 बार सरकार का भोग लेने में हमारे देश की एक महिला प्रधानमंत्री का सबसे बड़ा योगदान था, जिन्होंने 90 में से 50 सरकारों को बर्खास्त

किया।

इसी तानाशाही, सत्ता-लालच मानसिकता ने 26 जून, 1975 को संविधान को ही रौंद दिया और देश में आपातकाल लागू कर पूरे देश को जेलखाने में बदल दिया। 1967-68 तक विधान सभा और लोक सभा का चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसके बाद देश को बार-बार चुनावों में धकेल दिया गया, जिससे प्रशासनिक संसाधन, पैसे और समय बर्बाद हुआ।

आज जो लोग 'Freedom of Speech' के ढोल-नगाड़े पीटते हैं, उसी मानसिकता वाले लोगों ने एक लाख लोगों को, जिनमें नेता, अभिनेता, आम जनता, मीडिया, विद्यार्थी और अनेक लोग शामिल थे, जेल के हवाले कर दिया था।

संविधान की किताब हाथ में रखने वाला हाथ, लोकतंत्र की हत्या करने वाला हाथ आज जब संविधान उठा रहा है, तो संविधान खुद शर्मिंदा हो रहा है।

70 साल से इस देश में और जम्मू-कश्मीर में दो संविधान चल रहे थे। जम्मू-कश्मीर में भारत के लाखों भाइयों और बहनों को अपने अधिकारों से वंचित रखा गया था। अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा मिला था, तब ये लोग चुपचाप तमाशा देख रहे थे।

तब भारत माँ का एक वीर सपूत, श्रद्धेय श्री नरेंद्र मोदी जी, जो इस देश के सर्वोच्च गृह में प्रवेश करते वक्त, उस मंदिर की चौखट पर शीष झुकाते हैं, संविधान को नमन करते हैं, ऐसे, मक्कम मन के महापुरुष ने एक ही झटके में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को दूर करके करोड़ों भारतीयों का सपना पूरा किया। माँ भारती के सिर का ताज, माँ भारती को लौटा दिया।

अब ये लोग कितनी भी कोशिश कर लें, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 कभी वापस नहीं आएगा।

जब तक भारतवर्ष की इस पवित्र भूमि पर भारतीय जनता पार्टी का एक भी कार्यकर्ता है, तब इन लोगों के देशविरोधी मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देंगे।

मैं विपक्ष के साथियों से अपील करता हूँ कि राजनीति से ऊपर उठें और हमारे पवित्र ग्रंथ संविधान, भारत के लोकतंत्र की आत्मा और उसके मूल विचारों को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

जय हिंद।

भारत माता की जय।

*__एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी (नन्दुरबार) :__ सबसे पहले संविधान की यात्रा जैसे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर मुझे अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद।

संविधान शब्द ही हम सब के लिए गर्व का है, जब हम संविधान की बात करते हैं तब हम स्वमेव गौरवान्वित महसूस करते हैं। हम संविधान की गौरवशाली यात्रा पर तो चर्चा करेंगे ही साथ साथ हम वर्तमान सरकार द्वारा किस तरह भारतीय संविधान का उल्लंघन किया जाता है लगातार इस पर भी चर्चा करेंगे और मैं सत्तापक्ष के मित्रों से अपेक्षा करता हूं कि टोका टाकी किए बिना कटु सत्य को सुनेंगे और स्वीकार करेंगे।

संविधान की 75 वर्षों की यात्रा का महत्व

भारतीय संविधान का वैश्विक दृष्टिकोण

- विश्व में सबसे विस्तृत संविधान होने का गौरव ।
- दक्षिण अफ्रीका, नेपाल जैसे देशों ने भारतीय संविधान को अपने संविधान निर्माण के लिए प्रेरणा माना।
- संविधान ने समानता, धर्मनिरपेक्षता, और मानवाधिकारों की धारणा को बढ़ावा दिया।

महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन और उनकी भूमिका

- पहला संशोधन (1951): सामाजिक और आर्थिक अधिकारों को मजबूत करने के लिए भूमि सुधार कानून लाए गए।
- 42वां संशोधन (1976): समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को प्रस्तावना में जोड़ा गया।
- 73वां और 74वां संशोधन (1993): पंचायत राज और स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया।

---

* Speech was laid on the Table.

भाजपा शासित राज्यों के हालिया गैर-संवैधानिक कृत्य

शिक्षा के क्षेत्र में हस्तक्षेप

- इतिहास और सामाजिक विज्ञान की किताबों में बदलाव।

- मुगल इतिहास, नेहरू के योगदान, और वैज्ञानिक सोच को हटाने की कोशिश।

- कई भाजपा शासित राज्यों ने विशेष भाषा' को प्राथमिक शिक्षा का हिस्सा बनाया, जबकि क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी की।

अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले

- कानून का दुरुपयोगः

- UAPA, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) का इस्तेमाल अल्पसंख्यकों और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया गया।

- 2020-23 के बीच UAPA के तहत दर्ज मामलों में 64% मुस्लिम और दलित समुदाय से जुड़े थे।

- हिजाब और नमाज पर रोकः

-उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पढ़ने और हिजाब पहनने पर प्रतिबंध।

निजीकरण और कॉर्पोरेट समर्थक नीतियां

- संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी कर श्रम कानूनों को कमजोर करना।

- सरकारी संपत्तियों का निजीकरणः रेलवे, एयर इंडिया, और कोयला खदानों की बिक्री ने संवैधानिक दायित्वों की अनदेखी की।

आर्थिक और सामाजिक असमानता पर संवैधानिक प्रभाव

सामाजिक असमानता के बढ़ते आंकड़े

- 2024 में भारत में शीर्ष 1% के पास 41% संपत्ति।

- दलित और आदिवासी समुदायों को विकास योजनाओं में हिस्सेदारी नहीं मिल रही।

महिलाओं की स्थिति

- लैंगिक समानता पर भारत का प्रदर्शनः

- 2024 में ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट में भारत 146 देशों में से 127वें स्थान पर।

- भाजपा शासित राज्यों में महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता (उन्नाव और हाथरस कांड)।

आरक्षण के प्रभाव को कमजोर करने की कोशिशः

कानून और व्यवस्था पर गिरती स्थिति

मानवाधिकार उल्लंघन के मामले

- एनएचआरसी (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) द्वारा 2023 में दर्ज मामलों की संख्या 28,000+1

भाजपा शासित राज्यों में मॉब लिंचिंग की घटनाएं अधिकः

सांप्रदायिक हिंसा में वृद्धि

- 2023 में सांप्रदायिक हिंसा के 822 मामले दर्ज हुए।

- भाजपा शासित राज्यों में सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देने के लिए नफरत भरे भाषणों का खुला समर्थन ।

- मणिपुर हिंसा (2023): केंद्र सरकार का निष्क्रिय रवैया।

- दिल्ली सरकारः मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल के बीच टकराव।

संविधान की रक्षा के लिए जरूरी कदम

संस्थाओं की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना

- चुनाव आयोग, सीबीआई, और ईडी जैसी संस्थाओं को कार्यपालिका के प्रभाव से मुक्त करना।

- न्यायपालिका के स्वायत्तता को मजबूत करना।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का संरक्षण

- प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कड़े कानून बनाए जाएं।

- डिजिटल मीडिया पर बढ़ते सेंसरशिप पर रोक।

सांप्रदायिक सौहार्द का पुनर्निर्माण

- नफरत भरे भाषण और धार्मिक आधार पर विभाजन की राजनीति पर सख्त कार्रवाई।

- धार्मिक सद्भावना बढ़ाने के लिए शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम।

जनता के अधिकारों की रक्षा

- विरोध प्रदर्शन के अधिकार की रक्षा।
- न्यायपालिका में लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए विशेष अदालतों का गठन।

संविधान की 75 वर्षों की यात्रा गौरवपूर्ण है, लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में संवैधानिक मूल्यों का हनन गंभीर चिंता का विषय है। यह संसद, न्यायपालिका, मीडिया, और नागरिक समाज की जिम्मेदारी है कि वे संविधान के बुनियादी ढांचे की रक्षा करें।

संवैधानिक यात्रा में ऐतिहासिक उपलब्धियां और चुनौतियां

स्वतंत्रता के बाद संविधान का निर्माण

- प्रारूप समिति और डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान
- संविधान 2 साल, 11 महीने, 18 दिन में तैयार हुआ।
- भारत ने समानता, स्वतंत्रता, और न्याय के मूल्यों को अपनाया।
- संविधान के कार्यान्वयन के पहले दशक में
- भूमि सुधारः 1950-60 के दशक में भूमि को समान रूप से वितरित करने के लिए राज्यों ने प्रमुख कदम उठाए।
- शिक्षा का अधिकारः राज्यों में प्राथमिक शिक्षा को मुफ्त और अनिवार्य बनाया गया।

आर्थिक उदारीकरण का युग (1991)

- संविधान ने निजीकरण और उदारीकरण के बाद आर्थिक असमानता को संतुलित करने की कोशिश की।
- अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को आर्थिक विकास में लाने के लिए आरक्षण का विस्तार।

वर्तमान सरकार की नीति और संवैधानिक उल्लंघन

अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा

- 5 अगस्त 2019 को केंद्र ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द कर दिया।

- जम्मू-कश्मीर में बिना जन-सहमति के यह कदम संघीय ढांचे का उल्लंघन था।

जन-विरोधी कानूनों का निर्माण

- कृषि कानून (2020):

- लाखों किसानों ने दिल्ली की सीमाओं पर विरोध किया।

- सरकार ने बिना व्यापक चर्चा के कानूनों को लागू किया।

- मजदूर अधिकारों का क्षरणः

- श्रम कानूनों में संशोधन से श्रमिकों के अधिकार कमजोर हुए।

संवैधानिक मूल्यों का राजनीतिकरण

- धर्मनिरपेक्षता पर प्रहारः

- भाजपा शासित राज्यों में मंदिर-मस्जिद विवादों को राजनीतिक लाभ के लिए हवा दी गई।

- उदाहरणः उत्तर प्रदेश में धर्मातरण विरोधी कानून।

नागरिक अधिकारों पर अंकुश

- विरोध प्रदर्शन का दमनः

- 2019-2022: 75% विरोध प्रदर्शनों पर हिंसात्मक कार्रवाई हुई।

- अलग-अलग घटनाएं:

- दिल्ली में नागरिकता कानून के विरोध पर पुलिस कार्रवाई।

संवैधानिक संस्थाओं पर हमला

संसद में विधेयकों का जल्दबाजी में पारित होना

- संसद में चर्चा का समय 2014 के बाद 50% कम हो गया है।

आरटीआई अधिनियम का कमजोर होना

- 2019 के संशोधन ने सूचना आयुक्तों की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया।

- 2022-23 में आरटीआई आवेदन को खारिज करने की दर 35% तक बढ़ गई।

जनगणना में देरी

- 2021 की जनगणना अभी तक नहीं हुई है।

- यह देरी नीतिगत निर्णयों में पारदर्शिता की कमी दिखाती है।

मीडिया और न्यायपालिका पर नियंत्रण

प्रेस की स्वतंत्रता का हनन

- 2023 में 14 पत्रकारों की हत्या की गई।

- डिजिटल मीडिया पर सेंसरशिप बढ़ी।

न्यायपालिका में सरकार का हस्तक्षेप

- सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और कॉलेजियम के बीच टकराव।

- न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश।

विकल्प और सुधार की आवश्यकता

स्वतंत्र संस्थाओं को मजबूत बनाना

- चुनाव आयोग, सीबीआई, और प्रवर्तन निदेशालय जैसी संस्थाओं की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए ।संविधान की शिक्षा को बढ़ावा

- स्कूल और कॉलेज स्तर पर संवैधानिक शिक्षा अनिवार्य हो।

सांप्रदायिक सद्भाव की बहाली

- नफरत फैलाने वाले भाषणों पर सख्त कार्रवाई।

संविधान केवल कागजों पर लिखे शब्द नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा और जनता की सुरक्षा का आधार है। वर्तमान सरकार और भाजपा शासित राज्यों की नीतियां संविधान के बुनियादी ढांचे को कमजोर कर रही हैं। इसे रोकने के लिए विपक्षी दल, नागरिक समाज और न्यायपालिका को साथ आना होगा। यह भारत के लोकतांत्रिक भविष्य की रक्षा का समय है।

संविधान बचेगा, तभी देश बचेगा।

बात संविधान की चल रही तो एक उदाहरण प्रमुखता से देना चाहूंगा मैं- माननीय प्रधानमंत्री का गृह प्रदेश गुजरात की घटना है जहां हमारे ज्येष्ठ श्रेष्ठ नेता भारत के पहले उप प्रधानमंत्री श्रद्धेय

वल्लभ भाई पटेल जी का स्टेच्यू बनाया गया है, स्थान का नाम है केवड़िया, मैं बताना चाहूंगा कि वहां बिना ग्रामसभाओं के प्रस्ताव और आदिवासी जनों की सहमति के बिना, आदिवासियों के गांव के गांव उजाड़ दिए गए, जमीनें छीन ली गई, सहमति तो नहीं ही ली गई उन्हें मुआवजा भी नहीं दिया गया, उन्हें जमीनें भी नहीं दी गई। आज भी उन आदिवासियों का परिवार दर बदर भटक रहा है, ये संविधान को सुरक्षित रखने की बात करते हैं। अरे आप वंचित वर्ग को, आदिवासियों को प्रताड़ित करके आप सरदार पटेल जी को सम्मान नहीं दे रहे अपमानित ही कर रहे। और रही बात सम्मान की तो मैं भी गया महोदय स्टेच्यू ऑफ यूनिटी देखने, वहां मैने देखा कि स्टेच्यू के सीने के हिस्से में शौचालय बनाया गया है, जबकि भूतल से लिफ्ट के माध्यम से सीने के हिस्से में पहुंचने में मात्र 15 से 20 सेकंड लगता है। यदि आपको शौचालय बनाना ही है तो भूतल में बना देते परंतु नहीं आपको तो संविधान का उल्लंघन करने में ज्येष्ठ श्रेष्ठ जनों, जिन्होंने ने आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया उनका अपमान करने में आनंद की अनुभूति होती है।

आरएसएस ने जनसंघ बनाकर जिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी को बागडोर सौंपी थी, वे बंगाल में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। यही नहीं, उन्होंने सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज को रोकने के लिए एक व्यापक योजना बनाकर अंग्रेज़ गवर्नर को सौंपी थी। गद्दारी के इस शर्मनाक टूलकिट की चर्चा कभी बीजेपी के नेता नहीं करते, हालाँकि वे श्यामाप्रसाद मुखर्जी के नाम का नारा लगातार लगाते हैं।

संघ के बड़े विचारक दीनदयाल उपाध्याय 1916 में पैदा हुए थे। यानी 1947 में उनकी उम्र 31 साल थी। इस दौरान उन्होंने एक बार भी आज़ादी की लड़ाई में न हिस्सा लिया, न जेल गये।

आरएसएस के प्रति नेताओं के विचार

गांधीजी के साथ रहनेवाले लोगों में से ही किसी ने कहा कि आरएसएस के लोगों ने शरणार्थी शिविर में अच्छा काम किया है. उन्होंने वहां अनुशासन, साहस और कठिन परिश्रम से कार्य करने की क्षमता का परिचय दिया है। इस पर गांधीजी ने बीच में ही टोकते हुए कहा- 'लेकिन भूलो मत, हिटलर के नाज़ी और मुसोलिनी के अधीन फासीवादियों में भी ऐसा ही अनुशासन, साहस और ऐसी ही कार्यक्षमता थी।

इसी बातचीत में महात्मा गांधी ने आरएसएस को 'सर्वाधिकारवादी दृष्टिकोण वाले सांप्रादायिक संगठन' की संज्ञा दी थी।

आरएसएस के बारे में गांधी की हत्या से पहले 7 दिसंबर, 1947 नेहरू को लिखते हैं हमारे पास इस बात के ढेरों सबूत हैं, जिससे यह पता चलता है कि आरएसएस अपने स्वभाव से निजी सेनाओं के जैसा संगठन है, जो नीति और संगठन के मामले में साफ तौर पर नाजियों का अनुसरण कर रहा है। हमारी यह बिल्कुल इच्छा नहीं है कि हम नागरिक आजादी में दखल दें, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों को हथियारों की ट्रेनिंग देना और यह मंसूबा रखना कि उनका इस्तेमाल भी किया जाएगा, कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे बढ़ावा दिया जाए। '

"अगर हिंदू राष्ट्र सचमुच एक वास्तविकता बन जाता है तो इसमें संदेह नहीं कि यह देश के लिए भयानक विपत्ति होगी, क्योंकि यह स्वाधीनता, समता और बंधुत्व के लिए खतरा है। इस दृष्टि से यह लोकतंत्र से मेल नहीं खाता। हिंदू राज को हर कीमत पर रोका जाना चाहिए। (डा. अंबेडकर, पाकिस्तान और दि पार्टीशन ऑफ इंडिया, 1946, मुंबई, पृष्ठ 358)|

4 फरवरी, 1948 को एक पत्राचार में गृह मंत्री सरदार पटेल लिखते हैं- "देश में सक्रिय नफ़रत और हिंसा की शक्तियों को, जो देश की आज़ादी को खतरे में डालने का काम कर रही हैं, जड़ से उखाड़ने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को गैरकानूनी घोषित करने का फैसला किया है. देश के कई हिस्सों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े व्यक्ति हिंसा, आगजनी, लूटपाट, डकैती, हत्या आदि की घटनाओं में शामिल रहे हैं और उन्होंने अवैध हथियार तथा गोला बारुद जमा कर रखा है. वे ऐसे पर्चे बांटते पकड़े गए हैं, जिनमें लोगों को आतंकी तरीके से बंदूक आदि जमा करने को कहा जा रहा है।"

आज़ादी की लड़ाई के दौरान सबसे बड़ा प्रतीक था तिरंगा और आरएसएस इसी तिरंगे के विरोध में था।

तिरंगे का यह विरोध आज़ादी के बाद भी जारी रहा। संघ ने आज़ादी के बाद भी अपने कार्यालय में तिरंगा फहराने से इनकार कर दिया। उन्होंने आज़ादी के बाद 15 अगस्त, 1947 और

26 जनवरी, 1950 को दो बार नागपुर के संघ-मुख्यालय पर तिरंगा फहराया। फिर वे भगवा झंडा फहराने लगे। जब मीडिया में खबरें छपने लगीं तब 2002 में यानी 52 साल बाद उन्होंने तिरंगा फहराना शुरू किया। मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं ये कहते हुए कि जिन्होंने हमेशा संविधान का उल्लंघन किया वो संविधान के रक्षक कैसे हो सकते हैं। हम भले विपक्ष में हैं परंतु हमें भी जनता ने चुनकर भेजा है, हम आपके विपक्ष की आवाज को लगातार दबाने की सोच को कामयाब नहीं होने देंगे । धन्यवाद।

***SHRI RAO RAJENDRA SINGH (JAIPUR RURAL):** Dr. Abdul Kalam, President of India, addressed the European Union Parliament in April 2007. He quoted a saying of Sathya Sai Baba:

Where there is righteousness in the heart,
there is beauty in the character.
When there is beauty in the character,
there is harmony in the home.
When there is harmony in the home
there is an order in the nation.
When there is order in the nation.
there is peace in the world.

and the rights and duties of citizens. The Constitution was adopted by the Constituent Assembly on November 26, 1949, and came into effect on January 26, 1950. The day of January 26 is celebrated as India's Constitution Day.

* Speech was laid on the Table.

| | |
|---|---|
| Articles | 395 |
| Parts | 22 |
| Schedules | 8 |

It was handwritten and calligraphic in both English and Hindi, and was about 145,000 words long.

- There has been a huge misconception that the major ideas of sovereignty, liberty, republicanism which were imbibed in the constitution were being made were predominantly foreign to our country. These may have been secondarily adopted from foreign constitutions but were intrinsic to our nation's ancient history and were practised for over 8500 years, evident even in Rigveda, one of the oldest texts in the world.
- During the vedic era, the king's authority and governmental roles hinted at the early concept of sovereignty known as Vedic Ksatra or Ksatrasri, closely tied to the Ksatriya ruler. Ksatrasri, representing the Ksatriya class, was responsible for upholding the Law, protecting the realm, and ensuring the safety of the people.
- During the vedic period kingship remained a secular and populist institution devoid of the sacred or religious connotations.
- The example of the secular nature of the Bharatiya king was seen in the construction of Cheraman Juma Masjid in the Muziris mosque was built in 629 A.D by Malik Ibn Dinar in Thrissur in Kerala, during the Hindu Dynastic King of Chera Late Cheraman Perumal in the modern-day Kerala.
- Another example of the secular nature of the King of ancient Bharat has been

seen in the construction St. Thomas Church, Palayoor is located at Palayur (also spelled Palayoor), in Thrissur district in Kerala on the west coast of Bharat and was established in 52 A.D by St Thomas. This Church was built under the patronage of the King of Venad, Nedum Cheralathan. These are the two examples of the secular nature of Hindu King and many more were there in ancient Bharat which indicates that Hindu are secular by nature/birth and that is why our country has so many religions and beliefs that survive together.

- At the beginning of the 18th Century, India's share of the world economy was 23%, as large as all of Europe put together. By the time the British departed India, it had dropped to less than 4%. The reason was simple: India was governed for the benefit of Britain. Britain's rise for 200 years was financed by its depredations in India.
- By the end of the 19th Century, India was Britain's biggest cash-cow, the world's biggest purchaser of British exports and the source of highly paid employment for British civil servants - all at India's own expense.
- The "Drain of Wealth" theory as promulgated by the "Grand Old Man" of the freedom movement, Dadabhoy Naroji, implied that a huge amount of wealth created by Indians and in India was being "drained" away from India in order to aid economic development and social progress in Britain, and also to fund the colonial expeditions of the British.
- Besides colonizing the Indian Nation and causing it immense economic damage, the British Colonized Indian Minds. Thomas Macaulay and the British successfully

created a class of people, who were Indians in blood and color, but English in taste, in opinion, in morals and intellect, There was an inferiority complex that was shoved into the Indian mind and education was used as a tool for the same. There were concerted attempts to undermine our culture.

- In this manner, the ghosts of Macaulay-ism continue to haunt us even after 77 years of Independence. There was a major need to transform this system that had very carefully subjugated us to a foreign culture. The New Education Policy, brought in by this government, made a concerted attempt to reverse a great deal of this damage.
- As of now, the UK has not offered any official apology for the immense psychological, sociological and economic damage caused by British rule. Why haven't we ever asked them for any reparations or even an official apology

VARIOUS ASSAULTS BY PREVIOUS REGIMES ON THE CHALLENGES FACED BY INDIAN DEMOCRACY

- Electorally speaking, there was a time when the stronger was way stronger as compared to the BJP, from 1950's to 1970's in both states as well as center. However, nobody then came and questioned the fledgling fundamentals of democracy. If you read what certain academia (like Guha, Chandra) have always propounded is that Indian Democracy was thriving. That too in a country that was effectively a one-party system for a long time.
- The opposition, especially the Congress, have a habit of discrediting institutions for acting on laws made during their regime. A great example of the

same would be the PMLA Act. This country has seen an era where booth capturing was rampant and in some parts of the country, even the norm. Comparing that too today, the opposition tries to find muck even when there isn't any and complains on the state of democracy in India. And ignoring all the abhorrent political choices they make, all they can blame is EVM's and rue the decline of Indian Democracy. This is like a batsman blaming the pitch for not scoring runs.

- These EVM's somehow get their act together in Telangana, Karnataka and Bengal, but become dysfunctional in other states. Thanks to electronic voting machines, Gone are those days when political party workers - the so called 'goondas' used to capture polling stations to tamper votes and make their candidate win. In states like Bengal, however this practice still continues at the behest of the dispensation, but by and large it has ceased.
- Use of state institutions against the BJP goes back a long time. What about the manner in which former Prime Minister of India, Indira Gandhi, forced the Punjab National Bank to pay an overdraft to the Associate Journals Ltd., a party owned entity, without any security. As sacrosanct institutions as a Joint Parliamentary Committee was misused by the Congress to white-wash the entire telecom scam.
- The misuse of the CBI in the Sohrabuddin encounter case in 2005 in Gujrat to Falsely implicate Narendra Modi Ji in an encounter. In 2018, the Court acquitted all 22 accused in the case after observing that prosecution failed to

establish charges against them. What was this? Wasn't this absolutely blatant misuse of state institutions? In the Rising India Summit (2023) precisely narrated how the Congress-led UPA government unfairly framed him 90 percent of the questions during his interrogation they said they would leave him if he names Narendra Modi. An SIT was formed against Modi which the Supreme Court itself dismissed.

- On November 22, 1990, when a Liberal Democrat member of the British Parliament asked about the gap between the wealthy and the needy, Prime Minister Thatcher replied unyieldingly:"What the honorable member is saying is that he would rather that the poor were poorer, provided that the rich were less rich," she argued. "So long as the gap is smaller, the left would rather have the poor poorer"
- The left in India has always propounded "povertarianism", a term often used by renowned journalist of the Print, Mr. Shekhar Gupta. It essentially means the romanticisation of poverty in order to divert your attention from the dire [21:40, 14/12/2024] Pankaj Chaudhary: state of the poor that largely existed throughout the country across various congress regimes.
- Such people live in the biggest of bungalows in Lutyens' Delhi, own the costliest of cars, have the most uptown lifestyle themselves, but they advocate for a socialist form of economic governance. I have my utmost respect for the 1st Prime Minister of this country Shri. Jawaharlal Nehru. His contribution to this country is immense and shall be remembered by all of us throughout our

lifetimes. But the fact that even he lived in a Bungalow on Teen Murti Marg and have a lifestyle that even an upper middle class citizen couldn't afford shows the inherent hypocrisy of the socialists and "left" in India, who oppose the creation of wealth for the populace but would never think twice before enjoying the fruits of their own. In India, they want the poor to remain poor and remain as their vote bank.

- This is not the first attempt to use the force of law to change the national name. Past attempts at effecting an amendment to Article 1 include three private members' bills that were moved in Parliament in 2010, 2012, and 2014.
- The 2010 and 2012 bills, both of which lapsed, were moved by Congress member of Parliament Shantaram Naik. The Naik bills distinguished between the territorial expression contained in "India" from the emotive-patriotic power of "Bharat," finding the latter preferable. The 2014 bill was moved by Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath. It proposed the replacement of "India" with "Hindustan" so that Article I once reordered read "Bharat, that is Hindustan ..." and echoed both the "traditional names" of the country.
- Interestingly, Adityanath's bill is appended in support of the recent writ petition. The Supreme Court itself heard a similar petition in 2015 by a bench headed by then Chief Justice of India HL Dattu. The bench had sought responses from the government, but the matter was dismissed some months later by the success

- In 1893, the German Orientalist Gustav Oppert declared that Bharatavarsa was the only relevant national designation for India:"I prefer as India's name the designation Bharatavarsa, or land of the Bharatas. [...] Such a name will bridge over the great social chasms, which divide at present the Hindus, and perhaps bring together in union the two great antagonistic sections of the original inhabitants, which since the earliest times of antiquity have lived estranged from each other [i.e. what he calls further Aryanised and non-Aryan Indian clans']. [...] by accepting such a time-honoured and honourable name as their national designation, a great step towards national unity would be taken in India (Oppert 1893: 621-23)."
- According to Bipin Chandra Pal in 1911, Bharata was now fully prepared to embark on a career on the political stage, as politics had become 'the unavoidable terrain on which Indians would have to learn to act. In The Soul of India published in 1911, Bipin Chandra Pal (1858-1932) proclaimed it to be the only real indigenous name for India."We never called her either India or Hindoostan. We knew her of old by quite a different name (p. 57). [...] The fact of the matter really is, that as long as you look upon our country as 'India or the Land of the Indus you will get no closer and truer view than the foreign officials and students have been able to do (p. 62). [...] Our own name was, and is still today, among the Aryan population of the country, Bharatvarsha.
- The Constituent Assembly did not spend much time on the issue of renaming India. Much of the discussion focused on the latter half of Article 1, and the

federal relationship it suggested. A closer reading of the assembly's debates reflect that several other "traditional" names for India were in the running. These included Aryavarta, Hind, and Bharatavarsha. When the draft of Article I was introduced, many members seemed pleased at the retention of the "ancient name" Bharat (GOI 1948). A few sought to reorder the article so that the ancient name preceded the "alien" one (GOI 1949)

- Catherine Clémentin-Ojha points out a third name that was never actively considered by the assembly but was colloquially used by most members to refer to the nation in their speeches "Hindustan." For reasons unspoken, it then appears that "three names had been at the start of the race, but at the end the two had been placed on equal footing and one dropped." Although "Hindustan" was colloquially dominant, "Bharat" was eventually preferred (Clémentin-Ojha 2014).
- There are several interconnected reasons why "Bharat" may have been preferable. Clémentin-Ojha indicates the Puranic roots of Bharat, used in the Vishnu Purana and Markandeya Purana to refer to a spatial entity nestled between the Himalayas in the north and the seas in the west, south, and east. She further suggests that Bharatvarsha is a "socialised" invocation of territory, for it indicates karmabhumi, a land where one reaps the rewards of one's karma. In this literature, Bharat is not a political entity as we understand it today. However, accounts of the legendary King Bharat who united all of South

Asia are popular in nationalist imagination, and are found in Jawaharlal Nehru's The Discovery of India as well.

- Names are powerful political expressions. The renaming of public places, roads, and cities, which our petitioner cites approvingly, is an expression of the state's authority to its citizens. Perhaps for this reason, indigenous people in settler colonies have resisted the impositions of colonial names, and have been fighting to retain native place names (Berg and Kearns 1996). National names express sovereignty but also signal the essence of the nation. The politics of naming is closely allied with the attempt to organise public memory around a state-preferred version of the historical past.
- What role does the law play in this politics of naming? One consequence of juridical baptism is the structuring of public discourse what can be said, what cannot be said, and how one should speak with important legal consequences on the freedom of speech and expression. European laws against the denial in public of the Holocaust raise such concerns (Bealvusau and Grabias 2017)
- "There is no liberty where judicial power is not separated from both legislative and executive power. If judicial and legislative powers are not separated, power over the life and liberty of citizens would be arbitrary, because the judge would also be a legislator. If it were not separated from executive power, the judge would have the strength of an oppressor.

  "Thus argued Montesquieu, the great political philosopher of the Enlightenment, in favour of a system of governance in which different branches

of government exercise different powers to avoid concentration of powers and preserve human liberty the legislature should make law, the executive should execute it, and the judiciary should settle disputes in accordance with the law. This is the doctrine of separation of powers.

- Judicial activism happens when the courts have power to review the State action. Article 13 read with Articles 32 and 226 of the Indian Constitution gives the power of judicial review to the higher judiciary to declare, any legislative, executive or administrative action, void if it is in contravention with the Constitution.
- Increasingly, the Supreme Court has interpreted Article 32 in a very liberal manner in many cases in order to enforce fundamental rights even against the private entities performing public functions.
- At many places, the Parliament has accused the judiciary on the ground of judicial intervention. Parliament has said that the judiciary overreaches its constitutional power.
- In Prakash Singh v. Union of India, the petitioners sought directions against the Union of India and State Governments to constitute various Commissions and Boards laying down the policies and ensuring that police perform their duties and functions free from any pressure and also for separation of investigation work from that of law and order.
- Similarly, in Vineet Narain v. Union of India, the Supreme Court invoked Articles 32 and 142 of the Indian Constitution and issued directions to the

government in order to bring transparency and accountability in the Central Bureau of Investigation (CBI).

- On May 11, 2016, the Hon'ble Supreme Court of India in Swaraj Abhiyan-(1) v. Union of India & Ors., 50 directed the Ministry of Agriculture in the Union of India to update and revise the Drought Management Manual. The apex court also directed the Union government to set up a National Disaster Mitigation Fund within three months. Nevertheless, Finance Minister, Arun Jaitley expressed the difficulty to create a third fund outside the National Disaster Response Fund and the State Disaster Response Fund, keeping in view that the Appropriation Bill is being passed. This incident raised concerns about India's budget-making being subject to judicial review.
- Recently, on 16 October 2015 the Constitution Bench of Supreme Court in Supreme Court Advocates-on-Record-Association v. Union of India, 52 in a majority of 4:1 declared the National Judicial Appointments Commission (NJAC) Act and the Constitutional Amendment unconstitutional as violating judicial independence. The Court said that the existing collegium system relating to appointment and transfer of judges would again become "operative." Justice Khehar said that the absolute independence of judiciary, from other organs of governance, protects the rights of the people.
- The Supreme Court's rulings on National Eligibility-cum-Entrance Test (NEET) i.e., single test for admissions in medical courses, reformation in Board for the

Control of Cricket in India (BCCI), filling up the judges' post, etc. have been considered as the judicial intervention by the government.

- The Supreme Court itself in Divisional Manager, Aravali Golf Course v. Chander Has observed that: "Judges must know their limits and must not try to run the Government. They must have modesty and humility, and not behave like Emperors. There is broad separation of powers under the Constitution and each organ of the State-the legislature, the executive and the judiciary- must have respect for the others and must not encroach into each other's domains,"
- Autocratic: Collegium has been evolved by the judiciary itself for retaining the power to select judges by itself. There is no accountability to the collegium system as judges select their own judges.
- Unaccountable: Selection of judges by collegium is undemocratic since judges are not accountable to the people and representative of peoples i.c. executive or legislative.
- Non-transparency and opaque: There is no official procedure for selection or any written manual for functioning. Selective publication of records of meetings with no eligibility criteria of judges, bring opacity in collegium's functioning.
This has not only further solidified the undisputed fact that Jammu & Kashmir is an integral part of India but has also helped in uplifting the overall economic activity of the state and much reduced militant and terrorist activities.

Another ground-breaking step towards ensuring that opportunities reach those in need, irrespective of their caste, was the introduction of 10% reservation for the Economically Weaker Section (EWS). This move was rooted in the constitutional ideal of equality, offering upliftment to all sections of society.

This bold yet balanced reform reflects the government's commitment to sabka saath and sabka vikas. Dr. Ambedkar has rightly said, "Political tyranny is nothing compared to social tyranny, and a reformer who defies society is a much braver man than a politician who defies government. "Unlike any other past governments, the current one has shown the required care and concern to eradicate the poverty that has been reeling in India for decades. The present government has shown the courage to defy inertia and champion reforms in the

spirit of our constitution.

Not only has the government always advocated for women's rights and empowerment, but has also made efforts to make its promises a reality. The Women's Reservation Bill, or Nari Shakti Vandan Adhiniyam, marks another transformative step in India's political framework. The amendment reserves one-third of seats in the Lok Sabha and state legislative assemblies for women, including those allocated for scheduled Castes and Scheduled tribes.

The government believes that true human development cannot take place without the empowerment of women. The bill is a milestone for a "developed and self-reliant India. India will become one of few nations to have such a large number of women parliamentarians. This initiative by the government is historic legislation that would empower women and enhance their participation in governance, laying the foundation for a more inclusive democracy.

Shri. Jawaharlal Nehru emphasized the importance of DPSPs as a roadmap for economic and social transformation and have been remarked by Baba Saheb as principles that represent the "soul of the Constitution." Inspired by the Directive Principles of State Policy, the government launched the Swachh Bharat Mission, Ujjwala Yojana the mission has brought behavioral and infrastructural changes, ensuring the constitutional right to health and dignity, especially in rural areas.

The Swachh Bharat Mission has also emerged as one of the government's most ambitious initiatives aimed at eradicating open defecation and improving sanitation across India. This behavioral shift has improved public health,

particularly by reducing the incidence of waterborne diseases such as cholera and diarrhea, which disproportionately affect children. The dignity of women has been restored by the construction of toilets under the Swachh Bharat Mission.

The World Health Organization (WHO) estimated the Swachh Bharat Mission has saved over 300,000 lives by reducing sanitation-related diseases. Over 90 million LPG connections are provided to households under Ujjwala Yojana, significantly reducing reliance on biomass fuels like firewood, cow dung, and kerosene. Transitioning to LPG has reduced indoor air pollution, which previously caused respiratory diseases among rural women and children. The World Health Organization (WHO) reports that indoor air pollution from traditional cooking methods contributes to over 1 million deaths annually in India.

Innovation distinguishes between a leader and a follower. The Make in India Initiative, launched in 2014, this initiative aimed to position India as a global manufacturing hub by boosting local industries and reducing dependence on imports. Projects like Bharatmala and Sagarmala, under Make in India, improve connectivity, enabling industries to thrive. By modernizing governance through technology, the Digital India Mission has ensured greater transparency and citizen participation.

Along similar lines, the Startup India Initiative launched in 2016, was aimed at making India a Global Leader, it fosters entrepreneurship and innovation, reducing bureaucratic hurdles and offering financial support to startups. Startups enjoy tax exemptions and quicker patent processing, encouraging youth led innovations. The government established a corpus of Rs. 10,000 crore to finance

startups, ensuring access to funding, particularly for innovators from underserved regions.

UMANG app and National e-Governance Plan have enabled citizens to access hundreds of services online, reducing dependence on intermediaries and aligning with the idea of equality before the law. The BharatNet Project has connected over 400,000 villages have been connected to high-speed internet, bridging the urban-rural divide and promoting the constitutional vision of inclusion growth. Pradhan Mantri Gramin Digital Saksharta Abhiyan (PMGDISHA) has provided digital literacy to over 40 million rural households, ensuring that every Indian can harness digital tools effectively.

The resolution of the Ayodhya land dispute and the subsequent construction of the Ram Mandir stands as a hallmark of India's commitment to constitutional secularism and judicial process. This historic event reflects the government's ability to navigate sensitive cultural issues while maintaining respect for the rule of law and national unity. The government upheld the Supreme Court's decision, showcasing reverence for the judiciary's role as the final arbiter in constitutional democracy.

This reinforces the separation of power enshrined in the Indian Constitution. By accepting the verdict and facilitating land for the mosque, demonstrating fairness and equity, the government reinforced constitutional secularism, which promotes the peaceful coexistence of all religions.

India's International Relations have a profound constitutional foundation rooted in the Preamble, Fundamental Rights, and DPSPs, which provide a

framework for engaging with the world while upholding sovereignty, equality, and human rights. The BJP-led government's vision, particularly under Prime Minister Narendra Modi, emphasizes aligning foreign policy with the constitutional ethos of justice, liberty, equality, and fraternity. The Constitution establishes india as a sovereign democratic republic.

This is reflected in India's role in international forums like the G20, BRICS, and the United Nations, where it advocates for democracy, multilateralism, and global peace. India under this government's regime, has emerged as a global leader in global forums. This reflects the constitutional values of peace and cooperation. Initiatives such as the International Solar Alliance (15A) reaffirm India's commitment to sustainable development and the welfare of the global community.

The Amrit Kaal that india is celebrating is not just a period for ambitious goals but a roadmap to ensure that every citizen contributes to India's development and reaps its benefits. The Union Budget 2023-24 outlined the vision of Amrit Kaal which shall reflect an empowered and inclusive economy. It envisions a prosperous and inclusive India, in which the fruits of development reach all regions and citizens, especially our youth, women, farmers, OBCs, Scheduled Castes, and Scheduled Tribes. It is about making India self-reliant and securing its rightful place in world order. The government's policies and achievements, from advancing digital governance to implementing welfare schemes, resonate with the principles of Amrit Kaal.

As we celebrate the 75th Constitution Day, it is a moment to reflect on how

the extraordinary vision of our Constitution's framers continues to guide our nation's journey. The dynamic leadership of Prime Minister Narendra Modi has not only upheld but also revitalized the spirit of our Constitution, ensuring that governance remains transparent, inclusive, and transformative. From economic reforms to social empowerment, from cooperative federalism to digital governance, each initiative echoes the values of justice, equality, and liberty enshrined in our Constitution.

The Hon'ble Prime Minister of India believes that the Constitution gives us the freedom to dream big and work towards achieving those dreams. Moving forward, let us unite in the spirit of Amrit Kaal, ensuring that every Indian contributes to building a self-reliant, progressive, and harmonious India, fulfilling the dreams envisioned by the makers of our Constitution. Together, we are not just custodians of this living document but active participants in realizing its promise for generations to come.

***श्री अरुण गोविल (मेरठ)** : भारतीय संविधान के अमर शिल्पी भारतरत्न डा बाबासाहेब अंबेडकर ने प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित अपनी पुस्तक मेरी आत्मकथा -मेरी कहानी, मेरी जुबानी के पृष्ठ 120 पर कहा है कि मैं संविधान की खूबियां में नहीं जाना चाहूंगा । कोई भी संविधान कितना भी अच्छा क्यों ना हो, अगर उसे लागू करने वाले अयोग्य हैं तो वह खोटे सिक्के के समान होगा। इसी प्रकार संविधान को लागू करने वाले यदि सक्षम है तो निकृष्ट संविधान भी लाभकारी सिद्ध होगा

पूरी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का कांग्रेस पार्टी ने कितना सम्मान किया, यह इसी पुस्तक के पृष्ठ 126 पर डॉक्टर अंबेडकर ने अपनी पीड़ा व्यक्त की पंडित

* Speech was laid on the Table.

नेहरू ने मुझे कानून मंत्री का पद दिया तो उन्होंने आश्वासन दिया था कि भविष्य में आपको नियोजन विभाग भी दिया जाएगा, लेकिन जाहिर तौर पर उन्होंने मुझे एक भी कैबिनेट कमेटी में नहीं लिया। इस्तीफे का यह पहला मामला है। दूसरा मुद्दा है कि सरकार दलित वर्ग के प्रति उदासीन थी..... निराशा के कारण इस्तीफा दे दिया

संविधान निर्माता डॉक्टर अंबेडकर की ही कसौटी पर यदि कसा जाए तो इस संविधान को लागू करने वाले कैसे थे!

जिन्होंने डॉक्टर अंबेडकर को जीवन भर परेशान किया। अपने शासन के रहते उन्हें भारत रत्न नहीं देने दिया।

देश में केरल की पहली सरकार तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष ने गिराई .

देश के संविधान के सीने में 26 जून 1975 को छुरा भोंक कर इमरजेंसी लागू की. इसके पश्चात पूरे देश को जेल खाना बना दिया व महान देशभक्तों श्री जयप्रकाश नारायण, श्री लालकृष्ण वाणी, श्री अटल बिहारी वाजपेई, श्री मधु लिमये, श्री मधु दंडवते जैसे महान नेताओं को जेल में डाला ।

1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री की हत्या के पश्चात, एक प्रधानमंत्री को बिना संसदीय दल का नेता चुने हुए, सीधे राष्ट्रपति भवन में डरे हुए राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिला दी और उस राष्ट्रपति की कार पर, यमन से लौटते हुए थोडी देर पहले मालवीय नगर में भारी पथराव किया गया था।

ऐसा उस समय संविधान के सम्मान करने वाले कांग्रेसी लोगों ने किया। देश की एक प्रधानमंत्री की हत्या पर, उनके बेटे देश के प्रधानमंत्री ने खून का बदला खून से लेंगे टेलीविजन पर नारा दिया था. संविधान का सम्मान करने वाले इस कांग्रेसी प्रधानमंत्री की नाक तले दिल्ली में तीन दिन में 3000 सिख मरवा दिए थे।

कोर्ट का अपने विरुद्ध फैसला आने के बाद इमरजेंसी लगाकर पूरे देश को जेल खाना बनाने का यह आजाद भारत के इतिहास में अनोखा मामला है। संविधान के सम्मान का एक उदाहरण तब देखा गया जब कांग्रेस के एक परिवारवादी नेता ने कैबिनेट द्वारा पास किया गया बिल सार्वजनिक रूप

से फाड़कर, प्रधानमंत्री की इज्जत के परखच्चे उड़ा दिए थे।

देश की संसद में मस्तक नवाकर प्रवेश करने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पंडित नेहरू ने सबसे पहले संविधान संशोधन की शुरुआत की। फिर उनकी बेटी ने देश में इमरजेंसी लगाई, कोर्ट के जजमेंट को नकार दिया, उनका चुनाव रद्द हो चुका था, उन्होंने संविधान के साथ धोखा किया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने आगे कहा कि उनके बेटे राजीव गांधी भारत की मीडिया को कंट्रोल कहा, करने के लिए बिल लाए। प्रधानमंत्री मोदी कहा जी ने राहुल गांधी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर मनमोहन सिंह जी की सरकार की कैबिनेट के निर्णय को फाड़कर देश और संविधान की कितनी इज्जत बढ़ाई, यह सोचने योग्य बात है!

हमारे संविधान की मूल प्रति पर भगवान राम, भगवान कृष्ण व गौतम बुद्ध इत्यादि के चित्र अंकित हैं। इसका तात्पर्य है कि हमारा संविधान राम राज्य की परिकल्पना पर आधारित है ।

दैविक दैहइक भौतिक तापा ।
रामराज काहू नहीं व्यापा ।।

राम राज्य की परिकल्पना में किसी भी व्यक्ति को दुख नहीं व्याप्त होता था। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने संविधान की इसी मूल भावना को चरितार्थ करते हुए देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दे रहे हैं, 70 करोड लोगों को मुफ्त चिकित्सा देने के लिए आयुष्मान कार्ड योजना दे रहे हैं, देश के हर गरीब के घर में बिजली देने के लिए हर घर सहज बिजली योजना, हर घर में गैस चूल्हा तथा 70 करोड लोगों तक हर घर में पानी पहुंचा कर संविधान की मूल भावना के साथ न्याय कर रहे हैं। इसी प्रकार असंभव समझे वाले काम, कश्मीर में धारा 370 खत्म करने के कारण देश के करोड़ों लोग जिन अमित शाह जी में सरदार पटेल की छवि देखते हैं, उन गृहमंत्री जी ने कश्मीर में जहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े वर्गों को उनके संवैधानिक अधिकार दिलवाए, वहीं लाखों हिंदुओं को भारत की नागरिकता भी दिलाई।

अब यह देश की जनता भली-भांति जानती है कि भारत का संविधान कैसा है, तथा उसको लागू करने वाले लोग कैसे हैं ! मैं भारतीय संविधान के समक्ष नतमस्तक होकर मुझे बोलने का अवसर

देने के लिए स्पीकर महोदय को हृदय से धन्यवाद देता हूं।

देश में संसद के दोनों सदनों को रोज ठप करने वाले नेता संविधान का कितना सम्मान कर रहे हैं, यह भी देश की जनता जानती है। देश की जनता यह भी जानती कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में संविधान व देश का हित पूरी तरह सुरक्षित है। जय हिंद, जय भारत, जय श्री राम!

*__श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला)__ : मुझे इस चर्चा पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद। भारत का संविधान राष्ट्र और उसके लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। इसने एक लोकतांत्रिक ढांचा स्थापित किया, मौलिक अधिकारों की गारंटी दी. सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को स्थापित किया और एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य की नींव रखी। 26 नवंबर 1949 को, भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इस दिन देश के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत हुई। यह दिन महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दुनिया के सबसे लंबे लिखित संविधान को अपनाने का प्रतीक है. जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला है। अपनी स्थापना के बाद से, संविधान पिछले 75 वर्षों में राष्ट्र की प्रगति को आकार देने वाले मार्गदर्शक ढांचे के रूप में कार्य करता है। भारतीय संविधान में मूल रूप से 395 अनुच्छेद थे, हालांकि वर्तमान में 106 संशोधनों के पश्चात अनुच्छेदों की संख्या 470 (किंतु संवैधानिक गणना में 395 हीं है) हो गई है।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान निर्माण में (2 वर्ष 11 माह एवं 18 दिन) का समय लगा 19 दिसंबर, 1946 से 26 नवंबर, 1949 तक) संविधान भारत के शासन का मार्गदर्शन करना जारी रखता है, अपने नागरिकों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करता है और लोकतांत्रिक संस्थानों के कामकाज को सुनिश्चित करता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसमें लगभग 145,000 शब्द है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान के 4,400 शब्दों से कहीं अधिक है। 1950 में जब यह संविधान लागू हुआ था. तब इसमें 22 भागों में 395 अनुच्छेद और आठ

---

* Speech was laid on the Table.

अनुसूचियाँ थीं। समय के साथ, संशोधनों ने संविधान को 448 अनुच्छेदों तक बढ़ा दिया है, जो राष्ट्र की बदलती जरूरतों को दर्शाता है। वर्ष 1950 में पहली बार अधिनियमित होने के बाद से अब तक समय समय पर संविधान में 104 संशोधन किये गए हैं। मैं कुछ महत्वपूर्ण संशोधन बताना चाहूंगा।

61वें संविधान संशोधन अधिनियम,1988 इसने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी।

65वां संशोधन अधिनियम, 1990 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए एक राष्ट्रीय आयोग को शामिल करना।

76वां संशोधन अधिनियम, 1994 पिछड़े वर्गों अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए शैक्षिक संस्थानों में सीटों के आरक्षण और एक राज्य के तहत सेवाओं में नियुक्तियों या पदों से संबंधित प्रावधान इस संशोधन के माध्यम से किये गए है।

सुप्रीम कोर्ट ने 1992 को फैसला सुनाया था कि संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

77वां संशोधन अधिनियम, 1995 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पक्ष में सरकारी नौकरियों में पदोन्नति में आरक्षण की तत्कालीन नीति को जारी रखने का प्रावधान।

102वीं संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 इसने पिछड़ा वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया।

103वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 यह आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए 10% आरक्षण प्रदान करता है।

104वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2020 यह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के लिए 25 जनवरी 2030 तक सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है।

मैं धन्यवाद करता हूँ कि इसी सविधान के कारण ST संशोधन विधेयक द्वारा सिरमौर जिले के हाटी समुदाय को अब अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया गया। पांच दशकों से लंबित अतिमहत्वपूर्ण

मांग पूरी कि गयी ताकि यह भी मुख्य धारा से जोड़ सके और देश निर्माण में अपनी भूमिका निभा सके हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के बार विधानसभा क्षेत्र की 154 पंचायतों के दो लाख लोगों को उनका जनजातीय सांविधानिक अधिकार मिल सका है। मुझे गर्व है कि संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ, हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान सात भर तक चलने वाले अभियान की शुरुआत भारत सरकार द्वारा की गयी है। यह कार्यक्रम पूरे एक वर्ष चलेगा जिसका उद्देश्य नागरिकों को संविधान मसौदा समिति के बारे में शिक्षित करना है, जिसमें डॉ बी आर अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ 15 महिला मसौदाकारों के योगदान पर जोर दिया जाएगा। जागरूकता फैलाने के लिए गावों में पहल की जाएगी। महोदय, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में वार्षिक उत्सव मनाने की शुरुआत की गयी। संविधान जागरूकता का निर्माणः "हमारा संविधान, हमारा सम्मान संविधान के मूल सिद्धांतों को आम जनता के लिए सरल बनाने और लोकप्रिय बनाने पर केंद्रित है। यह नागरिकों को न्याय समानता स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को समझने में मदद करता है जिन्हें संविधान बढ़ावा देता है। क्षेत्रीय कार्यक्रमों कार्यशालाओं और सेमिनारों के माध्यम से. संविधान यह सुनिश्चित करता है कि सभी पृष्ठभूमि के लोगों को इस आवश्यक ज्ञान तक पहुँच हो। कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों को बढ़ावा देगा यह अभियान लोगों को भारतीय संविधान के तहत उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के लिए बनाया गया है। यह व्यक्तियों को अपने अधिकारों का दावा करने के लिए सशक्त बनवाता है और यह भी सुनिश्चित करता है कि वे राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें। इस पहल के हिस्से के रूप में, नागरिकों को संविधान द्वारा गारंटीकृत मौलिक अधिकारों, जैसे समानता का अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार और निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार सहित अपने अधिकारों पर चर्चा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उप अभियान और विषयगत पहल मुख्य अभियान के अतिरिक्त संवैधानिक शान और तोकतांत्रिक भागीदारी के विशिष्ट पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तीन प्रमुख उप विषय शुरू किए गए।

सबको न्याय, हर घर न्याय यह उप अभियान यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि न्याय हर

नागरिक के लिए सुलभ हो। यह नागरिकों के लिए न्याय पाने के लिए मौजूद कानूनी बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, चाहे वह अदालतों में ही कानूनी सहायता सेवाओं के माध्यम से हो, या पूरे भारत में कानूनी संस्थानों की पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से सुधारों के माध्यम से हो। अंत में संविधान पर कवि की लिखी कुछ पंक्तिया कहना चाहूंगा कि -

"मैं भारत का संविधान हूं, तुमको राह दिखाता हूं। पथ की सारी बारीकी को बारीकी से सिखलाता हूं।
उलझे न भारत का कोई, सदा जतन यह करता है। रातों के अंधकार में भी, में दीपक सदा जलाता हूं।
मैं भारत का संविधान हूँ, तुमको राह दिखाता हूँ। "

संविधान हम सभी को देश में जीने की राह की राह दिखाता है। हम सबको अपने देश और देश के सविधान पर गर्व होना चाहिए, जिसने हमें लिंग-आधारित वर्ग आधारित और जातीय आधारित्त कानूनों और नियमों से वास्तविक स्वतंत्रता दी है। पह एक जीवत प्रगतिशील दस्तावेज है, और इन 74 वर्षों में इसने हमें निराश नहीं किया है। इसने हमें न्याय, स्वतंत्रता और सभी के लिए समानता के बहुप्रतीक्षित आदर्श दिए हैं। यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते है, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। इस देश की सबसे महान किताब हमारे संविधान पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया इसके लिए आपका सभी का धन्यवाद। जय हिंद, जय भारत।

*__डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते__ (__मंडला__) : सबसे पहले, मैं संसद भवन में संविधान दिवस के 75 वर्ष पर मुझे अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। 75 साल के 'संविधान दिवस' के पावन अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। हमारा संविधान हमारे देश की एक समग्र पुस्तक है जिसे संविधान सभा ने 2 साल 11 महीने और 17 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद तैयार किया था। आज मैं संविधान सभा के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों

* Speech was laid on the Table.

को तथा विशेष रूप से संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद और प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

भारत के पूर्व माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के लिए डॉ. अंबेडकर के योगदान का वर्णन करते हुए कहा कि महान नेता सरदार पटेल ने देश को राजनीतिक रूप से और डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से इसे सामाजिक रूप से एकजुट किया था। उन्होंने याद किया कि कैसे डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं के लिए समान अधिकारों की वकालत की थी, यहां तक कि ऐसे युग में भी जब इस विचार को कड़े राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के योगदान को सिर्फ दलितों या सिर्फ भारत तक सीमित करना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने उन सभी के लिए आवाज उठाई, जिन्होंने अन्याय सहा और उनका वैश्विक कद था, ठीक वैसे ही जैसे अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग का था। डॉ. अंबेडकर सभी मजदूरों के लिए मसीहा थे - सिर्फ दलित मजदूरों के लिए नहीं – तत्कालीन प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने काम के घंटों को आठ तक सीमित करने और कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश की सुविधा दिलाने में योगदान दिया था। डॉ. बी. आर. अंबेडकर का सपना था कि भारत को न्याय और समानता के सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध एक मजबूत और गतिशील राष्ट्र बनाया जाए।

उन्होंने खुले दिल से शिक्षा के अधिकार, सामाजिक अधिकार, राजनीतिक अधिकार और आर्थिक अधिकार सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। उन्होंने समाज में महिलाओं द्वारा प्राप्त विकास और प्रगति के आधार पर देश की प्रगति का वर्णन किया। वे अभूतपूर्व नेता थे जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों के कारण और समर्थन के लिए 1951 में कानून मंत्री के रूप में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। अंततः उनके ईमानदार प्रयासों के कारण 1956 में संसद में हिंदू कोड बिल पारित हुआ। डॉ. अंबेडकर ने अपने भाषण में यह भी बताया कि उनके पास समाज के दबे-कुचले वर्ग के उत्थान के लिए बहुत सारे विचार और नीतियां हैं, लेकिन कुछ बाधाओं और वित्तीय सीमाओं के कारण उनके लिए उन्हें वास्तविकता में बदलना संभव नहीं था और इस उद्देश्य के लिए उन्होंने इन विचारों और मार्गदर्शक सिद्धांतों को भारत के संविधान की प्रस्तावना और

संविधान के भाग IV में अनुच्छेद 36 से 51 के तहत निर्देशक सिद्धांतों में शामिल और उजागर किया। इनमें राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली नीति के कुछ सिद्धांत शामिल हैं जैसे नागरिकों, पुरुष और महिला को समान रूप से आजीविका के पर्याप्त साधनों का अधिकार है; समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार वितरित किया जाए कि सामान्य हित में सर्वोत्तम तरीके से काम हो; आर्थिक प्रणाली के संचालन के परिणामस्वरूप धन और उत्पादन के साधनों का सर्वसाधारण के लिए अहितकर केंद्रीकरण न हो; पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान काम के लिए समान वेतन हो और नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता आदि । डॉ. बी. आर. अंबेडकर के इन सभी महान योगदानों को मान्यता देते हुए, उन्हें 1990 में तत्कालीन सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

मैं सामाजिक न्याय के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के लिए संविधान में 81वें, 82वें और 85वें संशोधन को आगे बढ़ाने और पारित कराने के लिए माननीय तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को याद करना चाहूंगा। इन संशोधनों ने उच्च पदों पर पदोन्नति के विस्तार, रिक्त पदों को भरने और पदों में कटौती पर प्रतिबंध हटाने की सुविधा प्रदान की । एससी/एसटी के लिए पदोन्नति में आरक्षण की निर्बाध सुविधा के लिए 2000 में दो संशोधन लाए गए थे । पहला 81वां संशोधन था । 81वें संशोधन के जरिए सरकार ने अनुच्छेद 16 (4बी) पेश किया, जिसमें पदोन्नति में आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमित आरक्षण पर तय 50% की सीमा को तोड़ने की अनुमति दी गई। संशोधन ने राज्य को बैकलॉग रिक्तियों को भरने के लिए 50% की सीमा को पार करने के लिए पिछले वर्षों से खाली रिक्तियों को आगे बढ़ाने की अनुमति दी। इसे कैरी फॉरवर्ड नियम के रूप में जाना जाता है।

इसके अलावा, संविधान के अनुच्छेद 335 में संशोधन ने सरकार की शक्ति को बहाल करने में भी मदद की, ताकि एससी/एसटी के पक्ष में किसी भी परीक्षा में योग्यता अंकों में छूट देने या संघ या राज्य के मामलों से संबंधित किसी वर्ग या सेवा या पदों में पदोन्नति के मामलों में आरक्षण के लिए विकास के मानक को कम करने के लिए कोई प्रावधान किया जा सके

इसके अलावा 85वें संविधान संशोधन विधेयक के तहत 2001 में अनुच्छेद 16 (4ए) में बदलाव किया गया। भारतीय संविधान के 85वें संशोधन का मुख्य उद्देश्य पदोन्नति के क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में आरक्षण का लाभ बढ़ाना था। इसके बाद वरिष्ठता को बनाये रखना था। मई 2014 से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में हमारी सरकार ने संविधान को मजबूत बनाने के साथ-साथ 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का नारा देकर सामाजिक न्याय हासिल करने के लिए बहुत काम किया है। मैं सदस्यों की जानकारी के लिए कुछ विवरण उजागर करना चाहूंगा:-

- डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए, प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक दिल्ली की प्रतिष्ठित इमारतों में से एक है और उन्होंने इसका उद्घाटन बाबासाहेब के जन्मदिन - 14 अप्रैल 2018 को किया था।

- प्रधानमंत्री मोदी जी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र महान नेता हैं और उन्होंने डॉ. अंबेडकर के सम्मान में "पंचतीर्थ" के रूप में पांच स्थानों का निर्माण कराया। इनमें महू में उनका जन्म स्थान, लंदन में वह स्थान जहां वे यूके में अध्ययन के दौरान रहे, नागपुर में दीक्षा भूमि, दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल और मुंबई में चैत्य भूमि शामिल हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में जनपथ पर डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन के लिए बनाये गए भवन का भी उल्लेख किया।

- मैं हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की भी सराहना करता हूँ कि उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त कर राष्ट्र में समानता, बंधुत्व और अखंडता की मजबूत नींव रखी तथा जम्मू-कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों के बराबर का दर्जा दिया। सरकार द्वारा किए गए संशोधन की वैधता को बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा। इस अवसर पर मैं डॉ. बी. आर. अंबेडकर की समानता के प्रति प्रतिबद्धता को याद करते हुए एक घटना का हवाला देना चाहूंगा कि संविधान का मसौदा तैयार करते समय तत्कालीन प्रधानमंत्री ने उनसे जम्मू-

कश्मीर को भारत में अलग और संप्रभुता का दर्जा देने के लिए अनुच्छेद 370 का मसौदा तैयार करने के लिए कहा था, लेकिन बाबा साहेब ने स्पष्ट रूप से उपरोक्त भेदभावपूर्ण अनुच्छेद का मसौदा तैयार करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि मैं जीवन भर भेदभाव के खिलाफ और समाज में समानता के लिए लड़ता रहा हूं, मैं संविधान में ऐसा कोई प्रावधान कैसे तैयार कर सकता हूं जो हमारे समाज और देश में बड़े पैमाने पर भेदभाव और असमानता पैदा करता हो।

मैं अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के निवासियों को आरक्षण की सुविधा प्रदान करने के लिए संविधान सभा का भी हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 330, 332, 334 और 335 के तहत नौकरियों, लोकसभा के साथ-साथ राज्य विधानसभाओं में राजनीतिक प्रतिनिधित्व। मैं संविधान निर्माता की बुद्धिमत्ता के लिए भी अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं कि उन्होंने सरकार के 3 अंगों का निर्माण किया:- कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पूरी जिम्मेदारी के साथ मिलकर काम करें ताकि बेहतर नीतियां बनाकर, लोगों को उन्मुख अधिनियमों को लागू करके और आम लोगों को न्याय दिलाकर आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जा सके। मैं अपने प्रधान मंत्री श्री मोदीजी को एससी / एसटी आयोग के राष्ट्रीय आयोग को निरंतर समर्थन देने और 11.08.2018 को राष्ट्रीय ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के लिए भी धन्यवाद देता हूं। एससी/एसटी पर संसदीय समिति का अध्यक्ष होने के नाते मैं सामाजिक न्याय की प्रतिबद्धता को जमीनी स्तर पर अधिक दृश्यमान बनाने और एससी / एसटी आरक्षण नीति को मजबूत करने के लिए सरकार के ध्यान में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे लाना चाहता हूं: -

- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, भारत सरकार और केंद्र सरकार के अधीन अन्य स्वायत्त निकायों के निदेशक मंडल में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के एक या दो सदस्यों का प्रतिनिधित्व योग्यता के आधार पर होना चाहिए ताकि उन्हें नीति निर्माण में भाग लेने में सुविधा हो।

- मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से भी अपील करता हूं कि आरक्षण नीति को अधिनियम बनाने के लिए एक विधेयक पारित करें। अधिनियम पारित होने के बाद, सभी सरकारी/विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/बैंकों और स्वायत्त निकायों के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण पर संसदीय समिति से निर्देश लिए बिना भी इसे लागू करना अनिवार्य होगा।
- सर्वोच्च न्यायालय और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद, अभी भी झूठे जाति प्रमाण-पत्रों के मामले काफी संख्या में हैं और राज्य छानबीन समिति द्वारा उनके सत्यापन में अत्यधिक देरी हो रही है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी संसदीय समिति ने भी यह पाया है कि जाति प्रमाण-पत्र के सत्यापन के नाम पर सेवानिवृत्त आदिवासी अधिकारियों की सेवानिवृत्ति पेंशन रोक दी गई थी। इसलिए, इस समस्या को दूर करने के लिए, मैं सरकार से एक अधिनियम पारित करने का आग्रह करता हूं, जिसमें झूठे जाति प्रमाण-पत्र को दंडनीय अपराध बनाया जाए और नियुक्ति होने के तीन महीने के भीतर जाति प्रमाण-पत्र को सत्यापित करने की अनिवार्य समयावधि हो।
- डीओपीटी के तहत एक अलग नियामक निकाय होना चाहिए, जो यह सुनिश्चित करे कि सभी सरकारी/विभाग/पीएसयू बैंक और स्वायत्त निकायों आदि द्वारा आरक्षण नीति का पालन किया जा रहा है, क्योंकि संपर्क अधिकारी नियुक्त करने की मौजूदा व्यवस्था एससी और एसटी के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त नहीं है । विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/बैंकों और स्वायत्त निकायों आदि के अंतर्गत सहायक कंपनियाँ। अंत में, मैं लोकसभा में संविधान दिवस के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रतिष्ठित बहस में भाग लेने का मुझे एक बहुमूल्य अवसर प्रदान करने के लिए माननीय लोकसभा अध्यक्ष के प्रति पुनः आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही, मैं आरक्षण नीति के कार्यान्वयन, संविधान के प्रावधान और सामाजिक

न्याय तथा हमारे देश में वित्तीय स्थिरता बहाल करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री मोदी जी के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त करता हूँ। सुधार और कार्याणवन और परिवर्तन के हमारे सरकारी आदर्श वाक्य ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि की है और निवेशकों को आकर्षित करने में मदद की है। इन सभी ईमानदार प्रयासों से, मुझे उम्मीद है कि भारत को एक मजबूत और विकसित देश बनाने का सरकार का सपना निश्चित रूप से 2047 तक वास्तविकता में बदल जाएगा।

जय हिंद। जय भारत। जय संविधान

***श्री राधा मोहन सिंह (पूर्वी चम्पारण) :** आज हम संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उत्सव मना रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुझे अपने विचार व्यक्त करने का मौका देने के लिए धन्यवाद।

आज मुझे भारतीय संविधान की भावना को फलीभूत करती माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिला है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियाँ दर्शाती हैं कि हमारा संविधान किस प्रकार हमारे विकास का आधार बना हुआ है। उनका विज़न है: सबका साथ सबका विकास। हमारा संविधान हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और भाईचारे का मार्ग दिखाता है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में इन आदर्शों को ध्यान में रखते हुए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 में समानता के अधिकार को प्राथमिकता दी गई है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे सशक्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं: 1957 में, काका कालेकर आयोग की स्थापना ओबीसी के लिए आरक्षण की समीक्षा करने के लिए की गई थी, लेकिन कांग्रेस ने इसकी सिफारिशों को लागू नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक मान्यता प्रदान की है।

---

* Speech was laid on the Table.

सवर्ण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करके सामाजिक न्याय को नई दिशा दी है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया, जिससे विशेषकर महिलाओं और दलित वर्ग को गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर मिला।

संविधान में नागरिकों को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार दिया गया है। इसे साकार करने के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार नेः प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 8 करोड़ से अधिक परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई। जन धन योजना के माध्यम से 53 करोड़ से अधिक लोगों के बैंक खाते खोले, जिससे वित्तीय समावेशन संभव हुआ। सबसे अधिक प्रसन्नता की बात है की इसमें 30 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते खुले हैं।

महिलाओं को संविधान में समान अधिकार दिए गए हैं। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे व्यवहार में लाने के लिए: बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया, जिससे लड़कियों की शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा मिला। तीन तलाक जैसे कुप्रथाओं को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने का साहसिक कदम उठाया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर समाज में उनका और अधिक सम्मान बढ़ाया है एवं आगे बढ़ने के सुअवसर प्रदान किए हैं।

डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के साथ, हमारी सरकार ने सूचना और सेवाओं तक पहुंच में क्रांति ला दी हैं। ई- गवर्नेंस से लेकर डिजिटल भुगतान तक डिजिटल बुनियादी ढांचे ने नागरिकों को सेवाओं तक सम्मान पहुंच प्रदान करके समानता के संवैधानिक सिद्धांत को दर्शाते हुए पहले से कहीं अधिक कुशलता से सरकार के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाया है।

भारत के इतिहास में सबसे बड़े कर सुधारों में से एक, जीएसटी की शुरुआत एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को एकत्रित किया। इसके बाद मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और श्रम कानून और कृषि में कई सुधार किए गए। इन पहलों ने भारत को सतत विकास के पद पर ला खड़ा किया है, और संविधान ऐसे परिवर्तन कार्य सुधारो के लिए रूपरेखा प्रदान

करना जारी रखता है।

संविधान में भारत की अखंडता और एकता को सर्वोपरि रखा गया है। मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर संविधान के "एक राष्ट्र, एक संविधान" के सिद्धांत को स्थापित किया। उत्तर-पूर्व भारत के विकास के लिए विशेष योजनाएं शुरू कीं, जिससे वहां की भौगोलिक और सामाजिक दूरी कम हुई।

भारतीय संविधान नागरिकों को आत्मनिर्भर बनने का अधिकार देता है और माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस संबंध में भरपूर सफल प्रयास किए हैं: मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को आर्थिक रूप से मजबूत किया है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सफल प्रयासों के फलस्वरूप हमारी अर्थव्यवस्था '5 कमजोर' (Fragile 5) अर्थव्यवस्थाओं' में से निकलकर आज '5 सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं' में से एक बन चुकी है और जल्द ही तीसरी सबसे सशक्त अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर पहुँच चुकी है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को आर्थिक सहायता दी गई है।

संविधान में स्वास्थ्य को नागरिकों का मौलिक अधिकार माना गया है और माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी नेः आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत में न केवल अपने नागरिकों को 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन दी, बल्कि दूसरे देशों को भी मदद देकर "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना का परिचय भी दिया।

भारत का संविधान न केवल घरेलू ताकत का स्रोत है बल्कि वैश्विक स्तर पर भी प्रेरणा का काम करता है। वर्षों से, कई देशों ने, विशेष रूप से उत्तर- औपनिवेशिक अफ्रीका और एशिया में, भारत के संविधान को शासन के लिए एक मॉडल के रूप में देखा है, क्योंकि इसमें लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून के शासन पर जोर दिया गया है। एकता और विविधता को संतुलित करने के भारत के दृष्टिकोण की दुनिया भर में विशेष रूप से प्रशंसा की गई है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत के हालिया कार्यकाल के

दौरान, हमारे संविधान के सिद्धांतों विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और सहयोग को बरकरार रखा गया क्योंकि हमने वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए दुनिया भर के देशों के साथ काम किया। जलवायु परिवर्तन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता, जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में हमारी नेतृत्वकारी भूमिका में देखी गई है, इस बात का एक और उदाहरण है कि हमारे संविधान में निहित मूल्य हमारी सीमाओं से परे कैसे प्रतिध्वनित होते हैं।

मोदी सरकार ने संविधान की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए न्याय, समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे को मजबूत किया है। ये उपलब्धियां भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जा रही हैं। कांग्रेस ने तो दशकों तक संविधान की मूल भावना के साथ सर्वदा खिलवाड़ ही किया है। इतना ही नहीं तो कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद प्रथम आम चुनाव में संविधान के वास्तुकार डा. बी. आर. अम्बेडकर को चुनाव हराने में बड़ी भूमिका अदा की अपने उम्मीदवार खड़े किये। कांग्रेसी सरकार ने उन्हें भारत रत्न भी नहीं दिया। यह काम भाजपा समर्थित सरकार आने पर ही हुआ।

आपातकाल लगा कर विपक्षी दल के नेताओं, सामाजिक संगठनों एवं देश के छात्रों, युवकों पर अत्याचार किया, उनकी न्याय, समानता, स्वतंत्रता के अधिकार पर कुठाराघात किया और वो आज हाथ में संविधान की पुस्तक लिए हुए उसकी सुरक्षा की बात करते हैं! 70 वर्षों तक सत्ता में रहकर भी भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाते रहे और अब विपक्ष में रहकर भी वही कर रहे हैं। कांग्रेस सिर्फ आम जनता को बर्गलाने में ही एक्सपर्ट है ! उनकी बातें सुनकर तो यही लगता है, "उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे" !

यह तो सर्वविदित है की भारत के संविधान की 75 वर्षों की यात्रा को गौरवशाली बनाने में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत बड़ा योगदान है। यह सरकार संविधान के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध है और एक सशक्त, आत्मनिर्भर, और समृद्ध भारत के निर्माण में जुटी है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

बहुत बहुत धन्यवाद ।

***श्री उम्मेदा राम बेनीवाल (बाड़मेर) :** भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के अवसर पर मुझे अपने विचार व्यक्त करने का मौका देने के लिए बहुत-बहुत आभार।

हमारा संविधान दुनिया का सबसे लंबा और लिखित संविधान है। संविधान द्वारा हमें जो मौलिक अधिकार मिले, उसकी वजह से ही देश ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। लेकिन अभी भी हमें बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। हमारे संविधान निर्मताओं ने जो सपने देखे थे, उनसे हम 75 वर्ष बाद भी काफी दूर है।

संविधान द्वारा हमें समानता का अधिकार दिया, लेकिन हम अभी भी देश के सभी नागरिकों का समान रूप से विकास नहीं कर पाए।

समानता का अधिकार संविधान द्वारा तो हमें समान रूप से प्रदान किया गया, लेकिन हमेशा नागरिकों के इस अधिकार का हनन व शोषण कर समान रूप से नागरिकों को नहीं दिया, जिसके कारण आर्थिक असमानताएं व अराजकता दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं, जो बहुत ही चिंता का विषय है।

ज्यादा आर्थिक असमानताएं देश के लिए घातक हो सकती हैं क्योंकि आज इन हालातों को देखे तो गरीब इंसान गरीब व अमीर इंसान अमीर होता जा रहा हैं। ये गरीब अमीर के बीच बढ़ती दूरियां बहुत ही चिंताजनक हैं और आज के समय में देश में अमीर व्यक्ति कुछ ही महीनों में और अधिक अमीर होता जा रहा हैं जबकि गरीब व्यक्ति दिन प्रति दिन कमजोर होता जा रहा हैं क्योंकि देश का प्रतिनिधित्व चंद लोगों के गलत हाथों में हैं, जिससे देश की आर्थिक व्यवस्था इन चंद लोगों के अधीन होती जा रही हैं।

अगर देश के नागरिकों के साथ निष्पक्ष और न्यायपूर्ण व्यवहार समानता की दृष्टि से नहीं किया गया तो आने वाला समय गरीब इंसान व देश के लिए बहुत ही घातक होगा। वर्तमान परिदृश्य से आजादी से पहले जो गंभीर हालात अधीनता वाले थे उनसे भी बदतर बनने की संभावना हैं इसलिए हमें सरकारी तंत्र में सुधार और मजबूत करने सहित संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर

---

* Speech was laid on the Table.

करने के बजाय मजबूत करने की आवश्यकता हैं।

देश के उत्थान व आर्थिक व्यवस्था में PSU का बहुत बड़ा योगदान रहा, लेकिन सार्वजनिक उपक्रम की सारी कम्पनियों की हालत देखे तो दिन प्रति दिन खराब होती जा रही हैं। देश की नवरत्न कंपनियां भेल, BPCL, गेल, HPCL, IOC, MTNL, NTPC, ONGC, सेल सहित सरकारी तंत्र आज बुरे दौर से गुजर रहा है लेकिन इन कंपनियों पर ध्यान ना देकर मात्र 5-10 निजी स्वामित्व वाली कंपनियों व बड़े उद्योगपतियों को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। देश में व्यापार के क्षेत्र में 80-90% हिस्सेदारी इन कंपनियों व उद्योगपतियों ने अपने हाथो में ले रखी है।

इन बड़ी निजी कंपनियों की वजह से आज छोटी कंपनियां व लघु उद्योग खत्म हो गए। अगर यही हालात और व्यवस्था रही तो वह दिन दूर नहीं, जिससे देश को भुखमरी, बेरोज़गारी से देश को आंतरिक संघर्षों से जूझना पड़ेगा।

देश के सविधान निर्माताओं का सपना था एक विकसित भारत हो, जिससे अभी तक हम आजादी के 75 वर्ष साल बीत जाने के बाद भी उन सपनों से काफी दूर है। बाबा साहब कहा करते थे कि "शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा" और यह सत्य भी है कि देश शिक्षा के माध्यम से व हरित क्रांति के माध्यम से आज यहाँ तक पहुँचा है। लेकिन आज भी भारत के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र में किसानों, मजदूरों, पिछड़ों व दलित वर्ग की स्थिति बहुत ही दयनीय है। उनकी यह स्थिति होने का मुख्य कारण है देश के ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति का खराब होना। संविधान निर्माताओं और विकसित भारत के सपनों को पूर्ण रूप से साकार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर शिक्षा दी जाये। शिक्षा व्यवस्थाओं में सुधार करने के लिए स्कूलों व कॉलेजों में खाली पड़े पदों को पूर्ण रूप से भरकर स्कूलों व कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना होगा। इसके साथ ही खेल गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए खेल मैदानों के निर्माण और कोच व अधिकारियों के 70-80 प्रतिशत ख़ाली पड़े पदों को भरा जाये। देश में खिलाड़ियों और देश का गौरव बेटियों के क्या हालात है, उनका किस प्रकार शोषण हो रहा हैं हमें ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की व्यवस्था ठीक होगी तब ही गाँवों का विकास होगा। गांवों का विकास होगा तो देश समृद्ध होगा।

आज शिक्षा के अभाव के कारण देश का युवा बढ़ते नशे की प्रवृति और अपराध के दलदल की ओर अग्रसित हो रहा है। इस संबंध में सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहूँगा कि युवा में बढ़ती नशे की प्रवतियां चिंता का विषय है। इसे हमें गंभीरता से लेते हुए मादक पदार्थ, नशीली दवाइयों और MD जैसे नशे के कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करके उनके कारोबार पर अंकुश लगाना होगा। सबसे ज्यादा मादक पदार्थों और अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों में होती हैं। ज्यादा सीमांत क्षेत्र में कई वर्षों से मादक पदार्थों एमडी, स्मैक, गांजा, अफीम सहित ड्रग्स का कारोबार बढ़ रहा हैं। 10 सितंबर 2024 को बाड़मेर के खारा राठौड़ान और गंगाला सहित अन्य जगह पर डीआरआई मुंबई की रेड पर ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी गई, लेकिन सख्त कार्रवाई के बजाय मामला शांत हो गया।

आज आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद और संविधान निर्माताओं द्वारा दिये गये नागरिकों के मौलिक अधिकारों का शोषण व हनन कर पिछड़े व दलित भाइयों पर बढ़ता अपराध चिंता का विषय है। देश के दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी क्षेत्रों में आज भी दलितों पर दिन प्रति दिन अत्याचार बढ़ रहे हैं। दलित व गरीब पिछड़े लोगों को बारात में घोड़ी पर बैठने से रोका जाता है और ऐसा होता है कहीं उसे घोड़ी से उतार दिया जाता है, तो कहीं भरे बाजार में दबंगों द्वारा सरेआम धारदार हथियार से दलितों की हत्या कर दी जाती है तो कहीं बिना गुनाह किए पुलिस गिरफ्तार करके उन्हें कई दिनों तक थानों में प्रताडित किया जाता है।

हाल ही में जिस संसदीय क्षेत्र से मैं आता हूँ वहाँ बालोतरा जिला मुख्यालय के शहर के भरे बाजार में दबंगों द्वारा विशनाराम मेघवाल की चाकू मारकर हत्या कर दी जाती हैं। इसी प्रकार सीमांत क्षेत्र के बाड़मेर के असाड़ी गाँव में दलित कोजाराम की निर्मम तरीके से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पाली जिले के मनोहर राजपुरोहित का अपहरण हुए 9 साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक खुलासा नहीं। 8 बार जाँच हो चुकी है, देश की इंटेलिजेंस फेल है।

देश में आत्महत्याएं बढ़ रही हैं, यह चिंता का विषय है। सिस्टम और प्रताड़ना के अन्याय से, न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाकर न्याय की उम्मीद छोड़कर आत्महत्या को मजबूर हो जाते हैं।

जैसे हाल ही में अतुल सुभाष ने आत्महत्या इसलिए कर ली, उनके 24 पन्नों के सुसाइड नोट और जारी 1 घंटा 22 मिनट के वीडियो के अनुसार, वह जिनसे प्रताड़ना झेल रहे थे उनसे ही नहीं जिस संस्था और व्यवस्था से न्याय की उम्मीद थी उनसे ही परेशान होकर आत्महत्या की है। इस हिसाब से इस घटना ने लोकतंत्र के सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। यह बहुत ही चिंता का विषय है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी POA के आंकड़ों के अनुसार देश में कुल दलितों पर हुए अपराध और अत्याचारों में अनुसूचित जाति (SC) पर घटित घटनाओं के राजस्थान में हुए 16.75% दर्ज मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है और वहीं अनुसूचित जनजाति (ST) राजस्थान शीर्ष स्थान पर है, जहां 25.66% मामले दर्ज हुए हैं। यह राजस्थान ही नहीं देश के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण आंकड़े हैं।

हमें कानून व्यवस्था को और सख्त करने की जरूरत है। कहने को तो अपराधियों में भय व आम आदमी में विश्वास की बात होती है लेकिन लचर कानून व्यवस्था के कारण आज आम आदमी में भय व अपराधियो में विश्वास है, दिन प्रति दिन अपराधी नये-नये अंजाम दे रहे है और अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे है।

देश में पिछड़े व दलित भाइयों के प्रति बढ़ते अपराध चिंताजनक हैं। हमे इन्हें रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने होंगे तभी बाबा साहेब के सपनों को सही मायने में साकार किए जा सकेंगे।

धन्यवाद। जय संविधान, जय जवान, जय किसान, जय भीम, बाबा साहब अमर रहे।

जय हिन्द।

*****डॉ. मन्ना लाल रावत (उदयपुर) :** भारत के संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा विषय पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद।

हमारा संविधान गांव, गरीब वंचित, उपेक्षित सहित भारत के प्रत्येक नागरिक को जीवन जीने का अधिकार देता है। हमारे महान संविधान निर्माता ने राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की योजना संविधान

* Speech was laid on the Table.

में रची है। मूल रूप से इसमें हम भारत के लोगों की आस्था की भावनाओं को जीवंत किया है। भारत का संपूर्ण चिंतन इसमें आया है।

प्रभु श्री राम, सीता माता, लक्ष्मण जी, हनुमान जी, महाभारत सहित सभी ऐतिहासिक प्रसंग भी भारत के मूल संविधान में दर्शाए गए हैं। एक प्रकार से हमारा यह जीवंत संविधान सकल भारत का ही मूर्ति रूप ही है।

संविधान में उल्लेखित सामाजिक न्याय जिसमें आरक्षण, संरक्षण व विकास की यदि बात करें तो यह संज्ञान में आता है कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 महत्वपूर्ण जान पड़ता है। अनुच्छेद 341 में अनुसूचित जातियों को परिभाषित किया गया है जबकि 342 में अनुसूचित जनजातियों को परिभाषित करने का प्रावधान है। इस परिभाषित करने की यह शक्ति मूल रूप से हमारे राष्ट्रपति जी को दी गई है।

सन् 1950 में जारी अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जातियों में एक शर्त लगाई गई है जिसके अनुसार वे लोग एससी की परिभाषा में मान्य नहीं होंगे जिन्होंने हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म को छोड़ दिया है परंतु यह प्रावधान अनुसूचित जनजातियों के लिए नहीं किया गया।

यह विसंगति बहुत गंभीर है जिसे इसी सदन में 24 नवंबर 1970 को डॉक्टर कार्तिक उरांव जी ने उठाया था। धर्मांतरित सदस्यों को एसटी की परिभाषा से बाहर करने का डीलिस्टिंग आंदोलन चलाया। संसद के 348 सांसदों का समर्थन भी प्राप्त किया। उनके अनुसार यह विसंगति जनजातियों के पिछड़ रहने का मूल कारण है और यह असंवैधानिक है। असामाजिक है अनैतिक है और अवैधानिक है अमानवीय है साथ ही साथ यह जो अलोकतांत्रिक भी है। परन्तु लोकतंत्र के इस मंदिर में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों के संवैधानिक हक के इस टॉपिक को समर्थन नहीं दिया।

यह प्रावधान आगे जाकर जनजातियों के संस्कृति का नाशक बना और उसे कांग्रेस की सरकारों ने समर्थन दिया। यह धर्मान्तरण का बड़ा कारण बना। संवैधानिक हक़ छिनने का भी कारण बना।

महात्मा गांधी के अनुसार भारत में धर्मांतरण अत्यंत ठीक नहीं है संस्कृति के लिए घातक है परंतु कांग्रेस की सरकारों ने इसे आगे बढ़ाया ऐसा लगता है स्वतंत्रता के बाद यह कांग्रेस की एक सोची

समझी रणनीति बनी है।

लेकिन कांग्रेस ने आखिर यह क्यों किया जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों को क्यों छीना। यह भी विचारणीय है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऐटली ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के श्रद्धांजलि में जो शब्द प्रयुक्त किया उसमें इसका संकेत मिलता है। उनके अनुसार नेहरू यूरोपीय थे हां भारतीय भी थे इसमें संकेत यह है की नेहरू ने भारत और भारतीयता के विपरीत एक चिंतन रखा जो जनजातियों के हितों के विरोध में एक धारणा और एक रचना बन गई।

यह केवल एक ही संकेत नहीं है पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जब एक भाषण दिया तब जनजाति विकास के लिए अजायब घर पद्धति को अपनाया अर्थात आदिवासी जैसे हैं वैसे ही जीवन किए। वे कहते थे आप जहां रह रहे हैं आप अपने तरीके से रहो। परंतु उन्होंने पादरी वैरियर एल्विन को अनुमति देकर नॉर्थ ईस्ट और मध्य भारत के जनजाति क्षेत्र में भेज दिया। हां यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत के अन्य नागरिकों को, नेताओं को औरसमाजसेवी संस्थाओं को इन क्षेत्रों में जाने से रोक दिया। यह कांग्रेस का दोहरा व्यवहार जनजातियों के विकास, भारतीय चिंतन और समावेशी विचार के एकदम विरुद्ध लगता है इसी पद्धति को बाद की कांग्रेस की सरकारों ने अपनाया।

कांग्रेस की जनजाति विकास की नीति में थोड़ी बहुत सहानुभूति ही दिखती है परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने इसे समानुभूति एंपैथी में बदला है। मोदी जी जनजातियों के साथ अपनत्व के भाव से खड़े हैं वे जनजाति को अपना साथी मानते हैं अपने में से एक मानते हैं भारतीय विचारों को लेकर मानते हैं उन्हें लाइबिलिटी नहीं बल्कि एसेट मानते हैं इसी कारण जनजाति नायकों के गौरव को आगे बढ़ाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव में उन्होंने सैकड़ों कार्यक्रम करवाए और 15 नवंबर को क्रांति सूर्य भगवान बिरसा मुंडा जनजाति गौरव दिवस मनाने की घोषणा की है। पावन स्थल मान गढ़ धाम और उलीहातु की भी यात्रा की है।

कांग्रेस पार्टी बाबासाहेब अंबेडकर के युग निर्माणी चिंतन शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के विपरीत जाकर जनजातियों की एकता को तोड़ा है, विदेशी मिशनरी के भरोसे छोड़ दिया और आरंभ में शिक्षित बनने से वंचित किया है। गरीब बनाए रखा।

संविधान के संदर्भ में आज यह जानना आवश्यक है कि सामाजिक न्याय के तहत जनजातियों के विकास के लिए भारत सरकार में जनजाति मंत्रालय किसने खोला? जनजातियों के हितों को किसने सोचा? मान्य अध्यक्ष महोदय सन 1999 में जब माननीय अटल बिहारी वाजपेई जब प्रधानमंत्री बने तब जनजातियों के विकास का एक मंत्रालय भारत सरकार में खोला गया और यही नहीं सन 2003 में संविधान में संशोधन करते हुए जनजातियों के हितों की रक्षा के लिए जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन भी किया। इस बात को माननीय नरेंद्र भाई मोदी ने आगे बढ़ाया है जनजातियों के विकास के लिए बड़ी योजनायें बनाई। प्रधानमंत्री जनमन योजना व धरती आबा जनजाति उन्नत ग्राम अभियान जो क्रमशः 24000 करोड़ और 80000 करोड़ से अधिक की योजनाएं हैं यह वह समय है जिसमें जनजाति अंचल के अधूरे सभी कार्य पूरे किए जा रहे हैं।

कांग्रेस ने संविधान की हत्या की है। नेहरू जी ने 17 बार, इंदिरा गांधी ने 28 बार, राजीव गांधी 10 बार और मनमोहन सिंह सात बार संविधान संशोधन किए और अपने हितों के लिए गलत नीतियां लागू कीं। अन्य सांवैधानिक संस्थाओं की अवहेलना की।

तुष्टिकरण की राह पर चलती कांग्रेस ने इस बात का भी ध्यान नहीं रखा की मध्य प्रदेश में एक अपने ही उनके मुख्यमंत्री को बस्तर में 1952 में काले झंडे किसने दिखाए थे और उसके बाद नियोगी आयोग बना था उसने क्या अनुशंसा की थी। अलगाव, विखंडन और अराष्ट्रीय तत्वों को इन्होंने जानबूज कर प्रश्रय दिया ऐसा लगता है।

देश की जनजातियां भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उसका कारण यह है कि सामाजिक न्याय के विषय को समय रहते धरातल पर नहीं उतरा परंतु आदिवासी अंचल में कानून व्यवस्था भंग होती चली गई और इन क्षेत्रों में अराष्ट्रीय तत्व लगातार होते चले गए। यह सब कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण हुआ यह अघोषित समर्थन कांग्रेस का ही रहा है।

एक और तथ्य उल्लेखनीय है। मोदी सरकार द्वारा संविधान के एक अस्थाई धारा 370 हटाने के बाद राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित हुई। एक प्रधान, एक विधान और एक निशान का

सपना पूरा हुआ। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस धारा रहने के बाद जम्मू कश्मीर में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों को पहली बार आरक्षण का लाभ मिला। इससे नौकरियां, राजनीतिक और शैक्षणिक योजनाओं को लाभ ले पाए। यह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की महान देश को बड़ा तोहफा है। बड़ी उपलब्धि है।

जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए संविधान की पांचवी अनुसूची को धरातल पर यदि किसी ने उतारा है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। इसके तहत राजस्थान जैसे राज्य में अनुसूचित क्षेत्र की जनजातीय युवाओं के साथ ही साथ स्थानीय सभी युवाओं को नौकरियों में प्रतिनिधित्व मिला है। पेसा कानून के नियम भी बीजेपी ने बनाये। यह भाजपा की संविधान के प्रति सच्ची भावना है, और दूसरी ओर कांग्रेस की उपेक्षा का एक सबूत भी है।

जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए संविधान की पांचवी अनुसूची को धरातल पर यदि किसी ने उतारा है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। इसके तहत राजस्थान जैसे राज्य में अनुसूचित क्षेत्र की जनजातीय युवाओं के साथ ही साथ स्थानीय सभी युवाओं को नौकरियों में प्रतिनिधित्व मिला है। । पेसा कानून के नियम भी बीजेपी ने बनाये। यह भाजपा की संविधान के प्रति सच्ची भावना है, और दूसरी ओर कांग्रेस की उपेक्षा का एक सबूत भी है।

आज यह बताते हुए हर्ष की आदिवासियों के विषयों के लिए आज उनका सबसे बड़ा हितेषी यदि कोई है तो पीएम नरेंद्र मोदी जी है। संविधान के व भारत के सबसे बड़े हितेषी, वैश्विक नायक सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का नारा देने वाले माननीय नरेंद्र मोदी हैं। धन्यवाद।

*श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) : आज हम भारतीय संविधान की अंगीकरण की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह अवसर हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से अंगीकार किया गया, और 26 जनवरी 1950 से यह लागू हुआ। इस संविधान

* Speech was laid on the Table.

के माध्यम से हमें एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में एक नई दिशा प्राप्त हुई।

इस संविधान ने न केवल हमारे अधिकारों की सुरक्षा की, बल्कि नागरिकों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरुक किया। हमारे संविधान का उद्देश्य समाज में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना को प्रोत्साहित करना है।

2015 में हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 26 नवंबर को संविधान दिवस (समविधान दिवस) के रूप में घोषित किया, ताकि हम भारतीय संविधान के अंगीकरण की महिमा को याद करें और उसकी मूलभूत विचारधारा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व - को मन में जीवित रखें। इस दिन को मनाने से यह सुनिश्चित होता है कि हम अपने संविधान की संप्रभुता और उसकी रक्षा के लिए हर कदम उठाने को प्रतिबद्ध रहें।

इस साल, हम संविधान के अंगीकरण की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, और यह वर्ष हमारे संविधान के गौरवमयी इतिहास और उसके महत्व को फिर से एकत्र करने का अवसर प्रदान करता है। इस विशेष अवसर पर, मैं माननीय मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करना चाहूंगी, जो भारतीय संविधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उसकी रक्षा में लगातार प्रयासरत हैं।

पंचतीर्थ के रूप में पांच ऐसे प्रमुख स्थल स्थापित किए गए हैं, जो डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवन यात्रा और उनके संविधान निर्माण के योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित हैं। ये पांच स्थान हैं:

महू (मध्यप्रदेश) - डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म स्थान ।

लंदन (यूनाइटेड किंगडम) जहाँ डॉ. अंबेडकर ने अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारतीय संविधान के निर्माण के लिए अपनी वैचारिक नींव रखी।

नागपुर (महाराष्ट्र) - जहाँ डॉ. अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया और सामाजिक न्याय और समानता के संघर्ष की शुरुआत की।

मुंबई (महाराष्ट्र) - चैत्यभूमि, जहाँ डॉ. अंबेडकर की अंतिम क्रिया संपन्न हुई।

दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी) जहाँ डॉ. अंबेडकर का निधन हुआ और उनकी विरासत आज भी

हमारे संविधान और समाज को प्रेरित करती है।

प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा इन पंचतीर्थ स्थलों के निर्माण से डॉ. अंबेडकर की योगदानों को सम्मानित किया गया है और यह आने वाली पीढ़ियों को सामाजिक न्याय और संविधान के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करेगा। यह सरकार का एक अभूतपूर्व कदम है, जो डॉ. अंबेडकर के दृष्टिकोण को जीवित रखने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने लगातार भारतीय संविधान को मजबूत करने के लिए कई नीतियाँ और पहल की हैं। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि संविधान के मूल सिद्धांतों की रक्षा की जाए और समानता, न्याय और लोकतंत्र के लिए काम किया जाए।

इस साल के समारोह का विषय, "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" (Our Constitution, Our Pride) हमें यह याद दिलाता है कि संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है।

आज के इस ऐतिहासिक दिन पर, हम सब संकल्प लें कि हम संविधान द्वारा निर्धारित अधिकारों और कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे, और भारत को एक मजबूत, समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाएंगे। धन्यवाद ।

*__श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारडोली) :__ आज इस ऐतिहासिक और गौरवमयी अवसर पर भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर चर्चा की जा रही हैं। 26 नवम्बर, 1949 को हमारे संविधान को अपनाया गया था और 26 जनवरी, 1950 को यह प्रभावी हुआ। यह न केवल हमारे राष्ट्र की राजनीतिक स्थिरता का आधार है, बल्कि यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, और समानता का प्रतीक भी है।

हमारा संविधान न केवल भारत की विविधता को स्वीकारता है, बल्कि यह विविधता में एकता की भावना को भी प्रकट करता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हमारे समाज की विविधताओं को

---

* Speech was laid on the Table.

ध्यान में रखते हुए इसे इस प्रकार से तैयार किया कि यह समाज के हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा करता है। यह संविधान न केवल भारतीयों के अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि यह पूरी दुनिया में एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत हुआ है।

हमारे संविधान में मौलिक अधिकार, धर्मनिरपेक्षता, स्वतंत्रता, समानता और सामाजिक न्याय की ऐसी नींव रखी गई है, जो एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत की पहचान बन चुकी है। यह संविधान हमें जीवन के हर पहलू में समान अवसर देने का वचन देता है और यह सुनिश्चित करता है कि हर नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता और सम्मान मिले।

संविधान के अनुच्छेद 14 से लेकर अनुच्छेद 32 तक हम पाते हैं कि हमारे संविधान ने न केवल व्यक्तिगत अधिकारों को सुरक्षित किया है, बल्कि यह समाज के कमजोर वर्गों, महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों को प्राथमिकता दी है। 75 वर्षों के इस गौरवमयी सफर में, हम देख सकते हैं कि भारतीय संविधान ने हमेशा समानता, भाईचारे, और समावेशिता का मार्ग दिखाया है।

हमारा संविधान हर व्यक्ति को अपनी आवाज उठाने का अधिकार देता है। यह न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों का संतुलन बनाता है, ताकि कोई भी संस्था या व्यक्ति अपने अधिकारों का दुरुपयोग न कर सके। यह हमें यह सिखाता है कि भारत का हर नागरिक, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, भाषा, या क्षेत्र से हो, वह हमारे लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है।

भारतीय संविधान ने समय-समय पर संशोधन स्वीकार किया है और यह संविधान का लचीलापन और विकासशीलता को दर्शाता है। हर संशोधन ने देश की बदलती परिस्थितियों और समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय समाज की सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक संरचना को मजबूत किया है। हमारे संविधान की जीवितता इसी तथ्य में निहित है कि यह समय के साथ बदलता और निखरता रहा है।

हमारे संविधान ने हमें "संविधानिक मार्गदर्शन" के तहत चलने का अवसर दिया है, जो हमें विकास की दिशा में प्रगति करने के साथ-साथ अपने आदर्शों को बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

इन 75 वर्षों में भारत ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। भारत ने एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान बनाई और आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गर्व महसूस करते हैं। भारत में हर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होते हैं, जो हमारी संविधानिक व्यवस्था की ताकत को प्रमाणित करते हैं।

भारत ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपार प्रगति की है। आज हम चंद्रयान-3 की सफलता से लेकर, "मेक इन इंडिया", "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों तक, वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना चुके हैं।

हालाँकि, 75 वर्षों में हमें कई सफलताएँ प्राप्त हुई हैं, लेकिन हमारे सामने कई चुनौतियाँ भी हैं। हमें अपने संविधान के आदर्शों को नए युग के अनुरूप और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने की आवश्यकता है। हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे संविधान में निर्धारित मूल्यों की रक्षा हो और यह देश की हर महिला, हर बच्चे, और हर नागरिक के लिए एक सशक्त और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे।

समाज में असमानताएँ, भेदभाव और अज्ञानता को समाप्त करने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना होगा। हमें अपने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी होगी, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस गौरवमयी संविधान के तहत अपने अधिकारों का सम्मान कर सकें और अपने कर्तव्यों का पालन कर सकें।

भारत का संविधान न केवल एक दस्तावेज़ है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है। यह संविधान हर नागरिक को अपनी आवाज़, अपने अधिकार, और अपनी स्वतंत्रता का आभास कराता है। 75 वर्षों की यात्रा में भारतीय संविधान ने हमें स्थिरता, समृद्धि, और न्याय की ओर मार्गदर्शन किया है। हम सभी को यह शपथ लेनी चाहिए कि हम अपने संविधान के आदर्शों की रक्षा करेंगे, और उसे पूरी तरह से लागू करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमें गर्व है कि हमारे पास एक ऐसा संविधान है, जो हमारी विविधता में एकता और हमारे लोकतंत्र में विश्वास को मजबूत करता है।

धन्यवाद।

*__SHRI C. N. ANNADURAI (TIRUVANNAMALAI):__ I take immense pride to express my views on celebration of 75th Constitution Day. The Constitution of India is a basic document which provides for everything we know as India today and it is a sacred document which has to be protected at any cost, whatever may be the challenges.

Today we are at the cusp of so many changes, and attacks on this sacred document which has been spearheaded by the present government including the one nation, one election which is going to be brought in this house in the coming days. Our Chief Minister Thalapathy MK Stalin has opposed this undemocratic move and assault on the constitution and Indian Polity and urged the democratic forces of this nation to fight this move tooth and nail. The Present BJP Government continues to undermine the vision of the forefathers and the dreams they had for the Independent India.

The present BJP Government ever since it took office since 2014 has been continuously undermining the rights of the minorities, underprivileged and adivasis by constantly eroding on the legislations brought for their upliftment. The present BJP Government has been undermining all the rights based legislations brought during the UPA government, such as Right to Work, Right to Information. All these rights are emerging from the Constitution which has been given concrete shape during the UPA Government, but the present Government has neglected

---

* Speech was laid on the Table.

them.

The first assault by this government is on our sovereignty. The Constitution declares India as a Sovereign state, implying freedom from external and internal domination. Yet, under the BJP, sovereignty has been compromised by corporate control. India's sovereignty is now at risk, not from foreign invaders but from domestic oligarchs empowered by the government.

The next idea that has been assaulted the most is Socialism. The government's aggressive privatization drive, targeting critical sectors like railways and healthcare, has deepened economic inequality, further marginalizing the poor while benefiting a wealthy few. This is not socialism; it is a direct assault on the poor, further entrenching inequality in our society.

Apart from these two ideals, there is an important ideal of our constitution and which is also a a basic feature of our constitution that has been attacked the most in this past one decade. That is Secularism. India, founded on the constitutional principle of secularism, is witnessing its very foundation being dismantled as this government brazenly weaponizes religion to polarize, oppress, and consolidate power.

The architect of our constitution Dr. B.R. Ambedkar has said:

> "Political democracy cannot last unless it lies at the base of its social democracy."

And for ensuring social democracy the Preamble promises Justice-social, economic, and political. However, under the BJP, justice has been replaced by targeted vengeance.

At the same time, as our party Leader Thalapathy MK Stalin has reiterated many a times that the centralizing tendency of the constitutional powers must be reversed and the states should be given more powers and devolution of powers should happen in a just manner. The union government should keep the powers which are only necessary to protect the sovereignty and integrity of the nation, external affairs and other such matters. The State Governments should be empowered to be truly federal organs of the country rather than mere municipalities as to implement the Union Government's directives. And at the same time, I also urge that the post of Governor is an unnecessary one and using the Governors, the BJP Government at the Union has been creating so many problems for the opposition rules states.

I thank for this opportunity to convey my thoughts on this historical occasion.

*__श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) :__ महान आत्मा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था संविधान को समझना, उसके आदर्शों और मूल्यों को अपनाना, यह राष्ट्र की प्रगति का सबसे बड़ा आधार है।

आज हम यहाँ भारतीय संविधान के 75 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक और गर्वपूर्ण अवसर है, जब हम न केवल अपने संविधान की महानता को सम्मानित करते हैं, बल्कि हम यह संकल्प लेते हैं कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करते हुए हम इसे और भी सशक्त और प्रभावी बनाएंगे। भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, और हम जिस मार्ग पर चल रहे हैं, उसमें यह संविधान हमारा मार्गदर्शक बनकर हमें एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की ओर

---

* Speech was laid on the Table.

अग्रसर करता है।

मैं एक महिला सदस्य जो कि पार्षद से सीधा सांसद चुनकर इस महान लोकतंत्र के मन्दिर में आई हूँ, और यह ताकत हमारे संविधान ने हमें दी है-हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के प्रयासों ने दी है। संविधान ने हमें अधिकार और समानता का वह मूलमंत्र दिया है, जिसके आधार पर आज महिलाएँ, दलित, आदिवासी, और अन्य पिछड़े वर्ग अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी ताकत के बल पर मैं आज यहां आई हूँ, और यह हमें संविधान ही देता है।

हमारे संविधान के 75 वर्षों के सफर में हमने कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन संविधान के प्रति हमारी आस्था और विश्वास ने हमें हर संकट से उबार लिया। भारतीय संविधान का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि यह हमारे कर्तव्यों का भी निर्धारण करता है। संविधान के अनुच्छेद 14 से लेकर 32 तक, प्रत्येक अनुच्छेद हमारे अधिकारों और कर्तव्यों को सुनिश्चित करता है। अनुच्छेद 14 हमें समानता का अधिकार देता है, अनुच्छेद 21 हमारे जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा करता है और अनुच्छेद 32 हमें न्याय की शक्ति प्रदान करता है। इन अधिकारों के माध्यम से भारतीय संविधान यह सुनिश्चित करता है कि हम सभी को समान अवसर, समान अधिकार, और समान सम्मान प्राप्त हो।

साथ ही, भारतीय संविधान में हमारे समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए कई विशेष प्रावधान किए गए हैं। राज्य के नीति निदेशक तत्व (Directive Principles of State Policy) ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि सरकारें समाज के सबसे वंचित वर्ग के लिए योजनाएं बनाएं और उन्हें लागू करें। यही वजह है कि भारत में समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, और लोकतांत्रिक आदर्शों को बढ़ावा दिया गया।

यदि हम भारतीय संविधान की तुलना अन्य देशों के संविधान से करें, तो हम पाएंगे कि भारतीय संविधान ने एक समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है। संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान जहाँ संक्षिप्त है और ब्रिटेन का संविधान अनलिखित है, वहीं भारतीय संविधान ने बहुत व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है। भारतीय संविधान ने यह सुनिश्चित किया कि हमारे नागरिकों के अधिकार न केवल कानून के तहत संरक्षित हों, बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक अधिकार भी सुनिश्चित किए जाएं। हमारे संविधान

में अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16 जैसे प्रावधान हैं, जो समाज के सभी वर्गों को बराबरी का अधिकार प्रदान करते हैं। यही कारण है कि भारतीय संविधान को दुनिया भर में आदर्श माना जाता है।

आज जब हम संविधान के 75 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारे संविधान ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार और अवसर देने का काम किया है। यही नहीं, भारतीय संविधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने हमें यह सिखाया कि समाज में समानता का अधिकार प्रत्येक नागरिक का है और इसके लिए हमें लगातार संघर्ष करना होगा। उनके शब्दों में, "हमारे संविधान में यदि कोई सबसे बड़ी शक्ति है, तो वह है न्याय, जो समाज के हर वर्ग को समान रूप से मिलता है।" उन्होंने संविधान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि कोई भी भारतीय नागरिक जाति, धर्म, या लिंग के आधार पर भेदभाव का शिकार न हो।

हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व भारतीय संविधान को मजबूती देने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, महिला शसक्तीकरण, आत्मनिर्भर भारत और जन धन योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से न केवल सामाजिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है, बल्कि संविधान के आदर्शों को वास्तविकता में बदलने के लिए नीतियाँ बनाई हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो संविधान की मूल भावना के अनुरूप हैं।

हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने कहा था – “संविधान वही अच्छा होता है जो प्रत्येक नागरिक की स्वतंत्रता की रक्षा करे, समाज में समानता और न्याय स्थापित करे। " - और भारतीय सविधान उसी रहा पर अपनी भूमिका निभा रहा है।

प्रधानमंत्री जी के इस दृष्टिकोण से यह स्पष्ट है कि हमारे संविधान का उद्देश्य सिर्फ अधिकारों की रक्षा करना नहीं है, बल्कि यह एक समृद्ध और न्यायपूर्ण समाज की ओर मार्गदर्शन करना है। प्रधानमंत्री मोदी जी का यह प्रयास है कि हर नागरिक को न केवल उसके अधिकार मिले, बल्कि उसे समान अवसर भी प्राप्त हों। महामान्य सदस्यगण, आज जब हम भारतीय संविधान के 75 वर्षों का

उत्सव मना रहे हैं, तो यह समय है कि हम संविधान के महत्व को और गहरे महत्व से समझें और संकल्प लें कि हम संविधान के आदर्शों का पालन करें। हम यह सुनिश्चित करें कि हर भारतीय नागरिक को उसके अधिकार मिले और कोई भी वर्ग संविधान से वंचित न रहे। सभापति महोदय, आइए, हम संकल्प लें कि हम संविधान के आदर्शों के अनुरूप अपना कर्तव्य निभाएँ और भारतीय लोकतंत्र को और भी सशक्त बनाएं। यही हमारी जिम्मेदारी है, और हम इसे निभाने के लिए हर कदम उठाएंगे।
कुछ पंक्तियों के माध्यम से में अपनी बात की विराम देना चाहूँगी- "संविधान हमारा गहना है, लोकतंत्र की शक्ति का पेड़ है, हम सबके अधिकारों का यह रक्षक है, यह हमारी गरिमा का देव है।"
जय भारत, जय संविधान, जय हिन्द! धन्यवाद

*__SHRI CHAMALA KIRAN KUMAR REDDY (BHONGIR):__ On this Constitution Day Debate, we are not only commemorating the adoption of our Constitution but also reflecting on its enduring significance in our nation's journey Crafted under the visionary leadership of Dr BR Ambedkar and other founding fathers, the Constitution is not merely a document - it is the moral compass of India's democracy, its secular ethos, and its federal character.

However, as we celebrate, it becomes imperative to confront the realities of our time, where the ideals enshrined in the Constitution face systematic erosion. Today, I wish to raise critical concerns about the deliberate weakening of constitutional principles, the undermining of institutions, and the growing disregard for democratic norms under the current regime.

Let us revisit the history and the momentous occasion when our constitution was adopted. Amid the cheers and joy, there were also some muted voices that

---

* Speech was laid on the Table.

were rather not content with the birth of a new 'sovereign', 'socialist' and 'secular' republic. One such voice was of RSS ideologue M.S. Golwalkar. He shockingly expressed disdain for the democratic principles enshrined in our holy constitution. In his writings, he dismissed the Constitution as a "Western import".

History tells us that the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS), the ideological backbone of the ruling BJP, has always been uncomfortable with the Constitution. Soon after its adoption, the RSS's mouthpiece, Organiser, criticized it for lacking references to "ancient Bharatiya" texts like the Manusmriti. It went so far as to lament the Constitution's inspiration from Western democracies, advocating instead for laws based on a regressive, caste-based hierarchy.

The RSS's disdain extended to Dr Ambedkar himself, whose commitment to social justice and equality conflicted with their vision of a Hindu Rashtra. In its early publications, the RSS mocked Ambedkar's contributions, calling it a "travesty" to compare him with ancient lawgivers like Manu. Such a history makes the current government's proclaimed reverence for the Constitutiom appear bollow and opportunistic

Later in the years, in 1993, the Sangh Parivar published a "white paper", openly labeling the Constitution "anti-Hindu". Swami Hiranand, a key figure of the Parivar, declared: "The present Constitution is foreign-oriented... It has to be discarded completely as a matter of high priority. The damage done by two hundred years of British rule is negligible compared to the harm done by our Constitution.

During Atal Bihari Vajpayee's tenure as Prime Minister, a committee was

formed to review the Constitution. Although this was presented as move to modernize governance, opposition parties accused it of being an attempt to dilute secular and socialist provisions

The BJP-RSS ideology has not remained confined to rhetoric; it has seeped into governance. Consider these developments that starkly contrast with constitutional principles:

The Citizenship (Amendment) Act, 2019 (CAA), selectively grants. citizenship based on religion, excluding Muslims a direct violation of the secular ethos of the Constitution. This move has alienated millions, especially in Assam and the northeastern states, leading to widespread protests.

The Constitution envisions India as a cooperative federal state, but the BJP's actions-have-reduced federalism-to-a-free. Elected state governments in Madhya Pradesh, Karnataka, and Maharashtra have been destabilised through dubious means, including horse-trading and misuse of governors offices

The judiciary once a bastion of independence, is now under imtiense pressuna The government's refusal to honour collegium recommendations for judicial appointments reveals a dangerous trend of executive overreach. Simultaneously, independent media is being silenced through lawsuits, raids, and intimidation tacties, leaving citizens with fewer avenues for dissent.

Central agencies like the GBP and ED, instead of acting as impartial guardians of justice, have turned into political tools. The CBI and ED have become tools to silence dissent, functioning less like independent agencies and more like workers of Golwalkar's ideological framework. (CBI aur ED Golwalkar ke Chatte

Batte) Opposition leaders are disproportionately targeted while ruling party members enjoy immunity. This is not governance; this is a vendetta.

In the last few weeks, we have witnessed the BJP's contempt for democratic practices. Rahul Gandhi, the Leader of the Opposition, was prevented from visiting Sambhal in Uttar Pradesh, where victims of violence awaited his support. This blatant abuse of prohibitory orders highlights how the ruling regime suppresses opposition voices.

The use of bulldozers against marginalized communities, particularly Muslims, is another disturbing trend. Under the guise of anti-encroachment drives, entire communities have been displaced, their homes demolished. In Uttar Pradesh, entire settlements of Muslims have been razed, with no regards for the face that many resident held valid property documents. This is not development, it is a direct assault on the rights and dignity of the poor and minorities. The bulldozer is no longer a tool for urban development, it has become a symbol of fear, intimidation, and state-sponsored persecution.

In the name of religious restoration, the government is fanning communal flames. The attempt to "unearth" temples beneath mosques is not about heritage, it is about stoking religious divisions for political gain. The government's campaign destabilizing India's secular fabric, and the consequences disastrous for the unity and harmony of this nation. Between 2017 and 2021, India will be recorded over 2,900 cases of communal or religious rioting, with 378 incidents in 2021 alone.

"Secular tha samvidhan, sabke liye ek samaan,

Par baant rahe hanin logon ko, dharm ke naam.

Jo the naye Bharat ke sapno ke sipahi,

Ban rahe hain nafrat ke saudagar wahi."

Moreover, the BJP's hypocritical stance on free speech was exposed when it organized grand celebrations for Constitution Day while curtailing Parliamentary debate. Bills are being passed without proper discussion, reducing Parliament to a mere rubber stamp. What would Dr Ambedkar say if he saw the temple of democracy being hollowed out like this?

The Preamble calls for Fraternity, assuring unity and brotherhood. Yet, this government thrives on division. In Manipur, ethnic violence has displaced over 60,000 people and claimed hundreds of lives, with no serious effort from the government to restore peace. Hate campaigns and targeted propaganda against minorities are organized in the name of Dharma Sansads which have destroyed the social fabric of communities.

The undermining of constitutional principles isn't just a political issue it has severe socioeconomic consequences. For example:

The government's high-handedness during the farm law protests showed complete disregard for democratic dialogue. Although the laws were repealed, the approach left scars on India's agrarian community, raising questions about how federal consultations were ignored.

Welfare programs are increasingly coloured by religious and ideological bias. For instance, certain states have seen welfare schemes favouring specific communities, leading to resentment and further polarization.

It is ironic that the Prime Minister often refers to the Constitution as the "holy

book," while his government systematically undermines its provisions. The actions speak louder than words: the abrogation of Article 370 without consultation with Jammu and Kashmir's legislature was a blatant violation of federal principles. Similarly, the delay in conducting elections in the region undermines the democratic process.

Today, the BJP celebrates the Constitution not out of love for it but because they are compelled to do so. As one of their leaders sarcastically remarked, they "love the Constitution because they couldn't push it beyond Article 240." Their agenda remains to dismantle its progressive and inclusive nature a fact underscored by the careless remarks of Diyakumari and others, exposing their disdain for constitutional values. It is unfortunate for the BJP, but fortunate for the people, that their true intentions have been exposed time and again.

On Constitution Day, we should ask: Is this government truly committed to upholding the Constitution, or is it merely using it as a façade to push its divisive agenda?

Today, we must pledge not just to celebrate but to safeguard our Constitution. Let us:

- Strengthen institutions by ensuring their independence and impartiality.
- Promote federalism by respecting the autonomy of state governments.
- Protect secularism by rejecting discriminatory policies.
- Encourage democratic debate by fostering free speech and dissent.

The people of India have entrusted us with the responsibility of upholding

the Constitution. Let us not fail them. Let us not let history remember us as the generation that allowed democracy to crumble.

In conclusion, I would like to a quote from Dr Ambedkar, who said, "However good a Constitution may be, if those who are implementing it are not good, it will prove to be bad." The onus is on us to ensure that our actions align with the vision of the Constitution's framers. Let us rise above petty politics and preserve the soul of our democracy.

Thank you.

***श्री शशांक मणि (देवरिया) :** यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे उस पवित्र पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त का अवसर मिला, जिसने हमारे लोकतंत्र को जन्म दिया है- हमारा संविधान। एक ऐसा ग्रंथ जिसने पिछले 75 वर्षों से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को मार्गदर्शन दिया है। मैं इस सदन का ध्यान संविधान से संबंधित तीन विषयों पर आकर्षित करना चाहता हूं-संस्कृति का प्रभाव, सामान्य नागरिक की भूमिका और सबका प्रयास से सबका विकास।

हमारे संविधान की मूल सोच भारतीय संस्कृति से जुड़ी है और आजादी के 90 साल पहले साधारण नागरिकों ने उसकी रक्षा की है। वर्ष 1857 की क्रांति हमारी संस्कृति की रक्षा के लिए थी, जिसे पूर्वांचल में बलिया के मंगल पांडेय और वाराणसी के साधारण परिवार में जन्मी लक्ष्मी बाई ने चिंगारी दी। इसके पहले 1855 में संथालों का विद्रोह हुआ और 1857 की क्रांति के बाद 1900 में भगवान बिरसा मुंडा के झारखंड में आदिवासियों को स्वतंत्रता के लिए प्रेरित किया। इन साधारण क्रांतिकारियों की बलिदानी से राजनीतिक स्वतंत्रता तो नहीं मिली, लेकिन सांस्कृतिक स्वतंत्रता जरूर मिली। इस क्रांति के परिणाम स्वरूप क्वीन विक्टोरिया को 1 नवंबर, 1858 को धर्म परिवर्तन को रोकने का ऐलान करने को बाध्य कर दिया। स्वतंत्रता के इस प्रारंभिक संग्राम में एक दो राजाओं को

* Speech was laid on the Table.

छोड़कर अधिकांश राजाओं ने साधारण क्रांतिकारियों का साथ नहीं दिया। ब्रिटिश साम्राज्य ने इन राजाओं को मानसिक रूप से बंधक बना लिया, जिसके कारण संभ्रांतवादी सोच बढ़ी। आजाद भारत का यह कटु सत्य है कि वही नागरिक और वही क्षेत्र जो स्वतंत्रता के लिए लड़े थे, उनको कई सालों तक प्रताड़ित किया गया, जिसमें मेरा क्षेत्र पूर्वांचल भी शामिल है।

स्वतंत्रता की पहली क्रांति के 28 साल बाद एक ब्रिटिशर्स एलन ऑक्टेवियो ह्यूम ने कांग्रेस पार्टी की नींव रखी। स्वाभाविक है कि यह पार्टी भी संभ्रांतवाद को बढ़ावा देती रही और ब्रिटिश साम्राज्य से समझौता करती रही। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने जब पूर्ण स्वराज का नारा दिया और लाला लाजपत राय, विपिन चंद्र पाल, अरबिंदो, और बाद में वीर सावरकर ने इनका साथ दिया, तब जाकर पहली बार असली स्वतंत्रता की ज्वाला उठी। इसी विषय को लेकर 1907 में कांग्रेस दो हिस्सों में हो गई। 75 साल पहले संविधान सभा में एक महत्वपूर्ण बहस हुई, जिसमें एक पक्ष आम आदमी की दयनीय स्थिति, विशेष रूप से एससी/एसटी वर्ग के उत्थान की सोचते थे, और दूसरी ओर वो लोग थे जो उपनिवेशी ब्रिटिश सोच का अनुसरण कर रहे थे। संविधान सभा में 25 और 26 मई 1949 को आदरणीय बाबा साहेब अम्बेडकर जी और श्री नेहरू जी के बीच तीखी बहस हुई। इस बहरा में श्री नेहरू जी ने आरक्षण का विरोध किया था, जबकि वह जानते थे कि दलितों और पिछड़े वर्ग को सहयोग की आवश्यकता थी। अंत में महात्मा गांधी जी की मदद से बाबा साहेब ने जीत हासिल की। इसके लिए श्री नेहरू जी ने बाबा साहब अम्बेडकर को माफ नहीं किया और यह भी सुनिश्चित किया कि 1952 के दूसरी चुनावों में उन्हे हराकर घर बिठा दिया।

संविधान हमें 26 जनवरी 1950 को मिला, लेकिन आश्चर्यजनक बात यह है कि इसके 18 महीने बाद 1951 में श्री नेहरू ने संविधान पर प्रहार किया। उन्होने अपनी तानाशाही दृष्टिकोण अपनाते हुए नागरिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता यानी क्लॉज 19 (1A) को कमजोर किया। इसके विरोध में आदरणीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के नेतृत्व में इस पर दो हफ्ते तक तीखी बहस चली, लेकिन कांग्रेस का संभ्रांतवादी और उपनिवेशी दृष्टिकोण हावी रहा। श्रीमती गांधी जी द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति हमारे देश और संविधान के इतिहास में सबसे हीन समय था। उस समयकाल से नेहरू-गांधी परिवार

और कांग्रेस का संभ्रांतवाद और परिवारवाद की मानसिकता प्रखर रुप से सामने आयी। श्रीमती गांधी जी ने आपातकाल में संविधान की प्रस्तावना में दो मुख्य विवारधाराओं - समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को शामिल किया। समाजवाद मर रहा था और हर भारतीय जानता है कि भारत स्वाभाविक रूप से धर्मनिरपेक्ष देश है। हमारी पवित्र संवैधानिक पुस्तक में अनेक चित्र अनेक धर्मों की कहानी बताते हैं, जो देश को सांस्कृतिक रुप से जोड़ते हैं। जब आदरणीय प्रधानमंत्री कहते हैं 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', तो यह केवल संविधान के 1,10,000 शब्दों में नहीं है, बल्कि नंदलाल बोस और उनके सह-कलाकारों द्वारा बनाए गए चित्रों में उल्लेखित है - राम, अर्जुन, बुद्ध, महावीर द्वारा प्रसारित संस्कृति जो हमें राष्ट्र के रूप में एकजुट करती है। इसी कांग्रेस ने न केवल अनदेखा किया, बल्कि तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से इसे दबाने की कोशिश की, लेकिन जब भी मां भारती पर इस प्रकार के हमले हुए हैं, तब हमारी संस्कृति ही नहीं, साधारण भारतीय उन्हें बचाने के लिए उठ खड़े हुए हैं। 1857 में यही हुआ और 120 साल बाद 1977 में भी यही हुआ, जब भारत की जनता ने इस तानाशाही सरकार को सत्ता से बाहर किया और यह 'गरीबी हटाओ' के ढोंग के बावजूद हुआ। गरीबी हटाओ के नारे को कांग्रेस के लोग गरीबों के सामने बोलते रहे और अभिजात वर्ग का पक्ष लेते रहे, जिसकी उत्पत्ति थी लाइसेंस राज। दूसरी तरफ श्री राजीव गांधी जी ने खुद स्वीकार किया था कि केवल 15 रुपये आम नागरिकों तक पहुंचते हैं और बाकी 85 रुपये बीच में ही चुरा लिए जाते हैं। 'WE THE PEOPLE' के बजाय करीब 60 साल तक भारत को We the Parivar का युग झेलना पड़ा।

हमें गर्व है कि आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में 'वी द पीपल' यानी आम नागरिक पर ध्यान केंद्रित करने मे में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। हम में से कई लोग उस प्रेरणादायक काव्य 'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा कमल खिलेगा' के काव्यात्मक उत्थान से प्रेरणा लेते रहे हैं और देश में पहली बार राष्ट्रवादी पार्टी सामने आई, जो संविधान की सुरक्षा, सामान्य नागरिक की देख भाल के लिए प्रतिबद्ध थी। सम लला को हमारे संविधान के पन्नों में ही नहीं, राम राज्य को राम मंदिर के आंदोलन से जनजन के मन में उतार दिया।

आदरणीय वाजपेयी जी ने एक कविता में यह भी कहा:-

पंद्रह अगस्त का दिन कहता आजादी अभी अधूरी है,

सपने सच होने बाकी, राखी की शपथ ना पूरी है।

उसी आजादी को पूर्ण करने के लिए 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जनादेश ने संविधान और देश को अभिजातवाद, उपनिवेशी सोच और परिवारवाद से बचाया और विकास की प्रबल धारा में देश बढ़ने लगा। अनुच्छेद 370 खत्म हुआ, रामलला के मंदिर का निर्माण हुआ, महिला अधिनियम से राखी की शपथ भी पूरी होती लग रही है। देश को 63 वर्षों इंतजार करना पड़ा, ताकि संविधान का असली नायक आम नागरिक आगे आए। आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 2014 में संसद की सीढ़ीयों और 2024 में संविधान के सामने झुककर उस सम्मान को व्यक्त किया। वर्ष 2024 के चुनावों में हमने संविधान पर एक और प्रहार देखा, खासकर उत्तर प्रदेश में। संविधान के प्रति भ्रांतियां फैलाने में सीमा पार से सोशल मीडिया, इंटरनेट की ईस्ट इंडिया कंपनी, सोरोस जैसे भारत विरोधी तत्वों के साथ भारत पर डिजिटल के माध्यम से प्रहार कर रहे हैं। यह सदन देख रहा है कि वही परिवार जो पांच पीढ़ियों से हमारे संविधान पर हावी है, संविधान को लेकर घड़ियाली आंसू बहा रहा है। आज देश देख रहा है कि उसी परिवार के भाई-बहन की जोड़ी इस सदन में बैठी है, परिवारवाद का प्रत्यक्ष प्रमाण है। लेकिन आइये, अमृत काल की शुरुआत में हम संविधान को एक नए दृष्टिकोण से देखें। आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिया गया प्रेरणादायक मंत्र सबका प्रयास को सबके विकास से जोड़ें। नागरिकों की यह नई भूमिका संविधान को और राष्ट्र की व्यवस्था को नया आयाम दे रही है। 'सबका प्रयास' संविधान की प्रस्तावना का चौथा शब्द 'बंधुत्व' या Fraternity को आगे लाता है।

एक सांसद के रूप में, 'सबका प्रयास' मुझे केवल देवरिया लोकसभा के 18.7 लाख नागरिकों को वोट करने के लिए ही नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देने को प्रोत्साहित करती है। हमारा पवित्र संविधान इसी ऊर्जा की खोज करने की प्रेरणा देता है। यह ऊर्जा मेरे संसदीय क्षेत्र के देवरिया शहर, फाजिलनगर नगरपालिका, बारारी गांव और अन्य स्थानों में रहने वाले नागरिकों में हैं। यह ऊर्जा उन 150 उद्यमियों में दिखती है, जिन्होने करीब 7,000 स्थानीय रोजगार का सृजन किया

है। न्याय, स्वतंत्रता और समानता जो संविधान की प्रस्तावना में है, इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए, लेकिन जिस गणतांत्रिक ऊर्जा की आवश्यकता विकसित भारत को है, वह बंधुत्व पर ध्यान केंद्रित करने से ही मिलेगा। इस शब्द से ही 'सबका प्रयास से सबका विकास' 140 करोड़ नागरिकों की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यान्वित करता है। 'सबका प्रयास से सबका विकास' उद्यमिता के माध्यम से कार्यान्वित होगा। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम देवरिया में संस्कृत भाषा, और स्थानीय संस्कृति की शक्ति का उपयोग कर रहे हैं। उद्यमिता के लिए निर्माण के देवता विश्वकर्मा भगवान को जन सामान्य के बीच पुनः प्रस्तुत कर रहे हैं। आदरणीय दीनदयाल जी के अंत्योदय और एकात्म मानववाद ने जातिगत विभाजन के विपरीत हमारे देश को एक जुट होकर आगे बढ़ाने की सीख दी थी। उद्यमिता किसान, महिला, युवा और गरीब 'WE THE PEOPLE' को अपने जीवन में स्वावलंबी बनाने का उपकरण देती है। वहीं कांग्रेस कई वर्षों तक 'वी द परिवार' और 'WE THE ELITE' से अपने स्वार्थ के लिए काम कर रही है। 'इंडी' गठबंधन' ने स्वालंबन के बजाय निर्भरता को बढ़ावा दिया, जो 2024 चुनावों में किए गए झूठे वादों में प्रदर्शित हुई।

आइए, अमृत काल में हम फिर, 'WE THE PEOPLE' को 'WE THE PEOPLE WITH RESPONSIBILITY TO BUILD' से परिभाषित करें। इसके लिए सरकार को 'जामवंत' की भूमिका निभानी पड़ेगी। जब समाज को प्रोत्साहन मिलेगा तो हमारा देश सुनिश्चित करेगा कि लोग राज्य की सेवाओं के लाभार्थी तो होंगे, साथ ही इस देश के नागरिकों की हनुमान शक्ति को सरकार द्वारा सक्षम किया जाए, ताकि विकसित भारत का सूरज उगे। यही उपदेश रामायण के एक छंद में जामवंत जी हनुमान जी को देते हैं :-

कहि ऋच पति सुन हनुमान, का चुप साधी रही हनुमान,

पवन तनय बल पवन समाना, बुद्धि विवेक विज्ञान विधाना।

हमारे नागरिकों में अनेक शक्तियां हैं और हमारा संविधान उसे उजागर करने की प्रेरणा देता है। हमारे लोकतंत्र में नागरिकों को मुख्य धारा में लाने के लिए हमारे संविधान, हमारे प्रधानमंत्री और सरकार प्रतिबद्ध है। यही विकसित भारत को वेग देगा, और इसके माध्यम से संविधान के 75वें वर्ष में

हम संविधान को सही पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

*SHRI G. M. HARISH BALAYOGI (AMALAPURAM):** Thank you for giving me the opportunity to express my views on the important occasion - 75th year of the Adoption of our Constitution. As a young, first time member of Parliament, I am deeply aware of the fact that I am able to stand here due to the collective efforts and sacrifices throughout our collective history of prominent leaders such as Amarjeevi Potti Sreeramalu (Father of Andhra Pradesh), Bhagya Reddy Verma (prominent Dalit Leader), Talisetti Venkatachalapathi, Constituent Assembly representatives such as Durgabai Deshmukh, Sardar Nagappa, Dakshyani Velayudhan (Only Dalit Lady in the Parliament) and Dr Bhim Rao Ambedkar, in whose honour the new district of Konaseema, my district, was named. I hope their works will serve to inspire my fellow country-people, brothers and sisters alike and work harder towards our collective aim of nation building - an Aatmanirbhar Vikisit Bharat.

Our Constitution is a very unique document. It is a living gift from our past that continues to grow, accommodating the requirements of our present as well as the future. It provides for the welfare, upliftment and protection of all especially those belonging to socially backward, scheduled castes and scheduled tribes the Bahujans.

This is all because of the tireless efforts of Dr BR Ambedkar. He stands tall in our collective history and is amongst those titans whose contributions go above

---

* Speech was laid on the Table.

and beyond all religious, social and economic barriers prevalent in our country's past and at present. 1 firmly believe that his works across subjects such as Economy (The Problem with the Rupee), Languages (Thoughts on linguistic states) and social justice showcase his depth of knowledge. There is a reason that members of each generation, not only our country but across the world, resonate with the teaching and writings of Babasaheb. Through you, I would like to urge our youth to read his works and be inspired by his exceptional life.

We can see the power of the Constitution in action wherein it took a humble son of a farmer in coastal Andhra, inspired by the teachings of Dr Bhim Rao Ambedkar, to become a three-time MP from Amalapuram and the first Dalit speaker of this house, my father Shri GMC Balayogi. He was conscious of the importance that our Constitution played in him being able to represent his people in the Lok Sabha and passionately advocated for enhancing the rights of SC/ST individuals as enshrined under Articles 14,15,16,17 and 46 of our Constitution.

There are a few of his contemporaries from the early 90s and 2000s present here today amongst us across party lines who may recall hearing his speeches. After reading his words and interacting with his peers, I find it a matter of concern that the core issues holding back the development of Bahujans thirty years ago remain equally prevalent, especially over the last five years in Andhra Pradesh. These serious situations arise despite the combined efforts of legislature, executive and judiciary. This underscores our collective responsibility as Parliamentarians not just to our nation and its citizens, but to the dreams, aspirations and hopes of those countless individuals such as my father who

worked tirelessly in this Parliament for the benefit of the Bahujans and Sc/STs. This leads to a pertinent question, how are we to do so?

As a member of the Telugu Desam Party, entrusted with responsibility by my party leader Sri Nara Chandrababu Naidu, Nara Lokesh Garu and inspired by the teachings of my father Shri GMC Balayogi, I entered this Parliament with excitement and a keen sense of duty to my people and our nation. However, it disheartens me to say that each one of us has failed our billion brothers and sisters. For some time now, our House has been plunged repeatedly into chaos as we all collectively, consciously reduced ourselves to political bickerings.

I am sure that I am not the only one who feels this way. All my fellow Members who are in this house for the first time across parties, many of them who are yet to speak here, may also be feeling just as disappointed as I am. For the last few days, we have been coming here filled with excitement to participate in debates in our temple of democracy, only to have the doors shut in our faces as sessions are adjourned one after the other.

We all, irrespective of party lines have been denied the right to raise important issues and our people have been denied the right to see the power of their vote in motion- a right granted by the Constitution itself.

So I ask each and every one of you: Who will give me, my constituents and the people of our country the time we have lost? No one.

As I conclude my views, I quote the Builder of our Nation Sardar Vallabhbai Patel: "By common endeavor, we can raise the country to a new greatness, while a lack of unity will expose us to fresh calamities."

I urge my fellow parliamentarians to put aside our differences and come together to work for our nation's growth. My father firmly believed that only if the principles of our constitution were enforced in letter and spirit could our country grow out of its caste and class-ridden past. Let us join hands and work together to take our country and all its citizens, irrespective of caste, creed, religion, sex or gender to greater heights and prosperity- just as our forefathers envisioned when they gifted us our Constitution.

****श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (मुजफ़्फ़रनगर) :** हमारा संविधान अपने सभी नागरिको को इस बात की गारंटी देता है कि:

"हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी , पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली, बन्धुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्पित होकर अपनी संविधानसभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई० को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।"

संविधान के अनुच्छेद 14 में लिखा गया समानता का अधिकार जो सभी नागरिको को कानून के समक्ष समानता-राज्य भारत के क्षेत्र के भीतर किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता या कानूनों के समान संरक्षण से इनकार नहीं करेगा। अनुक्छेद 15. धर्म, नस्ल, जाति के आधार पर भेदभाव का निषेध लिंग या जन्म स्थान.- राज्य किसी भी नागरिक के खिलाफ भेदभाव नहीं करेगा केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर। कोई भी नागरिक,

* Speech was laid on the Table.

केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, स्थान के आधार पर नहीं जन्म या उनमें से कोई भी, किसी भी विकलांगता, दायित्व, प्रतिबंध या के अधीन हो के संबंध में शर्त दुकानों, सार्वजनिक रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक स्थानों तक पहुंच मनोरंजन; कुओं, तालाबों, स्नान घाटों, सड़कों और स्थानों का उपयोग सार्वजनिक रिज़ॉर्ट पूर्णतः या आंशिक रूप से राज्य निधि से संचालित या समर्पित आम जनता के उपयोग के लिए. बोलने की स्वतंत्रता हमें अनुच्छेद 19 देता है जिसमे हम अपनी व्यथा पीड़ा सब बता पाने के लिए स्वतंत्र है (1) सभी नागरिकों को अधिकार होगा - (ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता; (बी) शांतिपूर्वक और बिना हथियारों के इकट्ठा होना; (सी) संघ या यूनियन बनाना 2 (डी) भारत के पूरे क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूमने के लिए; (ई) भारत के क्षेत्र के किसी भी हिस्से में निवास करना और बसना; 1 (छ) कोई पेशा अपनाना, या कोई व्यवसाय, व्यापार करना आदि लेकिन इस सरकार ने किसानो की मजदूरों की और शोषित अल्पसंख्यक वर्ग की आवाज को कितनी बेरहमी से दबाया है हम सब से छुपा नहीं है स्वतंत्रता के अधिकारों में अनुच्छेद 21-क में शिक्षा का अधिकार है हमारे देश का हर नौनिहाल पढ़े और देश को तरक्की की ओर लेकर जाए यही इसका उद्देश्य है लेकिन इस सरकार ने जिस तरह से शिक्षा का भगवाकरण करने का प्रयास किया है वह निंदनीय है। संविधान के अनुच्छेद 48 पूरी तरह से किसान के लिए बनाया गया है लेकिन बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि ये किसान विरोधी सरकार असंवैधानिक तरीके से किसानो के अधिकार भी छीनती जा रही है। धर्म के आधार पर भेदभाव को रोकने के लिए हमारे संविधान में अनुच्छेद 25 30 तक कहा गया है अनुच्छेद 25 अंत:करण के आधार बेरोक टोक धर्म माने जाने की स्वतंत्रता देता है लेकिन धर्म के आधार पर आज हमारे देश में ये सरकार क्या कर रही है उससे न सिर्फ संविधान का हनन हो रहा है बल्कि देश का भाईचारा भी समाप्त हो रहा है। देश में खोज खोज कर मस्जिदों के खुदाई का कार्य चल रहा है जो की असंविधानिक भी और गैर न्यायसंगत भी इसका हमारे मुल्क की एकता पर बड़ा गहरा असर पड़ेगा। मै इस शेर के जरिये उन सभी को आगाह करना चाहता हूँ जो हिन्दू मुस्लिम और धर्म के झगड़ो में लगे है:

वतन की फ़िक्र कर नादाँ मुशीबत आने वाली है

तेरी बरबादियो के मशविरे है आसमानों में न संभलोगे

गर हिन्दोस्तां वालो तुम्हारी दास्ताँ भी न हो इस दस्तानों में।

***श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) :** भारतीय संविधान को राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान जागृत राजनीतिक चेतना का परिणाम माना जाता है। राष्ट्रीय आंदोलन या स्वतंत्रता संघर्ष की पृष्ठभूमि में समाज के विभिन्न वर्गों- पुरुष, महिला, श्रमिक, विद्यार्थी, वकील, पूंजीपति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों- पूर्वोत्तर, पश्चिमोत्तर, दक्षिण और उत्तर-मध्य के बीच बेहतर समन्वय देखा गया। इसी समन्वय और विभिन्न वर्गों की महत्त्वाकांक्षाओं की पृष्ठभूमि में भारतीय संविधान का निरूपण किया गया और इसकी प्रस्तावना में राज्य की शक्ति को जनता में निहित बताया गया।

भारतीय संविधान में सभी वर्गों के हितों के मद्देनज़र विस्तृत प्रावधानों का समावेश किया गया है, साथ ही सर्वोच्च न्यायालय की विभिन्न व्याख्याओं के माध्यम से भी बदलती परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न अधिकारों को सम्मिलित किया गया। इसके परिणामस्वरूप स्वतंत्रता के 70 वर्षों पश्चात् भी भारतीय संविधान अक्षुण्ण, जीवत और क्रियाशील बना हुआ है।

संविधान नियमों और उपनियमों का एक ऐसा लिखित दस्तावेज़ है, जिसके आधार पर किसी राष्ट्र की सरकार का संचालन किया जाता है। यह देश की राजनीतिक व्यवस्था का बुनियादी ढाँचा निर्धारित करता है। यह कहा जा सकता है कि प्रत्येक देश का संविधान उस देश के आदर्शों, उद्देश्यों व मूल्यों का संचित प्रतिबिंब होता है। संविधान एक जड़ दस्तावेज़ नहीं होता, बल्कि समय के साथ यह निरंतर विकसित होता रहता है। इस संदर्भ में भारतीय संविधान को एक प्रमुख उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। भारत में संविधान के निर्माण का श्रेय मुख्यतः संविधान सभा को दिया जाता है।

संविधान सभा के गठन का विचार सर्वप्रथम वर्ष 1934 में वामपंथी नेता एम.एन. रॉय द्वारा दिया गया था। वर्ष 1946 में 'क्रिप्स मिशन' की असफलता के पश्चात् तीन सदस्यीय कैबिनेट मिशन

---

* Speech was laid on the Table.

को भारत भेजा गया। कैबिनेट मिशन द्वारा पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से अंततः भारतीय संविधान के निर्माण के लिये एक बुनियादी ढाँचे का प्रारूप स्वीकार कर लिया गया, जिसे 'संविधान सभा' का नाम दिया गया। भारत का संविधान देश का सर्वोच्च कानून है।

भारतीय संविधान आज़ादी के 75 वर्षों बाद भी एक जीवंत दस्तावेज़ की तरह अपना अस्तित्व बनाए हुए है। भारतीय न्यायपालिका और संवैधानिक व्याख्या की प्रक्रिया अनवरत विकास कर रही है। आवश्यक है कि संविधान के माध्यम से भारतीय न्यायपालिका की पारदर्शिता और जवाबदेही के मध्य संतुलन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखने का प्रयास किया जाए।

भारतीय संविधान भारत के नागरिकों का एकता का केंद्र बन गया है। यह एक ऐसा तरीका है जिसके माध्यम से लोग अपने अधिकारों और उपचार का दावा करते हैं। संविधान प्रशासन द्वारा मनमानी कार्यवाही से संबंधित मुद्दों पर अंकुश लगाने में सहायता करता है। भारत में आज अगर हम स्वतंत्र रूप से सम्मान के साथ रह रहे हैं, तो यह संविधान के कारण है। संप्रभुता, लोकतंत्र और स्वतंत्रता, अधिकार तथा कर्त्तव्य सभी शासकीय मानदंडों को मिलाकर सबसे बड़ी संपत्ति भारत का संविधान बनाया गया है।

संविधान सभा के सदस्यों की संख्या शुरुआत में 389 थी जिसमें 15 महिलाएं भी शामिल थीं, जो काफी सशक्त थीं और जिन्होंने देश का संविधान गढ़ने में अहम भूमिका निभायी थी. इन 15 महिलाओं में से कुछ महिलाओं को ही जनता जानती है. बाकी महिलाएं गुमनामी के अंधेरे में खो गयी हैं. आइए जानते हैं गणतंत्र दिवस के मौके पर उन महान महिलाओं को जिन्होंने महिला अधिकारों की वकालत संविधान सभा में की थी।

अम्मू स्वामीनाथन एक सामाजिक कार्यकर्ता थीं। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी। साथ ही वे संविधान सभा की सदस्य थी। अम्मू का जन्म केरल के पालघाट जिले में हुआ था। उनके माता-पिता नायर समुदाय से थे. अम्मू की शादी 20 साल बड़े सुब्बारामा स्वामीनाथन से हुई थी। स्वामीनाथन ने अम्मू की शिक्षा पर बहुत जोर दिया था और उनकी प्रतिभा को निखरने का पूरा अवसर दिया गया था। 1952 में वे राज्यसभा की सदस्य चुनी गयीं और विभिन्न संस्थाओं से भी

जुड़ी रहीं. उन्हें 1975 में मदर ऑफ दी ईयर' चुना गया था।

विजया लक्ष्मी पंडित पहली महिला थीं, जिन्हें भारत में कैबिनेट मंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ. उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। वे भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरु की बहन थीं। उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा था. वह संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष बनने वाली विश्व की पहली महिला थीं. वे राजदूत और राज्यपाल के पद पर भी रहीं थी।

भारत की नेत्रियों में सरोजिनी नायडू सबसे सशक्त थीं और उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज भी करायी. सरोजिनी का जन्म हैदराबाद में 13 फरवरी 1879 को हुआ था। सरोजिनी एकमात्र ऐसी महिला हैं, जिन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने किंग्स कॉलेज (लंदन) और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की थी। स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और कई बार जेल भी गयीं. सरोजिनी नायडू एक सशक्त कवयित्री भी थीं।

उत्तर प्रदेश से राजकुमारी अमृत कौर भी संविधान सभा की सदस्य थी। उनका संबंध कपूरथला के राघराने से था। उन्होंने स्कूली शिक्षा इंग्लैंड के शेरबोर्न स्कूल फॉर गर्ल्स से ली थी. उन्होंने महिलाओं की शिक्षा और उनके स्वास्थ्य को लेकर काफी काम किया। उन्होंने टीवी और कुष्ठ रोग को रोकने के लिए रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना करवाई थी। वे रेड क्रॉस सोसाइटी से भी जुड़ी रही थीं. देश सेवा के लिए उन्हें राजकुमारी' की उपाधि दी गयी थी।

लीला रॉय संविधान सभा में असम का प्रतिनिधित्व करती थीं। उनका जन्म अक्टूबर 1900 में असम के गोलपाड़ा में हुआ था। लीला ने 1921 में बेथ्यून कॉलेज से स्नातक किया था। उनके पिता डिप्टी मजिस्ट्रेट थे और राष्ट्रवादी आंदोलन समर्थक थे। लीला रॉय ने समाज में महिला अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया था और वे कई संगठनों से भी जुड़ी रहीं थीं। वर्ष 1937 में लीला कांग्रेस में शामिल हो गयीं थीं और बंगाल प्रांतीय कांग्रेस महिला संगठन की स्थापना की थी। वह सुभाष चंद्र बोस के साथ भी काम कर रही थीं। देश छोड़ने से पहले नेताजी ने लीला रॉय और उनके पति को पार्टी का पूरा प्रभार दे दिया था।

दुर्गाबाई देशमुख बचपन से ही आंदोलनों में सक्रिय हो गयी थीं। मात्र 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने

गैर सहभागिता आंदोलन में भाग लिया था। उनका जन्म 15 जुलाई 1909 को आंध्रप्रदेश के राजमुंदरी में हुआ था। उन्होंने मई 1930 में मद्रास में नमक सत्याग्रह आंदोलन में भाग लिया था। 1936 में उन्होंने आंध्र महिला सभा की स्थापना की थी, जो आगे जाकर बहुत बड़ी संस्था बन गयी। उन्होंने महिला शिक्षा और अधिकार पर काफी काम किया. वह संसद भी पहुंचीं और योजना आयोग की सदस्य भी रही थीं।

संविधान निर्माण में राजस्थान के 12 लोगों का भी रहा खास योगदान रहा। संविधान सभा में राजस्थान के प्रतिनिधियों ने संविधान में शामिल विषयों पर अपना योगदान दिया तो संविधान की मूल प्रति को सजाने-संवारने में भी मरूधरा के लोगों की भूमिका रही. भारत के संविधान की मूल प्रति में 22 चित्र भारत के वैभवशाली इतिहास, परम्परा और संस्कृति को दर्शाते हुए लगे हैं। यह सभी चित्र विख्यात चित्रकार नंदलाल बासु ने बनाए थे. इसके साथ ही इस कारीगरी में राजस्थान के ख्यातनाम कलाकार कृपालसिंह शेखावत ने भी अपना योगदान दिया था।

1. मुकुट बिहारीलाल भार्गव
2. वीटी कृष्णामाचारी
3. हीरालाल शास्त्री
4. खेतड़ी के सरदार सिंह
5. बीकानेर के ठाकुर जसवन्त सिंह
6. राज बहादुर
7. माणिक्य लाल वर्मा
8. गोकुललाल असावा
9. रामचन्द्र उपाध्याय
10. बलवन्त सिंह मेहता
11. दलेल सिंह
12. जयनारायण व्यास

3 जनवरी, 2023 को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों में संवैधानिक नैतिकता की भावना जाग्रत करने के लिये कार्य किये जाने पर बल देते हुए राजस्थान में जयपुर स्थित राजभवन में संविधान उद्यान का लोकार्पण किया।

- राष्ट्रपति द्वारा संविधान उद्यान के लोकार्पण के बाद राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां राजभवन में इस तरह का संविधान उद्यान बनकर तैयार हुआ है।
- राज्य के सभी वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में संविधान उद्यान निर्मित करने की पहल की गई है और राज्य की विधानसभा में अभिभाषण से पूर्व संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाने के साथ मूल कर्तव्यों को पढ़कर सुनाने की परंपरा का सूत्रपात किया गया है।
- इसी क्रम में राजभवन आने वाले सभी सामान्य और विशिष्टजन को संविधान से जुड़ी हमारी आदर्श संस्कृति से प्रत्यक्ष जोड़ने के उद्देश्य से संविधान उद्यान का निर्माण यहाँ किया गया है।
- संविधान उद्यान देश के पवित्र संविधान के 22 भागों का ही कला-रूप नहीं है बल्कि यह संविधान से जुड़े आदर्शों और संस्कृति का भी प्रतिबिंब है।
- यहाँ भारतीय संविधान की मूल हस्तलिखित प्रति बेहद कलात्मक ही नहीं संस्कृति के आदर्श को प्रस्तुत करने वाली है। प्रस्तावना को सुनहरे बॉर्डर में मोहन जोदड़ों की सभ्यता के प्रतीक घोड़ा, हाथी, शेर और बैल के चित्रों से सज्जित किया गया है।

***श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) :** भारतीय संविधान के 75 वर्षों की गौरवमयी यात्रा पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान करने के लिए आभार। यह हमारे लोकतंत्र की मजबूती, हमारे समाज की विविधता और हमारे राष्ट्र की समृद्धि का प्रतीक है।

जब 26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान को अपनाया गया था, तो यह न केवल हमारे देश

---

* Speech was laid on the Table.

के शासन का आधार बना, बल्कि यह भारतीय जनमानस की आकांक्षाओं, उनके अधिकारों और उनके कर्तव्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने वाला दस्तावेज भी था। इस संविधान ने भारत को एक मजबूत गणराज्य के रूप में स्थापित किया, जो न केवल बाहरी आक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि अपने नागरिकों को मौलिक अधिकारों की गारंटी भी देता है।

आज मैं एक संसद सदस्य के रूप में यह गर्व महसूस करता हूँ कि इस संविधान को लागू करने में हमारे महापुरुषों और नेताओं ने अपना अनमोल योगदान दिया। चाहे वह डॉ. भीमराव अंबेडकर हो या अन्य महान नेता जिनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने हमें यह अद्भुत संविधान दिया।

आज जब हम 75 वर्ष पूरे कर चुके हैं, तब हमें गर्व होना चाहिए कि भारतीय लोकतंत्र ने विश्व में सबसे लंबा और सफल लोकतांत्रिक अनुभव स्थापित किया है। हमने न केवल चुनावों के माध्यम से सत्ता परिवर्तन देखा, बल्कि संविधान की मर्यादा और सम्मान को हमेशा बनाए रखा। आज़ादी के बाद भारत ने न केवल सामाजिक और आर्थिक बदलाव किए, बल्कि सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से भी एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभर कर सामने आया है।

आज हम जिस स्थान पर खड़े हैं, वह कोई साधारण स्थान नहीं है। यह हमारे संघर्षों और प्रयासों का प्रतीक है। भारतीय संविधान ने हमें न केवल राजनैतिक स्वतंत्रता दी, बल्कि यह सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और समानता के सिद्धांतों को भी सुनिश्चित करता है। हमारे संविधान की ताकत यह है कि यह समय-समय पर अपने देश की बदलती जरूरतों के अनुसार समायोजित भी हो सकता है।

अभी तक हमारे देश में एक कोलोनियल कानून चला आ रहा था। हमने तीन नए कानून बनाए हैं। भारतीय न्याय पहले इंडियन पीनल कोड था, तब वह दंड देने के लिए था। आजादी के बाद से चिंता नहीं थी कि आम जनता को न्याय मिल सके। वही भारतीय दंड संहिता, इंडियन पीनल कोड, सीआरपीसी और आज हमने दंड देने की जगह न्याय देने के लिए तीन-तीन कानून बनाने का काम किया है। भारतीय न्याय संहिता हो, बीएनएस हो, हमने उसको इंडियन पीनल कोड से रिप्लेस किया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता को सीआरपीसी से रिप्लेस किया। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, बीएसए

को हमने इंडियन एविडेंस एक्ट से रिप्लेस किया। इस तरीके से हमने यह किया।

झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य में, भारतीय संविधान ने न केवल हमें हमारे अधिकारों का संरक्षण दिया है, बल्कि यह हमें हमारी संस्कृति, हमारी भाषा और हमारी पहचान को भी सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। हमारे संविधान में आदिवासियों और अन्य हाशिये पर रहने वाले समुदायों के लिए विशेष प्रावधान हैं, जो उन्हें सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाने का कार्य करते हैं।

आज जब हम भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में संविधान की इस गौरवमयी यात्रा को मना रहे हैं, हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारे संविधान ने न केवल हमें अधिकार दिए, बल्कि हमें कर्तव्यों का भी बोध कराया। यह हमारा कर्तव्य है कि हम भारतीय संविधान के मूल्यों को और मजबूत करें, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसका सम्मान करें और इसका पालन करें।

हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी हमेशा संविधान के महत्व को स्वीकार किया है। उनकी नेतृत्व में भारत ने नए आयाम छुए हैं। "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" और "नई भारत की दिशा" जैसे मंत्र हमारे संविधान के मूल्यों के अनुरूप हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम भारतीय लोकतंत्र को और मजबूती से स्थापित करें और हमारे संविधान की महिमा को हमेशा बनाए रखें।

इस गौरवमयी यात्रा की 75वीं वर्षगांठ पर हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि हम संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान को बनाए रखते हुए, देश की समृद्धि, एकता और अखंडता के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। भारत का संविधान हमें अधिकार देता है, लेकिन उसके साथ ही यह हमें अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा भी देता है। हम भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे संविधान के प्रति सम्मान और निष्ठा निरंतर बढ़े और हम अपने देश को एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समृद्ध राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाते रहें। जय हिंद।

*__श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) :__ भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है, जो संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को पारित हुआ तथा एक साल बाद 26 नवंबर 1950 को प्रभावी हुआ था। इस दिन को भारत के संविधान दिवस के रूप मे मनाया जाता है। भारतीय संविधान एक ऐसा लिखित दस्तावेज है जो सरकार और उस के संगठनों के मौलिक बुनियादी संहिता का, संरचना, प्रक्रियाओं, शकितयों और कर्तव्यों तथा नागरिकों के अधिकारों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है । हमारा संविधान हर धर्म, जाति, समाज, वर्ग, सभी को एक सूत्र में पिरोकर देश को मजबूत करने का काम करता है । सच में भारतीय संविधान दुनिया का सबसे मजबूत संविधान है ।

वैसे तो हमारा देश 1947 मे ही आजाद हो गया था, परंतु दुर्भाग्य की बात यह रही कि संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली को 2 अगस्त 1954 मे पुर्तगाली शासन से मुक्ति मीली, और 1961 मे हमारा प्रदेश भारतीय संविधान से जुड कर विकास के पथ पर अग्रसर हुआ । भारतीय संविधान में पिछडे क्षेत्रों के विकास के लिए 5वीं एवं 6ठीं अनुसूची का विशेष प्रावधान है, जिसका लाभ लेकर कई पिछडे राज्य विकास कि मुख्य धारा से जुडकर देश का सम्मान बढा रहे हैं, परंतु दूर्भाग्य की बात यह है कि हमारा प्रदेश गरीब एवं आदिवासी बाहुल्य होने के बाद भी 5वीं एवं 6ठीं अनुसुची की लाभ लेने से वंचित है, जिसके कारण सही मायने मे विकास एवं जन हितैषी फायदे नहीं मिल पा रहे हैं ।

भारतीय संविधान मे पिछडे राज्यो के हित के लिए तमाम जन हितैषी, कल्याणकारी एवं विकासीय योजनाएं लागू की गई हैं। आदिवासी एवं पिछडा क्षेत्र होने के बावजूद भी इन योजनाओं का लाभ सही मायने में हमारे प्रदेश को नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, सडक आदि बुनियादी सुविधाओ से हमारा प्रदेश वंचित है। वैसे तो प्रशासन कि तरफ से तमाम विकासीय योजनाओं को लागू करने की बात सरकार के संज्ञान में लाई जाती रही हैं, परंतु हकीकत सच्चाई से बिल्कुल परे है। शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से पूर्ण स्कूल तो बने हैं, परंतु शिक्षकों की कमी से शिक्षण

---

* Speech was laid on the Table.

व्यवस्था बाधित हो रही है। गरीब स्कूली बच्चों को समय पर यूनिफार्म, बुक्स, पोषण आहार आदि का लाभ नहीं मिलता है, वर्षों से कार्यरत शिक्षको को मनमाने ढंग से निकाला गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र मे अस्पताल तो बने हैं, परंतु वहां न तो कुशल चिकित्सक हैं और न ही दवाईयां है। गरीब मरीज बाहर से महंगी दवा लेने को मजबूर हैं। हमारे प्रदेश मे भारी भरकम खर्चे से मेडिकल कॉलेज बनाया गया है ताकि प्रदेश के गरीब आदिवासी योग्य बच्चे पढ लिखकर स्वास्थ्य के क्षेत्र मे सेवा प्रदान करे, परंतु यहां स्थानीय बच्चों का कोटा फिक्स होने के बावजूद भी बाहरी बच्चों को वरीयता दी जा रही है जिसके कारण स्थानीय बच्चे निराश एवं हताश हो रहे है। फायदे मे रहने के बावजूद बिजली का निजीकरण होने से विद्युत बिल मनमाने ढंग से दुगना चौगुना वसुला जा रहा है, लोग मजबूर हैं। प्रदेश में सडको की हालत तो बद से बदतर हो चुकी हैं, वर्षों से सड़के बनाने के नाम पर काम चल रहा है परंतु एक भी सडक आज तक पूरी तरह नही बन पाई है, जिससे सडक दुर्घटनाओ मे लोगों की जानें जा रही हैं। विकास के नाम पर गरीब आदिवासियों के घर तोडे जा रहे है, लोग जमीन के अभाव मे सडक पर गुजर-बसर करने को मजबुर हैं, इनमे से कईयों ने तो जैसे आत्म हत्या तक कर ली हैं । पानी की समस्या पिछले कई सालो से बनी हुई है, पानी के अभाव मे प्रदेश की गरीब महिलाओ को कोसो दूर से पानी लाना पडता है। आज तक जल की स्थायी सुविधा नही हो पाई है। पढे लिखे गरीब आदिवासी जो विभिन्न सरकारी विभागो मे वर्षों से कार्यरत थे ऐसे हजारों लोगों को बिना किसी ठोस कारण के निकाल दिया गया है, परिवार चिंतित है, जो बचे हैं उन्हे सुदूर के क्षेत्रों में पोस्टिंग कर परेशान किया जा रहा है। प्रशासन किसी का सुनने को तैयार नही है, उल्टे प्रशासनिक अधिकारीयों द्वारा डराने धमकाने से लोग परेशान है। स्मार्ट सीटी योजना मंद पडी हुई है, जबकि स्मार्ट सीटी के नाम पर लोगो के घर तोड दिए गये है, प्रदेश की धरोहर रही ग्रीनरी को खत्म किया जा रहा है। हरे भरे वृक्षो कि अंधाधुंध कटाई से प्रदेश को विरान किया जा रहा है, ऐतिहासिक धरोहर नष्ट हो रहे हैं । जनता से स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जबरदस्ती मनमाना टेक्स वसुला जा रहा है। इतना ही नही औधोगिक विस्तार से परिपूर्ण हमारे प्रदेश से कंपनिया प्रशासन कि मनमानी से पलायन करने को मजबूर हो चूकी है । काफी कंपनीयां बंद हो गई है जिससे बेरोगारी और गरीबी बढ गई है। आदिवासी समाज के विकास के लिए हमारे यहां

वर्षो पहले आदिवासी भवन बनाया गया था, जिसके जरिए गरीब आदिवासीयों के शादी-ब्याह, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम, आपातकाल मे आदिवासियों की सुरक्षा, उनकी देखभाल और उनकी समस्याओ के निराकरण का आदिवासी भावन एक प्रमुख केन्द्र रहा, जिसे प्रशासन ने गैर कानूनी ढंग से बिना किसी ठोस कारण के कब्जे मे लेकर ताला जड़ दिया है और भव्य आदिवासी भवन खंडहर बन गया है प्रशासनिक अधिकारी किसी का सुनने को तैयार नही है।

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन दीव मे तो संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है, आवाज उठाने पर प्रशासन द्वारा ऐसा प्रताड़ित किया गया कि लोगो को आत्महत्या तक करनी पडी। इन्ही मे से तत्कालीन सांसद मेरे पति स्व. मोहनभाई डेलकर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ऐस. ऐस. भोया, जिज्ञेश काछिया जैसे बड़े नाम है। जिन्हे प्रशासनिक प्रताडना से जान देनी पडी, इनके अलावा भी जयंतिभाई बरफ जैसे कई नाम हैं।

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन दीव दोनो आजादी के बाद से ही अलग-अलग संघ राज्य थे जिन्हे हाल ही के वर्षों मे मर्जर कर एक संघ प्रदेश बना दिया गया ताकि प्रदेश का तीव्र गति से विकास हो सके। परंतु प्रशासन की उदासीनता एवं तानाशाही के कारण हालात और बुरा होते चले गये। प्रदेश की जनता की मांग पर जनप्रतिनिधियों द्वारा हमारे प्रदेश को असेंबली बनाने की मांग वर्षो से होती आ रही है, इस पर सरकार को तत्काल प्रभाव से गंभीरता से लेते हुए असेंबली की मांग पूरी करने की जरूरत है ताकि प्रदेश का समुचित विकास हो सके। हमारे संघ प्रदेश मे प्रशासनिक तानाशाही इस कदर बढ गई है कि, किसी भी गरीब आदिवासी की जमीन को श्री सरकार जमीन बताकर बिना किसी नोटिस या कानूनी प्रोसिजर को फालो किए वर्षो से रह रहे घर के परिवार को बेदखल कर जमीन कब्जे मे लिया जा रहा है । हाल ही मे खानवेल विस्तार मे स्थित कई परिवारों को आई.टी.आई सेन्टर बनाने के नाम पर अचानक बिना किसी सूचना के जमीन से विस्थापित कर दिया गया और आज परिवार सडक पर खुले आसमान मे जीने को मजबूर हैं, इनमे गर्भवती महिलायें एवं छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं । संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन दीव मे आजादी के बाद से ही एडमिनिस्ट्रेटर के पद पर हर तीन साल के लिए सिनियर आईएस अधिकारी की नियुक्ति होती रही

है, और चुने हुए जनप्रतिनिधिओ के आपसी सामंजस्य एवं सहयोग से प्रदेश को भरपूर लाभ मिला, प्रदेश विकास पथ पर तेजी से अग्रसर भी होता रहा है, परंतु 2016 के बाद प्रशासक के पद पर पहली बार किसी राजनिक व्यक्ति को बिठाया गया, और आज भी पिछले आठ वर्षो से लगातार वही व्यक्ति प्रशासक बने हुए है। जिससे विकास के साथ ही साथ जनमानस भी तानाशाही से परेशान एवं त्राहिमाम करने को मजबूर हो गया है। ऐसे मे मजबूत भारतीय संविधान मे पारित नियमो का सही एवं पारदर्शी लाभ पहुंचाने ने से भारत जहां तेजी से विकास कर विकसित भारत बनने की तरफ तेजी से बढ रहा वही संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन दीव मे संविधान को दरकिनार कर मनमानी चल रही है, यदि हमारे संविधान के तहत प्रदेश मे कार्य होते तो हमारा प्रदेश भी विकसित एवं खुशहाल होता, ऐसे मे हमे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से अपेक्षा ही नही बल्की पूरी उमीद है कि जिस तरह उनके सक्षम नेतृत्व मे भारत का तेजी से विकास हो रहा है दुनिया मे भारत का नाम रोशन हो रहा है उसी तरह उनकी कृपा से हमारे प्रदेश का भी भाग्य उदय हो और प्रदेश मे खुशहाली एवं अमनचैन कायम रहे और संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन दीव में भी सच्चे अर्थो मे भारत के संविधान को अपनाया जाये ताकि प्रदेश तरक्की की राह पर चल सके।

*__SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI):__ The constitution was borne in the aftermath of colonial rule and Partition, and it envisions an India that rises above its historical divisions. Dr. Ambedkar emphasised the importance of "becoming a nation". The average lifespan of a Constitution internationally is 17 years, India has lasted 75 years, weathering social, political and economic upheavals. Its resilience is because it has adapted to the demands of an evolving nation while maintaining its core ideals.

It is "not a mere lawyers' document, it is a vehicle of Life, and its spirit is

---

* Speech was laid on the Table.

always the spirit of Age." - Dr. B.R. Ambedkar

The Constitution was intended to be an instrument of social reform, one that looks towards the future. The foundation of the largest democracy in the world laid down in India's Constitution, not only establishes a framework for governance but also embodies ideals of constitutional morality- a moral duty to uphold the principles of the Constitution in both letter and spirit. Unfortunately, a replica of the Constitution close to a statue of Dr BR Ambedkar was vandalised in Parbhani, Maharashtra on December 12. This is highly condemnable and shows the waterfall effect of our attitude towards the Constitution.

The CEC and Other Election Commissioners Act dilutes the independence of the ECI by allowing the ruling government to effectively control appointments to it and threatens the integrity of elections. Further, the Tenth Schedule of the Constitution has been rendered infructuous. Defections are used as a tool to break up regional parties and topple governments, subverting the will of the people. In Maharashtra, the ruling regime has brought in a backdoor entry to tenth schedule. The defectors that joins the ruling regime are held as the original party by the Election commission of India, acting as a false defense to anti defection law. This is done as ECI wrongly and illegally uses legislative majority (50%) to decide in their favour, when the tenth schedule had a 2/3 criteria in addition to merging with another party. By this mechanism, time and again, parties are broken and given the defence from disqualification. Further, justice delayed is justice denied, with cases of defection not being decided till the next elections, rendering them infructuous.

Further, the Constitution mandates that voters have the right to freely vote and there must be free and fair elections. Before Lok Sabha, the Nationalist Congress Party Sharadchandra Pawar requested the Hon'ble ECI to ban Trumpet symbol that is deceptively similar to the reserved symbol of the Party 'Man Blowing Turha' but ECI did not agree. In Lok Sabha, we lost approximately 4.2 Lakh votes to Trumpet Symbol and one LS seat in Satara where winning margin was less than the votes casted towards the Trumpet Symbol Subsequently, Nationalist Congress Party- Sharadchandra Pawar met the ECI Commissioners, requesting to take note of the data proof in LS behind the confusion caused, yet were granted no remedy. At the same time, the State Election Commission appreciated the data proof, and froze the trumpet symbol, however, its jurisdiction extends to local body elections. Nationalist Congress Party - Sharadchandra Pawar again requested the ECI to take note of the contradiction with the order of the State Election Commission requesting to freeze the trumpet symbol, however, was denied at the last moment. The Maharashtra Vidhan Sabha 2024 results proved the complicit involvement, as the Trumpet symbol yet again caused loss of 9 seats directly and a total of 2.3L votes to Nationalist Congress Party-Sharadchandra Pawar.

India has earned the distinction in highest number of internet shutdowns globally with 17 suspension orders this year in the North East region itself, especially Manipur that has been burning with cases of internal violence neglected by Central Government.

Article 38 requires the state to promote the welfare of the people by ensuring that all national institutions are guided by justice, social, economic, and

political principles. Yet, consistently high levels of inflation, particularly food inflation- hitting 10.9 per cent in October and averaging 8.0 per cent over the last year combined with only a 2 per cent growth in inflation-adjusted wages continue to strain household budgets. Further, In the Union Budget 2024-25, states received 30% of the duties and taxes, against the 15th Finance Commission's recommendation of 41%. This has been done through excessive levy of cesses and surcharges, which do not have to be shared with states.

Article 21 protects the right to life. The same needs to be protected. The increase in contractual jobs in India has led to a rise in moonlighting as youth struggle to make ends meet, increasing work pressure and deteriorating mental health. This unsustainable situation is driving talented youth to seek stable opportunities abroad, exacerbating brain drain and weakening India's workforce potential.

Article 19 protects the freedom of Speech & expression. However, Opposition leaders, activists, and dissenters have been targeted with raids, investigations, and charges, often coinciding with their criticism of the government or during election seasons. These allegations often disappear if these leaders choose to join the ruling party. "[H]owever good a Constitution may be, it is sure to turn out bad because those who are called to work it, happen to be a bad lot."
- Dr. B. R. Ambedkar

If the Constitution has faced unprecedented challenges in the last decade, this has been accompanied by a renewed determination among citizens to uphold its ideals. The Constitution has once again become central to India's political

discourse. The people of India have become courageously vocal, turning "We the people of India..." into an everyday goal. The Constitution has stood, as its founders envisioned, a living document of the people, one to which every conscientious Indian citizen feels a deep and enduring attachment. On this occasion, there can be no greater act of patriotism for the Parliament than to reaffirm its unwavering commitment to the principles enshrined in the Constitution, and work on bringing the necessary safeguards to further bolster the provisions, so that no authority is able to surpass the mandate given to us by the Constitution. We must re-dedicate ourselves to legislating with integrity, ensuring justice, equality and progress in the interest of 'WE, THE PEOPLE'.

*__SHRI SALENG A. SANGMA (TURA):__ Because of the Constitution, I am able to express my views openly, freely about any issues pertaining to the issue of my constituency and the North-East, especially Manipur and other issues. The leaders, scholars and politicians like Dr. Ambedkar and others came together and drafted and crafted sincerely and rigorously this very Constitution so that our people living in India will not be discriminated and their rights will not be taken away. Right of equality, fundamental right to justice, secular and all other rights were given by this Constitution. It was so nicely drafted but not long after the BJP started ruling things started changing. People from the middle class and other people started living in fear whether the Constitution will be changed or not; and if it is changed, then the very spirit of Constitution and letter will not be the same

* Speech was laid on the Table.

and there will be injustice that might prevail. It seems like the idealistic movement is growing and it started making people's mind polarising the society. It has already polarised the policies. Now, it started polarising the society and religion. It seems like this Government does not know the origin of morals nor it respects the moral values. That is why the attack on religion and attack on society itself is threatening the very spirit of Constitution. When this Government's whole idea is idealism, then how are they going to uphold the very spirit of Constitution? When they are talking about safeguarding the Constitution, the Government itself is destroying the Constitution and till date the Prime Minister of India has never talked about nor visited Manipur. There has been a lot of bloodshed and loss of lives. Yet, not a single word has come from the Government. Then, how do we believe that this Government will be able to uphold the Constitution? So, as an Opposition, we are all scared and fear that one day this BJP-led Government will destroy the Constitution. Thank you.

***श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा (जूनागढ़) :** मैं भारतीय संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा व्यक्त करते हुए कहना चाहता हूँ कि हमारा संविधान हमारे मौलिक अधिकारों का संरक्षण तो करता ही है, हमें सम्मानपूर्वक जीवन यापन में भी सहायता करता है। साथ ही, संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ लोकतंत्र, न्याय और समानता के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता की याद दिलाती है। भारत ने संविधान को अंगीकृत करने की 75 वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया, जो अपने आप में ऐतिहासिक है।

हमारा संविधान मूल मूल्यों की रक्षा करने के साथ ही इनको सुदृढ़ और इनके संवर्धन की

---

* Speech was laid on the Table.

सामूहिक जिम्मेदारी को उजागर करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संविधान आने वाले वर्षों में देश के विकास और एकता के लिए मार्गदर्शक शक्ति बना रहे।

26 नवंबर 1949 को, भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इस दिन देश के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत हुई।

यह दिन महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दुनिया के सबसे लंबे लिखित संविधान को अपनाने का प्रतीक है, जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला है। अपनी स्थापना के बाद से, संविधान पिछले 75 वर्षों में राष्ट्र की प्रगति को आकार देने वाले मार्गदर्शक ढांचे के रूप में कार्य करता है।

हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है, जिसके माध्यम से भारत ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया है हमने संविधान प्रदत्त शक्तियों से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से सम्बंधित कई महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त किया है। एक नए दृष्टिकोण के साथ, हम राष्ट्रों के बीच भारत के लिए एक नई पहचान बना रहे हैं। हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। आज, एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ हमारा देश 'विश्व-बंधु' के रूप में इस भूमिका को बेहतर तरीके निभा रहा है।

भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसमें लगभग 1,45,000 शब्द हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान के 4,400 शब्दों से कहीं अधिक है। 1950 में जब यह संविधान लागू हुआ था, तब इसमें 22 भागों में 395 अनुच्छेद और आठ अनुसूचियाँ थीं। समय के साथ, संशोधनों ने संविधान को 448 अनुच्छेदों तक बढ़ा दिया है, जो राष्ट्र की बदलती ज़रूरतों को दर्शाता है।

भारतीय संविधान भारत के नागरिकों की एकता का केंद्र बन गया है। यह एक ऐसा तरीका है जिसके माध्यम से लोग अपने अधिकारों और उपचार का दावा करते हैं। संविधान प्रशासन द्वारा मनमानी कार्यवाही से संबंधित मुद्दों पर अंकुश लगाने में सहायता करता है। भारत में आज अगर हम स्वतंत्र रूप से सम्मान के साथ रह रहे हैं, तो यह संविधान के कारण है। संप्रभुता, लोकतंत्र और

स्वतंत्रता, अधिकार तथा कर्त्तव्य सभी शासकीय मानदंडों को मिलाकर सबसे बड़ी संपत्ति भारत का संविधान बनाया गया है।

अंत में, मैं यह बताना चाहूँगा कि लोकतंत्र के इस पावन मंदिर में बैठकर हम सब संविधान का पालन करते हुए एक सशक्त और खुशहाल भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हम वंचितों को उनका हक़ दिलवाने और भारत को समृद्ध एवं न्यायप्रिय बनाने के लिए संकल्पित हैं। धन्यवाद

***SHRIMATI POONAMBEN MAADAM (JAMNAGAR):** I thank you for giving me the opportunity to express my views on something that binds us all together as a nation - The Constitution of India. The Indian Constitution is not just a relic of the past; it is a living document, evolving with time, and it continues to guide us toward a brighter future.

Our Constitution is not just a mere document; it is the very soul of our democracy. It was built on the dreams and aspirations of our forefathers, who fought tirelessly for freedom and envisioned a nation built on pillars of justice, equality, liberty, and fraternity. It is a guiding light that ensures every citizen, regardless of caste, creed, religion, or gender, is treated with dignity and fairness.

As the world's largest democracy, India stands as a shining example of how diverse communities can come together to form a unified nation. The Constitution is the cornerstone of this unity, providing a framework that ensures participation, representation, and equality for all. It serves as a testament to our commitment to democratic values and governance.

Now, I would like to mention about the person behind shaping this

---

* Speech was laid on the Table.

extraordinary document-Dr. B.R. Ambedkar. Fondly remembered as the architect of our Constitution, he was a visionary leader.

Dr. Ambedkar emphasized how a strong Constitution requires strong values, ethical leadership, and a commitment to the greater good. This government has made it its mission to remain steadfast in our dedication to these principles. From implementing policies that bridge societal divides to ensuring justice reaches even the most vulnerable, we continue to work tirelessly in the spirit of the Constitution.

Allow me to share how this government is upholding the values and promises enshrined in our Constitution.

Through initiatives like the Swachh Bharat Mission, PM Awas Yojana, Pradhan Mantri Sahaj Bijli Har Ghar Yojana, Jal Jeevan Mission, and many more, this government has empowered marginalized communities and worked to bridge the gaps of inequality. These programs are not just about infrastructure-they are about transforming lives. Whether it is ensuring clean water, electricity, affordable housing, or better sanitation, this government has taken concrete steps to provide dignity and opportunity to all citizens. Moreover, with a focus on equal access to education, healthcare, and employment, the constitutional promise of justice and equality for all is being fulfilled.

By leveraging technology, platforms for instance, MyGov bring governance closer to the people. This citizen engagement platform enables individuals to participate actively in policy-making and governance by providing suggestions, discussing issues, and volunteering for initiatives. Democracy thrives when the

people are at its center, and this government has worked tirelessly to ensure that governance remains people- centric.

The Constitution guarantees freedom of expression, and this government has worked diligently to safeguard this right. Even in times of dissent and disagreement, efforts have been made to ensure that all voices are respected and heard, as long as they adhere to the bounds of law and order. Debate and dialogue remain central to the democratic process under this government.

This government has reinforced the principle that no one is above the law. Through impartial judicial reforms and a commitment to fairness, it has strengthened the very foundation of the legal system. Every individual, regardless of their status or position, is held accountable to the same standards, reflecting the constitutional ideal of equality before the law.

Of course, the journey has not been without its challenges. Decades after Independence, access to basic amenities such as toilets, clean cooking fuel, tap water connections, and affordable healthcare remained restricted. Facilities that should have been provided to all citizens long ago are finally reaching Indians today, thanks to the government's efforts over the past few years. The umbrella of welfare schemes initiated in 2014 has successfully ensured widespread access to basic facilities for all sections of the population, with particular focus on the poor and marginalized.

As we reflect on the importance of our Constitution, let us remember that it is not just the government's responsibility to uphold it-it is a collective duty. Each one of us has the power to strengthen democracy by participating actively, being

informed, and standing up for justice and equality.

So let us continue to uphold its ideals in everything we do, ensuring that its promise of justice, liberty, equality, and fraternity reaches every corner of our nation. Thank you, and Jai Hind!

*[*] **श्री विनोद लखमशी चावड़ा (कच्छ) :** आज हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में एक ऐतिहासिक अवसर का जश्न मना रहे हैं- भारत के संविधान के 75 गौरवशाली वर्षों की यात्रा। यह अवसर गर्व, आत्ममंथन और उल्लास का प्रतीक है।

26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हमारे संविधान को अंगीकार किया, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। यह ऐतिहासिक क्षण था, जिसने भारत को एक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। संविधान निर्माण की यह प्रक्रिया 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिनों तक चली, जिसमें 11 सत्रों में 165 दिनों की गहन चर्चा हुई। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महान नेताओं की दूरदर्शिता और संकल्प ने इस महाकाव्यात्मक दस्तावेज को वास्तविकता में बदला। गुजरात के लिए यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में "संविधान गौरव यात्रा" आयोजित की गई। यह यात्रा हमारे संविधान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का एक उत्कृष्ट प्रयास था। यह यात्रा भारत के लोकतंत्र की महानता और हमारे संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक बनी।

हमारा संविधान समय-समय पर संशोधन और सुधार के माध्यम से और अधिक समावेशी और प्रगतिशील बनता गया। कुछ उल्लेखनीय संशोधन इस प्रकार है:

- पहला संशोधन (1951): भूमि सुधार और संपत्ति अधिकारों पर कानूनों की सुरक्षित किया।

---

* Speech was laid on the Table.

- 42वां संशोधन (1976): संविधान को समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंड राष्ट्र के रूप में और सशक्त बनाया।
- 73वां और 74वां संशोधन (1992): पंचायतों और स्थानीय स्वशासन को सुदृढ़ किया।
- 103वां संशोधन (2019): आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10% आरक्षण प्रदान किया।

हमारे संविधान की भावना की रक्षा में न्यायपालिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। सुप्रीम कोर्ट के कुछ ऐतिहासिक निर्णयों में शामिल हैं:

- केशवानंद भारती केस (1973): 'मूल बांचा सिद्धांत' की स्थापना की।
- मनिका गांधी केस (1978): व्यक्तिगत स्वतंत्रता की परिभाषा का विस्तार किया।
- विशाखा गाइडलाइंस (1997): कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के खिलाफ दिशानिर्देश बनाए।

भारत का संविधान आज भी एक जीवंत दस्तावेज है, जो समय की चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर परिवर्तित और विकसित होता रहा है।

आगे की राह में हमें निम्नलिखित क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित करना चाहिए:

1. लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करनाः चुनाव आयोग और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को और अधिक सशक्त बनाना।
2. डिजिटल गवर्नेंसः पारदर्शिता और दक्षता के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग।
3. समावेशी विकासः शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुधारों में समानता सुनिश्चित करना।
4. पर्यावरण संरक्षणः जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पर्यावरणीय कानूनों को मजबूत करना।

जैसा कि महात्मा गांधी जी ने कहा था, "खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप खुद को दूसरों की सेवा में खो दें।" आज हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम संविधान की आत्मा को जीवित रखते हुए भारत को एक मजबूत, समृद्ध और लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाएंगे।

आइए, इस ऐतिहासिक अवसर पर हम संविधान की पवित्रता की रक्षा करने और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी अधिक गौरवशाली बनाने का वादा करें। जय हिंद!

*श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर (खीरी) : आज से 75 वर्ष पूर्व 26 नवम्बर 1949 को हम लोगों ने अपने संविधान को अंगीकृत किया था यद्यपि पूर्ण रूप से सविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर एवं सविधान सभा के अन्य सदस्यों ने अथक परिश्रम करके भारत के संविधान को मूर्त रूप प्रदान किया था। संवैधानिक मूल्यों का पालन करना हमारा परम कर्तव्य है। हमारा संविधान हमें गरिमापूर्ण जीवन जीने एवं अवसर की समानता का अधिकार देता है। विश्व के अन्य देशों के संविधानों से अगर तुलना करे तो हम पाते है की हमारा संविधान समय एवं परिस्थितियों के अनुसार अत्यन्त लचीला है। बाबा साहब ने कहा था कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो निश्चित रूप से बुरा साबित होगा यदि उसे लागू करने वाले लोग बुरे हों एवं संविधान चाहे कितना ही बुरा क्यों न हो यह निश्चित रूप से अच्छा साबित होगा यदि उसे लागू करने वाले लोग अच्छे हों। अर्थात् संविधान उसे लागू करने वाले लोगों की नियत पर निर्भर करता है। वर्तमान समय में संवैधानिक मूल्यों पर कुठाराघात किया जा रहा है। पिछड़े, दलित तथा अल्पसख्यक समुदाय को हाशिए पर ला दिया गया है। संविधान की मूल्य भावना के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। गरिमापूर्ण जीवन जीने एवं अवसर की सामानता का जो अधिकार संविधान हमें देता है वह चंद लोगो तक सीमित है। संविधान में शैक्षिणिक और सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर जो आरक्षण का प्रावधान किया गया था वह कहीं लुप्तप्राय सा हो गया था। बाबा साहब का सपना था कि संविधान दलितों पिछड़ों, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं एवं हाशिये पर रहने वाले लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाएगा, हम सभी को एक साथ मिलकर इसी दिशा में प्रयास करना चाहिए जिससे संविधान की मूल भावना के अनुसार कार्य करके हम लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सके एवं देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा सकें। यही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। चंद पंक्तियों के साथ ही मैं अपनी वाणी को विराम

---

* Speech was laid on the Table.

देता हूं। संविधान हमसे कहता है –

तुम्हारे हर तकलीफों का एक मुक्कमल जवाब हूँ मैं।

कभी वक्त मिले तो मुझे अवश्य पढ़ना भारत का संविधान हूँ मैं ।।

धन्यवाद।

[*]**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (श्री जीतन राम माँझी) :** आज हम एक अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर पर 'भारत के संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' विषय पर चर्चा कर रहे है। यह दिन न केवल हमारे लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है, बल्कि उन आदर्शों का भी उत्सव है, जिन्होंने हमारे समाज को एक सशक्त, समावेशी और न्यायसंगत राष्ट्र के रूप में आकार दिया है। जैसा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था, "संविधान केवल एक दस्तावेज़ नहीं है, यह हमारे समाज का आत्मविश्वास और हमारी पहचान का प्रतीक है।"

वर्ष 1947 में जब भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त की थी, तब देश को एक ऐसे संविधान की आवश्यकता थी, जो विविधता में एकता को समाहित कर सके। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा ने 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन की अथक मेहनत से यह महान संविधान तैयार किया। इस संविधान ने न केवल हमारे अधिकारों और कर्तव्यों को परिभाषित किया, बल्कि एक ऐसे ढांचे की नींव रखी जिसमें हर भारतीय को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हो सके। जैसा कि संविधान सभा के सदस्य डॉ. अंबेडकर ने कहा था, "हमारा संविधान समाज के हर वर्ग को न्याय और समानता प्रदान करने के लिए बनाया गया है।"

हमारे संविधान के निर्माण में बिहार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जो बिहार की माटी के लाल थे, संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए इस महान दस्तावेज़ के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उनकी सादगी, दृढ़ता और उच्च विचारधारा आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। डॉ. प्रसाद ने कहा था, "हमारा संविधान एक ऐसा दस्तावेज़ है जो हर

---

* Speech was laid on the Table.

भारतीय की आवाज़ को सुनने की क्षमता रखता है।"

मुझे यह बताते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि संविधान सभा के अध्यक्ष एवं इस राष्ट्र के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद से लेकर वर्तमान राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू तक संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा इसकी शक्ति का ही उदाहरण है।

हमारे संविधान की सबसे बड़ी शक्ति इसकी समावेशिता है। बिहार के डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जो एक किसान परिवार से थे, देश के पहले राष्ट्रपति बने। जितना बड़ा योगदान उनका संविधान निर्माण में था, उतनी ही गहराई से उन्होंने इसे समझा और अपनाया। आज उसी संविधान की बदौलत, माननीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी, एक आदिवासी महिला, भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं। यह केवल संविधान की शक्ति नहीं है, यह उस समावेशी सोच की जीत है, जो हर भारतीय को उसकी जाति, धर्म या वर्ग से ऊपर उठकर सम्मान देती है।

संविधान सभा में महिला सदस्यों का योगदान कई बार इतिहास की किताबों में उतना नहीं मिलता, जितना होना चाहिए। सरोजिनी नायडू, हंसा मेहता, दुर्गाबाई देशमुख, और राजकुमारी अमृत कौर जैसी महिलाएं न केवल संविधान सभा का हिस्सा थीं, बल्कि उन्होंने महिला अधिकारों को संविधान में सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी दृढ़ता और समर्पण ने महिलाओं के लिए समानता और स्वतंत्रता के अधिकारों को सुनिश्चित किया, जो आज हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

हमारा संविधान कितना समेकित और कितना शक्तिशाली है, समाज के सबसे निम्न तबके के अधिकारों की सुरक्षा बखूबी सुनिश्चित करता है, एवं उस संविधान में हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की कितनी गहरी आस्था है, उसका जीता-जागता उदाहरण मैं, जीतन राम मांझी आपके सामने उपस्थित हूँ। गया जिले के महकार गाँव में समाज के सबसे निम्न तबके में पैदा होकर 45 साल के जनप्रतिनिधि का सफर, बिहार के 23वें मुख्यमंत्री और अब भारत सरकार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के मंत्री के रूप मेरी यात्रा इस संविधान की 75 साल की गौरवमयी यात्रा एवं संविधान के प्रति हमारे माननीय प्रधानमंत्री के समर्पण का प्रतिबिंब है।

इतिहास में एक ऐसा समय भी आया जब संविधान की शक्तियों का दुरुपयोग हुआ। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा ने हमारे लोकतंत्र की नींव को हिला दिया। इस दौरान, विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया, और नागरिक अधिकारों का हनन हुआ। यह उस समय का काला अध्याय था, जिसने हमें यह सिखाया कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यह घटना इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग लोकतंत्र को कमजोर कर सकता है।

हमारा लोकतंत्र और संविधान एक अद्वितीय संरचना है, जो न केवल अधिकारों को सुनिश्चित करता है, बल्कि कर्तव्यों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है। संविधान ने हमें एक ऐसा मंच दिया है, जहाँ हर व्यक्ति अपनी आवाज उठा सकता है और अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। हालांकि, वर्तमान समय में हमने देखा है कि विपक्ष अक्सर संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करता है। उदाहरण के लिए, विधेयकों के विरोध में नारे लगाना एवं सदन की कार्यवाही निरंतर बाधित करना, संवैधानिक संस्थानों के प्रति अविश्वास का माहौल बनाना, न्यायिक प्रक्रियाओं एवं संस्थाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियाँ करना और संविधान की मर्यादा का उल्लंघन करना, यह लोकतंत्र के प्रति असम्मान का परिचायक है। विपक्ष द्वारा सामाजिक कलह फैलाना और जाति-धर्म के नाम पर राजनीति करना, संविधान की समानता और न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। यह स्थिति इस बात की चेतावनी है कि संवैधानिक शक्तियों का संतुलित और जिम्मेदाराना उपयोग कितना महत्वपूर्ण है।

आज हमारी एनडीए सरकार संविधान की रक्षा और उसे सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। हमने सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास और समावेशी नीतियों के माध्यम से संविधान के मूल्यों को धरातल पर उतारा है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, जन-धन योजना, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी योजनाओं ने समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है।

डॉ. बाबा साहब अंबेडकर ने कहा था, "संविधान उस समाज की तस्वीर है जिसे आप अपने सामने खड़ा करते हैं।" हमारी सरकार ने बाबा साहब की इस दृष्टि को साकार करने के लिए अनेक पहलें की हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं चलाई गई हैं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए तीन तलाक कानून जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

आज की यह चर्चा संविधान की 75 वर्षों की गौरवमायी यात्रा का एक उत्सव ही नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का भी अवसर है। हमें यह विचार करना चाहिए कि क्या हमने अपने संविधान के मूल्यों को पूरी तरह से अपनाया है। क्या हमने हर नागरिक को समान अधिकार प्रदान किए हैं? क्या हमने पिछड़े और कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए पर्याप्त प्रयास किए हैं? क्या हमने संविधान की मूल भावना की रक्षा की है? इस आत्मनिरीक्षण में हम जहां भी कमी पाते हैं, हमारा यह सामूहिक कर्तव्य बनाता है, कि लोकतंत्र के इस मंदिर में आज हम सब लोग यह शपथ लें और आने वाली पीढ़ियों को यह आश्वासन दें कि जब यह सदन संविधान की 100 साल की गौरवमायी यात्रा पर चर्चा का रहा होगा, तब हमारे देश का हर नागरिक अपने को विकसित भारत के समता मूलक समाज का अभिन्न अंग महसूस करेगा। हमारी जिम्मेदारी केवल संविधान का पालन करना नहीं, बल्कि इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित और सशक्त बनाना भी है।

जैसा कि डॉ. अंबेडकर ने कहा था, "संविधान केवल उतना ही अच्छा हो सकता है, जितना इसे लागू करने वाले लोग अच्छे हों।" इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम सभी संविधान के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखें और इसे अपने कार्यों में आत्मसात करें।

इस अवसर पर मेरा मानना है कि हम सभी को मिलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम संविधान की रक्षा करेंगे और इसे और मजबूत बनाएंगे। संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, लेकिन इसके साथ हमारी जिम्मेदारियां भी तय की हैं। आइए, इस पवित्र अवसर पर हम सभी मिलकर यह प्रण लें कि संविधान के मार्गदर्शन में हम देश को एकजुट रखेंगे और इसे विश्व में सबसे मजबूत लोकतंत्र बनाएंगे। धन्यवाद।

**HON. CHAIRPERSON:** Now, hon. Member Dr. Mohammed Jawed.

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) :** महोदय, हमारे स्टूडेन्ट्स और हमारे एक्टिविस्ट्स को निकालना होगा। हमने पिछले 10 सालों में देखा है, पहले राइट्स हुआ करते थे। अब ये राइट्स मैन्युफैक्चर करते हैं, लोगों को भेजते हैं। अब संभल में हमने देखा कि जब लोग नहीं मिल रहे हैं, तो प्रशासन ने गोली चलवाई है। हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम यह नहीं जानते हैं। ये कब समझेंगे कि संविधान सबके लिए है। संविधान हम सबके लिए बराबर है।

सबसे अफसोस की बात है कि अनुच्छेद 15 हमें इजाजत देता है कि जो हमारी जगहें हैं, जो हमारी इदारे हैं, उनको चलाने की इजाजत देता है, लेकिन ये वक्फ (संशोधन) विधेयक के माध्यम से चाहते हैं कि बैकडोर से हमारी जमीनें छीन लें। हमारी जो प्रॉपर्टीज़ हैं, जिनको हमारे पूर्वजों ने गरीबों, मिस्कीनों, बेवाओं और जरूरतमंदों के लिए दान की हैं, ये उसको छीनना चाहते हैं। जेपीसी में बोलते हैं कि हम जहां चाहेंगे, उसको वक्फ कर देंगे। …(व्यवधान)

महोदय, आप जानते हैं कि आजकल जेपीसी की मीटिंग हो रही है। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि यहां पर नॉन स्टेक होल्डर्स को बुलाया जा रहा है। उनको क्यों बुलाया जा रहा है? उनका क्या योगदान है? यही नहीं, सबसे अफसोस की बात यह है कि जब आदरणीय प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास'।

किशनगंज हिन्दुस्तान का सबसे वंचित एरिया है। हिन्दुस्तान की जीडीपी पर कैपिटा 2,600 डॉलर है। अगर पांच प्रतिशत लोगों की इन्कम हटा देंगे, तो हमारी जीडीपी पर कैपिटा 1,100 डॉलर है, which is lower than the Sub-Saharan desert countries. अगर बिहार का डेटा देखा जाए, तो पर कैपिटा 750 डॉलर है। आप अंदाजा लगाइए। उसमें भी सबसे पिछड़ा हुआ इलाका किशनगंज और सीमांचल है।

मैं पिछले 12 सालों से गुहार लगा रहा हूं। आदरणीय शिक्षा मंत्री जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के पीछे बैठे हैं, उनसे पूछिए कि हमने दर्जनों बार गुहार लगाई है। यूपीए सरकार, डॉक्टर मनमोहन सिंह जी और सोनिया गांधी जी ने तोहफा दिया था, आप अभी तक फंड्स क्यों नहीं दे रहे हैं? क्यों कहते हैं कि हमारे पास रहेगा? क्या आप चाहते हैं कि हम सिर्फ मजदूरी करें?…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप अपनी स्पीच समाप्त करिए।

**डॉ. मोहम्मद जावेद:** महोदय, क्या आप यह नहीं चाहते हैं कि हमें तालीम मिले? क्या आप नहीं चाहते हैं कि हिन्दुस्तान की ग्रोथ में हमारा भी योगदान हो?…(व्यवधान)

महोदय, मैं आखिरी में एक लाइन बोलने की इजाजत चाहूंगा। मैं सिर्फ एक लाइन बोलना चाहता हूं।…(व्यवधान) We are together in JPC.

वो जलाते रहे हमारे आशियाने,
हम बनाते रहेंगे मोहब्बत के तराने।

जय हिन्द।

**SHRI ABHIJIT GANGOPADHYAY (TAMLUK):** Sir, I have decided to talk in my mother tongue, that is Bengali. Recently, because of the effort made by the Ministry and including the hon. Prime Minister, our language has been given the emblem of a classical language.

**17.49 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

*Honourable Speaker Sir, I am new to the city of Delhi. Winter is upon us. But I am seeing a few people who carry the Constitution in their pockets. They are not upholding the dignity of the Parliament in the way they dress. I don't see anyone wearing a t-shirt to the House to flaunt their biceps or triceps. You can't frighten someone by flaunting those. It would be better if they flaunt their grey matter. The mind should rather be exercised.*

**माननीय अध्यक्ष :** आप संविधान पर बोलिए।

---

* English translation of the speech original delivered in Bengali.

***SHRI ABHIJIT GANGOPADHYAY:** If I have to speak on the Constitution, I would like to say that the country of India has stated itself as a Union of States in Article 1 of the Constitution. But beyond this, we also have a federal structure- which can be called integral to the country's image. The idea of this federation of States comes from the culture of coexistence among the religions and languages. I want to convey this within the limited time that I have been granted that we need to take notice of the Seventh Schedule. There are three lists in the Schedule, Union List, State List and Concurrent List. The Union List has 97 subjects, State List has 66 and Concurrent List has 47 subjects. So, it is evident that if we take both the State List and the Concurrent List into account, it has more subjects than the Union List. This shows that our country is actually a confederation. But it also has union characteristics. There is a heinous way of showing this by implementing Article 356. You can topple a State Government by implementing this Constitutional provision. This has become less frequent since the Supreme Court Ruling on 'S.R.Bommai'. Among the first four implementations of Article 356, three were done by Congress. Mrs. Indira Gandhi did it 50 times, Manmohan Singh did it 12 times, and Narashima ji did it 11 times. Those who create a hullabaloo around the Constitution, might someday climb the Peepul tree with the Constitution in hand. Please take this into cognizance, that though you are creating a hullabaloo around the Constitution, you are actually destroying its federal structure. Having said that, I will conclude the speech.*

---

*English translation of the speech original delivered in Bengali.

**श्री पी. पी. चौधरी (पाली) :** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। मैं बहुत संक्षिप्त में बात करूंगा। आपने मुझे भारत के संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में भाग लेने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार।

मैं बताना चाहूंगा कि जहां तक हम गौरवशाली यात्रा की बात करते हैं तो मैं कह सकता हूं कि भारत के संविधान की वर्ष 1977 तक कैसी गौरवशाली यात्रा रही है और किस तरह संविधान पर आघात लगा है। चाहे ज्यूडिशियरी को कमिटेड बनाया है, चाहे ज्यूडिशियरी को पनिश किया गया है, चाहे जजेज़ को सुपरसीड किया गया है, चाहे लोगों को प्रमोशन नहीं दिया गया है, चाहे सीनियरटी का वॉयलेशन किया गया है, यह हमने देखा।

अपने इलेक्शन को बचाने के लिए, चुनाव कोर्ट से सेट-असाइड होने के बाद, वॉइड होने के बाद, उसके लिए भारत के संविधान में संशोधन करने का यह पूरे विश्व में पहला एग्ज़ाम्पल होगा। संविधान संशोधन करने के बाद आप देखेंगे कि किस तरह से सिविल लिबर्टी करटैल की गयी। मैं इमरजेंसी पर ज्यादा नहीं बोलना चाहता हूं, लेकिन एक बात आपको बताना चाहता हूं कि जहां तक रिज़र्वेशन की बात है, मैं मेरे कांग्रेस के मित्रों से चाहता हूं कि वह अपना स्टैंड लें, जैसे नेहरू जी का स्टैंड था, राहुल जी का स्टैंड है। राहुल जी अमेरिका में जाकर कहते हैं कि रिजर्वेशन खत्म होना चाहिए। नेहरू जी ने चिट्ठी लिखकर साफ कहा था, संविधान बनते वक्त उन्होंने साफ कहा और उन्होंने जबरदस्त ओपोज्ड किया कि रिजर्वेशन से इनएफिसिएन्ट सेकेंड और थर्ड ग्रेड के लोग आ जाएंगे। क्या एससी और एसटी सेकेंड और थर्ड ग्रेड के लोग हैं?… (व्यवधान) क्या ये यह बोल सकते हैं कि नेहरू जी ने यह चिट्ठी नहीं लिखी?… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह रिकॉर्ड में पहले कई बार आ चुका है।

… (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई:** सर, मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर है। … (व्यवधान)

**श्री पी. पी. चौधरी:** अम्बेडकर जी ने जब अपना इस्तीफा दिया तो नेहरू जी ने पी.सी. रॉय जी को

लैटर लिखा कि अम्बेडकर के इस्तीफे से केबिनेट में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। … (व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई:** सर, मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर है। … (व्यवधान)

**श्री पी. पी. चौधरी:** एक दलित के साथ, जिस हिसाब से इनकी रिजर्वेशन की पॉलिसी है, एक तरफ जेब में ये भारत का संविधान लेकर चलते हैं और दूसरी तरफ रिज़र्वेशन को खत्म करना चाहते हैं। … (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, ये लोग ओबीसी के खिलाफ हैं, एससी-एसटी के खिलाफ हैं और बात रिजर्वेशन की करते हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपका क्या पॉइंट ऑफ आर्डर है?

**श्री गौरव गोगोई:** मेरा 352 पर है। पूरे दो दिन में इन्होंने जितना प्रधान मंत्री नेहरू जी को याद किया, उतना ही क्या अटल बिहारी जी को और आडवाणी जी को भी याद किया? अभी तक जितना भी डेरोगेटरी और डेफ्रमेटरी बोला गया है, वह सब रिकॉर्ड से हटना चाहिए। … (व्यवधान)

*__श्री सनातन पांडेय (बलिया):__ भारत के संविधान की 75 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा चल रही है। सत्ता पक्ष के लोग बार-बार यह बताने का काम कर रहे है कि मात्र सत्ता पक्ष ही भारत की संविधान की रक्षा कर रहा है। जबकि ऐसा नहीं है। भारत के 140 करोड़ लोगों की आत्मा है संविधान की ही देन के कि हर जाति - हर भाई की लोग इसे लोक सभा के सदस्य है। माननीय अध्यक्ष जी वर्तमान के सरकार के कार्यों से लग रहा है कि वह देश को स्वयं सत्ता में रहने के लिये बाटना चाहते हैं। यदि यह सच नहीं है तो आज तक देश के प्रधानमंत्री मणिपुर जाकर वहाँ के लोगों के दुख दर्द में क्यों नही शामिल हुये। भारत के विभिन्न प्रान्तो की जैसे गोवा, महाराष्ट्र की जनता द्वारा चुनी गई सरकार को गिराकर सरकार बनाने का काम किया है भारत के संविधान का सम्मान का  प्रमाण पत्र जो भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र की सरकार ने करने का काम किया। भारतीय जनता पार्टी की एनडीए सरकार ने भारत की स्वतंत्रता संस्थाओं पर भी कब्जा कर लिया है क्या यही भारत का संविधान कहता है। यही संविधान का आदर व सम्मान है। ग्राम सभा, निकायों का चुनाव, विधायक

* Speech was laid on the Table.

के चुनाव और लोक सभा के चुनान में सरकारी मशीनरियों का दुरपयोग हो रहा है क्या यही भारत का संविधान कहता है अनेकता में एकता का प्रतीक है भारत और यही भारत की सविधान की भावना व आत्मा है। एन.डी.ए. की सरकार भारत के संविधान के विरूद्ध जाकर देश को धर्म के आग में झोकने का प्रयास कर रही है। देश के प्रधानमंत्री जो भारत के 140 करोड़ जनता की भावनाओं के समरूप आचरण करना चाहिए। जब तक 140 करोड़ आबादी के भारत के किसी भी जाति व धर्म के लोग अपने को असुरक्षित महसूस करेंगें तो भारत का संविधान/आत्मा किसी को माफ नहीं करेगा। देश सर्वोपरि है। इसी तरह केन्द्र सरकार की सोच रहेगी तो भारत की जनता बहुत समय तक बर्दाश्त नहीं करेगी। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि भारत का संविधान ही सर्वोपरि है इसका सम्मान सत्ता पक्ष में बैठे हुये लोगों को भी करना होगा। इसी के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

*__श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख) :__ भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों और देश के विकास के बारे में बात करना एक महत्वपूर्ण विषय है। भारतीय संविधान को 26 नवंबर, 1949 को अपनाया गया था और यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है।

भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर हमें देश की प्रगति और विकास की दिशा में उठाए गए कदमों पर गर्व होना चाहिए। हमारे देश ने स्वतंत्रता के बाद से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है, जिनमें से कुछ प्रमुख उपलब्धियां में आर्थिक विकास है। भारत ने पिछले कुछ दशकों में तेजी से आर्थिक विकास किया है, जिससे देश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है।

भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है, जिससे देश की साक्षरता दर और स्वास्थ्य संकेतक में सुधार हुआ है। भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें अंतरिक्ष अनुसंधान, आईटी और सॉफ्टवेयर विकास शामिल हैं। भारतीय संविधान ने सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को बढ़ावा दिया है. जिससे देश में विभिन्न समुदायों और

---

* Speech was laid on the Table.

वर्गों के बीच समानता और न्याय को बढ़ावा मिला है। भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर मैं समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए सरकार से आग्रह कर रहा हूं। मैं दावे के साथ कह रहा हूं कि अगर बीजेपी की केंद्र में सत्ता नहीं होती तो अब तक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का आरक्षण समाप्त हो जाता। भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आरक्षण को 2030 तक बढ़ा दिया, जिससे संवैधानिक कानूनों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। मेरे विपक्ष के साथी चुनावों के दौरान पिछड़े वर्गों के बारे में चर्चा करते हैं, हमारी सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग, ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। आजाद भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को 10% आरक्षण का अवसर प्रदान किया गया।

हमारा संविधान भी लोगों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। इसके निर्माण में डॉक्टर बी आर अंबेडकर साहब, श्री अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, श्री एम. के. मुंशी, श्री गोपालस्वामी अयंगर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महान देश भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान है। बाबा साहब अंबेडकर सहित अन्य संविधान निर्माताओं ने यह भी माना था कि संविधान भविष्य की सभी संभावनाओं को नहीं भांप सकता है, इसलिए उन्होंने आने वाली पीढ़ियों को उसमें संशोधन करने का अधिकार दिया था। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जो भी संवैधानिक संशोधन किए हैं, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि उन सभी का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ संवैधानिक मूल्यों को सशक्त करना था, सामाजिक कल्याण था, लोगों का सशक्तीकरण था, चाहे वह अनुच्छेद 370 को निरस्त किया जाना हो या महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण के लिए नारी वंदन अधिनियम हो या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण हो या जीएसटी कानून हो। हमारा संविधान गरीब परिवार के व्यक्ति को प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बनने का अधिकार देता है। आजादी के बाद इस पर ध्यान नहीं दिया गया, हमने औपनिवेशिक बेड़ियों को तोड़ा है और नए दंडात्मक कानून लाए हैं। आज गरीब लोगों को पक्के मकान, मुफ्त इलाज और मुफ्त राशन, नल का पानी और शौचालय मिल रहे हैं। हमारी सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के

लिए काम कर रही है। हमारी सरकार ईडब्ल्यूएस कोटा भी लाई है। ये सभी हमारे संवैधानिक मूल्यों की ठोस अभिव्यक्ति हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने ऐसे राज्य में भी संविधान लागू किया, जहां यह लागू नहीं था। वहां लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया और चुनाव हिंसा मुक्त रहा। हमारे संविधान की मूल प्रति में भाग तीन में, जहां मौलिक अधिकारों पर चर्चा की गई है, भगवान राम, सीता और लक्ष्मण का चित्रण है। अजंता की गुफाओं की पेंटिंग और कमल का भी चित्रण है। बाद वाला कमल सदियों की गुलामी से बाहर आने को दर्शाता है। भारत का संविधान सात दशकों से अधिक समय से न सिर्फ शानदार तरीके से काम कर रहा है और साल दर साल हमारा संविधान मजबूत होता जा रहा है। हमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य के प्रति आभारी होना चाहिए। हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार संविधान की पवित्रता को किसी भी सूरत में भंग नहीं होने देगी। आज पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक ही कानून प्रचलित है और यह कानून हमारा संविधान है और हम इस संविधान की शपथ लेते हैं।

*__श्री देवेश शाक्य (एटा):__ भारत के 75वें संविधान दिवस के गौरवशाली इतिहास पर आज जब संविधान की स्थिति को देखा जाता है तो बड़ा ही दुख होता है। संविधान पर चर्चा की आवश्यकता आज से पहले कभी इतनी इसलिये नहीं हुई कि सत्ताधारी दल यह समझ चुका है कि ये देश संविधान से ही चलेगा, अब संविधान को ज्यादा नहीं बदला जा सकता नहीं तो जनता इन्हे सत्ता से उतार देगी। जब कि सच्चाई यह है कि भा०ज०पा० ने बाबा साहब के दिए हुए संविधान को कभी नहीं माना है

ये लोग मनुस्मृति मानने वाले लोग है और आर०एस०एस० इनको चलाती है। जबकि आरएसएस के मुख्यालय पर आजादी के 73 वर्ष वाद भी इन्होने तिरंगे को नहीं माना है अव सच्चाई यही है कि सावरकर को मानने वाले लोग देश के हितैषी हो ही नहीं सकते यह देश संवैधानिक प्रक्रियाओं से चलता है

सत्ता पाने के लिये संवैधानिक प्रकियाओं को ताक पर रख कर झूठ पर झूठ बोल कर इस देश

---

* Speech was laid on the Table.

को गुमराह किया जा रहा है । सत्ता के लालची लोग दलित, पिछडा, अल्पसंख्यको के आरक्षण पर डाका डाला जा रहा है। देश को आर्थिक नुकसान हो रहा है। देश का पैसा कुछ धन्नासेठों को देकर देश की अर्थव्यवस्था पर डाका डाला जा रहा है। आज डबल इंजन की सरकार ने आरक्षण को खत्म सा कर दिया गया है ।

संविधान को ना मानने वाले लोग संविधान को पूरी तरह खत्म कर रहे हैं । बाबा साहब अम्बेडकर का संविधान रहेगा । संविधान रहेगा तो ये देश रहेगा ।

*__DR. NAMDEO KIRSAN (GADCHIROLI-CHIMUR):__ Democratic Republic stands for the good of all people. The Economic Justice assured by the Preamble can hardly be achieved if the democracy envisaged by the Constitution were confined to a 'Political democracy. It is not merely political democracy but it should be economic democracy too.

In the words of Pandit Nehru - 'Democracy has been spoken of chiefly in the past, as political democracy roughly represented by every person having a vote. But a vote by itself does not represent very much to a person who is starving or hungry.

Political democracy by itself is not enough except that it may be used to obtain a gradually increasing measure of economic democracy, equality and the spread of good things of life to others and removal of gross inequalities.

Economic justice aims at establishing economic democracy and a welfare state. The idea of economic justice is to make equality of status meaningful and life worth living at its best, removing inequality of opportunity and of status social,

* Speech was laid on the Table.

economic and political. Therefore, the very objective of the constitution is to maintain the economic justice and economic democracy in the country.

The removal of gross inequalities should be the aim, but in reality due to the wrong policies of the present Government the in-equalities are increasing day by day. The Government is imposing taxes on the common man. The road & infrastructure development, cess on petrol & diesel before 2014 was Rs. 1 per ltr and the Modi govt. raised it to Rs. 18 per ltr. Increasing the excise duty of diesel and petrol from Rs. 3.49 per ltr and Rs. 9.56 per ltr to Rs. 32 and Rs. 33 per ltr respectively making the common man's life miserable.

The imposition of GST indiscriminadely give rise to the inequality. By this way the money is collected from every citizen by way of GST and the benefit of which is given to few capitalists. The price rise and unemployment give rise to the economic inequality which increasing the gap between rich and poor. Which resulted in to the top 10% of the population owns 77% of India's wealth, the top 1% of the population owns 40.1% of India's wealth. The bottom 50% of the population owns 6.4% of India's wealth which is violative of the constitutional provisions of equality.

Development of Crony Capitalism leads to the few are capitalist are given the benefits. The country's companies and assets being handed over to them, which resulted into the Increasing gap between rich and poor.

There is a demand for caste based census which can give justice to the various categories of castes and classes. The present government has to conduct caste based census immediately. Following provisions are given in the

Constitution for the representation of SC, ST and OBCs.

- Article 15-Prohibition of discrimination on grounds of religion, race, caste, sex or place of birth.
- 15 (4) Nothing in this article or in clause (2) of article 29 shall present the state from making any special provisions for the advancement of any socially and educationally backward classes of citizens or for the Schedule castes and Schedule tribes.
- 15 (5) Nothing in this article or in sub-clause (9) of clause (1) of Article 19 shall prevent the State from making any special provisions by law, for the advancement of any socially and educaionally backward classes of citizebs or to the SC or ST in so far as such special provisions relate to their admission to educational institutions, whether aided or un-aided by the State other than the minority educational institutions reffered to in clause (1) of article (30)
- 15 (6) Special provisions for the development of any economically weaker sections of citizens other than the classes mentioned in clauses (4) & (5)
- Article 16 Equality of opportunity in matters of public employment. 16 (4) Nothing in this article shall prevent the State for making any provision for the reservation of appointments or posts in favour of any backward class of citizen, which in the opinion of the State is not adequately represented in the services under the State.
- 16 (4A) - Reservation in favour of Scheduled Castes and Schedule Tribes

(50% restrictions on reservation). The imposition of creamy layer and classification on SC, ST and OBC is beyond the scope of the constitution. Imposing creamy layer is unconstitutional, the special representation in the form of reservation is given on the basis of educational and socially backward people & there is a separate provision for the economically backward section under article 15 (6) Therefore imposing creamilayer on SC, ST and educationally and socially backward Class (OBC) is ultra-vires to the provisions of the constitution.

The exercise of classification of SC, ST and OBC Categories are also bad in the eyes of the Constitution Schedule Vth to the Constitution of India.

Central Provisions as to the Administration and Control of Scheduled Areas and Scheduled Tribes (Not applicable to Assam, Meghalaya, Tripura & Mizoram)

Law applicable to Scheduled Areas : -1. Notwithstanding anything in this constitution, the Governor may by public notification direct that any particular Act of Parliament or of the Legislature of the State shall not apply to a Scheduled Area or any part thereof in the State or shall apply to a Scheduled Area or any part thereof in the State subject to such exceptions and modifications as he may specify in the notification and any direction given under this sub-paragraph may be given so as to have retrospective effect.

2. The Governor may make regulations for the peace and good government of any area in a State which is for the time being a Scheduled area.

The PESA (Panchayat Extension of schedule Area) Act 1996 has been passed by virtue of fifth schedule of the constitution.

PESA Act 1996-Not made applicable-The provisions have not been implemented scrupulously, in the schedule Areas of the country.

The rights of tribals in the schedule area of Minor Minerals, Minor Forest Products Management of the Water Resources.

But the revenue and forest department authorities are interesting into it. Tribals are not allowed to administer their statutory rights-

In my constituency i.e. Gadchirouli-Chimur Lok Sabha, The most of the area is coverd by Schedule and Tribal area where the PESA Act is applicable. But the provisions of the 5th Schedule and PESA Act are not being made applicable properly.

There are mines like Surjagarh mines in Etapalli Tahsil and Zendepar mine in Korchi Tahsil of the Gadchirouli district. They do not respect to the decisions of Gramsabhas in that area, without the consent of Gramsabhas the mines are being given on lease which is bad in law.

In Gujrat for the Statue of Unity more than Rs. 3000 Crs. have been spent. 72 Tribal villages comes under the schedule area have been affected. No rehabilitation done for this purpose , 5000 tribals to be existed. But no cognizance has been taken of the objections of local Tribals.

*__SHRI RAMESH AWASTHI (KANPUR):__ I would like to reaffirm our commitment to upholding the values enshrined in our sacred Constitution—a living document that embodies the aspirations of our people, particularly the vulnerable among us.

---

* Speech was laid on the Table.

The Constitution is not merely a set of principles; it is a call to action. And I am proud to say that the BJP-led Government under Prime Minister Shri Narendra Modi Ji has answered that call with resolve and compassion, safeguarding the rights and dignity of our citizens, especially the aged, women, tribal communities, and the economically marginalized.

The Directive Principles of State Policy in our Constitution urge us to ensure equitable distribution of resources and eliminate economic inequalities. In the spirit of these principles, the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY), which is the largest financial inclusion initiative in the world, has become a beacon of hope for marginalized and economically backward sections who were once excluded from the formal financial system.

Let us not forget, that financial inclusion is not just an economic initiative; it is a social revolution. By offering accessible and formal financial services — such as bank accounts, small savings programs, insurance, and credit — to those who were previously unbanked, PMJDY has changed the banking and financial framework of the country in the past ten years. As we stand at witnessing a successful decade of PMJDY, | am proud to say that we have integrated 53 crore people into the banking system, with 67% of these accounts in rural and semi-urban areas and 55% held by women.” This Government has empowered those who were historically sidelined.

Through the JAM Trinity—Jan Dhan, Aadhaar, and Mobile—our Government has established a diversion-proof mechanism for subsidy transfers. Direct Benefit Transfers (DBTs) have ensured that every rupee meant for the

underprivileged reaches them directly, cutting through the layers of corruption that plagued earlier regimes. Isn't this the essence of economic justice envisioned in our Constitution?

And the impact doesn't end here. With a deposit balance of 2.3 lakh crore and over 36 crore RuPay cards issued with accident insurance cover, this initiative has fortified financial security for the marginalized.

Article 21 of the Constitution guarantees the right to life, and health is its cornerstone. Our respected Prime Minister Modi Ji firmly believes that the health of the nation’s citizens is the cornerstone of its progress. This confidence gives strength to the five key pillars of his government’s health policy: preventive healthcare, early detection of diseases, affordable treatment and medicines, increased availability of doctors in smaller towns, and leveraging technology to enhance health services. Our Government's approach to healthcare reflects the vision of ensuring Universal Health Coverage for all, in line with the Constitutional ideal of social justice.

Under this transformative vision, the Prime Minister has inaugurated and laid the foundation for projects exceeding %13,000 crore, recently in October 2024. This includes the establishment of four centres of excellence under the Ayush Health scheme, advancements in healthcare delivery through drones and helicopter services at AIIMS Rishikesh, and new infrastructure developments at AIIMS New Delhi and AIIMS Bilaspur. This is a testament to the unwavering commitment to improving and developing a state-of-the-art health infrastructure in India.

Through Ayushman Bharat — PM Jan Arogya Yojana (PM-JAY), we have addressed the deep-rooted inequities in healthcare, prioritizing the poorest 40% of our population. This transformative scheme has provided health coverage of 25 lakh per family to millions of vulnerable citizens. Now, with its expansion to cover all senior citizens aged 70 and above, we have taken a historic step to honour the contributions of our elderly and ensure their well-being.® This initiative represented a fundamental change from isolated healthcare services to a cohesive, needs-oriented strategy, in line with the country's dedication to achieving the Sustainable Development Goals (SDGs) and guaranteeing that "no one is left behind".

But, while this Government takes every measure to uphold the Constitutional ideal of equity, some state Governments, like Delhi and West Bengal, refuse to join this initiative for narrow political interests. What message does this send? That politics matters more than people? That the Constitutional principle of “equality of opportunity” can be set aside for political gains?

Our Constitution directs us to protect the rights and promote the welfare of our Scheduled Tribes, a vision that this Government has taken to heart. Over the past decade, the budget of the Ministry of Tribal Affairs has witnessed an extraordinary three-fold increase, soaring to 712,461 crores. Moreover, the Development Action Plan for Scheduled Tribes (DAPST) has seen an unprecedented 5.5-times increase in allocation, now standing at 71.17 lakh crores.” These investments aren't just numbers; they symbolize opportunities for better education, healthcare, infrastructure, and livelihoods for tribal communities

across Bharat.

Education is the cornerstone of empowerment, and for our tribal children, it is the ladder to a brighter future. Under the Eklavya Model Residential School (EMRS) Scheme, the budget allocation has increased an astounding 21 times over the last decade, reaching 25,943 crores. From 34,365 students enrolled in 2013-14, the number has surged to over 1,32,275 students in 402 functioning schools by 2023-24. To further strengthen this initiative, 40,000 teachers are being recruited over the next three years, with 10,000 teachers already appointed, ensuring that tribal children receive quality education and mentorship.’

This is the Modi Government's way of ensuring Article 46 of the Constitution mandating the promotion of the educational and economic interests of Scheduled Tribes is realized in its fullest form.

Our Constitution binds us to a solemn promise: to secure justice, liberty, equality, and fraternity for all citizens. This Government has embraced that promise—not as mere rhetoric but as a mission. Whether it is financial inclusion, universal healthcare, or targeted schemes for vulnerable groups, every policy of this Government reflects a deep commitment to the Constitutional ideals that unite us as a nation.

I ask my colleagues: Can we, in good conscience, oppose initiatives that bring dignity and security to our citizens? Can we allow political expediency to overshadow the Constitutional mandate to serve the people? Let us rise above divisions and embrace the collective responsibility entrusted to us by this great Constitution.

I urge this Government to reaffirm its commitment to the values that define our Republic and recognize that the policies of this Government are a testament to those ideals. Together, let us continue to build a nation where every citizen feels protected, empowered and included.

***डॉ. भोला सिंह (बुलन्दशहर) :** संसद में हो रही संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर चर्चा में मैं अपने विचार लिखित रूप से व्यक्त करना चाहता हूं।

भारत के संविधान में देश के हर वर्ग गरीब किसान, युवा, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग के भारत के नागरिकों का अधिकार दिया गया है।

आज भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और लिखित संविधान है।

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान लिखते समय देश के हर गरीब को सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक अधिकार देने का अधिकार दिया था।

आजादी से अभी तक लंबे समय देश में कांग्रेस एवं यूपीए ने शासन किया है। इतने लंबे समय के बावजूद भी देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं अनुसूचित जाति जनजाति के नागरिकों के जीवन यापन की सुविधा उपलब्ध न करना संविधान का अपमान है। कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश में शासन के दौरान अपने राजनैतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया है। कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं दिखाई। नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। नेहरू ने 1961 में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। नेहरू ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सामाजिक व राजनैतिक जीवन को समाप्त करने का षड्यंत्र किया। 1952 में लोकसभा चुनाव और 1954 में लोकसभा उपचुनाव में डॉ अंबेडकर को हराने का पाप किया।

---

* Speech was laid on the Table.

1975 में इंदिरा गांधी जी ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचला था। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की 1966 से 1977 तक, संविधान में 25 बार संशोधन हुआ। 42वें संशोधन में 41 अनुच्छेदों में संशोधन और 11 नए अनुच्छेद जोड़े गए।

कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी ने 3 मार्च 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए यह कहा था कि आरक्षण के माध्यम से हमे बुद्धओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में आरक्षण का पुरजोर विरोध किया और मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत की जो बाबासाहेब के मूल संविधान के खिलाफ था। जामिया मिलिया (2011) और एएमयू (1981) जैसे सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं को अल्पसंख्यक संस्थाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ों को आरक्षण देने से इनकार कर दिया गया।

93वें संवैधानिक संशोधन (2005) के तहत अल्पसंख्यक संस्थाओं को आरक्षण प्रदान करने से छूट दी गई। इस एक कदम से सैकड़ो संस्थाओं से पिछड़े समुदायों के अधिकार छीन लिए गए। देश 1947 में आजाद हुआ, 57 वर्ष केंद्र में कांग्रेस सरकार रहते हुए संविधान दिवस नहीं मनाया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2015 से शासकीय स्तर पर संविधान दिवस मनाना शुरू किया। उसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2015 में संसद के दोनों सदनों में संविधान पर चर्चा (discussion) कराने का निर्णय किया, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया।

कांग्रेस ने संविधान को अपनाने के बाद 90 मौकों पर निर्वाचित सरकारों को बर्खास्त करने के लिए अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया, जिससे संविधान का मजाक उड़ाया गया।

डॉ. अंबेडकर और संविधान सभा ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण को मान्यता नहीं दी थी, फिर भी OBC कोटा से आंध्र प्रदेश में 4%, केरल में 8% और तमिलनाडू में 3.5% आरक्षण मुस्लिम समुदाय को देकर संविधान का उल्लंघन किया।

2014 में भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी संसद के संविधान सदन में संविधान

को माथे से लगाते हुए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि अगर आज संविधान नहीं होता तो एक गरीब मां का बेटा आज भारत का प्रधानमंत्री नहीं होता। तभी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने यह संकल्प लिया कि हमारी सरकार संविधान का पालन करते हुए देश के हर गरीब, महिला, युवा, किसान और अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अति पिछड़ों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय और अधिकार देने का कार्य करेगी, पिछले 10 साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के नागरिकों को आवास, शौचालय, रसोई गैस, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से लाभान्वित करना संविधान का सम्मान है।

जहां लंबे समय तक कांग्रेस ने संविधान का दुरुपयोग करने का कार्य किया वहीं पिछले 10 सालों में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्रों से जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों की आशा एवं आकांक्षाओं को मूल मंत्रा पूरा किया है।

हमारी सरकार ने पिछले 10 साल से एतिहासिक निर्णय लिए हैं।

* 2017 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को संवैधानिक दर्जा दिया गया।

* 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण की शुरुआत।

* 2019 में वित्त आयोग और संविधान की छठी अनुसूची से संबंधित प्रावधानों में संशोधन।

* 2019 में लोकसभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) आरक्षण का 10 वर्षों के लिए विस्तार किया गया।

* 2019 में जम्मू कश्मीर से धारा 370, 35 अ हटाकर वहां के नागरिकों को सामाजिक आर्थिक राजनैतिक लाभ देने का कार्य किया है।

* 2021 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी ओबीसी सूची में परिवर्तन करने का अधिकार प्रदान किया गया।

* 2024 में देश की 50% आबादी महिलाओं को विधानसभा एवं लोकसभा में 33% आरक्षण नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पारित कराकर देश की नारी शक्ति को सम्मान दिया है।

अंत में मैं देश के समस्त अनुसूचित जाति, जनजाति भाई बहनों की तरफ से यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद् देता हूं कि उन्होंने संविधान एवं संविधान निर्माताओं को सम्मान देकर देश के हर वर्ग को अधिकार देने का कार्य किया है। धन्यवाद।

***श्री राधेश्याम राठिया (रायगढ़) :** हमारे विपक्ष के साथियों ने वर्तमान सरकार पर संविधान की रक्षा न करने, महंगाई और बेरोजगारी की बात की थी। मैं उनसे अनुरोध करता हूं आप थोड़ा स्टडी करें ।

2014 में सरकार बनते ही आदरणीय प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी विजन के तहत मेक इन इंडिया की शुरुआत की गई थी जिसका उद्देश्य देश में उधमशीलता को बढ़ावा देना है। मेक इन इंडिया की पहल से देश और विदेश में सकारात्मक प्रतिक्रिया हुई।

मोदी जी की सरकार ने भारत में व्यवसाय करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। कई नियमों और प्रक्रियाओं को सरल बनाया है। कई वस्तुओं की लाइसेंसिग की जरूरत को हटाया गया है। हमारी सरकार ने संविधान का पालन करते हुए, संवैधानिक पदों की गरिमा को ध्यान में रखते हुए, नियम व कानून को आमजन की सुविधा अनुसार बनाया, ना की अपनी सरकार के चुनिंदा लोगों की आवश्यकता व जरूरत के अनुसार जैसा कि पहले की सरकारी करती रही है।

रक्षा में नीति को उदार बनाया, एफडीआई 26% से 44% तक बढ़ाया गया। रेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण संचालन और रखरखाव में 100% एफडीआई की अनुमति दी गई। हमारी सरकार पीपल फ्रेंडली नियम चाहती है, परेशानी मुक्त व्यापार चाहती है, भारत में कारोबार को आसान किया गया । कांग्रेस की लाइसेंसिंग राज को बंद करके डी- लाइसेंसिंग से नियमों को व्यवहारिक बनाया गया। व्यापार को बढ़ावा दिया गया।

आज व्यापार करने जाओ तो कोई जटिलता नहीं है, पूरी तरह से पारदर्शिता है, स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत की गई ताकि व्यापार को प्रोत्साहन दिया जा सके बैंकों से वित्तपोषित किया जा सके। स्टैंड अप इंडिया एससी एसटी और महिलाओं के लिए लोन देने की दृष्टि से बनाया गया। ग्लोबल

---

* Speech was laid on the Table.

रेटिंग में स्टार्टअप इंडिया विश्व के शीर्ष 100 देश में 20 वे स्थान पर है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना, मेरे हिमाचल प्रदेश में तो सेल्फ हेल्प ग्रुप का कार्य अत्यंत सराहनीय है। पीएम विश्वकर्म योजना, मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, स्किल इंडिया और ऐसे अनेकों अनेक योजनाएं जो कौशल को बढ़ावा देने की दृष्टि से आरंभ किया गया और आज 10 साल होने पर इसका असर भी बहुत बड़े पैमाने पर नजर आता है। महोदय, यह सभी योजनाएं भारत के कौशल को देश-विदेश में व्यापार के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए ही किया गया है और जिसका असर हम सबके सामने है। हमारे प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर आज का युवा रोजगार मांगने वाला नहीं रोजगार देने वाला बन रहा है किंतु आज के एडवांसमेंट युग में भी कांग्रेस के लोग हमें नौकरी देने की सीख देते हैं नौकरी देने वाली लॉलीपॉप जो पूर्व की सरकारी देती रही हैं ऐसा ही यह हमें बनाना चाहते हैं किंतु आज देश की बागडोर ऐसे व्यक्तित्व के हाथ में है जिसका विजन एकदम क्लियर है। निसंदेह वर्तमान सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत, उभर कर विश्व पटल पर नई पहचान लेकर आया है।

इसीलिए मोदी है तो मुमकिन है। ऐसा नारा देश के जन-जन की ज़बान पर है।

मेरा पूरा विश्वास है कि हम 2047 के विकसित भारत बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर होंगे।

माननीय प्रधानमंत्री जी के 2047 के विकसित भारत का सपना हम पूरा करेंगे। मैं अपने संविधान निर्माता को स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करता हूं।

देश के संविधान का अनुसरण कर, सोने की चिड़िया वाला कल हासिल करेंगे, आत्मनिर्भर भारत की सोच भी पूरी होगी।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, यदि सभा की सहमति हो तो इस विषय की समाप्ति तक समय बढ़ा दिया जाए?

**अनेक माननीय सदस्य:** हाँ।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय प्रधानमंत्री जी।

**प्रधानमंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, हम सबके लिए और सभी देशवासियों के लिए, इतना ही नहीं, विश्व के लोकतंत्र प्रेमी नागरिकों के लिए भी यह बहुत ही गौरव का पल है। बड़े गर्व के साथ लोकतंत्र के उत्सव को मनाने का यह अवसर है।

संविधान के 75 वर्ष की यात्रा, यादगार यात्रा, और विश्व के सबसे महान और विशाल लोकतंत्र की यात्रा के मूल में हमारे संविधान निर्माताओं की दीर्घ दृष्टि, हमारे संविधान निर्माताओं का योगदान रहा है और जिसको लेकर हम आज आगे बढ़ रहे हैं।

संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाने का यह पल है। मेरे लिए खुशी की बात है कि संसद भी इस उत्सव में शामिल होकर अपनी भावनाओं को प्रकट कर रही है। मैं सभी माननीय सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस उत्सव में हिस्सा लिया। मैं उन सभी का अभिनंदन करता हूं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, 75 वर्ष की यह उपलब्धि साधारण नहीं है, असाधारण है। जब देश आजाद हुआ, उस समय भारत के लिए जो-जो संभावनाएं व्यक्त की गयी थीं, उन सभी संभावनाओं को निरस्त करते हुए, परास्त करते हुए, भारत का संविधान हमें यहां तक ले आया है।

**18.00 hrs**

इसलिए इस महान उपलब्धि के लिए संविधान निर्माताओं के साथ-साथ मैं देश के कोटि-कोटि नागरिकों को आदरपूर्वक नमन करता हूँ, जिन्होंने इस भावना को, इस नई व्यवस्था को जीकर के दिखाया है। संविधान निर्माताओं की जो भावनाएं थीं, उसको जीने में पिछले 75 सालों से भारत का नागरिक हर कसौटी पर खरा उतरा है। इसलिए भारत का नागरिक सर्वाधिक अभिनन्दन का अधिकारी है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, संविधान निर्माता इस बात पर बहुत सजग थे, वे यह नहीं मानते थे कि भारत का जन्म 1947 में हुआ है। वे यह नहीं मानते थे कि भारत में लोकतंत्र 1950 से आ रहा है। वे यहां की महान परंपरा को, महान संस्कृति को, महान विरासत को और हजारों साल की उस यात्रा को मानते थे, उसके प्रति वे सजग थे। उनको इस बात का पूरा भान था।

आदरणीय अध्यक्ष जी, भारत का लोकतंत्र, भारत का गणतांत्रिक अतीत बहुत ही समृद्ध रहा

है। विश्व के लिए प्रेरक रहा है। तभी तो भारत आज 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में जाना जाता है। हम सिर्फ विशाल लोकतंत्र हैं, इतना नहीं है, हम लोकतंत्र की जननी हैं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं जब यह कह रहा हूँ तो मैं तीन महापुरुषों के कोट इस सदन के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूँ। राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन जी, चूँकि मैं संविधान सभा के अंदर हुई चर्चा का उल्लेख कर रहा हूँ, उन्होंने कहा था :

"सदियों के बाद हमारे देश में एक बार फिर ऐसी बैठक बुलाई गई है। यह हमारे मन में अपने गौरवशाली अतीत की याद दिलाती है। जब हम स्वतंत्र हुआ करते थे, जब सभाएं आयोजित की जाती थीं, जिसमें विद्वान लोग देश के महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करने के लिए मिला करते थे।"

मैं दूसरा कोट डॉ. राधाकृष्णन जी का पढ़ रहा हूँ। वे भी संविधान सभा के सदस्य थे। उन्होंने कहा था :

"इस महान राष्ट्र के लिए गणतांत्रिक व्यवस्था नई नहीं है। हमारे यहां यह इतिहास के शुरूआत से ही है।"

तीसरा कोट मैं बाबा साहेब अम्बेडकर जी का पढ़ रहा हूँ। बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने कहा था :

"ऐसा नहीं है कि भारत को पता नहीं था कि लोकतंत्र क्या होता है। एक समय था, जब भारत में कई गणतंत्र हुआ करते थे। "

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारे संविधान के निर्माण प्रक्रिया में, हमारे देश की नारी शक्ति ने संविधान को सशक्त करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी।

संविधान सभा में 15 माननीय महिला सदस्य थीं और सक्रिय सदस्य थीं। मौलिक चिंतन के आधार पर उन्होंने संविधान सभा की डिबेट को समृद्ध किया था और वे सभी बहनें अलग-अलग बैकग्राउंड से थीं, अलग-अलग क्षेत्र की थीं और संविधान में उन्होंने जो-जो सुझाव दिए, उन सुझावों का संविधान के निर्माण पर बहुत बड़ा प्रभाव रहा था। हमारे लिए गर्व की बात है कि दुनिया के कई देश

आजाद भी हुए, संविधान भी बने, लोकतंत्र भी चला, लेकिन महिलाओं को अधिकार देने में दशकों बीत गए, लेकिन हमारे यहां शुरुआत से ही महिलाओं को वोट का अधिकार संविधान में दिया गया।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब G20 समिट हुई, उसी भावना को आगे को आगे बढ़ाते हुए, क्योंकि संविधान की भावना को लेकर हम सब जीने वाले लोग हैं, हमने G20 की अध्यक्षता के दौरान विश्व के सामने वीमेन लेड डेवलपमेंट का विचार रखा था। विश्व के अंदर वीमेन डेवलपमेंट से अब आगे जाने की जरूरत है और इसलिए हमने वीमेन लेड डेवलपमेंट की चर्चा को अंजाम दिया। इतना ही नहीं, हम सभी सांसदों ने मिल कर एक स्वर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके, हमारी महिला शक्ति को भारतीय लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम लोगों ने कदम उठाए।

आदरणीय अध्यक्ष जी, आज हम देख रहे हैं कि हर बड़ी योजना के सेंटर में महिलाएं होती हैं और जब हम संविधान के 75 वर्ष मना रहे हैं। यह संयोग है और अच्छा संयोग है कि भारत के राष्ट्रपति के पद पर एक आदिवासी महिला विराजमान हैं। यह हमारे संविधान की भावना की अभिव्यक्ति भी है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, इस सदन में भी लगातार हमारे महिला सांसदों की संख्या बढ़ रही है, उनका योगदान भी बढ़ रहा है, मंत्रिपरिषद में भी उनका योगदान बढ़ रहा है। आज सामाजिक क्षेत्र हो, राजनीतिक क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल-कूद का क्षेत्र हो, क्रिएटिव वर्ल्ड की दुनिया हो, जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान, महिलाओं का प्रतिनिधित्व देश के लिए गौरव दिलाने वाला रहा है। विज्ञान के क्षेत्र में खास कर स्पेस टेक्नोलॉजी में उनके योगदान की सराहना हर हिन्दुस्तानी बड़े गर्व के साथ कर रहा है। इन सबकी सबसे बड़ी प्रेरणा हमारा संविधान है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारा देश बहुत तेज गति से विकास कर रहा है। भारत बहुत ही जल्द विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में बहुत मजबूत कदम रख रहा है और इतना ही नहीं, 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है कि जब हम आजादी की शताब्दी मनाएंगे, हम इस देश को विकसित भारत बनाकर रहेंगे। यह हर भारतीय का संकल्प है। यह हर भारतीय का सपना है, लेकिन इस संकल्प से सिद्धि के लिए जो सबसे बड़ी आवश्यकता है, वह है भारत की एकता।

हमारा संविधान भी भारत की एकता का आधार है। हमारे संविधान के निर्माण कार्य में इस देश

के बड़े-बड़े दिग्गज थे, स्वतंत्रता सेनानी थे, साहित्यकार थे, विवेचक थे, सामाजिक कार्यकर्ता थे, शिक्षाविद थे, कई फील्ड के प्रोफेशनल्स थे, मजदूर नेता थे, किसान नेता थे। समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व था और सब के सब भारत की एकता के प्रति बहुत ही संवेदनशील थे। जीवन के भिन्न-भिन्न क्षेत्र से आए हुए, देश के अलग-अलग भू-भाग से आए हुए सभी लोग इस बात के प्रति सजग थे और बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने चेताया था। मैं बाबा साहेब का क्वोट पढ़ रहा हूं। बाबा साहेब अम्बेडकर ने कहा था:

> "समस्या यह है कि देश में जो विविधता से भरा जनमानस है, उसे किस तरह एकमत किया जाए, कैसे देश के लोगों को एक दूसरे के साथ होकर निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे कि देश में एकता की भावना स्थापित हो। "

आदरणीय अध्यक्ष जी, मुझे बड़े दु:ख के साथ कहना है कि आज़ादी के बाद एक तरफ संविधान निर्माताओं के दिल-दिमाग में एकता थी, लेकिन आज़ादी के बाद विकृत मानसिकता के कारण या स्वार्थवश अगर सबसे बड़ा प्रहार हुआ था तो देश की एकता के मूल भाव पर प्रहार हुआ। विविधता में एकता – यह भारत की विशेषता रही है। हम विविधता को सेलिब्रेट करते हैं और इस देश की प्रगति भी विविधता को सेलिब्रेट करने में है। लेकिन गुलामी की मानसिकता में पले-बढ़े लोगों ने, भारत का भला न देख पाने वाले लोगों ने, और जिनके लिए हिन्दुस्तान 1947 में ही पैदा हुआ, उनके लिए यह जो धारणा बन गई थी, वे विविधता में विरोधाभास ढूंढते रहे। इतना ही नहीं, विविधता हमारा अमूल्य खजाना है, उसको सेलिब्रेट करने के बजाय उस विविधता में ऐसे जहरीले बीज बोने के प्रयास करते रहे, ताकि देश की एकता को चोट पहुंचे।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमें विविधता का उत्सव हमारे जीवन का अंग बनाना होगा और वही बाबा साहेब अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं संविधान के प्रकाश में ही अपनी बातों रखना चाहता हूं और इसलिए अगर आप हमारी नीतियों को देखेंगे, पिछले दस साल देश की जनता ने हमें जो सेवा करने का मौका दिया है, हमारे निर्णयों की प्रक्रिया को देखेंगे तो भारत की एकता को मजबूती देने का निरंतर हम प्रयास करते रहे हैं। आर्टिकल 370 देश की एकता में

रुकावट बना पड़ा था, दीवार बना पड़ा था। देश की एकता हमारी प्राथमिकता थी, जो कि हमारे संविधान की भावना थी और इसीलिए आर्टिकल 370 को हमने जमीन में दबा दिया, क्योंकि देश की एकता हमारी प्राथमिकता है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, इतने बड़े विशाल देश में अगर आर्थिक रूप से हमें आगे बढ़ना है, हमारी व्यवस्थाओं को, और विश्व को भी निवेश के लिए आना है तो भारत में अनुकूल व्यवस्थाएं चाहिए।

उसी में से, हमारे देश में एक लम्बे अर्से तक जीएसटी को लेकर चर्चा चलती रही। मैं समझता हूँ कि इकोनॉमिक यूनिटी के लिए जीएसटी ने एक बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। इसमें पहले की भी सरकार का कुछ योगदान है। वर्तमान समय में, हमको इसे आगे बढ़ाने का अवसर मिला और हमने इसको किया। वह भी 'वन नेशन, वन टैक्स' उस भूमिका को आगे बढ़ा रहा है।

माननीय अध्यक्ष जी, हमारे देश में राशन कार्ड गरीब के लिए एक बहुत मूल्यवान दस्तावेज़ रहा है। लेकिन अगर गरीब एक राज्य से दूसरे राज्य में जाता था, तो वह कुछ भी प्राप्त करने का हकदार नहीं बनता था। इतना बड़ा देश है, वह इसके किसी भी कोने में जाए, उसका उतना ही अधिकार है। एकता के उस भाव को मजबूत करने के लिए हमने 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' की बात को मजबूती से रखा।

माननीय अध्यक्ष जी, देश के गरीब को, देश के सामान्य नागरिक को अगर मुफ्त में इलाज मिले, तो गरीबी से लड़ने की उसकी ताकत अनेक गुना बढ़ जाती है। लेकिन उसके लिए जहाँ वह काम करता है, वहाँ पर तो यह सुविधा मिल जाएगी, लेकिन अगर किसी कामवश वह बाहर गया है और वहाँ पर वह जीवन और मृत्यु की लड़ाई लड़ता हो, तो ऐसे समय में उसको सुविधा नहीं मिलेगी, तो व्यवस्था किस काम की? इसलिए देश की एकता के मंत्र को जीने वाले हम लोगों ने यह तय किया कि 'वन नेशन, वन हेल्थ कार्ड' हो। इसलिए हमने आयुष्मान भारत योजना बनाई।

आज बिहार के दूर-दराज के क्षेत्र का व्यक्ति भी अगर पुणे में कोई काम कर रहा है और वह अचानक बीमार हो गया, तो उसके लिए आयुष्मान कार्ड होना एनफ है, उसे इसकी सेवा मिल सकती है।

माननीय अध्यक्ष जी, हम जानते हैं, देश में कई बार ऐसा हुआ है कि देश के एक हिस्से में बिजली थी, लेकिन बिजली सप्लाई नहीं हो रही थी, इसके कारण दूसरे इलाकों में अंधेरा था। पिछली सरकार में, विश्व के अन्दर भारत की बदनामी, अंधेरे को लेकर हेडलाइंस से हुआ करती थी। वह दिन हमने देखे हैं। तब जाकर एकता के मंत्र को ले करके, संविधान की भावना को जीने वाले हम लोगों ने 'वन नेशन, वन ग्रिड' को परिपूर्ण कर दिया। इसलिए आज बिजली के प्रवाह को निर्विरोध रूप से हिन्दुस्तान के हर कोने में ले जाया जा सकता है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर में भी भेदभाव की बू आती रही है। हमने उसे मिटाकर, देश की एकता को ध्यान में रखते हुए, एक संतुलित विकास को ध्यान में रखते हुए हमने उस भेदभाव की भावना को खत्म करते हुए एकता को मजबूत किया। नॉर्थ-ईस्ट हो या जम्मू-कश्मीर हो, हिमालय की गोद के इलाके हों या रेगिस्तान के सटे हुए इलाके हों, हमने पूरी तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर को एक सामर्थ्य देने का प्रयास किया है ताकि एकता के भाव में, अभाव के कारण कोई दूरी पैदा न हो। हमने उसे बदलने का काम किया है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, युग बदल चुका है। हम नहीं चाहते हैं कि डिज़िटल के क्षेत्र में हैव्स एंड हैव नॉट्स की स्थिति बन जाए। इसलिए हम दुनिया के अन्दर बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि भारत के डिज़िटल इंडिया की जो सक्सेस स्टोरी है, उसका एक कारण है कि हमने टेक्नोलॉजी को डेमोक्रेटाइज़ करने का प्रयास किया है। उसी का भाग है, हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें दिशा दिखाई है कि हमने ऑप्टिकल फाइबर हिन्दुस्तान की हर पंचायत तक ले जाने का प्रयास किया है ताकि भारत की एकता को मजबूती देने में हमें ताकत मिले।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारे संविधान की अपेक्षा है एकता की। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने मातृभाषा के महात्मय को स्वीकारा है। मातृभाषा को दबा करके हम देश के जन-मानस को संस्कारित नहीं कर सकते हैं।

इसलिए, हमने न्यू एजुकेशन पॉलिसी में भी मातृभाषा पर बहुत बल दिया है। … (व्यवधान) अब मेरे देश के गरीब का बच्चा भी मातृभाषा में डॉक्टर, इंजीनियर बन सकता है, क्योंकि हमारा

संविधान उन सबके पीछे है, उन सबकी दरकार करने का हमें आदेश देता है। इतना ही नहीं, हमने क्लासिकल लैंग्वेज की दिशा में भी, कई लैंग्वेजेज़, जिनका हक बनता था, उनको हमने उस स्थान पर रखकर उनका सम्मान किया था। देश भर में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का अभियान देश की एकता को मजबूत और नई पीढ़ी को संस्कारित करने का काम हमारी तरफ से चल रहा है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, काशी तमिल संगमम और काशी तेलुगू संगमम आज बहुत बड़े रूप में इंस्टिट्यूशनलाइज़ हुआ है। समाज की निकटता को मजबूती देने का एक सांस्कृतिक प्रयास भी हमारा चलता रहा है, क्योंकि उसका कारण यही है कि संविधान की पूर्ण धारा में भारत की एकता का महात्म्य स्वीकार किया गया है और उसको हमें बल देना चाहिए।

आदरणीय अध्यक्ष जी, संविधान के आज 75 वर्ष हो रहे हैं, लेकिन हमारे यहां तो 25 वर्ष का भी महत्व होता है, 50 वर्ष का भी महत्व होता है, 60 साल का भी महत्व होता है। ज़रा हम इतिहास की तरफ नज़र करें कि संविधान यात्रा के इन महत्वपूर्ण पड़ावों में क्या हुआ था? जब देश संविधान के 25 वर्ष पूरे कर रहा था, उसी समय हमारे देश में संविधान को नोंच लिया गया, इमरजेंसी, आपातकाल लाया गया। ... (व्यवधान) संवैधानिक व्यवस्थाओं को समाप्त कर दिया गया। ... (व्यवधान) देश को जेलखाना बना दिया गया। ... (व्यवधान) नागरिकों के अधिकारों को लूट लिया गया। ... (व्यवधान) प्रेस की स्वतंत्रता को ताले लगा दिए गए। कांग्रेस के माथे पर यह जो पाप है, वह कभी भी धुलने वाला नहीं है। ... (व्यवधान) दुनिया में जब-जब लोकतंत्र की चर्चा होगी, कांग्रेस के माथे का यह पाप कभी धुलने वाला नहीं है, क्योंकि लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। भारत के संविधान निर्माताओं की तपस्या को मिट्टी में मिलाने की कोशिश की गई थी।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब 50 साल हुए, तब क्या भुला दिया गया था? जी, नहीं। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार थी और 26 नवंबर, 2000 को देश भर में संविधान का 50वां वर्ष मनाया गया था। ... (व्यवधान) श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधान मंत्री के नाते राष्ट्र को एक विशेष संदेश दिया था। एकता, जनभागीदारी, साझेदारी, उसके महत्व पर बल देते हुए उन्होंने संविधान की भावना को जीने का प्रयास किया था, जनता को जगाने का भी प्रयास किया था।

अध्यक्ष जी, जब देश संविधान का 50वां वर्ष मना रहा था और जब 50 वर्ष की पूर्णाहुति हुई, तो यह मेरा भी सौभाग्य था कि मुझे भी संविधान की प्रक्रिया से मुख्य मंत्री बनने का अवसर मिल गया था। ... (व्यवधान) मैं जब मुख्य मंत्री था, उसी कार्यकाल में संविधान के 60 साल पूरे हुए और तब मैंने मुख्य मंत्री के नाते तय किया था कि हम गुजरात में संविधान के 60 साल मनाएंगे। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब संविधान के ग्रंथ को हाथी पर बनाई हुई अम्बाड़ी में रखा गया हो, उसे विशेष व्यवस्था में रखा गया हो। ... (व्यवधान) हाथी पर संविधान गौरव यात्रा निकाली गई और राज्य का मुख्य मंत्री उस संविधान के नीचे हाथी के बगल में पैदल चल रहा था और देश को संविधान का महात्म्य समझाने का सांकेतिक प्रयास कर रहा था।

अध्यक्ष जी, यह सौभाग्य भी मुझे प्राप्त हुआ था, क्योंकि हम जानते हैं कि हमारे लिए संविधान का क्या महात्म्य है। आज 75 साल हुए और हमें अवसर मिला। मुझे याद है जब मैंने लोक सभा के पुराने सदन के अंदर 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने की बात कही थी, तब एक वरिष्ठ नेता ने सामने से आवाज उठाई थी कि 26 जनवरी तो है, 26 नवम्बर मनाने की क्या जरूरत है। क्या भावना घर कर गई थी, यह बहुत पुरानी बात नहीं है। इसी सदन में मेरे सामने हुआ था। मेरे लिए यह खुशी की बात है कि इस विशेष सत्र में अच्छा होता कि संविधान की शक्ति, संविधान की विविधताओं पर चर्चा होती और नई पीढ़ी के काम आता, लेकिन हर व्यक्ति की अपनी-अपनी मजबूरियां होती हैं। हर कोई अपना दुख किसी न किसी रूप में प्रकट करता रहता है। कई लोगों ने अपनी विफलताओं का दुख प्रकट किया है। अच्छा होता दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर देश हित में संविधान की चर्चा हुई होती, तो देश की नई पीढ़ी को स्मृति मिलती।

अध्यक्ष जी, मैं संविधान के प्रति विशेष आदर का भाव व्यक्त करना चाहता हूं। इस संविधान की भावना थी कि मेरे जैसे अनेक लोग, जो यहां पहुंच नहीं पाते। यह संविधान था, जिसके कारण हम पहुंच पाए, क्योंकि हमारा कोई बैकग्राउंड नहीं था। हम यहां तक कैसे आते? यह संविधान का सामर्थ्य था। जनता जनार्दन के आशीर्वाद से इतना बड़ा दायित्व निभाने का मुझे मौका मिला। मेरे जैसे बहुत लोग यहां भी हैं, जिनका कोई बैकग्राउंड नहीं है और वे सामान्य परिवार से आए हैं और आज संविधान

ने हमें यहां तक पहुंचाया है। यह भी कितना बड़ा सौभाग्य है कि हमें देश ने इतना स्नेह दिया है कि एक बार नहीं, दो बार नहीं बल्कि तीन बार देश की सेवा करने का मौका दिया है। यह हमारे संविधान के बिना संभव नहीं था।

आदरणीय अध्यक्ष जी, उतार-चढ़ाव तो आए, कठिनाइयां भी आईं, रुकावटें भी आईं, लेकिन मैं एक बार फिर देश की जनता को नमन करता हूं कि देश की जनता पूरी ताकत के साथ संविधान के साथ खड़ी रही। मैं आज यहां किसी की व्यक्तिगत आलोचना नहीं करना चाहता हूं लेकिन तथ्यों को देश के सामने रखना जरूरी है और इसीलिए मैं तथ्यों को रखना चाहता हूं। कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है।… (व्यवधान) मैं इसलिए एक परिवार का उल्लेख करता हूं कि 75 साल की हमारी यात्रा में 55 साल एक ही परिवार ने राज किया है, इसलिए देश को क्या-क्या हुआ है, यह जानने का अधिकार है। …(व्यवधान) इस परिवार के कुविचार, कुरीति, कुनीति - इसकी परम्परा निरंतर चल रही है। हर स्तर पर इस परिवार ने संविधान को चुनौती दी है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, वर्ष 1947 से 1952 इस देश में इलेक्टेड गवर्नमेंट नहीं थी। एक अस्थायी व्यवस्था थी, एक सिलेक्टेड सरकार थी और चुनाव नहीं हुए थे। जब तक चुनाव न हों, तब तक एक इंटरिम व्यवस्था के रूप में कोई खाका खड़ा करना चाहिए, किया गया था। वर्ष 1952 के पहले राज्य सभा का भी गठन नहीं हुआ था। राज्यों में भी कोई चुनाव नहीं हुआ था, जनता का कोई आदेश नहीं था। अभी-अभी तो संविधान निर्माताओं ने इतना मंथन करके संविधान बनाया था। वर्ष 1951 में जबकि चुनी हुई सरकार नहीं थी, उसके बावजूद भी उन्होंने संविधान को बदला और क्या किया - अभिव्यक्ति की आज़ादी पर हमला कर दिया गया। यह संविधान निर्माताओं का भी अपमान था, क्योंकि ऐसी बातें तो संविधान सभा में नहीं आईं होंगी, ऐसा नहीं है। लेकिन, वहां उनकी चली नहीं, तो बाद में जैसे ही मौका मिला, उन्होंने अभिव्यक्ति की आज़ादी पर हथौड़ा मार दिया। यह संविधान निर्माताओं का घोर अपमान था। अपने मन की चीज़ें, जो संविधान सभा के अन्दर नहीं करवा पाए, उसे उन्होंने पिछले दरवाजे से किया, और यह भी कि वे चुनी हुई सरकार के प्रधान मंत्री नहीं थे।

उन्होंने पाप किया था।

आदरणीय अध्यक्ष जी, इतना ही नहीं, उस दौरान उस समय के प्रधान मंत्री पंडित नेहरू जी ने मुख्य मंत्रियों को एक चिट्ठी लिखी थी। उस चिट्ठी में उन्होंने लिखा था, नेहरू जी लिखते हैं - 'अगर संविधान हमारे रास्ते के बीच में आ जाए.. ' यह नेहरू जी लिख रहे हैं - 'अगर संविधान हमारे रास्ते के बीच में आ जाए..' आगे नेहरू जी कह रहे हैं – '... तो हर हाल में संविधान में परिवर्तन करना चाहिए।' यह नेहरू जी ने मुख्य मंत्रियों को चिट्ठी लिखी।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, यह भी देखिए कि वर्ष 1951 में यह पाप किया गया, लेकिन देश चुप नहीं था। उस समय राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी ने चेताया कि यह गलत हो रहा है। उस समय स्पीकर पद पर बैठे हुए हमारे स्पीकर महोदय ने भी पंडित जी को कहा कि आप गलत कर रहे हो। इतना ही नहीं, आचार्य कृपलानी, जय प्रकाश नारायण जैसे महान कांग्रेसी लोगों ने भी पंडित नेहरू से कहा कि यह रोको, लेकिन पंडित जी का अपना संविधान चलता था। इसलिए उन्होंने इतने वरिष्ठ महानुभावों की सलाह मानी नहीं, और उसे भी उन्होंने दरकिनार कर दिया।

आदरणीय अध्यक्ष जी, यह संविधान संशोधन करने का ऐसा खून कांग्रेस के मुँह लग गया कि समय-समय पर वह संविधान का शिकार करती रही। इसका खून मुँह पर लग गया।... (व्यवधान) इतना ही नहीं, संविधान के स्पिरिट को लहू-लुहान करती रही।

आदरणीय अध्यक्ष जी, करीब छः दशकों में 75 बार संविधान बदला गया।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जो बीज देश के पहले प्रधान मंत्री जी ने बोए थे, उस बीज को खाद-पानी देने का काम एक और प्रधान मंत्री ने किया। उनका नाम था श्रीमती इंदिरा गांधी। जो पाप पहले प्रधान मंत्री कर के गए और जो खून लग गया था, सन् 1971 में सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला आया। उस फैसले को संविधान बदल कर के पलट दिया गया और सन् 1971 में यह संविधान संशोधन किया गया था। वह क्या था? उन्होंने हमारे देश की अदालत के पंख काट दिए थे। यहां पर यह कहा था कि संसद संविधान के किसी भी आर्टिकल में जो मर्जी पड़े, वह कर सकती है और अदालत उसकी तरफ देख भी नहीं सकती है। अदालत के सारे अधिकारों को छीन लिया गया था। यह पाप सन् 1971 में

उस समय की प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था। ... (व्यवधान) इस परिवर्तन ने इंदिरा जी की सरकार को, मौलिक अधिकारों को छीनने और न्यायपालिका पर नियंत्रण करने का अधिकार दिया, सक्षम बना दिया।

आदरणीय अध्यक्ष जी, खून मुंह पर लग गया था। कोई रोकने वाला था नहीं। इसलिए जब इंदिरा जी के चुनाव को गैर रीति के कारण, असंवैधानिक तरीके से चुनाव लड़ने के कारण अदालत ने उनके चुनाव को खारिज कर दिया और उनको एमपी पद छोड़ने की नौबत आई तब उन्होंने गुस्से में आ कर देश पर इमरजेंसी थोप दी, आपातकाल लगा दिया। ... (व्यवधान) अपनी कुर्सी बचाने के लिए। उसके बाद, इतना ही नहीं, उन्होंने इमरजेंसी तो लगाई, संविधान का दुरुपयोग तो किया ही किया, भारत के लोकतंत्र का गला तो घोंट ही दिया, लेकिन सन् 1975 में 39वां संशोधन किया। उसमें उन्होंने क्या किया? राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, अध्यक्ष आदि इनके चुनाव के खिलाफ कोई कोर्ट में जा ही नहीं सकता है, ऐसा उन्होंने किया और वह भी रेट्रोस्पेक्टिव किया। आगे के लिए नहीं, पीछे के लिए भी किया, अपने पापों को भी उन्होंने खत्म कर लिया। ... (व्यवधान) आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं संविधान की बात कर रहा हूँ। मैं संविधान के आगे-पीछे कुछ नहीं बोल रहा हूँ। ... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इमरजेंसी में लोगों के अधिकार छीन लिए गए। ... (व्यवधान) देश के हजारों लोगों को जेलों में ठूंस दिया गया। न्यायपालिका का गला घोंट दिया गया। अखबारों की स्वतंत्रता पर ताले लगा दिए गए। इतना ही नहीं, कमिटिड ज्यूडिशरी, इस विचार को उन्होंने पूरी ताकत दी।

इतना ही नहीं, जिस जस्टिस एच.आर. खन्ना ने उनके खिलाफ जो जजमेंट दिया था, उससे इतना गुस्सा भरा था कि जब जस्टिस एच.आर.खन्ना जो सीनियोरिटी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बनने थे,... (व्यवधान) जिन्होंने संविधान के सम्मान करते हुए, उस स्पिरिट से जजमेंट दी थी, उनको मुख्य न्यायधीश नहीं बनने दिया गया।... (व्यवधान) यह संविधान वाला लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हुआ।... (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, यहां भी ऐसे कई दल बैठे हैं, जिनके सारे मुखिया भी जेल में हुआ करते

थे।… (व्यवधान) यह इनकी मजबूरी है कि वहां जाकर बैठे हैं। उनको भी जेलों में ठूस दिया गया था।

आदरणीय अध्यक्ष जी, देश पर जुल्म व तांडव चल रहा था। निर्दोष लोगों को जेलों में ठूस दिया जाता था। लाठियाँ बरसायी जाती थीं। कई लोग जेलों में मौत के शरण हो गए थे और एक निर्दयी सरकार संविधान को चूर-चूर करती रही।

आदरणीय अध्यक्ष जी, यह परंपरा यहीं नहीं रूकी। जो परंपरा नेहरू जी ने शुरू की थी, जिसको दूसरे प्रधानमंत्री इंदिरा जी ने आगे बढ़ाया, क्योंकि खून मुंह पर लग गया था, इसलिए राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। उन्होंने संविधान को एक और गंभीर झटका दे दिया। सबको समानता, सबको न्याय, उस भावना को चोट पहुंचायी।

आदरणीय अध्यक्ष जी, आपको मालूम है कि सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो का जजमेंट दिया था। भारत की एक महिला को न्याय देने का काम संविधान की मर्यादा और स्पिरिट के आधार पर देश की सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। एक वृद्ध महिला को सुप्रीम कोर्ट से उसका हक मिला था, लेकिन उस समय के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने शाहबानो और सुप्रीम कोर्ट की उस भावना को नकार दिया। उन्होंने वोट बैंक की राजनीति के खातिर संविधान की भावना को बलि चढ़ा दिया और कट्टरपंथियों के सामने सर झुकाने का काम कर दिया।… (व्यवधान) उन्होंने न्याय के लिए तड़प रही एक वृद्ध महिला का साथ देने के बजाय कट्टरपंथियों का साथ दिया। संसद में कानून बना कर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को फिर एक बार पलट दिया गया।

आदरणीय अध्यक्ष जी, बात वहां तक नहीं अटकी है। नेहरू जी ने शुरू किया, इंदिरा जी ने आगे बढ़ाया और राजीव जी ने उसको ताकत दी, खाद-पानी देने का काम किया, क्योंकि संविधान के साथ खिलवाड़ करने का लहु उनके मुंह लग गया था।

आदरणीय अध्यक्ष जी, अगली पीढ़ी भी इसी खिलवाड़ में जुटी पड़ी है। एक किताब को मैं कोट कर रहा हूं। उस किताब में जो लिखा गया है, उस समय के प्रधानमंत्री, मेरे पहले जो प्रधानमंत्री थे, उनको कोट किया है। उन्होंने कहा है –'मुझे यह स्वीकार करना होगा कि पार्टी अध्यक्ष सत्ता का केंद्र है।' यह मनमोहन सिंह जी ने कहा है, जो इस किताब में लिखा गया है–'मुझे यह स्वीकार करना

होगा कि पार्टी अध्यक्ष सत्ता का केंद्र है, सरकार पार्टी के प्रति जवाबदेह है।' … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इतिहास में पहली बार … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सदन मर्यादित तरीके से नहीं चलाना चाहते।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह तरीका बिल्कुल ठीक नहीं है। सदन के नेता बोल रहे हैं। आपको मर्यादा रखनी चाहिए। इस तरीके से सदन नहीं चलेगा। आपका यह तरीका गलत है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय प्रधान मंत्री जी।

**श्री नरेन्द्र मोदी :** अध्यक्ष जी, इतिहास में पहली बार संविधान को ऐसी गहरी चोट पहुंचा दी गई। संविधान निर्माताओं ने, चुनी हुई सरकार और चुने हुए प्रधान मंत्री की कल्पना तक ही हमारा संविधान था, लेकिन इन्होंने तो प्रधान मंत्री के ऊपर एक गैर-संवैधानिक और जिसने कोई शपथ भी नहीं ली थी, नेशनल एडवाइजरी काउंसिल पीएमओ के भी ऊपर बैठा दिया। … (व्यवधान) पीएमओ के ऊपर अघोषित दर्जा दे दिया गया।… (व्यवधान) इतना ही नहीं, एक पीढ़ी और आगे चली। उस पीढ़ी ने क्या किया? भारत के संविधान के तहत देश की जनता, जनार्दन सरकार चुनती है और वह सरकार का मुखिया कैबिनेट बनाता है। यह संविधान के तहत है।… (व्यवधान) इस कैबिनेट ने जो निर्णय किया, संविधान का अपमान करने वाले अहंकार से भरे लोगों ने पत्रकारों के सामने कैबिनेट के निर्णय को फाड़ दिया।… (व्यवधान) हर मौके पर संविधान के साथ खिलवाड़ करना, संविधान को न मानना, यह इनकी आदत हो गई थी। अब दुर्भाग्य देखिए, एक अहंकारी व्यक्ति कैबिनेट के निर्णय को फाड़ दे और कैबिनेट अपना फैसला बदल दे, यह कौन सी व्यवस्था है? … (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं जो कुछ भी कह रहा हूं, संविधान के साथ क्या हुआ, उसी की ही बात कर रहा हूं। उस समय करने वाले पात्रों को लेकर किसी को परेशानी होती होगी, लेकिन बात संविधान की है। मेरे मन के और मेरे विचारों को मैं अभिव्यक्त नहीं कर रहा हूं। … (व्यवधान) कांग्रेस ने निरन्तर संविधान की अवमानना की, संविधान के महत्व को कम किया। … (व्यवधान) कांग्रेस इसके अनेक उदाहरणों

से भरी पड़ी हुई है, संविधान के साथ धोखेबाजी कैसे करते थे, संवैधानिक संस्थाओं को कैसे नहीं मानते थे। … (व्यवधान) इस देश में बहुत कम लोगों को मालूम होगा, अनुच्छेद 370 की तो सबको पता है, अनुच्छेद 35ए का पता बहुत कम है। संसद में आए बिना, जबकि संसद में आना पड़ता, संसद को ही अस्वीकार कर दिया गया। भारत के संविधान का अगर कोई पहला पुत्र है तो यह संसद है। उसका भी इन्होंने गला घोंटने का काम किया। अनुच्छेद 35ए संसद में लाए बिना उन्होंने देश पर थोप दिया और अगर अनुच्छेद 35ए न होता, तो जम्मू-कश्मीर में जो हालत पैदा हुई, वह हालत पैदा न हुई होती। राष्ट्रपति के आदेश पर यह काम किया गया और देश की संसद को अंधेरे में रखा गया। यह संसद का अधिकार था। कोई अपनी मनमानी से नहीं कर सकता था।

उनके पास बहुमत था, वह कर सकते थे। लेकिन नहीं किया, क्योंकि पेट में पाप था। देश की जनता से छुपाना चाहते थे। इतना ही नहीं, बाबा साहब अम्बेडकर जिनके प्रति आज सम्मान का भाव सभी कोई अनुभव कर रहा है और हम लोगों के लिए बहुत विशेष है, क्योंकि हम लोगों के जीवन में जो भी रास्ते मिले, वहीं से मिले।

आदरणीय अध्यक्ष जी, बाबा साहब अम्बेडकर जी के प्रति इतनी कटुता भरी थी, इतना द्वेष भरा था, आज मैं उसके डिटेल में नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन जब अटल जी की सरकार थी, बाबा साहब अम्बेडकर जी की जो महापरिनिर्वाण भूमि है वहां अलीपुर रोड पर अटल जी की सरकार में बाबा साहब अम्बेडकर जी के लिए स्मारक बनाना तय हुआ। दुर्भाग्य देखिए, दस वर्ष यूपीए की सरकार रही, उसने इस काम को नहीं किया और न होने दिया। जब हमारी सरकार आयी, बाबा साहब अम्बेडकर के प्रति हमारी श्रद्धा होने के कारण हमने अलीपुर रोड पर बाबा साहब नेशनल मेमोरियल बनाया और उसका काम किया।

आदरणीय अध्यक्ष जी, दिल्ली में वर्ष 1992 में चन्द्रशेखर जी कुछ समय के लिए प्रधानमंत्री थे, उस समय एक 'अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर' बनाने का निर्णय किया, लेकिन वह दशकों तक कागजों पर ही पड़ा रहा, उसे नहीं किया गया। वर्ष 2015 में हमारी सरकार ने इस काम को पूरा किया। बाबा साहब अम्बेडकर को भारत रत्न देने का काम भी जब कांग्रेस सत्ता से बाहर गई तब संभव हुआ।

इतना ही नहीं, बाबा साहब अम्बेडकर की सवा साल जयंती पूरी दुनिया में मनायी गयी, विश्व के 120 देशों में मनाने का काम किया। लेकिन जब बाबा साहब अम्बेडकर की शताब्दी थी तब बीजेपी की मध्य प्रदेश में अकेली सरकार थी, सुंदर लाल पटवा जी हमारे मुख्यमंत्री थे। 'महु' जहां बाबा साहब अम्बेडकर जी का जन्म हुआ था, उसको स्मारक के रूप में पुनर्निर्माण करने का काम सुंदर लाल पटवा जी के मुख्यमंत्री के समय मध्य प्रदेश में हुआ था। शताब्दी के समय भी उनके साथ यही किया गया था।

हमारे देश में बाबा साहब अम्बेडकर एक दीर्घदृष्टा थे। समाज के दबे-कुचले लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध थे और एक लंबी सोच के साथ कि भारत को अगर विकसित होना है तो भारत का कोई अंग दुर्बल नहीं रहना चाहिए, यह चिंता बाबा साहब को सताती थी, तब जाकर देश में आरक्षण की व्यवस्था हुई। लेकिन वोट बैंक की राजनीति में डूबे हुए लोगों ने धर्म के आधार पर, तुष्टीकरण के नाम पर आरक्षण के अंदर कुछ न कुछ न नुकसान करने का प्रयास किया। इसका सबसे बड़ा नुकसान एससी, एसटी और ओबीसी समाज को हुआ।

आदरणीय अध्यक्ष जी, आरक्षण की कथा बहुत लंबी है, नेहरू जी से लेकर राजीव गांधी तक, कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने आरक्षण का घोर विरोध किया है। हिस्ट्री कह रही है, आरक्षण के विरोध में लंबी-लंबी चिट्ठियां स्वयं नेहरू जी ने लिखी।

मुख्यमंत्रियों को चिट्ठियां लिखी हैं। इतना ही नहीं, इन लोगों ने सदन में आरक्षण के खिलाफ लंबे-लंबे भाषण दिए हैं। बाबा साहेब अम्बेडकर जी समता के लिए और भारत में संतुलित विकास के लिए आरक्षण लेकर आए, उन्होंने उसके खिलाफ भी झंडा ऊंचा किया हुआ था। दशकों तक मंडल कमीशन की रिपोर्ट को डिब्बे में डालकर रखा था। जब कांग्रेस को देश ने हटाया, जब कांग्रेस गई तब जाकर ओबीसी को आरक्षण मिला था, तब तक नहीं मिला था। … (व्यवधान) यह कांग्रेस का पाप है। अगर उस समय मिला होता तो देश के अनेक पदों पर ओबीसी समाज के लोग देश की सेवा करते, लेकिन नहीं करने दिया, नहीं होने दिया। … (व्यवधान) इन्होंने यह पाप किया था।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब हमारे यहां संविधान का निर्माण चल रहा था तब संविधान निर्माताओं ने, धर्म के आधार पर आरक्षण होना चाहिए या नहीं होना चाहिए, इस विषय पर घंटों तक,

दिनों तक गहन चर्चा की, विचार-विमर्श किया और सबका मत बना कि भारत जैसे देश की एकता और अखंडता के लिए धर्म और संप्रदाय के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। यह सुविचारित मत था। ऐसा नहीं था कि भूल गए थे या रह गया था, सोच-विचारकर तय किया गया था कि भारत की एकता और अखंडता के लिए संप्रदाय और धर्म के आधार पर यह नहीं होगा। लेकिन कांग्रेस ने सत्ता सुख के लिए, सत्ता भूख के लिए, अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए धर्म के आधार पर आरक्षण का नया खेल खेला, जो संविधान की भावना के खिलाफ है। इतना ही नहीं, कुछ जगह दे भी दिया और सुप्रीम कोर्ट से झटके लग रहे हैं। इसलिए अब दूसरे बहाने से बहाना बता रहे हैं कि यह करेंगे, वह करेंगे, मन में साफ है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं और इसलिए खेल खेले जा रहे हैं। यह संविधान निर्माताओं की भावनाओं पर गहरी चोट करने का निर्लज्ज प्रयास है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप सबने बोला है। यह तरीका ठीक नहीं है। आपके नेता ने बोला है, आपने भी बोला है। इस तरह से बैठे-बैठे बात न करें।

… (व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र मोदी :** माननीय अध्यक्ष जी, एक और विषय ज्वलंत है, मैं इसकी भी चर्चा करना चाहता हूं। यह ज्वलंत विषय समान नागरिक संहिता, यूनिफार्म सिविल कोड है। यह विषय भी संविधान सभा के ध्यान से बाहर नहीं था। संविधान सभा ने यूनिफार्म सिविल कोड को लेकर लंबी चर्चा की, गहन चर्चा की और उन्होंने बहस के बाद निर्णय किया कि अच्छा होगा जो भी सरकार चुनकर आए, वह उसका निर्णय करे और देश में यूनिफार्म सिविल कोड लागू करे। यह संविधान सभा का आदेश था। बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने जो कहा था, जो लोग संविधान को समझते नहीं हैं, देश को समझते नहीं हैं, सत्ता भूख से बड़ा कुछ नहीं है, उनको पता नहीं है कि बाबा साहेब ने क्या कहा था। मैं बाबा साहेब की बात कर रहा हूं, इतना वीडियो कट करके घुमाना मत।

आदरणीय अध्यक्ष जी, बाबा साहेब ने कहा था और धार्मिक आधार पर बने पर्सनल लॉ को खत्म करने की जोरदार वकालत की थी।

**19.00 hrs**

उस समय के सदस्य के.एम. मुंशी जी ने समान नागरिक संहिता को राष्ट्र की एकता और आधुनिकता के लिए अनिवार्य बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार कहा है कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड जल्द से जल्द लाना चाहिए। सरकारों को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए हैं और उसी संविधान की भावना को ध्यान में रखते, संविधान निर्माताओं की भावना को ध्यान में रखते हुए हम पूरी ताकत से सेक्युलर सिविल कोड के लिए लगे हुए हैं। आज कांग्रेस के लोग संविधान निर्माताओं की भावना का भी, सुप्रीम कोर्ट की भावना का भी अनादर कर रहे हैं, क्योंकि उनकी राजनीति को वह सूट नहीं करता है। उनके लिए संविधान कोई पवित्र ग्रंथ नहीं है। उनके लिए वह राजनीति का एक हथियार है। खेल खेलने का हथियार बना दिया, लोगों को डराने के लिए संविधान को हथियार बनाया जाता है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, कांग्रेस पार्टी के लिए तो संविधान शब्द भी उनके मुंह में शोभा नहीं देता है, इसलिए जो अपनी पार्टी के संविधान को नहीं मानते हैं, जिन्होंने अपनी पार्टी के संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया है, क्योंकि संविधान को स्वीकार करने के लिए लोकतांत्रिक स्पिरिट लगती है, जो इनकी रगों में नहीं है। सत्तावाद और परिवारवार भरा पड़ा है। आप देखिए कि शुरुआत ही कितनी गड़बड़ हुई है। मैं कांग्रेस की बात कर रहा हूं। कांग्रेस की 12 प्रदेश कमेटियों ने सरदार पटेल के नाम पर सहमति दी थी। नेहरू जी के साथ एक भी कमेटी नहीं थी, not a single. संविधान के तहत सरदार साहब ही देश के प्रथम प्रधान मंत्री बनते, लेकिन लोकतंत्र में श्रद्धा नहीं, खुद के संविधान पर विश्वास नहीं, खुद के ही संविधान को स्वीकारना नहीं और सरदार साहब देश के प्रधान मंत्री नहीं बन सके और ये बैठ गए थे। जो लोग अपनी पार्टी के संविधान को नहीं मानते, वे कैसे देश के संविधान को स्वीकार कर सकते हैं? … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, जो लोग संविधान में लोगों के नाम ढूंढते रहते हैं, मैं जरा बताना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी के एक अध्यक्ष हुआ करते थे और वे अति पिछड़े समाज से आते थे। अति पिछड़े समाज से आते हुए उनके अध्यक्ष श्रीमान् सीताराम केसरी जी थे। उनका कैसा अपमान किया गया, कहते हैं कि उन्हें बाथरूम में बंद कर दिया गया। उन्हें उठाकर फुटपाथ पर फेंक दिया गया। …

(व्यवधान) अपनी पार्टी के संविधान में ऐसा कभी नहीं लिखा गया, लेकिन अपनी पार्टी के संविधान को न मानना, लोकतंत्र की प्रक्रिया को न मानना और पूरी कांग्रेस पार्टी पर एक परिवार ने कब्जा कर लिया गया। लोकतंत्र को नकार दिया। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** नहीं, आपके सदस्यों ने क्या-क्या बोला था कि ठीक नहीं है? जब सदन के नेता बोल रहे हैं तो सदन की मर्यादा को बनाए रखिए और ठीक परम्परा बनाइए।

… (व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र मोदी :** अध्यक्ष महोदय, संविधान के साथ खिलवाड़ करना, संविधान के स्पिरिट को तहस-नहस करना, यह कांग्रेस की रगों में रहा है।… (व्यवधान) हमारे लिए संविधान, उसकी पवित्रता, उसकी शुचिता हमारे लिए सर्वोपरि है। यह शब्दों में नहीं है, जब-जब हमें कसौटी पर कसा गया है, तब-तब हम तप करके निकले हुए लोग हैं। मैं उदाहरण देना चाहता हूं। वर्ष 1996 में सबसे बड़े दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी जीतकर आई थी। वह सबसे बड़ा दल था और राष्ट्रपति जी ने संविधान की भावना के तहत सबसे बड़े दल को प्रधानमंत्री की शपथ के लिए बुलाया और 13 दिन सरकार चली। अगर संविधान के स्पिरिट के प्रति हमारी भावना न होती तो हम भी यह बांटों, वह बांटों, यह दे दो, वह दे दो, इसको डिप्टी पीएम बना दो, इसको ढिकना बना दो, हम भी सत्ता सुख भोग सकते थे। लेकिन, अटल जी ने सौदेबाजी का रास्ता नहीं चुना, संविधान के सम्मान का रास्ता चुना और 13 दिनों के बाद इस्तीफा देना स्वीकार कर लिया। … (व्यवधान) यह ऊंचाई है हमारी लोकतंत्र की। इतना ही नहीं वर्ष 1998 में एनडीए की सरकार थी। सरकार चल रही थी, लेकिन कुछ लोगों को 'हम नहीं तो कोई नहीं', यह एक परिवार का खेल चला है। अटल जी की सरकार को अस्थिर करने के लिए खेल चले गए। वोट हुआ, खरीद-फरोख्त तब भी हो सकती थी, बाजार में माल तब भी बिकता था, लेकिन संविधान की भावना के प्रति समर्पित अटल बिहारी वोजपेयी जी ने एक वोट से हारना पसंद किया, उन्होंने इस्तीफा दिया, लेकिन कोई असंवैधानिक कृत्य नहीं किया। … (व्यवधान) यह हमारा इतिहास है। ये हमारे संस्कार हैं। यह हमारी परंपरा है।

दूसरी तरफ अदालत ने भी जिस पर ठप्पा मार दिया, कैश फॉर वोट का कांड, एक अल्पमत

सरकार को … (व्यवधान) असंवैधानिक तरीके से सरकार बचाने के लिए भारत के लोकतंत्र की भावना को बाजार बना दिया गया। वोट खरीदे गए। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, 1990 के दशक में कई सांसदों को रिश्वत देने का पाप किया गया, क्या यह संविधान की भावना थी? 140 करोड़ देशवासियों के मन में जो लोकतंत्र पनपा है, उस लोकतंत्र के साथ यह खिलवाड़ ! कांग्रेस के लिए सत्ता सुख, सत्ता की भूख, यही एकमात्र कांग्रेस का इतिहास है और यही कांग्रेस का वर्तमान है।

अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2014 को एनडीए को सेवा का मौका मिला। संविधान और लोकतंत्र को मजबूती मिली। ये जो पुरानी बीमारियां थीं, उस बीमारी से मुक्ति का हमने एक अभियान चलाया।

यहां से पूछा गया कि हमने भी संविधान संशोधन किए हैं, जी हां। हमने भी संविधान संशोधन किए हैं, देश की एकता के लिए, देश की अखंडता के लिए, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए। आज संविधान की भावना के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ संशोधन किए हैं। हमने संविधान संशोधन किया, क्यों किया? इस देश का ओबीसी समाज तीन-तीन दशकों से ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा देने के लिए मांग कर रहा था। ओबीसी के सम्मान के लिए, उसको संवैधानिक दर्जा देने के लिए, हमने संविधान संशोधन किया है, हमें यह करने का गर्व है। समाज के दबे, कुचले लोगों के साथ खड़े होना, यह हम अपना कर्तव्य मानते हैं, इसलिए हमने संविधान संशोधन किया है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, इस देश में एक बहुत बड़ा वर्ग था, वह किसी भी जाति में क्यों न जन्मा हो, लेकिन गरीबी के कारण वह अवसरों को नहीं पा सकता था, आगे बढ़ नहीं सकता था। इसलिए उसमें असंतोष की ज्वाला भड़क रही थी और सबकी मांग रहती थी, कोई निर्णय नहीं करता था। हमने संविधान संशोधन किया, सामान्य जन के गरीब परिवार के 10 प्रतिशत आरक्षण का किया और यह आरक्षण का पहला संशोधन था, देश में कोई विरोध का स्वर नहीं उठा, हर किसी ने उसको प्यार से स्वीकर किया। संसद ने भी सहमति के साथ पारित किया, क्योंकि उसमें समाज की एकता की ताकत पड़ी थी, संविधान की भावनाओं का भाव पड़ा था। सबने सहयोग किया था, तब जाकर यह हुआ था।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जी हां, हमने भी संविधान में संशोधन किए हैं, लेकिन हमने संविधान

में संशोधन किया, महिलाओं को शक्ति देने के लिए, संसद और विधान सभाओं में और संसद का पुराना भवन गवाह है, जब देश महिलाओं को आरक्षण देने के लिए आगे बढ़ रहा था और बिल पेश हो रहा था, तब उन्हीं का एक साथी दल वेल में आता है, कागज छीन लेता है, फाड़ देता है, सदन स्थगित हो जाता है और वह विषय 40 सालों तक लटका रहता है। वह आज उनका मार्गदर्शक है, जिन्होंने देश की महिलाओं के साथ अन्याय किया है, वह उनका मार्गदर्शक है।…(व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमने संविधान संशोधन किया, हमने देश की एकता के लिए किया। बाबासाहेब अंबेडकर का संविधान अनुच्छेद 370 की दीवार के कारण जम्मू-कश्मीर की तरफ देख भी नहीं सकता था। हम चाहते थे कि बाबासाहेब अंबेडकर का संविधान हिन्दुस्तान के हर हिस्से में लगना चाहिए। इसलिए बाबासाहेब को श्रद्धांजलि भी देनी थी, देश की एकता को मजबूत करना था। हमने संविधान संशोधन किया, डंके की चोट पर किया और अनुच्छेद 370 को हटाया है। भारत के सुप्रीम कोर्ट ने भी अब उस पर मोहर लगा दी है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमने अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए संशोधन किया है। हमने ऐसे कानून भी बनाए हैं, जब देश का विभाजन हुआ था, तब महात्मा गांधी जी समेत देश के वरिष्ठ नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि जो हमारे पड़ोस के देश हैं, जहां माइनोरिटीज़ हैं, जब भी वह संकट में आएगी, उनकी चिंता यह देश करेगा। गांधी जी का वचन था। जो उनके नाम पर सत्ता पर चढ़ जाते थे, उन्होंने तो पूरा नहीं किया, हमने सीएए लाकर उसको पूरा किया है।

उस कानून को हम लाए। हमने किया है और गर्व के साथ आज भी हम उसको ओन कर रहे हैं। हम मुंह नहीं छिपाते हैं, क्योंकि देश के संविधान की भावना के साथ मजबूती के साथ खड़े रहने का काम किया है। जो हमने संविधान संशोधन किए हैं, वे पुरानी गलतियों को ठीक करने के लिए किए हैं और एक उज्ज्वल भविष्य का रास्ता मजबूत करने के लिए किए हैं। समय बताएगा, समय की कसौटी पर हम खरे उतरेंगे, क्योंकि सत्ता स्वार्थ के लिए किया गया पाप नहीं है, देशहित में किया गया पुण्य है।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, संविधान पर अनेक भाषण हुए और अनेक विषय उठाए गए। हर एक की अपनी राजनीतिक मजबूरियां होंगी और कुछ न कुछ करने के लिए कुछ करते होंगे, लेकिन

हमारा संविधान सबसे ज्यादा जिस बात को लेकर संवेदनशील रहा है, वह है - भारत के लोग, वी द पीपुल, भारत के नागरिक। संविधान उनके लिए है, उनके हितों के लिए है, उनके कल्याण के लिए है, उनकी गरिमा के लिए है। इसलिए संविधान भारत के कल्याणकारी राज्य के लिए हमें दिशा-निर्देश देता है। कल्याणकारी राज्य का मतलब है, जहां नागरिकों को भी गरिमा प्राप्त हो, उनको गरिमामय जीवन की गारंटी मिलनी चाहिए। हमारे कांग्रेस के साथियों को एक शब्द बहुत प्रिय है, मैं आज उस शब्द का उपयोग करना चाहता हूं। उनका सबसे प्रिय शब्द है, जिसके बिना वह जी नहीं सकते हैं, वह शब्द है – जुमला। कांग्रेस के हमारे साथी, उनको दिन रात जुमला ... (व्यवधान) लेकिन इस देश को पता है कि हिंदुस्तान में अगर सबसे बड़ा जुमला कोई था और वह चार-चार पीढ़ियों ने चलाया, वह जुमला था – गरीबी हटाओ। ... (व्यवधान) गरीबी हटाओ ऐसा जुमला था, उनकी राजनीति की रोटी तो सिकती थी, लेकिन गरीब का हाल ठीक नहीं होता था। ... (व्यवधान)

आरणीय अध्यक्ष महोदय, जरा कोई मुझे कहे कि आजादी के इतने सालों के बाद क्या एक डिग्निटी के साथ जीने वाले परिवार को टॉयलेट उपलब्ध नहीं होना चाहिए? क्या आपको यह काम करने की फुर्सत नहीं मिली? आज देश में टॉयलेट बनाने के अभियान को, जो गरीबों के लिए एक सपना था, उनकी डिग्निटी के लिए हमने इस काम को हाथ में लिया और हम उसमें जी-जान से जुटे रहे। मुझे मालूम है कि उसका मजाक उड़ाया गया, लेकिन उसके बाद भी सामान्य नागरिक के जीवन की गरिमा हमारे दिल और दिमाग में होने के कारण, हम डिगे नहीं, हम अड़े रहे और आगे बढ़ते चले गए, तब जाकर यह सपना साकार हुआ। माताएं, बहनें खुले में शौच को जा रही थीं। वे या तो सूर्योदय के पहले या सूर्योदय के बाद जाती थीं, लेकिन आपको कभी पीड़ा नहीं हुई। उसका कारण यह था कि आपने गरीबों और गरीबी को टीवी में देखा है, अखबार की सुर्खियों में देखा है। आपको गरीब की जिंदगी का पता नहीं है, वरना आप उसके साथ ऐसा जुल्म नहीं करते। इस देश की 80 प्रतिशत जनता पीने के शुद्ध पानी के लिए तरसती रही।

क्या हमारा संविधान आपको रोकता था? संविधान तो यह चाहता था कि सामान्य मानवी को सुविधाएं दी जाएं। ... (व्यवधान) आदरणीय अध्यक्ष जी, इस काम को भी हमने बहुत समर्पण भाव से

आगे बढ़ाया है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, इस देश की करोड़ों माताएं चूल्हे में खाना पकाती थीं, जिसके धुएं से उनकी आंखे लाल हो जाती थीं। कहते हैं कि सैंकड़ों सिगरेट के बराबर धुआं, चूल्हे पर खाना पकाते समय शरीर में चला जाता है। इतना ही नहीं कि माताओं-बहनों की आंखे लाल होती थीं, बल्कि उनका शरीर और स्वास्थ्य भी खत्म हो जाता था। धुएं से उनको मुक्त करने का काम हमने किया। वर्ष 2013 तक यह चर्चा चलती थी कि 9 सिलेण्डर देंगे या 6 सिलेण्डर देंगे। इस देश में देखते ही देखते हर घर तक गैस का सिलेण्डर हमने पहुंचा दिया, क्योंकि हमारे लिए हर नागरिक महत्वपूर्ण है।

70 साल के बाद जो बेसिक सुविधाएं हैं, उसकी तरफ, अगर हमारा गरीब परिवार दिन-रात मेहनत करके गरीबी से बाहर निकलने की कोशिश करता है, बच्चों को पढ़ाना चाहता है, लेकिन घर में एक बीमारी आ जाए तो उसका सारा प्लान बेकार हो जाता है, पूरे परिवार की सारी मेहनत पानी में चली जाती है। क्या इन गरीब परिवारों के इलाज के लिए आप सोच नहीं सकते थे? 50-60 करोड़ देशवासियों को मुफ्त इलाज मिले, संविधान की इस भावना का आदर करते हुए हमने आयुष्मान योजना को लागू किया। आज देश में 70 साल से ऊपर के नागरिक के लिए, चाहे वह किसी भी वर्ग से क्यों न हो, उनके लिए भी हमने व्यवस्था की है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जरूरतमंदों को राशन देने की बात का भी मजाक उड़ाया जा रहा है। जब हम कहते हैं कि 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करने में सफल हुए हैं तो फिर हम से सवाल पूछा जाता है कि आप गरीब को फ्री राशन क्यों दे रहे हो? आदरणीय अध्यक्ष महोदय, जो गरीबी से निकल के आया है, उसे पता होता है कि अस्पताल से जब पेशेंट को छुट्टी दी जाती है तो डॉक्टर उसे कहता है कि आप घर जाइए, आपकी तबियत ठीक है, ऑपरेशन अच्छा हुआ है, लेकिन महीने भर के लिए यह-यह संभालना और यह-यह मत करना। ऐसा इसलिए ताकि पेशेंट दोबारा तकलीफ में न आए। गरीब दोबारा गरीब न बने इसलिए उसकी हैण्ड होल्डिंग जरूरी है। इसीलिए हम मुफ्त राशन दे रहे हैं। उसका मजाक मत उड़ाओ। क्योंकि जो गरीबी से बाहर निकला है, उसे हमें दोबारा गरीबी में नहीं जाने देना है और जो अभी-अभी गरीबी में है, उसे हमें गरीबी से बाहर लाना है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारे देश में गरीबों के नाम पर जो जुमले चले, उन्हीं गरीबों के नाम पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। किया गया गरीबों के नाम पर लेकिन वर्ष 2014 तक इस देश के 50 करोड़ नागरिक ऐसे थे, जिन्होंने बैंक का दरवाजा तक नहीं देखा था। … (व्यवधान) गरीब को बैंक में प्रवेश तक नहीं था। यह पाप आपने किया। आज 50 करोड़ गरीबों के बैंक खाते खोलकर के हमने बैंक के दरवाजे गरीब के लिए खोल दिए हैं। … (व्यवधान) एक प्रधान मंत्री कहते थे कि दिल्ली से एक रुपया निकलता है तो 15 पैसे पहुंचते हैं। लेकिन उनको उपाय नहीं आता था। उपाय हमने दिखाया। आज दिल्ली से एक रुपया निकलता है और सौ के सौ पैसे गरीब के खाते में जाते हैं। … (व्यवधान) हमने बैंक का सही इस्तेमाल कैसे करना है? बैंक का सही उपयोग कैसे करना है? वह हमने दिखाया है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, मोबाइल न देखें।

**श्री नरेन्द्र मोदी :** बिना गारंटी के ऋण- जिन लोगों को बैंक के दरवाजे तक जाने की इजाजत नहीं थी, आज हमारी स्थिर सरकार का संविधान के प्रति जो समर्पण है, उसकी वजह से आज गरीब बिना गारंटी के बैंक से लोन ले सकता है। यह ताकत हमने गरीब को दी है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, गरीबी हटाओं का जुमला इसी के कारण जुमला बनकर के रह गया। गरीब को इस मुश्किल से मुक्ति मिले, यह हमारा बहुत बड़ा मिशन है और यह हमारा संकल्प है और हम इसके लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। जिनको कोई नहीं पूछता, उनको मोदी पूजता है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारा दिव्यांगजन हर दिन संघर्ष करता है। अब जाकर के हमारे दिव्यांग को फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर मिले, उसकी व्हील चेयर आगे तक जाए, ट्रेन के डिब्बे तक जाए, यह व्यवस्था दिव्यांगजन के लिए करने का हमारे दिल में तब आया, क्योंकि समाज के दबे-कुचले, वंचित लोगों की चिंता करना हमारे मन में था और यह तब हुआ।

आदरणीय अध्यक्ष जी, आप मुझे बताइए, एक तो भाषा के नाम पर झगड़ा करना तो आपने सिखा दिया, लेकिन मेरे दिव्यांगजनों के साथ कितना अन्याय किया। हमारे यहां पर साइन लैंग्वेज की जो व्यवस्था है, खासकर मूक-बधिर के लिए है। अब दुर्भाग्य ऐसा देश का कि असम में जो भाषा सिखाई

जाए, उत्तर प्रदेश में दूसरी सिखाई जाए। उत्तर प्रदेश में दूसरी सिखाई जाए तो महाराष्ट्र में तीसरी सिखाई जाए। हमारे दिव्यांगजनों के लिए एक साइन लैंग्वेज का होना बहुत जरूरी था। आजादी के सात दशक बाद भी उनको उन दिव्यांगजनों की याद नहीं आई। एक कॉमन साइन लैंग्वेज बनाने का काम हमने किया, जो आज देश के मेरे सभी दिव्यांग भाई-बहनों के लिए काम आ रही है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू जन समूह, समाज में इन्हें कोई पूछने वाला नहीं था। उनके कल्याण के लिए वेलफेयर बोर्ड बनाने का काम हमने किया, क्योंकि ये लोग संविधान की प्राथमिकता हैं। हमने उनको दर्जा देने का काम किया है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हर कोई रहेड़ी-पटरी के लोगों से जानता है। हर मोहल्ले में, हर इलाके में, हर फ्लैट में, हर सोसाइटी में सुबह होते ही वह रेहड़ी-पटरी वाला आकर के, मेहनत करके लोगों का जीवन चलाने में मदद करता है। वह बेचारा 12-12 घंटे काम करे, रेहड़ी भी किसी से किराए पर ले ले, किसी से ब्याज से पैसा ले, पैसे से सामान खरीदे, शाम को ब्याज खाऊ पैसा ले जाए और बड़ी मुश्किल से अपने बच्चों के लिए ब्रेड का टुकड़ा ले जा सके, यह हालत थी। यह हमारी सरकार है कि रेहड़ी-पटरी वालों के लिए 'स्वनिधि योजना' बनाकर बैंक से उनको बिना गारंटी लोन देने का काम शुरू किया और आज उस 'स्वनिधि योजना' के कारण वह तीसरे राउंड तक पहुंचा है और अधिकतम लोन बैंक से, उसको सामने से मिल रहा है। उसकी प्रतिष्ठा और उसका विस्तार हो रहा है, विकास भी हो रहा है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, इस देश में हममें से कोई ऐसा नहीं होगा, जिसको विश्वकर्मा की जरूरत न पड़ती हो। समाज की व्यवस्था में एक बहुत बड़ी व्यवस्था बनी थी, सदियों से चली आ रही थी, लेकिन उसे विश्वकर्मा साथियों के लिए कभी पूछा नहीं गया। हमने विश्वकर्मा के कल्याण के लिए योजना बनाई। बैंक से लोन लेने की व्यवस्था की। उनको नई ट्रेनिंग देने की व्यवस्था की। उनको आधुनिक टूल्स देने की व्यवस्था की, नई डिजाइन से काम बनाने की चिंता की और उसको हमने मजबूत बनाने का काम किया।

आदरणीय अध्यक्ष जी, ट्रांसजेंडर, जिसको परिवार ने दुत्कार दिया, जिसको समाज ने दुत्कार

दिया, जिसकी कोई चिंता करने वाला नहीं था, यह हमारी सरकार है कि इसको भी भारत के संविधान ने हक दिए हैं। उस ट्रांसजेंडर के अधिकारों के लिए कानून और व्यवस्थाएं बनाने का काम भी हमने किया है। उनको गरिमापूर्ण जीवन मिले, उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए हमने काम किया है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारा आदिवासी समाज, इतनी सारी बातें कर लिए, मुझे याद है कि जब मैं गुजरात का मुख्य मंत्री बना तो हमारे यहां उमरगाम से अम्बाजी तक एक पूरा बैल्ट, गुजरात का पूरा पूर्वी हिस्सा आदिवासी बैल्ट है। एक कांग्रेस के मुख्य मंत्री आदिवासी रह चुके हैं। इतने सालों के बाद भी उस पूरे इलाके में एक भी साइंस स्ट्रीम का स्कूल नहीं था।

मेरे आने से पहले एक भी साइंस स्ट्रीम की स्कूल नहीं। अगर साइंस स्ट्रीम की स्कूल नहीं है, तो कितनी आरक्षण की बातें करो, वे बेचारे इंजीनियर और डॉक्टर कैसे बन सकते हैं। यह मैंने उस इलाके में काम किया और वहां साइंस स्ट्रीम स्कूल्स हैं। अब तो वहां यूनिवर्सिटीज भी बन गई हैं। यानी राजनीति की चर्चा करना, संविधान के अनुरूप काम न करना, यह जिनकी सत्ता भूख है न, उसका। हमने आदिवासी समाज में भी जो अति पिछड़े लोग हैं और मैं राष्ट्रपति जी का आभार व्यक्त करता हूं उन्होंने मेरा काफी मार्गदर्शन किया। राष्ट्रपति महोदया ने मेरा मार्गदर्शन किया और पीएम - जनमन योजना में भी। हमारे देश में बिखरे-बिखरे आदिवासी समाज के छोटे-छोटे समूह हैं, जो आज भी, आज भी उनको कोई सुविधा प्राप्त नहीं हुई थी। हमने ढूंढ-ढूंढ कर, संख्या बहुत कम है, वोट की राजनीति में उनकी तरफ देखने वाला कोई नहीं था, लेकिन मोदी है, जो आखिर को भी पूछता है। इसलिए हमने उनके लिए पीएम-जनमन योजना के द्वारा उनका विकास किया।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जैसे समाजों में उनके विकास संतुलित होने चाहिए। पिछड़े से पिछड़े व्यक्ति को भी संविधान अवसर देता है, जिम्मेवारी भी सरकार को देता है। उसी प्रकार से कोई भू-भाग भी, कोई हमारा ज्योग्राफिकल इलाका भी, वह पीछे नहीं रहना चाहिए और हमारे देश में किया क्या, 60 सालों के दरम्यान 100 डिस्ट्रिक्ट्स आइडेंटिफाई करके कह दिया कि ये तो बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट्स हैं और बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट्स का ऐसा लेबल लग गया कि किसी की ट्रांसफर होती थी, तो वह कहता था – पनिशमेंट पोस्टिंग, तो कोई जिम्मेवार अफसर नहीं जाता था। हमने पूरी स्थिति को बदल दिया।

हमने एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट की एक कल्पना रखी और 40 पैरामीटर पर, ऑनलाइन रेग्युलर मॉनिटरिंग करते रहे और आज एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स उस राज्य के अच्छे जिलों की बराबरी करने लग गए और कुछ तो नेशनल एवरेज की बराबरी करने लगे। भू-भाग भी पीछे न रहे। इसको आगे ले जा करके हमने पांच सौ ब्लॉक्स को एस्पिरेशनल ब्लॉक्स बना करके उनके डेवलपमेंट पर स्पेशल फोकस करने की दिशा में हम काम कर रहे हैं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं हैरान हूं कि जो लोग बड़ी-बड़ी कथाएं सुनाते हैं, क्या इस देश में आदिवासी समाज वर्ष 1947 के बाद आया? जब राम और कृष्ण थे, तब आदिवासी समाज नहीं था। जो आदिवासी समाज को हम आदिवासी पुरुष, भील पुरुष भी कहते हैं, लेकिन आजादी के कई दशकों के बाद भी इतना बड़ा आदिवासी समूह, उनके लिए अलग मंत्रालय नहीं बनाया गया। पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार आई और उन्होंने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाया, अलग आदिवासियों के विकास और विस्तार के लिए बजट दिया।

आदरणीय अध्यक्ष जी, क्या हमारा मछुआरा समाज अभी-अभी आया है? क्या उन पर आपकी नजर नहीं गई। इन मछुआरा समाज के कल्याण के लिए पहली बार हमारी सरकार ने आकर के फिशरीज का अलग मंत्रालय बनाया। उनके कल्याण के लिए अलग से हमने बजट दिया। समाज के इस तबके की चिंता की।

आदरणीय अध्यक्ष जी, मेरे देश का छोटा किसान उसके जीवन में सहकारिता एक मुख्य अंग है। छोटे किसान की जिंदगी को सामर्थ्य देने के लिए सहकारी क्षेत्र को जिम्मेवार बनाना, सहकारी क्षेत्र को सामर्थ्यवान बनाना, सहकारी क्षेत्र को बल देना, इसकी महात्मय हम समझते हैं। क्योंकि छोटे किसान की चिंता हमारे दिल में थी और इसलिए हमने अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया। हमारे सोचने का तरीका क्या है? हमारे देश में नौजवान हैं। पूरा विश्व आज वर्कफोर्स के लिए तरस रहा है। देश में डेमोग्राफिक डिविडेंड लेना है तो हमारे इस वर्कफोर्स को स्किल्ड बनाना चाहिए। हमने अलग स्किल्ड मंत्रालय बनाया ताकि दुनिया की आवश्यकता के अनुसार मेरे देश के नौजवान तैयार हों और विश्व के साथ आगे बढ़ें।

आदरणीय अध्यक्ष जी, हमारा नॉर्थ ईस्ट, इसलिए की वहां वोट कम है, सीटें कम हैं, इसकी कोई परवाह नहीं है। यह अटल जी की सरकार थी जिसने पहली बार नॉर्थ-ईस्ट के कल्याण के लिए डोर्नियर मंत्रालय की व्यवस्था की। आज उसका परिणाम है कि नॉर्थ ईस्ट के विकास की नई चीजों को हम प्राप्त कर पाएं। इसी के कारण रेल, रोड, पोर्ट, एयरपोर्ट – ये बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, आज भी दुनिया के देशों में लैंड रिकॉर्ड को लेकर, समृद्ध देशों को भी कई संकट हैं। हमने, गांव के हर सामान्य व्यक्ति को, अपना लैंड रिकॉर्ड, उसके घर के मालिकी के हक का कागज नहीं है, उसके कारण उसको बैंक से लोन चाहिए हो, कहीं बार जाए तो कोई कब्जा कर लेगा, एक स्वामित्व योजना बनाई और देश के, गांव के ऐसे समाज के दबे-कुचले लोगों को वह कागज हम दे रहे हैं, जिसके कारण उसका मालिकी हक बन रहा है। वह स्वामित्व योजना एक बहुत बड़ा कदम है। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इन सारे कामों के कारण पिछले दस वर्ष में हमने जो प्रयास किया, हमने जिस प्रकार से गरीब को मजबूती देने का काम किया है, हमने जिस प्रकार से गरीब के अदंर एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है, और एक सही दिशा में चलने का परिणाम है कि आज इतने कम समय में मेरे देश के 25 करोड़, मेरे गरीब साथी गरीबी को परास्त करने में सफल हुए हैं और हमें इस बात का गर्व है। मैं संविधान निर्माताओं के सामने सर झुका कर कहता हूं, जो संविधान हमें दिशा दे रहा है, उसके तहत मैं यह काम कर रहा हूं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, जब हम सबका साथ सबका विकास की बात करते हैं तो वह नारा नहीं है। वह हमारा आर्टिकल ऑफ फेथ है। इसीलिए हमने सरकार की योजनाएं भी बिना भेदभाव के चलाने की दिशा में काम किया है और संविधान हमें भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। इसीलिए हमने आगे चलकर कहा है– सेचुरेशन, जिसके लिए जो योजना बनी है, उसका लाभ उन लाभार्थी को, 100 परसेंट लाभार्थी को मिलना चाहिए। यह सेचुरेशन, अगर सच्चा सेकुलरिज्म कोई है न, तो यह सेचुरेशन में है। अगर सच्चा सामाजिक न्यास किसी में है, तो यह सेचुरेशन में है। 100 प्रतिशत, शत-प्रतिशत उसको

बेनिफिट, जिसका हक है, मिलना चाहिए, बिना भेदभाव के मिलना चाहिए। यह भाव लेकर हम सच्चे सेकुलरिज्म को और सच्चे सामाजिक न्याय को लेकर जी रहे हैं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, समाधान के हमारे एक और स्पिरिट हुई है और हमारे देश को दिशा देने का माध्यम है। देश को चालक बल के रूप में राजनीति केन्द्र में रहती है, आने वाले दशकों में हमारा लोकतंत्र, हमारी राजनीति की दिशा क्या होनी चाहिए, आज हमें मंथन करना चाहिए।

आदरणीय अध्यक्ष जी, कुछ दलों के राजनीतिक स्वार्थ और सत्ता का भाव, मैं जरा उनसे पूछना चाहता हूं। क्या वे कभी अपने आपको और मैं सभी दलों के लिए कह रहा हूं। उधर और इधर यह मेरा विषय नहीं है। ये मेरे मन के विचार हैं, जो मैं इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। क्या इस देश में योग्य नेतृत्व को अवसर मिलना चाहिए कि नहीं मिलना चाहिए? जिनके परिवार में कोई राजनीति में नहीं है, क्या उनके लिए दरवाजे बंद हो जाएंगे? क्या देश को लोकतंत्र के स्पिरिट को परिवारवाद ने गहरा नुकसान किया है कि नहीं किया है? क्या परिवारवाद से भारत के लोकतंत्र की मुक्ति का अभियान चलाना यह संविधान के तहत हमारी जिम्मेवारी है कि नहीं है और इसीलिए समानता के सिद्धांत की बात कही है, अवसर की बात कही है, हिन्दुस्तान के हर किसी को … (व्यवधान) और जो परिवारवादी राजनीति है, उनकी धुरी ही परिवार होता है, सब कुछ परिवार के लिए होता है। देश के नौजवानों को आकर्षित करने के लिए, लोकतंत्र मजबूत बनाने के लिए और देश के युवाओं को आगे आने के लिए हम सभी राजनीति दलों को प्रयास करना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों ने, जिनकी पार्श्वभूमि में राजनीतिक परिवार नहीं है, ऐसे फ्रेश ब्लड को लाने के लिए प्रयास करना, मैं मानता हूं कि देश के लोकतंत्र की और इसीलिए मैंने लाल किले से कहा है कि मैं एक विषय लेकर लगातार बोल रहा हूं, बोलता रहूंगा।

ऐसे एक लाख नौज़वानों को देश की राजनीति में लाना है, जिनके किसी भी परिवार का बैकग्राउंड राजनीतिक परिवार का नहीं है। इसलिए देश को एक फ्रेश एयर की जरूरत है, देश को नयी ऊर्जा की जरूरत है, देश को नये संकल्प और सपने लेकर आने वाले युवकों की जरूरत है। जब हम भारत के संविधान के 75 वर्ष मना रहे हैं, तो हम इस दिशा में आगे बढ़ें।

आदरणीय अध्यक्ष जी, मुझे याद है, मैंने एक बार लाल किले से संविधान में, हमारे कर्तव्य को लेकर उल्लेख किया था। मैं हैरान हूँ कि जिनको संविधान का 'स' समझ में नहीं आता है, वे कर्तव्य का भी मजाक उड़ाने लगते हैं। मैंने दुनिया में ऐसा कोई इंसान नहीं देखा है, जिसको इसमें भी ऐतराज हो सकता है। लेकिन देश का दुर्भाग्य है, हमारे संविधान ने नागरिकों के अधिकार तय किये हैं, लेकिन संविधान को हमसे कर्तव्य की भी अपेक्षा है। हमारी सभ्यता का सार है- कर्म-डयूटी-कर्तव्य। यह हमारी सभ्यता का सार है। महात्मा गांधी जी ने कहा था, महात्मा जी का कोट है, उन्होंने कहा था:

"मैंने अपनी अशिक्षित लेकिन विद्वान माँ से सीखा है कि हम अपने कर्तव्यों को जितना अच्छे से निभाते हैं, उसी से अधिकार निकल करके आता है।"

मैं महात्मा जी की बात को आगे बढ़ाता हूँ और मैं कहना चाहूंगा कि अगर हम अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करें, तो कोई भी हमें विकसित भारत बनाने से नहीं रोक सकता है।

संविधान का 75वाँ वर्ष कर्तव्य के प्रति हमारे समर्पण भाव को, हमारी प्रतिबद्धता को और ताकत दे। देश कर्तव्य-भावना से आगे बढ़े। यह मैं जानता हूँ, यह समय की माँग है। आदरणीय अध्यक्ष जी, भारत के भविष्य के लिए संविधान की स्पिरिट से प्रेरित होकर, मैं आज इस सदन के पवित्र मंच से 11 संकल्प सदन के सामने रखना चाहता हूँ:

पहला संकल्प है- चाहे नागरिक हो या सरकार हो, सभी अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।

दूसरा संकल्प है- हर क्षेत्र, हर समाज को विकास का लाभ मिले, सबका साथ सबका विकास हो।

तीसरा संकल्प है- भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस हो। भ्रष्टाचारी की सामाजिक स्वीकार्यता न हो।

चौथा संकल्प है- देश के कानून, देश के नियम, देश की परम्पराओं के पालन में, देश के नागरिकों को गर्व होना चाहिए, गर्व का भाव हो।

पाँचवाँ संकल्प है- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति हो, देश की विरासत पर गर्व हो।

छठा संकल्प है- देश की राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति मिले।

सातवाँ संकल्प है- संविधान का सम्मान हो, राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान को हथियार न बनाया जाए।

आठवाँ संकल्प है- संविधान की भावना के प्रति समर्पण रखते हुए, जिनको आरक्षण मिल रहा है, वह न छीना जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण की हर कोशिश पर रोक लगे।

नौवां संकल्प – 'वूमेन लेड डेवलपमेंट' में भारत दुनिया के लिए मिसाल बने। … (व्यवधान)

दसवां संकल्प – राज्य के विकास से राष्ट्र का विकास, यह हमारा विकास का मंत्र हो।

ग्यारहवां संकल्प – 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का ध्येय सर्वोपरि हो। … (व्यवधान)

आदरणीय अध्यक्ष जी, इसी संकल्प के साथ हम सब मिलकर अगर आगे बढ़ते हैं, तो संविधान की जो निहित भावना है – 'We the People', सबका प्रयास, हम इसी मंत्र को लेकर आगे चलें और 'विकसित भारत' का सपना इस सदन में बैठे हुए सबका तो होना ही चाहिए, 140 करोड़ देशवासियों का जब सपना बन जाता है और संकल्प लेकर जब देश चल पड़ता है, तो इच्छित परिणाम लेकर रहता है। … (व्यवधान) 140 करोड़ देशवासियों के प्रति मेरी अपार श्रद्धा रही है, उनके सामर्थ पर मेरी श्रद्धा है, देश की युवाशक्ति पर मेरी श्रद्धा है, देश की नारीशक्ति पर श्रद्धा है। इसीलिए, मैं कहता हूं कि देश जब वर्ष 1947 में आजादी के 100 साल मनाएगा, तो 'विकसित भारत' के रूप में मनाएगा। … (व्यवधान) इस संकल्प के साथ हम आगे बढ़ें। मैं फिर एक बार इस महान और पवित्र कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सबको शुभकामनाएं देता हूं।

आदरणीय अध्यक्ष जी, आपने समय बढ़ाया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**19.47 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, December 16, 2024/ Agrahayana 25, 1946 (Saka).*

_________

## INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

www.sansad.in/ls

## LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Seventeenth Edition)